दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :271
प्रतापगढ़ | शुक्रवार , 2 अगस्त-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा के लिए चलता रहेगा बुल्डोजर-योगी

### ● मैं यहां नौकरी करने नहीं जनता की सेवा करने आया हूँ-मुख्यमंत्री

**▶▶बजट पर चर्चा के दौरान बकरी वाले किसान और चार ठग वाला किस्सा सुनाकर योगी ने विपक्ष से पूछा कि कहां गया एक लाख**



**लखनऊ, (हि. स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं यहां नौकरी करने नहीं आया हूँ। यहां प्रतिष्ठा के लिए भी नहीं आया हूँ। मैं जनता की सेवा करने आया हूँ। जो प्रदेश की बेटी, व्यापारी के जानमाल का खतरा बनेगा, उसको निर्ममता से जेल में ठूस दिया जाएगा। आप लोग बुलडोजर से डरते हैं। बुलडोजर निर्दोष पर नहीं चलता है। अपराधियों पर चलता है और चलेगा। यूपी विधानसभा मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि गोमती नगर की घटना का संज्ञान लिया है। उस घटना में मुख्य आरोपी पवन यादव है। दूसरा अरबाज खान है। ये लोग सद्भावना फैलाने वाले लोग हैं। इनके लिए सद्भावना एक्सप्रेस चलाएंगे ? इनके लिए बुलेट ट्रेन चलेगी। सीएम ने कहा कि पूरी चौकी को निलंबित कर दिया है। एएसपी, डिप्टी एसपी समेत अन्य अधिकारियों को वहां से हटा दिया है। उनके खिलाफ भी करवाई की जा रही है।नेता सदन ने अयोध्या की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सपा के नेता मोइन खान पर 12 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोप है। अब तक सपा ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। सपा का पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव हरदोई का है। उसके खिलाफ तीन दशक से अपराध के केस दर्ज हुए। कार्रवाई हुई। 28 मामलों में लिप्त है। आप कहते हैं कि आप गोली मार रहे हैं। क्या ऐसे लोगों को माला पहनाऊंगा ?नेता प्रतिपक्ष आप खुद को लोकतंत्र सेनानी कहते हैं। अच्छी बात है। लेकिन आज लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस के साथ मिल कर क्या कर रहे हैं।

सीएम योगी ने पंच तंत्र का किस्सा सुनाकर विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने सदन में बताया कि एक मासूम किसान अपनी बकरी का बच्चा कंधे पर लेकर जा रहा था। किसान को चार ठगों ने देखा तो सोचा कि इसे लूट नहीं मिलेगा तो कुछ और किया जाए। रणनीति बनाई। किसान के रास्ते में सभी ठग खड़े हो गए। एक चौराहे पर पहले ठग ने कहा कि काका यह कुत्ते का बच्चा लेकर कहां जा रहे हैं। किसान ने डाटा कि यह कुत्ता नहीं, बकरी का बच्चा है। लेकिन एक- एक कर के ठगों ने किसान से बारी-बारी से कहा और अंत में मासूम किसान भ्रमित हो गया।

इसी प्रकार इस लोकसभा चुनाव में जनता को गुमराह किया।

यह वह कांग्रेस कह रही थी जिन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को चुनाव हराने का कार्य किया। उसी के साथ सपा भी है। लेकिन काठ की हांडी बार-बार चढ़ने वाली नहीं है।

2027 में विपक्ष यूपी में बड़ी हार का सामना करेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अबतक साढ़े छह लाख भर्ती हुई है। एक भी भर्ती पर कोई सवाल नहीं उठा सकता है। सीएम योगी ने ओबीसी को मिली नौकरियों के बारे में भी सदन को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में उप्र लोक सेवा आयोग पर किस किस प्रकार टिप्पणियां हुई, सब जानते हैं। उस सरकार में यूपी लोक सेवा आयोग की भर्ती में 86 एसडीएम का चयन हुआ, उसमें से 56 एक ही जाति के लोग थे। इस पर नेता प्रतिपक्ष ने आपत्ति जताई तो नेता सदन ने कहा कि सीबीआई की जांच चल रही है।

रिपोर्ट आने के बाद पता चल जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि हम प्रदेश के युवा के साथ हैं। उसकी प्रतिभा का लाभ प्रदेश के लिए लेना चाहते हैं।

अब किसी भी परीक्षा में नकल नहीं हो पाएगी, इस सत्र में विधेयक पास हुआ है। उस कानून के तहत एक करोड़ तक जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान किया गया है।नेता सदन कहा कि एक करोड़ परिवारों को पेंशन दिया जा रहा है। आवास दिया गया। किसी का चेहरा देखकर नहीं दिया गया।

इतना ही देखा गया कि वे प्रदेश के ही हैं। दिसम्बर तक घरौनी योजना से सभी को लाभान्वित करेंगे।

### देश में केवल चार जातियां, इनके उत्थान से मिटेगा भेदभाव - योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, (हि.स.)।** जाति के मुद्दे पर देशमें हो रही राजनीति के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर इस बात कोदोहराया है कि जातियां केवल चार ही हैं और अगर इनका उत्थान हुआ तो देश में कहीं भीभेदभाव की स्थिति नहीं आएगी। सीएम योगी गुरुवार को विधानसभा के मानसून सत्र केदौरान अनुपूरक बजट पर सदन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा पहली बार सरकार केएजेंड का हिस्सा किसान बना है। आज किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ मिल रहा है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड योजना शुरू की गई। अन्नदाताओं को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ बिना जाति, धर्म और चेहरा देखे मिल रहा है।


### उप्र विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार कोअनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। 29 जुलाई को सत्र आरम्भ हुआ था। चार दिन केमानसून सत्र के दौरान एक भी मिनट का स्थगन नहीं हुआ। इस दौरान कुल 19 घंटा 41 मिनट तक सदन में कामकाज हुआ। आमतौर पर विपक्ष के हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही रोकनी पड़ती है लेकिन इस बार निर्बाध रूप से सदन की कार्यवाही चलती रही। विधानसभा में विपक्ष ने हंगामा किया, सदन से बहिर्गमन भी किया लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को रोकी नहीं, विधानसभा की कार्यवाही चलती रही।

## मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि कटरा केशव देव से शाही ईदगाह मस्जिद हटाने का चलेगा मुकदमा

**● हाईकोर्ट ने खारिज की मुस्लिम पक्ष की सिविल वादों की पोषणीयता पर आपत्ति अर्जी**

**● सिविल वादों की 12 अगस्त से होगी सुनवाई**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि कटरा केशव देव की जमीन से शाही ईदगाह मस्जिद का अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर दाखिल सिविल वादों की पोषणीयता पर मस्जिद पक्ष की आपत्ति आज खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने 12 अगस्त से वादों की सुनवाई किये जाने का आदेश दिया है।न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव सहित 18 सिविल वादों पर यह फैसला सुनाया है। कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले से मंदिर पक्ष को बडी राहत मिली है।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट मथुरा सहित 18 सिविल वाद दायर किए गए हैं। हाईकोर्ट के आदेश पर मथुरा में दाखिल सभी वादों की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट में की जा रही है।

हाईकोर्ट ने ही श्रीराम जन्मभूमि विवाद की तर्ज पर अधिवक्ता हरिशंकर जैन व विष्णु शंकर जैन की तरफ से दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए 26 मई 23 को यह आदेश दिया था। इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने भी हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया था। जिस पर दोनों पक्षों की तरफ से लम्बी बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था और बृहस्पतिवार एक अगस्त को मस्जिद पक्ष की वादों की पोषणीयता पर की गई आपत्तियां निरस्त कर दी गयी।

सभी सिविल वादों के हाईकोर्ट में आने के बाद 18 अक्टूबर 2023 को पहली सुनवाई की गई। 14 दिसम्बर 2023 को हाईकोर्ट ने विवादित सम्पत्ति के सर्वे के आदेश दिए।

जिसके खिलाफ मस्जिद पक्ष की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। इसलिये न्यायालय को अंतरित आदेश देने का कोई भी कानून नही है।

इसके बाद आदेश 7 नियम 11 सी पी सी की मस्जिद पक्ष की अर्जियों की सुनवाई की गई। 22 फरवरी से लगातार 32 तारीखों में दोनो पक्षों की दलीलें सुनी गई और लिखित बहस भी दाखिल हुई।

## स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बिभव कुमार पर जताई नाराजगी, दिल्ली पुलिस को नोटिस



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट मामले में गिरफ्तार बिभव कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को करने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने बिभव के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बिभव को युवा महिला पर हाथ उठाते हुए शर्म नहीं आई? हम इस घटना से हतप्रभ हैं। सवाल छोटी या बड़ी चोट का नहीं है। क्या मुख्यमंत्री आवास किसी का निजी आवास है? वो किस हैसियत से उन्हें रोक रहा था।

हमे नहीं लगता कि वो अपनी इस हरकत पर शर्मिंदा भी है। कोर्ट ने कहा कि हम कॉन्ट्रैक्ट किलर, हत्यारों को भी जमानत देते हैं लेकिन इस मामले में किस तरह से नैतिकता को ताक पर रखा गया।इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने 12 जुलाई को बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उसके पहले तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि इस मामले की जांच प्रारंभिक चरण में है और पीड़िता के दिलोदिमाग में अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा है। तीस हजारी कोर्ट ने कहा था कि स्वाति मालीवाल आम आदमी पार्टी की सांसद हैं और अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने गई थीं। कोर्ट ने कहा था कि इस बात की भी आशंका है कि अगर बिभव कुमार को जमानत दी जाती है तो वो गवाहों को प्रभावित कर सकता है।

### सरकारी नौकरियों में आरक्षण के लिए राज्य कर सकते हैं अनुसूचित जातियों का उपवर्गीकरण-सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान बेंच ने बहुमत से फैसला दिया है कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों में वो सब कैटेगरी बना सकती है जिन कैटेगिरी को ज्यादा आरक्षण का फायदा मिलेगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये फैसला सुनाया।सात जजों की बेंच ने 2004 में ईवी चिन्नैया मामले में दिए गए 5 जजों के फैसले को पलट दिया। वर्ष 2004 में दिये उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एससी-एसटी में सब कैटेगरी नहीं बनाई जा सकती।चीफ जस्टिस समेत छह जजों के बहुमत के फैसले में कहा गया है कि राज्य सरकार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में वो सब कैटेगरी बना सकती है जिन कैटेगिरी को ज्यादा आरक्षण का फायदा मिलेगा। जबकि जस्टिस बेला एम त्रिवेदी ने इस फैसले के उलट फैसला दिया।इस संविधान बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा हैं। कोर्ट ने 8 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर तीन दिन सुनवाई की थी।

### अदालत से झटका, पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज देवेन्द्र कुमार जांगला ने महाराष्ट्र की विवादित प्रोबेशनरी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 31 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था।अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान पूजा खेडकर की ओर से पेश वकील बीना माधवन ने कहा कि इस मामले में शिकायत यूपीएससी की तरफ से की गई है, जिसमें जालसाजी, धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पूजा के गिरफ्तार होने का खतरा है। माधवन ने कहा था कि पूजा खेडकर एक प्रोबेशनरी अधिकारी हैं, जिसकी वजह से नियमों के मुताबिक उसे कुछ अधिकार हासिल है।दरअसल, कुछ दिन पहले 2023 बैच की ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर पर सत्ता के दुरुपयोग और फर्जी सर्टिफिकेट के जरिए आरक्षण का लाभ लेने जैसे कई आरोप लगे थे।

## स्वप्निल कुसाले ने शूटिंग में दिलाया भारत को तीसरा कांस्य पदक



**▶▶पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज भी बने कुसाले**

**पेरिस, (हि.स.)।** भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। कुसाले पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज भी बने।कुसाले ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुषों के फाइनल में 451.4 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता। उन्होंने कुल मिलाकर निशानेबाजी में भारत का तीसरा पदक हासिल किया।इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में, भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने बुधवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर 3पी के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले दोनों पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर 3पी क्वालिफिकेशन राउंड में शामिल हुए। अपने ओलंपिक पदार्पण पर, कुसाले 590-38× के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहे। जबकि तोमर 589-33× के कुल स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रहे।

केवल शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई कर पाए और तोमर फाइनल राउंड में अपनी जगह बनाने में असफल रहे।पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के लियू युकुन ने कुल 594-38× के साथ क्वालीफिकेशन ओलंपिक रिकॉर्ड दर्ज किया। लियू युकुन ने कुल 463.6 अंकों के साथ स्वर्ण पर कब्जा किया। जबकि यूक्रेन के एस. कुलिश ने 461.3 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

## 1200 करोड़ से बनी संसद की नई छत में रिसाव

**कांग्रेस सांसद ने शेयर किया वीडियो, अखिलेश ने ली चुटकी**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** विपक्षी दलों ने गुरुवार को सत्तारूढ़ भाजपा पर कटाक्ष किया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि नए संसद भवन की छत से टपकने वाले पानी को इकट्ठा करने के लिए इसके केंद्र में एक बाल्टी रखी गई थी। कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने गुरुवार को लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस पेश किया, जिसमें उन्होंने गुरुवार को भारी बारिश के कारण लॉबी के अंदर कथित तौर पर पानी के रिसाव का एक वीडियो साझा करने के बाद संसद भवन के निरीक्षण के लिए एक विशेष समिति के गठन का प्रस्ताव रखा। अपने नोटिस में, टैगोर ने कहा कि वह ÷नए संसद भवन में प्रवेश करते समय हमारे भारत के राष्ट्रपति द्वारा उपयोग किए जाने वाले रास्ते पर संसद लॉबी के अंदर पानी के रिसाव÷ का मुद्दा उठाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि यह घटना इमारत के पूरा होने के ठीक एक साल बाद मौसम के लचीलेपन के साथ संभावित मुद्दों पर प्रकाश डालती है। टैगोर ने कहा कि बाहर पेपर लीक हो गया, अंदर पानी का रिसाव। राष्ट्रपति द्वारा उपयोग की जाने वाली संसद लॉबी में हाल ही में पानी का रिसाव, पूरा होने के ठीक एक साल बाद, नए भवन में तत्काल मौसम लचीलेपन के मुद्दों को उजागर करता है। इस मुद्दे पर लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव ला रहे हैं।

विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक के समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इस नई संसद से अच्छी तो वो पुरानी संसद थी, जहाँ पुराने सांसद भी आकर मिल सकते थे। क्यों न फिर से पुरानी संसद चलें, कम-से-कम तब तक के लिए, जब तक अरबों रुपयों से बनी संसद में पानी टपकने का कार्यक्रम चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जनता पूछ रही है कि भाजपा सरकार में बनी हर नई छत से पानी टपकना, उनकी सोच-समझकर बनायी गयी डिज़ाइन का हिस्सा होता है या फिरज।क ने नए संसद भवन में बाल्टी की तस्वीर ट्वीट की।

कैप्शन में लिखा है- ÷1200 करोड़ रुपये से बनी नई संसद को आखिरकार 120 रुपये की बाल्टी पर निर्भर रहना पड़ रहा है।राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार शाम भारी बारिश के कारण अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। शहर के बड़े हिस्से जलमग्न हो गए और गाजीपुर में 22 वर्षीय एक महिला और उसका बच्चा डूब गया। प्रमुख इलाकों में यातायात जाम हो गया और सड़कें नदियों जैसी दिखने लगीं, जिससे लोग जहां-तहां फंस गए। मूसलाधार बारिश के कारण मौसम विभाग ने राष्ट्रीय बाढ़ दिशानिर्देश बुलेटिन में दिल्ली को 'चिंता वाले क्षेत्रों' की सूची में शामिल किया। विभाग ने लोगों को घरों के अंदर ही रहने, खिड़कियों और दरवाजों को सुरक्षित रखने तथा अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है।इस नई संसद से अच्छी तो वो पुरानी संसद थी, जहाँ पुराने सांसद भी आकर मिल सकते थे। क्यों न फिर से पुरानी संसद चलें, कम-से-कम तब तक के लिए, जब तक अरबों रुपयों से बनी संसद में पानी टपकने का कार्यक्रम चल रहा है।

## हिमाचल में 5 जगह बादल फटे, भारी तबाही

### ▶▶ 03 शव बरामद, 52 लापता, श्रीखंड यात्रा का बेस कैंप प्रभावित



**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिलों में बादल फटने के बाद आई बाढ़ से भारी तबाही हुई है। तीनों जिलों में करीब 52 लोग लापता हैं जबकि तीन शव बरामद कर लिए गए हैं। शिमला में 35, मंडी में नौ और कुल्लू में सात लोग लापता हैं। कुल्लू के जाओन व निरमंड में बादल फटने से श्रीखंड यात्रा का बेस कैंप प्रभावित हुआ है। प्रशासन ने बड़े पैमाने पर राहत व बचाव कार्य शुरू किया है।सबसे ज्यादा तबाही शिमला जिला के रामपुर इलाके के झाकड़ी में हुई है। यहां सैलाब व भूस्खलन के कारण लापता हुए 36 लोगों की तलाश की जा रही है। झाकड़ी में समेज खड्ड में हाइड्रो प्रोजेक्ट के नजदीक बादल फटने से आये सैलाब के कारण लोगों को बचाने के लिए प्रशासन ने बचाव अभियान तेज़ कर दिया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व अग्निशमन की टीमें बचाव अभियान में जुटी हैं। शिमला के उपायुक्त अमित कश्यप मौके पर मौजूद हैं और बचाव अभियान की निगरानी के रहे हैं। प्रशासन के मुताबिक बचाव दलों ने बाढ़ में फंसे दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया है, जबकि घटनास्थल से दो लोगों के शव बरामद हुए हैं। 36 स्थानीय लोग अभी भी लापता हैं। इनमें बच्चे व महिलाएं भी शामिल हैं।मंडी जिला के द्रंग विधानसभा क्षेत्र की थल्टू खोड में बादल फटने से भारी तबाही हुई है, जिनमें तीन परिवारों के नौ लोग लापता हैं, जबकि 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हुई है। मंडी के डीसी अपूर्व देवगन ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पधर उपमंडल के सभी स्कूल और शिक्षण संस्थान आज बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राहत व बचाव दलों ने एक शव बरामद किया गया है। जबकि 35 लोगों को सुरक्षित बचाया गया हैं। मंडी जिला प्रशासन ने रेस्क्यू के लिए एयरफोर्स को भी अलर्ट किया है। मदद की जरूरत होने पर सेवाएं ली जाएंगी। थलटूखोड़ पंचायत प्रधान कली राम ने बताया कि तेरंग और राजबन गांव में बादल फटने की घटना हुई है। इससे तीन घर क्षतिग्रस्त हुए।कुल्लू की डीसी एस रवीश के मुताबिक निरमंड में बादल फटने से दो पुल ध्वस्त हुए। इनमें एक निर्माणाधीन पुल है। इसके अलावा आठ से नौ घर बह गए और सात लोग लापता हैं। राहत व बचाव दल लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू खुद राहत व बचाव कार्यो की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, होम गार्ड और फायर सर्विसेज की टीमें राहत, खोज और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। स्थानीय प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य को सुचारु रूप से करने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य सरकार हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि लगातार बारिश से प्रभावित हो रहे क्षेत्रों में मौजूद रहें और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानकारी तुरंत उपलब्ध करवाएं।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर बात कर राज्य में बादल फटने से हुए उत्पन्न स्थिति की जानकारी ली। गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री को राहत और बचाव कार्य में मदद के लिए एनडीआरएफ की तैनाती सहित केन्द्र सरकार की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।इस बीच केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी प्रदेश में बादल फटने से हुई भारी क्षति पर दुख जताया है। उन्होंने सुक्खू से फोन पर नुकसान की जानकारी ली और केंद्र सरकार की तरफ से हर सम्भव पहुंचाने का आश्वासन दिया।राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मंडी, कुल्लू और शिमला जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में बादल फटने के कारण हुए जान-माल के नुकसान पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।राज्यपाल ने संबंधित जिलों के उपायुक्तों से भी फोन पर बात की है और उनसे प्रभावितों को त्वरित राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लापता लोगों को ढूंढ़ने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ का दल बचाव कार्य में लगा हुआ है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्माओं की शांति तथा उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। राज्यपाल ने लोगों से भी अपील की है कि वह नदी-नालों के समीप न जाएं।

# सेहत को लेकर जागरूक लोगों के लिए आई खुशखबरी

## प्रदेश के पहले संगठित जैविक बाजार का पायलट ट्रायल प्रयागराज में सफल

**➢15 अगस्त तक औपचारिक उदघाट्न**

**प्रयागराज।** जैविक खेती उत्तर प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने , कृषि भूमि को उर्वर बनाने के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने में भी राम बाण साबित हुई है जिसे देखते हुए योगी सरकार भी इस पर जोर दे रही है। इसके उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए जैविक खेती का एक बड़ा स्थायी बाजार भी विकसित करना एक आवश्यकता थी जो प्रयागराज में विकसित हुआ है। प्रयागराज में जैविक उत्पादों की बिक्री और मार्केटिंग के लिए बन कर तैयार जैविक बाजार का सफल पायलट ट्रायल इसी का हिस्सा है।




प्रयागराज के मुंडेरा मंडी में प्रदेश के प्रथम संगठित जैविक बाजार का पायलट ट्रायल गुरुवार को किया गया। प्रयागराज के कृषि उप निदेशक एस पी श्रीवास्तव बताते हैं मुंडेरा मंडी के कृषक विश्राम गृह में आज से जैविक बाजार ने काम करना शुरू कर दिया है । पायलट ट्रायल के रूप में आज इसकी शुरुआत की गई जो सफल रही है। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की मौजूदगी में इसकी शुरुआत हुई। जैविक बाजार में पहले दिन जैविक उत्पाद पैदा करने वाले 12 किसानों और जैविक उत्पादकों ने अपने उत्पाद के स्टॉल यहां लगाए। कृषि उपनिदेशक का कहना कि अभी यह बाजार हफ्ते में एक दिन गुरुवार को लगेगा बाद में यहां जैविक उत्पादों की मांग और उपलब्धता को देखते हुए इसे प्रतिदिन किया जाएगा।

जैविक उत्पादों का बड़ी तादाद में उत्पादन के बाद इन जैविक उत्पादों की मार्केटिंग बड़ी समस्या थी जिसका रास्ता इससे मिल गया है। प्रयागराज में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा किनारे 110 गांवों में जैविक खेती करने वाले 9554 किसानों के लिए इससे बड़ा बाजार उपलब्ध होगा। पांडेश्वरनाथ कृषक उत्पादक संगठन के प्रमुख विजय सिंह बताते है कि उनके साथ 346 जैविक खेती करने वाले किसान जुड़े हैं जो मूलतः जैविक सब्जियों का उत्पादन करते हैं। इनके उत्पादों की बिक्री का कोई स्थायी मंच नहीं था जो अब जैविक बाजार से उन्हें मिल गया है।

टिकरी कला गांव की एफपीओ जलोदरी महिला एग्रो में 1200 जैविक किसान विभिन्न ऑर्गेनिक उत्पाद पैदा कर रहे हैं। एफ पी ओ की प्रमुख रश्मि शुक्ला बताती हैं कि जैविक बाजार खुल जाने से अब उनके किसानों को उत्पाद की मार्केटिंग के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उर्वा ऑर्गेनिक कृषक उत्पादक संगठन के मुखिया संदीप कुमार उपाध्याय बताते हैं कि उनकी एफ पीओ जैविक गेहूं , जौ, बाजरा और दाल उगाते हैं। ई कॉमर्स प्लेटफार्म में इन्हें बेचने से उत्पाद महंगे होने की वजह से इनकी बिक्री कम हो रही थी। लेकिन अब जिले का अपना बिक्री और मार्केटिंग का प्लेटफार्म मिलने से उनकी सेल बढ़ेगी।

### महाकुंभ में भी खुलेंगे जैविक उत्पादों के आउटलेट

**प्रयागराज।** प्रयागराज में लंबे इंतजार के बाद प्रदेश के प्रथम संगठित जैविक बाजार का पायलट ट्रायल सफल रहा है। इसके बाद इस बाजार के विस्तार की संभावनाएं भी खुल गई हैं। जैविक बाजार के ट्रायल में निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ गौरव कुमार का कहना है आने वाले समय में इसे नगर निगम के माध्यम से शहर के कुछ अन्य आउटलेट में भी खोला जाएगा। आने वाले महाकुंभ में जैविक उत्पादों का बड़ा बाजार उपलब्ध हो सकता है।

इसे देखते हुए महाकुंभ में भी इसके आउटलेट खोलने की योजना तैयार की जाएगी।

# ओरियंटेशन एण्ड सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम ऑन एनईपी का समापन

**प्रयागराज।** मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर ईश्वर शरण पी.जी. कॉलेज, प्रयागराज द्वारा भारत सरकार की महत्वाकंक्षी योजना मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत 15वां प्रशिक्षण कार्यक्रम 'ओरियंटेशन एण्ड सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम ऑन एनईपी का समापन सत्र आज आभासीय मंच से हुआ। समापन सत्र में कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 शैलेश कुमार यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षाशास्त्र ने कॉलेज के फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर में अनवरत चल रहे कार्यक्रमों को सेंटर के निदेशक और कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 आनन्द शंकर सिंह के निर्देशन और अहर्निश प्रयासों का नतीजा बताया। उन्होंने बताया कि 8 दिवसीय कार्यक्रम के कुल 16 सत्रों में 14 रिसोर्स पर्सन ने देश के 10 विश्वविद्यलयों एवं संस्थानों, गुरू घासीदास सेंट्रल युनिवर्सिटी, छत्तीसगढ़, पं0 रविशंकर युनिवर्सिटी रायपुर, छत्तीसगढ़, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, पजाब युनिवर्सिटी, पटियाला, युनिवर्सिटी ऑफ केरला, चाणक्य युनिवर्सिटी बेंगलुरू, गंगाधर मेहर युनिवर्सिटी, उड़ीसा, हिमांचल प्रदेश सेंट्रल युनिवर्सिटी, धर्मशाला, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर युनिवर्सिटी, दिल्ली, इग्नू, नई दिल्ली से अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। देश के कुल 24 राज्यों के विभिन्न जिलों जम्मू-



कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखण्ड, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोआ, असम, मणिपुर, नागालैण्ड, पं0 बंगाल, उड़ीसा, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल आदि से 164 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वागत वक्तव्य एमएमटीटी सेण्टर के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ0 मनोज दुबे ने दिया। एमएमटीटीसी के डायरेक्टर व प्राचार्य प्रो0 आनन्द शंकर सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन कर अपना आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र के वक्ता डॉ0 दीपक बिसला, आईटी विभाग, डॉ0 बी0आर0 अम्बेडकर विश्वविद्यलय, दिल्ली ने आईसीटी के उपयोग पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि इलेक्ट्रानिक पाठ्य पुस्तकें, निर्देशात्मक सॉफ्टवेयर, ई-मेल, चैट और दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों और यू.जी.सी. द्वारा उपलब्ध कराये गये ई-लर्निंग प्रोग्रामों द्वारा वर्तमान को सूचना क्रांति का युग बना सकते हैं। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र के वक्ता प्रो0 आर0सी0 शर्मा, पूर्व रीजनल डायरेक्टर, इग्नू ने आज के विषय 'इन्फार्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी' पर अपना विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचा और घटक है जो आधुनिक कम्प्यूटिंग को सक्षम बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ0 अश्विनी देवी, डॉ0 दीपिका हाण्डा के अतिरिक्त कुछ प्रतिभागियों ने फीड बैक दिया।

# वंदे भारत को पटरी से उतारने के लिए ट्रैक पर रखा पेट्रोमैक्स सहित अन्य सामान

**➪वीडियो वायरल आरोपी गिरफ्तार**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के लाल गोपालगंज इलाके में वंदे भारत एक्सप्रेस को पटरी से उतरने की कोशिश का एक वीडियो प्रसारित हुआ है। प्रयागराज-गोरखपुर वंदे भारत को पटरी से उतारने के लिए रेल ट्रैक पर पेट्रोमैक्स समेत कई चीजे रखी गई। पूरे घटनाक्रम का वीडियो प्रसारित हो गया है। गनीमत है कि वंदे भारत डिरेल नहीं हुई और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। जांच के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।




वीडियो प्रयागराज- लखनऊ रूट पर लालगोपाल के आसपास का बताया जा रहा है। वीडियो प्रसारित होने के बाद पूरे रेलवे महक में खलबली मची है। अभी घटनास्थल की पहचान नहीं हो सकी है लेकिन रेलवे का इंटेलिजेंस और आरपीएफ जीआरपी सक्रिय हो गई है। युवक लालगोपालगंज का ही बताया जा रहा है। अभी तक जांच में पता चला है कि यूट्यूब पर व्यू और प्रसिद्ध होने के लिए युवक वीडियो बनाता है। वीडियो में दिख रहा है कि वंदे भारत के गुजरने से पहले कभी ट्रैक पर साइकिल कभी पेट्रोमैक्स गिट्टी इंटरलाकिंग की ईट साबुन और मुर्गी का पैर बांधकर पटरी से बांध गया। जब ट्रेन गुजरी तो युवक उसे देखता रहा। इस पूरे घटनाक्रम का युवक ने अपने साथी से वीडियो भी बनाया। अब वीडियो प्रसारित हुआ तो हड़कंप मच गया है।

घटना के बाद रेलवे इंटेलीजेंस, आरपीएफ, जीआरपी को एक्टिव किया गया है लेकिन अभी तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। ट्रेन आफ इंडिया नाम के एक एक्स यूजर अकाउंट से यह वीडियो ट्वीट होने के बाद रेल महकमे में खलबली बच गई है। जीआरपी ने बताया कि वीडियो अलग-अलग स्थान पर बनाया गया है। इसकी पहचान की जा रही है कि किस स्थान का वीडियो है। साथी युवक की पहचान के लिए पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद भी ली जा गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# डॉ. कन्हैया सिंह स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज एवं नया परिमल संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आज डॉ. कन्हैया सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर डॉ. कन्हैया सिंह साहित्य सम्मान का आयोजन गांधी सभागर, हिन्दुस्तानी एकेडेमी उ0 प्र0 प्रयागराज में किया गया। यह सम्मान हिन्दी विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एवं आचार्य प्रो. जयप्रकाश को दिया गया।



कार्यक्रम के प्रारंभ में आमंत्रित अतिथियों ने डॉ. कन्हैया सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सदानंद प्रसाद गुप्त ने डॉ. कन्हैया सिंह से जुड़े संस्मरणों को साझा किया। साथ ही उनके साहित्यिक अवदान पर बात करते हुए कहा कि डॉ. कन्हैया सिंह की पाठानुसंधान की व्यावहारिकी एवं सैद्धांतिकी में गहरी पैठ थी। मध्यकाल पर किए गए डॉ. सिंह के कार्य और आधुनिक अध्यापन पर चिंता व्यक्त किया कि हिन्दी साहित्य की अध्यापकीय दुनिया प्राचीन और मध्यकालीन साहित्य से विमुख हो गई है। वरिष्ठ साहित्यकार एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. रामकठिन सिंह ने भी डॉ. सिंह पर अनेक आत्मीय संस्मरण सुनाए। इस क्रम में उन्होंने डॉ. सिंह द्वारा प्रशंसित अपनी आत्मकथा 'पापा की डायरी' का भी उल्लेख किया। हिन्दुस्तानी एकेडेमी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ. कन्हैया के मन में सामाजिक एकता का महान स्वप्न था। प्रो. जयप्रकाश ने अपनी आत्माभिव्यक्ति डॉ. कन्हैया सिंह के प्रति प्रकट करते हुए श्रद्धा पूर्वक समान ग्रहण किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. अमरेन्द्र त्रिपाठी ने डॉ. कन्हैया सिंह का विस्तृत जीवन परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान डॉ. कन्हैया सिंह के परिजन एवं सम्मान अर्पित करने वाले उनके पौत्र विनीत सिंह, डॉ. विनम्र सेन सिंह, हिन्दुस्तानी एकेडेमी के कोषाध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह, सचिव देवेन्द्र प्रताप सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के आचार्यगण, शोधार्थी एवं स्नातक-परास्नातक के छात्र छात्राएं एवं शहर के अनेक सम्मानित जनों की उपस्थिति रही।

# अतीक अहमद गैंग के लीडर मुजफ्फर के भाइयों के खिलाफ मुनादी

## आरोपी गैंगस्टर के भाइयों के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

**प्रयागराज।** पूर्व सांसद माफिया अतीक अहमद के गुर्गों पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में माफिया अतीक अहमद का करीबी रहा कौड़िहार ब्लॉक प्रमुख और गोतस्करी के आरोपी मो. मुजफ्फर के फरार भाइयों पर भी पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। मुजफ्फर इस समय गोतस्करी के मामले में जेल में बंद है। बुधवार को पुलिस ने मुजफ्फर के भाइयों मो. असलम, मो. आजम, जावेद अहमद, मोअज्जम, मो. अकरम के चफरी, नवाबगंज स्थित पुश्तैनी घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। इसके साथ ही मुनादी करवाकर लोगों को सूचित भी किया।

ज्ञात हो कि पूरामुफ्ती थाने में मो. मुजफ्फर के फरार भाइयों मो. असलम, मो. आजम, जावेद अहमद, मोअज्जम, मो. अकरम पुत्र मुख्तार निवासी चफरी नवाबगंज के खिलाफ 2023 में मारपीट, जान से मारने की धमकी, जानलेवा हमला, रंगदारी मांगने, एससी-एसटी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। केस दर्ज होने के बाद से पुलिस ने आरोपियों की तलाश में छापेमारी की, लेकिन कोई पकड़ में नहीं आया। इस पर न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ सात जून को कुर्की की कार्रवाई का आदेश जारी किया। ब्लॉक प्रमुख मुजफ्फर पर 34 मुकदमे दर्ज हैं। वह पुरामुफ्ती थाने का गैंगस्टर भी है। कोर्ट के आदेश पर बुधवार को पूरामुफ्ती पुलिस ने आरोपियों के चकरी स्थित घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई। साथ ही पूरामुफ्ती थाने में तैनात दरोगा अमित सिंह की तहरीर मो. असलम, मो. आजम, जावेद अहमद, मोअज्जम, मो. अकरम के खिलाफ बीएनएस की कार्रवाई की। इसमें धारा 209 के तहत केस दर्ज किया गया। अगर अब भी आरोपी आत्म समर्पण नहीं करते हैं तो उनकी चल-अचल संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी।

# आओ सखी वृक्ष लगा लें- डॉक्टर रश्मि शुक्ला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान ने प्रत्येक वर्ष कि तरह इस वर्ष भी सावन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया।

सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान की अध्यक्ष समााज सेविका डॉक्टर रश्मि शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने की दृष्टि से ही पेड़ पौधों में ईश्वरीय रूप को स्थान देकर उनकी पूजा का विधान अनेक ग्रन्थो में बताया गया है। सावन पर्व प्रकृति संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है यह महीना पुण्य प्राप्ति,मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा अर्जित करने के लिए भी लाभकारी है। साावन में पौधा रोपण शुभ कार्य करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

डॉली ने कहा वृक्षों को जीवन का प्रतीक मानते हुए उनकी पूजा और रोपण कर हम पृथ्वी के साथ अपने संबंधों को प्रगाण तथा पर्यावरण को संतुलित रख सकते हैं।रचना ने कहा कि जिसकी संतान नहीं है उसके लिए वृक्ष संतान है। सुमन ने कहा कि वृक्षो में विद्यमान देवी देवता पूजा करने वालों की मनोकामना पूरी करते हैं। अन्नपूर्णा ने कहा विधि पूर्वक पौधारोपण करने से स्वर्ग का सुख प्राप्त होता है और तीन जनमो के पाप नष्ट हो जाते हैं।

कार्यक्रम का संचालन छाया ने किया।धन्यवाद ज्ञापन मोन्टू दिया।

# नज़ूल क़ानून के विरोध में सपा का जबरदस्त प्रदर्शन

## सपाइयों ने योगी का पुतला फूंका, छिना छपटी में कार्यकर्ताओं को आई चोट



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तरप्रदेश सरकार के नज़ूल क़ानून के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज शहर के सुभाष चौराहे सिविल लाइन्स में जबरदस्त प्रदर्शन किया। शहर उत्तरी विधानसभा से पूर्व में चुनाव लड़ चुके सपा नेता संदीप यादव के नेतृत्व में नज़ूल क़ानून के विरोध में हाथों में तख्तियाँ लेकर, विरोध में नारे लगाए तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का पुतला फूंका। पुतला दहन के दौरान पुलिस से छिना छपटी में कुछ कार्यकर्ताओं को चोटे भी आई।

विरोध प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों सपा नेता संदीप यादव, अखिलेश गुप्ता, मुलायम यादव, जयशंकर रावत, अजीत विधायक, रामा, आदिल हमजा, शिवा केसरवानी, सुधीर निषाद, सद्दाम, सौरभ, तारिक अनवर, राजेश यादव, अनिमेष, अभिषेक, प्रदीप, आदित्य पटेल अमित कुमार सीबू को पुलिस जबरन सिविल लाइन्स थाने उठा लाई और उन्हें बैठाये रखा।

संदीप यादव ने कहा है कि उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा नज़ूल भूमि के लिये लाये गए काले क़ानून से शहर के लाखों लोगों को बेघर होना पड़ेगा जिसका विरोध लगातार जारी रहेगा। सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं की गिरफ़्तारी की सूचना पाते ही सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, महासचिव रविन्द्र यादव एडवोकेट, निर्मला यादव, मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर, आर. एन. यादव, सचिन श्रीवास्तव, ओ. पी.यादव, कुलदीप यादव, नाटे चौधरी, राम अवध पाल, नेपाल पटेल, राजबहादुर यादव,सहित कई बड़े नेताओं के पहुँचनेऔर पुलिस पर दबाव बनाने के बाद प्रदर्शनकारियों को बिना शर्त रिहा कर दिया गया।

# वाद पोषणीयता के दायरे में आना सनातन धर्म के अस्तित्व की पहली विजय- कौशल किशोर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** वाद संख्या 07/2023 के मुख्य पक्षकार सनातन धर्म रक्षापीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर ने इस आदेश को सनातन धर्म के अस्तित्व की विजय बताकर आगे धर्म रक्षा के युद्ध में सभी सनातनियों में आत्मबल की वृद्धि करने वाला बताया है।उन्होंने बताया कि यह भूमि सनातन के उस महानायक भगवान श्रीकृष्ण की मूल जन्म स्थली है। जिन श्रीकृष्ण ने गीता का ज्ञान देकर अर्जुन जैसे महान योद्धा को अपनी भूमि अपना राज्य वापस कराने के लिए महाभारत युद्ध की प्रस्तावना को संकलित किया। उन्ही श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर अवैध कब्जा सनातनी और श्रीकृष्ण के वंश से आने वाले जादौन, जडेजा, भाटी, छौंकर, रावल, सूरसैनी आदि कभी सहन नहीं कर सकते हैं। कौशल किशोर ठाकुर का कहना है कि यह लड़ाई धर्म रक्षा के निमित्त लड़ी जा रही है अभी संघर्ष और बड़ा है। सनातन के एक एक स्तंभ को मुक्त कराना सनातन धर्म रक्षापीठ वृंदावन का मूल कर्तव्य है। और इस कर्तव्य की पूर्णता के लिए उनके साथ समस्त सनातन खड़ा है।



ज्ञात हो कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद प्रयागराज द्वारा श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह संबंधी याचिकाओं में महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। न्यायालय ने प्रचलित याचिकाओं की पोषणीयता पर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड एवं शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी ने आपत्ति जताई थी। कि कथित शाही ईदगाह वक्फ बोर्ड की भूमि है इसलिए वहां हिंदू पक्ष अपना वाद उनके अपने न्यायालय में प्रस्तुत करे उच्च न्यायालय इस वाद की सुनवाई नहीं कर सकता जिसके बाद हिंदू पक्ष से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता रीना एन सिंह, विष्णु शंकर जैन, महेंद्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार सिंह बिसेन, राणा प्रताप सिंह चंदेल, देवेंद्र विक्रम सिंह, दामोदर विक्रम सिंह, सहित तमाम दर्जनों वादकारियों के अधिवक्ताओं ने वाद की पोषणीयता पर अपना पक्ष रखते हुए आगे की सुनवाई जारी रखने का आग्रह किया था न्यायालय ने सभी वादी एवं प्रतिवादियों के पक्षों को सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसे गुरुवार अपरान्ह दो बजे न्यायमूर्ति मयंक जैन द्वारा सुनाया गया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह से संबंधित वादियों द्वारा प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर यह प्रमाणित होता है, कि यहां पूर्व में एक भव्य मंदिर था।

# पूर्णाहुति के साथ हुआ श्री शिव महापुराण कथा का समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मुंशी राम प्रसाद के बगिया नारायण वाटिका में कर्तव्य पथ के द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा पूर्णाहुति के साथ संपन्न किया गया। इस अवसर पर सभी भक्तों ने कल्याण की कामना को लेकर हवन किया तत्पश्चात भगवान भोलेनाथ का प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का प्रसाद ग्रहण किया।



भंडारे के संयोजक कुमार नारायण रहे। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने किया। इस अवसर पर सपना आर्या, सतीश चंद्र केसरवानी, रामबाबू केसरवानी, नीरज गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद केसरवानी, राजेश केसरवानी, साधना चतुर्वेदी, आशा केसरवानी, जय श्री केसरवानी, उर्मिला केसरवानी, अभिलाष केसरवानी, लल्लू लाल कुशवाहा, अग्रहरि एवं संगठन के कई कार्यकर्ता एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के दिए आदेश

**प्रयागराज।** गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार द्वारा विकासखंड मऊआइमा का भ्रमण किया गया। निरीक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम में अशोक कुमार मौर्य, परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण भी उपस्थित रहे। मौके पर खंड विकास अधिकारी भी उपस्थित रहे तथा विकासखंड के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकासखंड कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत साफ सफाई व्यापक रूप से करने के निर्देश दिए गए तथा आवास योजना तथा मनरेगा योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा में सभी ग्राम से सचिवों



को वृक्षारोपण, अमृत सरोवर के कार्यो को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की निर्देश दिए गए। स्थापना पटल पर विधायक निधि की अवशेष धनराशि को वापस करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को पूर्ण करते हुए सत्यापन करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों यथा जे एन प्रसाद जेई रेड, राजेश कुमार सिंह एडीओ पंचायत, अजय निर्मल एसओ एसके, जीवन लाल बीटी, वीरेंद्र कुमार एबीटी, समीर कुमार पत्र एवं अभिषेक कुमार दीक्षित खंड प्रेरक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। विकासखंड परिसर में कराए गए खेल का मैदान का निरीक्षण किया गया। जिसके अंतर्गत खेल के मैदान को साफ सफाई करते हुए वृहद रूप से पौधरोपण करने के निर्देश दिए गए।

# नजूल संपत्ति विधेयक जनविरोधी गरीबों का शोषण बढ़ेगा- उज्ज्वल

**प्रयागराज।** सांसद उज्जवल रमण सिंह ने भाजपा सरकार द्वारा बहुमत के बल पर जनविरोधी नजूल संपत्ति विधेयक उत्तर प्रदेश विधानसभा में पारित करा कर यह साबित कर दिया कि उसकों गरीबों से कुछ लेना देना नहीं हैं वो सिर्फ पूंजीपतियों की संरक्षक हैं।सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि इस विधेयक के खिलाफ सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ी जायेगी क्योंकि इसका सीधा प्रभाव आम जनता पर पड़ेगा। जो लोग सैकड़ों साल से अपने आशियाने में रह रहे हैं उनका आशियाना छीनने का प्रयास भाजपा की सरकार कर रही हैं।प्रदेश सचिव ने भाजपा के उन विधायकों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपने सरकार के खिलाफ जाकर सदन में नजूल संपत्ति विधेयक का विरोध किया। इससें साबित होता हैं कि भाजपा सरकार तानाशाही हो गई हैं। उसको कुछ नजर नहीं आ रहा। जनता को हर तरफ से सिर्फ और सिर्फ परेशान करने के लिए नये नये नियम लाये जा रहे हैं। जिसका विरोध समाजवादी पार्टी लगातार कर रही हैं।

# मेरे बीमार को कैदी न बनाये कोई....

## इमामे सज्जाद की शहादत पर मदरसा अमजदिया में मजलिस के बाद बरामद हुआ ताबूत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** नगर पंचायत करारी स्थित मदरसा अमजदिया में इमाम हुसैन के बेटे इमामे सज्जाद की शहादत के मौके पर मजलिस आयोजित की गई। मजलिस के बाद इमाम सज्जाद का ताबूत बरामद हुआ। नवजवानों ने ताबूत की ज्यारत कर नौहा ख्वानी और सीनाजनी कर इमाम की शहादत को याद कर आंसू बहाया।

गुरुवार को 25 मोहर्रम की तारीख इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के बेटे इमामे सज्जाद की शहादत को याद करते हुए अजादारों ने पूरे दिन मजलिसो मातम में गुजारा। सुबह से शुरू हुआ यह मजलिसो का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। सुबह नौ बजे मदरसे में मजलिस की शुरुआत कुरआन की तेलावत से मोहम्मद जवाद ने किया। सोज ऐहसान हैदर ने पढ़ी । मजलिस मौलाना सैयद शहाब सलमान रिजवी ने पढ़ी। उन्होंने कहा कि कर्बला के बाद इमामे सज्जाद को यजीदी फौज ने गिरफ्तार कर उन्हें कर्बला से कूफा और फिर शाम(सीरिया) लेकर गये। और जब यजीद ने अपने दरबार में इमामे सज्जाद के सामने अपने दरबारियों से कहने लगा कि न तो कोई रसूल आया और न ही कोई वही आई ये सब बनी हाशिम का हुकूमत हासिल करने के फैलाया गया जाल था। इसके जवाब में इमामे सज्जाद ने दरबारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो जानता है वह तो जानता है लेकिन जो नहीं जानते वह जान लें कि मैं अली इब्ने अबि तालिब का पोता हूं, रसूल का नवासा और उनकी बेटी का बेटा हूं तो दरबार में बैठे हुए लोग आपस में एक दूसरे की तरफ देख कर पूछने लगे कि आखिर यह मामला क्या है। दरबार के बिगड़ते हालात देखकर यजीद ने फौरन अजान देने वाले को बुलाया और कहा अजान दे जैसे ही मोअज्जिन ने कहा मोहम्मद अल्लाह के रसूल हैं तो इमाम ने कहा यजीद बता रसूल तेरे जद थे या मेरे। मसायब बयान करते हुए कहा कि आप को भी बादशाहे वक्त ने जहर देकर शहीद कर दिया। मसायब सुनकर अजादार रोने लगे।ताबूत बरामद हुआ नजफी ने नौहा पढ़ा-दुरे आबिद को मेरे न लगाये कोई--मेरे बीमार को कैदी न बनाये कोई। दूसरा नौहा मंजर करारवी ने पढ़ा--आबिद की शहादत, आबिद की शहादत, गिरिया करो ऐ मोमिनों आई है कयामत। इस नौहे पर अजादारों ने मातम कर अपने इमाम का पुरसा दिया।

### खमसा ए सज्जादिया में उमड़े अजादार, करारी के अस्करी हाल में आयोजित हुई मजलिस

नगर पंचायत करारी के नयागंज वार्ड स्थित अस्करी हाल में खमसा ए मजालिस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम पांच दिनों तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत तेलावते कुरआन से हुई और मौलाना सैयद कौसर अब्बास रिजवी ने मजलिस को खिताब किया। कार्यक्रम रात आठ बजे शुरू हुआ।

रविवार से कस्बे के नयागंज वार्ड स्थित अस्करी हाल में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी खमसा ए सज्जादिया का आयोजन किया गया। मजलिस की शुरुआत तेलावते कुरआन से आदिल ने किया। सोजख्वानी एहसान हैदर और नजीरुल हसन ने की। पेशख्वानी औन रिजवी ने किया। मजलिस मौलाना सैयद कौसर अब्बास रिजवी ने पढ़ी। उन्होंने बताया कि जब यजीद तख्ते हुकूमत पर बैठा तो उसने सबसे पहले रसूले अकरम के फरमान और उनके द्वारा पहुंचाए गये अल्लाह के हुक्म का खुल्लमखुल्ला मजाक उड़ाने लगा,वहीं अहलेबैत ए रसूल के खिलाफ साजिश रचने लगा। आलमे इस्लाम उसकी इन हरकतों पर खामोश रहा। किसी में भी यजीद के खिलाफबोलने की हिम्मत न थी। ऐसे खराब माहौल में रसूल के नवासे इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने यजीद को समझाने की कोशिश की लेकिन शराब के नशे में धुत यजीद ने इमाम हुसैन से ही अपने गैर इस्लामी कामों का समर्थन चाहा तो इमाम हुसैन ने उसे यह कहते हुए इनकार कर दिया कि मुझ जैसा तुझ जैसे की बैअत( समर्थन) नहीं कर सकता। इसी बात को लेकर यजीद ने रसूल के नवासे इमाम हुसैन को कत्ल करने का मन बना लिया तो इमाम हुसैन ने मदीना छोड़ दिया और मक्के की ओर रवाना हो गये। मक्के में भी यजीदी फौज ने हाजियों के लिबास में इमाम हुसैन को कत्ल करने का प्लान तैयार किया लेकिन इमाम हुसैन ने हज को उमरे से तब्दील कर कर्बला के लिए रवाना हो गये। जहां आपको 71 साथियों समेत तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद कर दिया गया। इमाम हुसैन की शहादत के बाद यजीदी फौज ने इमाम हुसैन की बहनों और बेटे इमाम सज्जाद को कैदी बना लिया। इन सब को गिरफ्तार करके कर्बला से कूफा और शाम( सीरिया) लेकर गये। इस बीच इमामे सज्जाद ने यजीदी दरबार में यजीदियों के बीच में अपना परिचय कराते हुए कहा1 मैं अबुतालिब का खून हूं अली का पोता और हुसैन का बेटा हूं। मेरी दादी खातूने जन्नत रसूल की इकलौती बेटी फातमा जहरा हैं।

जो मुझे नहीं जानते वह जान लें। इन खुतबों का असर ये हुआ कि अब तक यजीद के खिलाफ कोई भी मुंह खोलने से डर रहा था लेकिन इन खुतबों ने ऐसा इंकेलाब बरपा किया कि यजीद जैसे खूंखार जालिम हाकिम के खिलाफ लोगों ने बगावत कर दिया। देखते देखते अवाम की आंधी में यजीद की हुकूमत का खात्मा हो गया। मसायब ए इमाम हुसैन पढ़े तो अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद आदिल ने नौहा पढ़ा-कर्बला के दश्त में करते थे शह ये मर्सिया, ऐ जमीने कर्बला-। इस नौहे पर नवजवानों ने मातम कर इमाम हुसैन की शहादत पर आंसू बहाये। इस मौके पर सरफराज हुसैन, हुसैन महदी, हसन अस्करी सहित काफी संख्या लोग मौजूद रहे।

## डीएम के जनता दर्शन में पूरी हुई पिता की ख्वाहिश

### ▶▶ दो बच्चियों को आश्रम पद्धति विद्यालय में मिला प्रवेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मासूम बेटियों को शिक्षा दिलाने की चाहत समेटे जिलाधिकारी के जनता दर्शन में पहुंचे पिता की आपबीती सुन डीएम ने फौरन दोनों बच्चियों को आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किए जाने का अल्टीमेटम सुना दिया। समाज कल्याण अधिकारी ने दोनों बच्चियों का राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय कोइलहा में प्रवेश के लिए विद्यालय के जिम्मेदारों को निर्देश भी दे दिए हैं।



गौरतलब है की जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुलगी के जनता दर्शन का सीधा फायदा आम आदमी को मिल रहा है यह बात हम नहीं कह रहे हैं यह वह आम आदमी कह रहा है जो जनता दर्शन में उनसे रूबरू होकर वापस लौट रहा है लोगों का कहना है कि जनता दर्शन का असली मतलब अब लोगों को समझ में आने लगा है यही कारण है कि जनता दर्शन में आम जान की भारी भीड़ नजर आ रही है ।बताते हैं कि जिलाधिकारी के जनता दर्शन में बुधवार को राजेंद्र पुत्र मनीराम अपनी दोनों पुत्री बसु और मोहिनी के साथ जा पहुंचे वहां उन्होंने बच्चियों को अव्वल दर्जे की शिक्षा दिलाने की ख्वाहिश जताते हुए अपनी आर्थिक हालात की बानगी बता मदद की गुहार लगाई । इस पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुलगी ने विस्तार से उनकी परिस्थितियों को परखा बाद में उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को दोनों पुत्रियां का प्रवेश सुनिश्चित कराए जाने का फरमान जारी कर दिया। बताया जाता है कि समाज कल्याण अधिकारी ने आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय कोईलहा में बसु का कक्षा 6 व मोहिनी का कक्षा 7 में प्रवेश किए जाने का निर्देश विद्यालय के जिम्मेदारों को दे दिया है।

## खेत में खाद डाली रही महिला के साथ युवक ने किया दुराचार का प्रयास

**चायल, कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की दोपहर खेत में खाद डाल रही महिला के साथ एक युवक ने दुराचार का प्रयास किया। विरोध करने पर उसने महिला की जमकर पिटाई कर दी।साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता हुए भाग गया। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

सराय अकिल क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने बताया कि उसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। वह अपने बच्चों के साथ घर पर रहती है। बुधवार की दोपहर वह अपने धान के खेत में खाद डाल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले का एक युवक वहां पहुंचा और उसको चरी के खेत में घसीट ले जाकर उसके साथ दुराचार का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर उसने महिला की जमकर पिटाई कर दी और साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। पिटाई से महिला के शरीर पर चोटें आईं। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## दहेज हत्या के आरोपी को 8 वर्षसश्रम कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** 03 जून, 2015 को थाना मंझनपुर पर वादी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरी बहन के ससुरालजनों द्वारा अतरिक्त दहेज की मांग की गयी नही मिलने पर जान से मारकर फासी के फंदे पर लटका दिया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित आरोपी राकेश कुमार निवासी टेनशाह आलमाबाद थाना मंझनपुर को न्यायालय एडीजे, एफ्टीसी-01 जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिला

## ईओ ने व्यापारियों संग की बैठक, मांगा सहयोग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** नगर पंचायत सिराथू के अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी ने डीएम के निर्देश पर बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में व्यापारियों व गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। बैठक में अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी ने व्यापारियों से नगर पंचायत में अवैध अतिक्रमण हटाने समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए बताया कि सड़क किनारे लगे ठेले गुमटी,खोमचे आदि को हटा लें। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी टेम्पों स्टैंड के लिए जगह चिन्हित कराने, अंडर पास बनवाए जाने आदि की चर्चा किया साथ ही अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत के विकास के लिए सहयोग की अपील किया ।ईओ ने व्यापारियों से नगर पंचायत को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सहयोग की अपील की। इस दौरान अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी , लेखा लिपिक दीपकमल , महेश सिंह , बबलू यादव सहित व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन केसरवानी , तनु गुप्ता , शुभम केसरवानी , मिथिलेश केसरवानी , सचिन केसरवानी , रमेश केसरवानी , गुड्डू केसरवानी सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हत्या के वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** 11 मई, 2024 को थाना पिपरी अन्तर्गत मखऊपुर मोड़ में हुयी मारपीट की घटना हुयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना पिपरी पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना में घायल व्यक्ति की मेदान्ता अस्पताल गुरूग्राम हरियाणा में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी थी। इसी क्रम में आज थाना पिपरी पुलिस थानाध्यक्ष बलराम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित सत्येन्द्र सोनी उर्फ लाला निवासी कोटिया थाना सराय अकिल को कोटिया पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशादेही पर आलाकत्ल 01 अदद डण्डा बरामद किया गया।



### छेडखानी के वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 दिलीप कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित धर्मवीर उर्फ कुल्लू निवासी दरियांव का पुरा मजरा पनारा गोपालपुर थाना सराय अकिल को सरैया पुलिया चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

### सात वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक शिवशंकर पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी गोविन्ददास निवासी शमशाबाद थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 सुशील कुमार शुक्ल मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी मिश्रीलाल निवासी ककरहाई थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 चन्दन सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी अशोक पासी निवासी मुण्डेरा थाना धूमनगंज को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उ0नि0 चन्दन सिंहमय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी इनामुल्लाह निवासी हुसैनपुर थाना पूरामुफ्ती को गिरफ्तार किया गया।

थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक रवि मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी रामआसरे, महेश कुमार, गोलू निवासीगण असरावल खुर्द पिपरी को गिरफ्तार किया गया।

## कड़ा में राष्ट्रीय बजरंग दल की हुई बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा के कालेश्वर घाट पर गुरुवार को राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता विभाग संगठन मंत्री विनय कुमार ने की।इस बैठक में आगामी कार्यक्रमो को लेकर चर्चा-परिचर्चा हुई साथ ही पवित्र श्रावण मास में कड़ा के कालेश्वर घाट स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक कार्यक्रम की भी रूप रेखा तैयार की गई।बैठक में राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष यशराज मिश्र , जिला महामंत्री अनुराग भट्ट, कड़ा ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद पांडेय , राघव पंडा, करन सिंह , अनिल मौर्य , दिलीप कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 84 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों व पीएचसी चरवा, राजकीय महिला चिकित्सालय चरवा का किया औचक निरीक्षण

▶▶ मुख्यालय के बेसिक शिक्षा कार्यालय व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का किया निरीक्षण

▶▶ निरीक्षण के दौरान राजकीय महिला चिकित्सालय चरवा में अनुपस्थित पाये गये स्टॉफ का एक दिन का वेतन रोकने के दिए निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरूवार को विकास खण्ड चायल के प्राथमिक विद्यालय पूरे अयोध्या, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चरवा, राजकीय महिला चिकित्सालय चरवा, बेसिक शिक्षा कार्यालय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय पूरे अयोध्या पहुंचकर वहां पर बच्चों से पढ़ाये जाने वाले विषयों के बारे में जानकारी ली व बच्चों को स्वयं क्लास रूम में पढ़ाया भी। जिलाधिकारी ने विद्यालय में उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण करते हुए अध्यापकों व अन्य स्टॉफ को समय से विद्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

राजकीय महिला चिकित्सालय चरवा के निरीक्षण के दौरान वहां पर दो स्टाफ नर्स व वार्ड ब्वाय को छोड़कर अन्य कोई स्टाफ ड्यूटी पर न मिलने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को वहां पर तैनात सभी अनुपस्थित स्टॉफ का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया है। उन्होंने चिकित्सालय में साफ-सफाई, मरीजों के बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण करते हुए डीसीएमआईएस व डीसी सिविल सहित अन्य लोगो को अपने-अपने पटल के समस्त कार्यों की सूचना बनाकर उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। कार्यालय में निरीक्षण के दौरान सर्व शिक्षा अभियान के पांच कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये, जिलाधिकारी ने उनसे स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यालय में साफ-सफाई व फाइलों को व्यस्थित ढंग से रख-रखाव के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए पटल सहायकों से उनके कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए अपने कार्यों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के लिए कहा है। उन्होंने पटल सहायकों से रोजना किए जाने वाले कार्यों का रजिस्टर में अंकन भी करने के निर्देश दिए है।

### डीएम के निरीक्षण में चरवा पीएचसी से गायब मिले डाक्टर

चायल, कौशाम्बी। सीएचसी और पीएचसी में तैनात चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के समय से न पहुंचने की शिकायतों का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार की सुबह चरवा पीएचसी का निरीक्षण किया। वहां तैनात चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी अस्पताल से नदारत मिले। गायब चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को अनुपस्थित कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार की सुबह 8.30 बजे पीएचसी चरवा का निरीक्षण किया। अस्पताल में स्टाफ नर्स रेनू मौजूद मिली।

उन्होंने डीएम को बताया कि प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. हेमंत विजय मिश्रा और डा. अफ्सा बानो चिकित्सीय अवकाश पर हैं। डा. शालिनी सिंह की ड्यूटी लगाई गई थी। पर वह मौजूद नहीं थी। फार्मासिस्ट रमेश भी अस्पताल से नदारत मिले। डीएम ने चिकित्सकों और फार्मासिस्ट के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी जताई और उन्हें नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इसके बाद अस्पताल में टूटी बाउंड्रीवाल और परिसर में गंदगी देख डीएम ने फटकार लगाई। उन्होंने अधिशासी अधिकारी सुभाषचंद्र को फोन पर ही परिसर में गिरे पेड़ को हटवा कर साफ सफाई का निर्देश दिया।

## स्कूली वाहनों के स्वामी, वाहन की फिटनेस व परमिट प्रमाण-पत्र प्राप्त करना करें सुनिश्चित- एआरटीओ




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद में संचालित स्कूली वाहनों, जिनकी फिटनेस, परमिट की वैधता समाप्त हो गयी है, वे वाहन के सुरक्षा सम्बन्धी सभी मानकों को पूरा करते हुए वाहन की फिटनेस प्रमाण पत्र व परमिट प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहन, जिनका फिटनेस प्रमाण पत्र व परमिट प्रमाण पत्र वैध नहीं पाया जाता है, तो वाहन स्वामी, विद्यालय प्रबन्धक/प्रधानाचार्य के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त ऐसे वाहन, जोकि संचालन योग्य नहीं है तथा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर नष्ट हो चुके हैं, उनका विवरण कार्यालय में प्रस्तुत कर वाहन के निरस्तीकरण की कार्यवाही नियमानुसार कराना सुनिश्चित कर लें,अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय कौशाम्बी के तत्वावधान में घोसरा, सरदार पटेल नगर (वार्ड नंबर 14) पूरब-पश्चिम शरीरा में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ0 नरेन्द्र दिवाकर ने वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सम्मेलनों अभिसमयों, उपलब्ध प्रावधानों, भारतीय संविधान, व्यक्तिगत विधियों, दण्ड प्रक्रिया संहिता और माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 में दिए गए प्रावधानों व वरिष्ठ नागरिकों के बारे में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और उनको मिलने वाली सहूलियतों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। शशि त्रिपाठी केन्द्र प्रवन्धक, सखी वन स्टॉप सेंटर कौशाम्बी ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पूर्णिमा प्रांजल अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी ने की। सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं, अपराध के पीड़ितों हेतु क्षतिपूर्ति योजना, पीड़ित द्वारा क्षतिपूर्ति के लिए प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अपने छोटे-छोटे मुकदमों का हल वैकल्पिक विवाद समाधान पद्धति के जरिए करें। वृद्धजनों को कोई समस्या हो तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी के कार्यालय में जाकर या तहसील स्तर पर बने लीगल एड क्लीनिक में कार्यरत पी एल वीज से संपर्क कर अपना शिकायती आवेदन दे सकते हैं। तीन लाख सालाना से कम आय वालों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है जिसके तहत मुकदमा से जुड़ा सारा खर्च विधिक सेवा प्राधिकरण वहन करता है साथ ही प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर लोक अदालत का भी आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सचिव से नाली की उचित व्यवस्था न होने के कारण जलभराव, गांव में विद्यालय के आभाव में सैकड़ों बच्चे शिक्षा से वंचित होने, बिजली की अव्यवस्था (खम्बे तो हैं पर तार नहीं खींची गई है), तालाबी रकबा पर कब्जा की समस्या, आवास, कॉलोनी और शौचालय मिलने में समस्या, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड न होने, बुजुर्गों के भरण-पोषण न होने आदि के संदर्भ में शिकायत की। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार, मंझनपुर, संजय सरोज, नगर पंचायत अध्यक्ष पूरब-पश्चिम शरीरा, मंझनपुर कौशाम्बी, डॉ. संदीप दिवाकर, प्रेमचंद केशरवानी पी एल वी, आशा, सुकुनिया, सीमा, शुखी, रानी, राखी, रामरानी, रचना, सविता, शिवरानी, क्रांति, श्यामकली, पद्मा सहित सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## जमीन विवाद में चार पर दर्ज हुआ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के वीरसिंहपुर निवासी शिवप्रताप पाल पुत्र कल्लूराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सत्ताईस जुलाई को दोपहर बारह बजे जमीनी विवाद में मेरे चाचा शम्भूनाथ पाल नौदहिन व गुडडी तथा बिट्टू के साथ मिलकर धारदार हथियार से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पीडिता के शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रंजिश में युवक को किया लहूलुहान, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने धारदार हथियार से हमला करने के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मनुहार तेलियन का पुरवा निवासी पप्पू वर्मा पुत्र वासुदेव वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस जुलाई की रात करीब नौ बजे वह शौच से घर वापस लौट रहा था। आरोप है कि इसी बीच अचानक रास्ते में गांव के इन्द्रहुसैन वर्मा पुत्र राकेश वर्मा ने जान से मारने की नीयत से उस पर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीडित के शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते अपनी बाइक छोडकर भाग निकला। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पुरानी रंजिश में घर में घुसकर युवक की पिटाई

**पट्टी प्रतापगढ–** कोतवाली क्षेत्र के गौहानी गांव के रहने वाले संतलाल पटेल ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि पीड़ित अपने घर पर बैठा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर पीड़ित के विपक्षी आ पहुंचे। साथ ही गाली गुप्ता देते हुए पीड़ित की पिटाई शुरू कर दिए। पीड़ित अपनी प्राण रक्षा हेतु घर के अंदर भागा तो उपरोक्त लोग घर में घुसकर पीड़ित के घर के अंदर रखे सामान को तोड़फोड़ दिए और पीड़ित को जमकर मारपीट कर घायल कर दिया।

## विद्युत करंट लगने से युवक की मौत



**रानीगंज,प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के राजापुर खरहर गांव निवासी डब्लू दुबे (26)पुत्र राधा रमण दुबे अपने गांव स्थित खेत में बुधवार को धान की रोपाई करवा रहे थे शाम को रोपाई करके मजदूर अपने घर चले जाने के पश्चात डब्लू भी अपनी पंपिंग सेट को बंद करके घर जा रहे थे डब्लू अपने खेत के चारों तरफ जानवरों से फसल की सुरक्षा हेतु बाड लगा रखे थे एवं उसमे विद्युत करंट भी दौड़ रहा था खेत के मेड़ पर जाते समय डब्लू का पैर अचानक फिसल गया जिससे वह गिर पड़े और बाढ़ में लगे विद्युत करंट के संपर्क में आ गए चीख पुकार सुन बगल के खेत में काम कर रहे लोगों को जैसे ही इसकी जानकारी हुई तुरंत परिजनों को घटना की सूचना दी परिजन आनन फानन में डब्लू को जिला चिकित्सालय ले गए जहां पर चिकित्सकों ने परीक्षण करके डब्लू को मृतक घोषित कर दिया। मृतक डब्लू चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था वह घर पर रहकर ही किसानी का कार्य करता था डब्लू की मौत से परिजनों का रो-रो करके बुरा हाल हो गया है एवं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## अपहरण, दुष्कर्म करने के अभियोग में अभियुक्त गिरफ्तार

**देल्हूपुर,प्रतापगढ़।** अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को थानाक्षेत्र देल्हूपुर के देल्हूपुर बस स्टैण्ड से किया गया गिरफ्तार ।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार' के निर्देशन में थानाध्यक्ष धंनजय राय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों, पेंण्डिग विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर 'मु0अ0सं0-36ध्2024 धारा 363,366,323,506,376(2)द,344,316 भा0द0वि0 व 3(1)द,3(1)ध,3(2)अ,ब्ध्ेज् एक्ट थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित अभियुक्त धीरेन्द्र कुमार पुत्र विजय प्रकाश उर्फ बैताली निवासी गौरा पोस्ट कटरा गुलाब सिंह थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़' को थानाक्षेत्र देल्हूपुर के देल्हूपुर बस स्टैण्ड से गिरफ्तार किया गया ।

## वांछित फरार अभियुक्त गिरफ्तार गया जेल

**लीलापुर प्रतापगढ़।** मुकदमे में वांक्षित फरार अभियुक्त गिरफ्तार भेजा गया जेल।पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एक अगस्त को थाना कोतवाली देहात के थाना अध्यक्ष विनीत कुमार उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 सूर्य प्रताप सिंह मय हमराह का0 राजेश कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित वांछित फरार वारण्टी अभियुक्त कृष्ण कुमार शर्मा पुत्र सूरजदीन शर्मा नि0 पटखौली टेंऊगा थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष विनीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि एक मुकदमे में वांक्षित फरार वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है और जेल भेजा जा रहा है।

## दुष्कर्म करने के अभियोग में अभियुक्त गिरफ्तार

**रखहा,प्रतापगढ़।** थाना कन्धई पुलिस टीम द्वारा थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत करेला बाजार से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार' द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 'अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी आनन्द कुमार राय' के पर्यवेक्षण 'प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित थाना कन्धई के नेतृत्व में उ0नि0 श्री राम अवतार सिंह मय हमराह हे0का0 विजय कुमार, का0 कपिल चौधरी' द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान धारा 376, 511, 506, 385 भादवि से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त, 'आशीष तिवारी उर्फ बीनू तिवारी पुत्र स्वामीनाथ तिवारी नि0ग्राम पूरेदेवजानी थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़' को दिनांक 31.07.2024 को थानाक्षेत्र पट्टी के करेला बाजार से गिरफ्तार किया गया ।

## चेकिंग के दौरान चोरी के 2 मोबाइल फोन के साथ अभियुक्त गिरफमार

**प्रतापगढ।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान नहर पुलिया से 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, उसके पास से चोरी के 2 मोबाइल बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार' द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 'अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिवनारायण वैश' के पर्यवेक्षण में दिनांक 31.07.2024 को 'थानाध्यक्ष उ0नि0 राधेश्याम थाना कोहड़ौर के नेतृत्व में उ0नि0 निकेत भारद्वाज मय हमराह उ0नि0 राजेश कुमार, का0 राहुल कुमार, का0 प्रवीण कुमार' द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र के अतरसण्ड नहर पुलिया के पास एक अभियुक्त 'रंजीत तिवारी पुत्र विक्रम तिवारी नि0ग्राम अतरसण्ड थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़' के पास से चोरी का 02 अदद मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त रंजीत तिवारी ने पूछताछ पर बताया कि कभी कभी आते जाते लोगों का मोबाइल फोन चोरी कर लेता हूं और बेच देता हूं यह मोबाइल फोन हमने रखहा बाजार के पास टुनटुन ढ़ाबा से चुराया था जिसको मै आज बेचने जा रहा था।

# रायबरेली एम्स के पूर्ण क्षमता से संचालन को लेकर प्रमोद तिवारी ने संसद में दागा सवाल

● राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने राजनैतिक द्वेष में बेहतर चिकित्सा को लेकर सरकार पर जनता के साथ ठहराया विश्वासघात



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पडोसी जिले रायबरेली के दरियापुर में बने एम्स को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित कराए जाने का मुददा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की आवाज संसद में गूंजी है। गुरूवार को राज्यसभा में शून्यकाल में सांसद प्रमोद तिवारी ने यूपी के रायबरेली जिले के दरियापुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को पूरी क्षमता के साथ जनता को समर्पित न कर पाने पर केन्द्र को कटघरे में खड़ा किया। उन्होनें राज्यसभा में कहा कि पिछले दस वर्ष पूर्व रायबरेली में एम्स की स्थापना की गयी थी। यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने आठ अक्टूबर 2013 को एम्स का भूमिपूजन किया था। उन्होनें कहा कि रायबरेली में एम्स की स्थापना का उददेश्य प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर एवं रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल तथा मध्यांचल के लगभग चालीस जनपदों की जनता को अत्याधुनिक एवं बेहतर चिकित्सा उपलब्ध हो सके। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकार से कहा कि बिहार एवं मध्य प्रदेश के भी कई अंचलों के लिए भी यह एम्स एक मात्र महत्वपूर्ण चिकित्सा संस्थान है।

उन्होने संसद मे कहा कि एम्स रायबरेली में पर्याप्त चिकित्सीय सुविधा न होने के कारण इलाज के लिए लोगों को अभी बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि प्रतापगढ़ की सीमा पर यह भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देश के सबसे प्रतिष्ठित एवं साधन सम्पन्न चिकित्सीय संस्थानों की श्रृंखला में है। वहीं उन्होने अपने वक्तव्य में इस बिंदु पर खासा जोर दिया कि रायबरेली के एम्स के साथ जिन अन्य एम्स की आधारशिला रखी गयी थी वे अपनी पूरी क्षमता से साथ जनता को समर्पित हो गये हैं। उन्होने सरकार पर करारा तंज कसते हुए कहा कि सिर्फ गांधी परिवार से ईर्ष्या एवं द्वेष के कारण जनपद रायबरेली में बनने वाला यह एम्स पूरी क्षमता से अभी तक संचालित नही हो सका है।

उन्होने सरकार का ध्यान आकृष्ट किया कि इस एम्स में अभी वहां पर मात्र ओपीडी चल रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अभी वहां न तो मरीजों को रात्रि मे रूकने की व्यवस्था है और न ही चिकित्सक ही रात्रि में रूका करते है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने रायबरेली के एम्स में उपलब्ध पर्याप्त भूमि पर अतिशीघ्र मरीजों के रूकने तथा चिकित्सकों के भी रात्रि प्रवास समेत सभी आवश्यक भवनों के भी अतिशीघ्र निर्माण कराए जाने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि यह चिन्ताजनक है कि पूरी क्षमता के साथ एम्स रायबरेली अभी तक जनता को समर्पित न करके जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होने सरकार से सवाल दागा कि एक तरफ वह जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बड़े बड़े खोखले दावे करती है। उन्होने यह भी कहा कि दूसरी तरफ इतने बडे आयुर्विज्ञान संस्थान को पूरी क्षमता के साथ जनता को समर्पित न करना उसके साथ सीधा विश्वासघात है।

उन्होनें कहा कि सरकार के गैरजिम्मेदारानापन के चलते जनता के जीवन को खतरे में डाला जा रहा है। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से दी गयी जानकारी में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सदन में जोर देते हुए कहा है कि करोड़ो जनता को बेहतर और अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता पर एम्स रायबरेली को अतिशीघ्र पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किया जाये।

## शिक्षक विधायक के जन्मदिन पर बांटा गया फल, सीएम ने दी बधाई



**लालगंज, प्रतापगढ़।** शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के जन्मदिन पर गुरूवार को यहां समर्थकों ने मरीजों को फल वितरित किया। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक विधायक को भेजे गये बधाई संदेश में समाज एवं देश की सेवा मजबूती से करने की कामना की है। एमएलसी उमेश द्विवेदी के जन्मदिन पर समर्थक अधिवक्ता संजय द्विवेदी की अगुवाई में लालगंज सीएचसी पहुंचे। यहां वार्डो में मरीजों को फल वितरित कर विधायक के सुदीर्घ जीवन की कामना की। इस मौके पर वित्तविहीन शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, मनीष मिश्र, नंदकिशोर मिश्र, नीलेश मिश्र आदि रहे। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में शिक्षकों व सभासदों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने लखनऊ पहुंचकर एमएलसी उमेश द्विवेदी को जन्मदिन पर सम्मानित किया।

## दहेज उत्पीड़न को लेकर पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने दहेज उत्पीडन को लेकर पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थानान्तर्गत पचखरा निवासी अवधेश बहादुर सिंह की पुत्री जूही ने तहरीर में कहा है कि उसकी शादी हरदोई जिले नगवा बेनीगंज निवासी दुर्गेश सिंह के पुत्र अभिषेक के साथ इसी वर्ष हुई। पीड़िता ने कहा है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर उसे परेशान किया जा रहा है। पति अभिषेक तथा ससुर दुर्गेश व सास साधना सिंह पर आरोप है कि कार तथा एसी की मांग को लेकर जूही को परेशान करने लगे। तहरीर में कहा गया है कि पचीस जुलाई को उसे पिस्टल दिखाकर जबरिया घसीटते हुए ससुरालीजनों ने मायके भेज दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति समेत ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

## विद्युत ट्रांसफार्मर जलने से गांव में अंधेरा, ग्रामीण भीषण गर्मी से परेशान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार /प्रतापगढ़** बाघराय के निकट रोर सुकुलपुर गांव का 10 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर बीते बुधवार को सुबह आठ बजे जल गया। विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से जहां गांव में रात्रि भर अंधेरा छाया रहा, वहीं सुकुलपुर गांव के लोग गर्मी व उमस से बेहाल हो उठे हैं। दिन में आज तीन बजे के करीब गांव के उपभोक्ता विद्युत उप केन्द्र बाघराय पहुंचकर विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों को जेई प्रदीप मौर्य ने फोन पर आश्वासन दिया कि जल्द ही ट्रांसफार्मर लग जाएगा तब जाकर उपभोक्ता शांत हुए । इस मौके पर अमित द्विवेदी बृजेश दुबे गुड्डु शुक्ला मंगू शुक्ला निकेत शुक्ला रिंकू डब्लू अमित शुक्ला मंगू शुक्ला प्रमोद सरोज गौरव,अभिषेक,विधायक शुक्ला,समाजसेवी अनुज कुमार शुक्ला,आदि लोग मौजूद रहे।

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● लगातार घटनाओं की खुलासा कर रही है संग्रामगढ़ पुलिस




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** महाविद्यालय पूरे बुद्धिधर में बीते दिनों रात्रि में बीडी इंटर कॉलेज व स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पूरे बुद्धि धर ग्राम पुरेली मखदुमपुर थाना संग्रामगढ के सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, माउस, बिजली के केबल, रूपये व मिश्रा ऑटो मोबाइल्स पेट्रोल पम्प बाबागंज के जनरेटर की बैटरी चोरी के प्रकरण में थाना संग्रामगढ़ में पंजीकृत अभियोग से संबंधित 02 अभियुक्तों को चेकिंग के दौरान थाना संग्रामगढ़ पुलिस द्वारा मैनुअल/ वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पहचान कर चोरी के इलेक्ट्रॉनिक सामान/बिजली के तार, नकद रूपये व बैटरी के साथ गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। मुकदमें में प्रकाश में आये अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है ।पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु दिये गए सख्त निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी व क्षेत्राधिकारी लालगंज के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को थाना संग्रामगढ़ के उ0नि0 प्रभाशंकर सचान मय हमराह उ0नि0 विनय वर्मा, का0 मन्दीप सिंह, का0 धनन्जय श्रीवास्तव द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना मानिकपुर क्षेत्र से सलोन जाने वाली सड़क पर मुलकटवा की पुलिया ग्राम कुसवापुर से मो0 तबरेज पुत्र बल्लू निवासी ग्राम पूरे अली नक्कीपुर थाना मानिकपुर को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से उसकी जींस की बाये जेब से कुल 3900/- रूपये व पीछे की जेब से कुल 4100/- रूपये, इस प्रकार कुल 8000/-रूपये व 02 जोड़ी पायल(सफेद धातु) व 08 नग बिछिया(सफेद धातु) संबंधित मु0अ0सं0- 169/224 धारा 303(2),317(4) बीएनएस व मु0अ0स0-170/24 धारा 305,331(4),317(2),317(4) बीएनएस बरामद किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि अपने साथियों के साथ मिलकर 27 जुलाई की रात्रि में बीडी इण्टर कॉलेज व स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पूरे बुद्धि धर ग्राम पुरेली मखदुमपुर थाना संग्रामगढ़ के सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, माउस, बिजली के केबल, रूपये व मिश्रा ऑटो मोबाइल्स पेट्रोल पम्प बाबागंज के जनरेटर की बैटरी को चुराये थे । हम लोगों का एक समूह है जिसमें हम दोनों के अलावा लल्लू पुत्र बल्लू व उसका भाई तबरेज पुत्र बल्लू निवासीगण पूरे अली नक्कीपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ तथा फिरोज पुत्र बबलू हत्था निवासी मीकगढ़वा थाना मानिकपुर व शेरा पुत्र इकबाल निवासी ममरखापुर थाना मानिकपुर का है । हमारे समूह का लीडर शेरा है, कब कहाँ चोरी करनी है इसकी योजना शेरा बनाता है। और हम सभी को बुलाकर सबका काम बाँटता है तथा चोरी की घटना करने के बाद चोरी के सामान को शेरा द्वारा हम लोगों में बाँट दिया जाता है और चोरी के सामान को बेचने के बाद जो धनराशि प्राप्त होती है उसे शेरा अपने पास माँगता है और फिर सबका हिस्सा बाँट देता है ।

मेरे पास से बरामद रूपया को बीडी इण्टर कालेज व स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पूरे बुद्धि धर ग्राम पुरेली मखदुमपुर थाना संग्रामगढ़ से चोरी किये थे तथा बरामद सफेद धातु के सामान व कुछ रूपये 012 व जुलाई की रात्रि में ग्राम पुरे बेचुराम मजरा पनिगो के घरों में की गयी चोरी के है। जिसे मैं आज बेचने के लिये जा रहा था ।

## सीओ की फटकार पर आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीओ की फटकार पर दलित की पिटाई व घरेलू सामानों में तोडफोड को लेकर सांगीपुर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। सांगीपुर के ज्ञानीपुर, पहाडपुर निवासी प्रहलाद कोरी के पुत्र सुरेश कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उन्नींस जुलाई को वह अपने घर पर मौजूद था। रात करीब आठ बजे गांव के राजू वर्मा व कमलेश पुत्रगण कालीदीन, सचिन पुत्र रामजियावन, रंजन पुत्र कमलेश व चार अज्ञात लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर हमला बोल दिया। आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए पीडित के पुत्र अजय व अशोक के पुत्र रंजीत को लाठी डण्डे व कुल्हाडी आदि से हमला कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपियो ने घरेलू सामान तोड दिया। लोगों को जुटता देख आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी। पीडित ने पुलिस को तहरीर दी। कार्रवाई न होने पर सीओ से फरियाद की। सीओ रामसूरत सोनकर के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी राजू समेत आठ आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीडन समेत गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है।

# सुप्रीम कोर्ट से कनेक्ट होकर ऑन लाइन हुई मध्यस्थता वार्ता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** नाराज चल रहे पति पत्नी के मध्य आपसी सुलह समझौता वार्ता सुमित पंवार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में माननीय सुप्रीम कोर्ट से कनेक्ट होकर ऑन लाइन मिडिएशन कराया गया । ज्ञात हो कि आशा देवी और उसके पति विनोद कुमार के बीच लम्बे समय से विवाद चला आ रहा है, जिसमें दहेज उत्पीड़न , घरेलू हिंसा सहित भरण पोषण का मुकदमा दोनों के बीच विचाराधीन है। आशा देवी ने अपने मुकदमों को प्रतापगढ़ न्यायालय से दिल्ली स्थित न्यायालय में स्थानांतरित किए जाने के सम्बन्ध में एक याचिका सुप्रीम कोर्ट मे प्रस्तुत किया जिसमें मध्यस्थता वार्ता के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच सुलह समझौता कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेशित किया गया ,जिसमें जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के निर्देशानुसार अपर प्रधान परिवार न्यायाधीश रिचा जोशी के नेतृत्व में अपर जिला जज सुमित पंवार, एवं विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट मिडिएटर सहित तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई ,जिसमें कई बैठकें कराई गई । आज 01 अगस्त 2024 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऑन लाइन उक्त मुकदमें के सम्बन्ध में कमेटी के साथ दोनों पक्षों के बीच वार्ता को अंतिम रूप दिया गया । इस अवसर पर विनोद कुमार उसके अधिवक्ता विनय कुमार पाण्डेय, आशा देवी के अधिवक्ता पवन कुमार सिंह ऑन लाइन मिडिएशन के समय मौजूद रहे, जबकि आशा देवी दिल्ली स्थित पटियाला हाउस कोर्ट में ऑन लाइन मिडिएशन में शामिल हुई ।

# उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका की हुई सुनवाई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** आनन्द कुमार शुक्ला अधिवक्ता उच्च न्यायालय लखनऊ ने बताया कि विहार विकास खंड के डेरवा नगर पंचायत में 30 बेड के सरकारी अस्पताल का कार्य विगत कई वर्षो से लंबित होने के कारण क्षेत्र वासियों को असुविधा हो रही है। इसे देखते हुए उच्च न्यायालय लखनऊ में जनहित याचिका दायर की थी। जिसमें न्यायमूर्ति द्वारा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा गया कि ÷यह आश्चर्य की बात है कि इतनी महत्वपूर्ण सुविधा का निर्माण पिछले लगभग 10 वर्षो से लंबित है। यदि ऐसा है तो हम जानना चाहते हैं कि इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतापगढ़, या उनके उच्च अधिकारी, तथा निदेशक उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा क्या कार्यवाही की गई है। इस सम्बन्ध में विपक्षी पक्षकार द्वारा 10 दिन के भीतर न्यायालय में एफिडेविट हलफनामा दाखिल करने को भी कहा है। क्षेत्र के लोगों की समस्या को उच्च न्यायालय में उठाने के लिए क्षेत्रीय लोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## चोरी का विरोध करने पर चौकीदार पर चाकू से हमला

**कुंडा प्रतापगढ़** विद्यालय में चोरी के लिए ताला तोड़ने का विरोध करने पर युवक ने चौकीदार पर चाकू से हमला कर दिया। चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।नवाबगंज थाना क्षेत्र के रेवली गांव निवासी गजाधर प्रसाद गांव के कम्पोजिट विद्यालय में चौकीदार है। 31 जुलाई की रात करीब नौ बजे वह स्कूल में बैठा था। आरोप है कि तभी गांव का ही सत्यम मौर्या गेट फांदकर भीतर घुस गया और वहीं बैठकर शराब पीने लगा। आरोप है कि कुछ देर बाद वह चोरी की नीयत से प्रधानाध्यापक कक्ष का ताला तोड़ने लगा। चौकीदार ने विरोध किया तो उसका गला दबाकर चाकू से हमला कर दिया।

## रास्ते के विवाद में विपक्षियों ने महिला को पीट कर किया घायल

**पट्टी प्रतापगढ** कोतवाली क्षेत्र के उमरडिहा गांव की रहने वाली शारदा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पीड़िता का विपक्षियों से रास्ते का विवाद काफी समय से चला रहा है। उक्त विवाद को लेकर पीड़िता के विपक्षी पीड़िता को ईट पत्थर से मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़िता ने विपक्षियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# टैबलेट लैपटॉप का ज्ञान एवं वृद्धि के लिए छात्र-छात्राएं करें उपयोग -डॉ विजय




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** टैबलेट मोबाइल लैपटॉप सभी ज्ञान का खजाना हैं। ज्ञानवृद्धि के लिए छात्र-छात्राएं इसके सकारात्मक पक्ष का सदुपयोग करें। क्योंकि ज्ञान विज्ञान के इस युग में कंप्यूटर ज्ञान से से ही स्वयं का तथा समाज व राष्ट्र का विकस संभव है। टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई तथा खिलखिला कर हंस पड़े। वैष्णोदेवी प्रशिक्षण महाविद्यालय गोंदाही कुंडा में गुरुवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजनांतर्गत छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण करते हुए मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने अपने संबोधन में बतौर मुख्य अतिथि उक्त उद्गार व्यक्त कर रहे थे।महाविद्यालय प्रबन्धक छोटेलाल यादव ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि वैष्णो देवी ग्रुप ऑफ एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस प्राथमिक शिक्षा से लेकर परास्नातक तक की शिक्षा नियमितरूप से प्रशिक्षित शिक्षक- शिक्षिकाओं के द्वारा दी जा रही है। कक्षा 6 से कक्षा 12 तक उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई की मान्यता मिलने के बाद इसी शिक्षण सत्र से कक्षा 6 कक्षा 9 तथा कक्षा 11 में शिक्षण कार्य चल रहा है। अब क्षेत्र के बालक बालिकाओं को इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई के लिए शहरों की तरफ जाने की जरूरत नहीं है। टैबलेट प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को चाहिए कि सरकार की युवा सशक्तिकरण योजना का लाभ उठाते हुए अपना भविष्य सुधारे। नितिन निर्मल, वर्तिका श्रीवास्तव, नेहा सहगल, अंकित जायसवाल, देशदीपक यादव समेत 396 छात्राओं को टेबलेट वितरित किया गया। इस मौके पर शिक्षक अनिल सिंह आशीष यादव अमृत शुक्ला, डॉ सुरेंद्र यादव, दिनेश यादव, पुनीत तिवारी, डॉ शिवानी गुर्जर व उमेश धर द्विवेदी समेत अन्य शिक्षक शिक्षाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## दिव्यांग बच्चों में भी होती है अनेक प्रतिभाएं, निखारने की जरूरत



**कौशाम्बी।** बीआरसी चायल में दिव्यांग बच्चों के प्रथम अभिभावक काउंसिलिंग का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह ने किया। कार्यक्रम दिव्यांगता के कारण, सावधानियां, निवारण एवं दिव्यांग बच्चों की समस्याओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्हें मिलने वाली सुविधाओं आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा की दिव्यांग बच्चों के अंदर अनेक प्रतिभाएं होती है उन्हे निखारने की जरूरत होती है। दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह ही देखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, गिरधर दुबे, उमाशंकर, महेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी, इंदु बाला, शालिनी सोनकर आदि ने अभिभावकों को जानकारी दिया।

## रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव, पुलिस ने की शिनाख्त



**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सयारा मीठेपुर गांव के समीप रेल लाइन पर एक युवक का शव पाया गया , सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिनाख्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्यवाही में जुट गई है।

दिल्ली हावड़ा रेल लाइन के सयारा मीठेपुर गांव के समीप रेल लाइन के डाउन लाइन पर गुरुवार को लगभग 40 वर्षीय एक युवक का शव पाया गया , उधर से गुजर रहे लोगो ने रेल लाइन पर शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची सैनी पुलिस ने मृतक के पास मिले आधार कार्ड से युवक की शिनाख्त पश्चिम बंगाल के मालदा के चोरामनी निवासी दुलाल पुत्र बिरसा ओराओ 40 वर्ष के रूप में करते हुए मृतक के घरवालों को खबर दी और औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार युवक की मौत ट्रेन से गिरकर हुई है। युवक की मौत की खबर पर घर में कोहराम मच गया।

## चरवा नगर पंचायत में आयोजित की गई व्यापारियों की बैठक



**चायल, कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा में गुरुवार को नायब तहसीलदार अंकिता पाठक की अध्यक्षता में व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। जिसे शीघ्र ही निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष कैलाशचंद्र केशरवानी ने चरवा चौराहे पर सामुदायिक शौचालय, राहगीरों के लिए वॉटर एटीएम लगाने की मांग करते हुए चौराहे से अतिक्रमण हटाने का मुद्दा उठाया। जिस पर अधिशासी अधिकारी सुभाषचंद्र सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन एवं अन्य कार्यक्रमों में जनभागीदारी बढ़ाने की अपील करते हुए समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष चरवा जगदीश कुमार, हल्का लेखपाल सतीश चंद्र, आकांक्षी सीएम फेलो विनीत कुमार सिंह, एस.आई. रविशंकर यादव, व्यापार मंडल से मिक्की पांडेय, विनोद कुमार केशरवानी, सत्य प्रकाश केशरवानी, सुनील वर्मा, पप्पू वर्मा समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## फुलवारी लगा रहे युवक की दबंगों ने की पिटाई



**कड़ा, कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के चक बख्तियारा परसीपुर गांव में मंदिर परिसर की जमीन पर फुलवारी लगा रहे युवक की दबंगो ने जमकर पिटाई कर दी।इस मारपीट में युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है।मारपीट के बाद दबंग युवक को बेहोशी हालत में छोड़कर फरार हो गए।परिजन घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है। सैनी थाना क्षेत्र के चक बख्तियारा परसीपुर गाँव के रहने वाले अभिषेक मिश्र पुत्र सुरेन्द्र नाथ मिश्र एक स्थानीय समाचार पत्र के संवाददाता हैं।गुरुवार की सुबह वह मंदिर परिसर की जमीन पर गुलाब का पौधा रोपित कर रहे थे। तभी पड़ोस के रहने वाले कुछ दबंगों ने अपने अन्य साथियों के साथ एक राय हो कर लाठी-डंडों से उन पर हमला बोल दिया। जिसमे अभिषेक को गंभीर चोट आई। चीख-पुकार सुनकर परिवार के लोग मौके की तरफ भागे तो दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल अभिषेक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वही पुलिस घायल के पिता की तहरीर पर कार्यवाही में जुट गई है।

## संदिग्ध दशा में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव ,खुदकुशी की अशंका

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोरियों का मजरा नया पुरवा गांव में बस्ती के बाहर स्थित बाग मे संदिग्ध दशा में पेड की टहनी से लटकता एक युवक का शव मिला ,पेड़ से लटके शव को देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई , लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।स्वजन मौत की वजह खुदकुशी बता रहे है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के कोरियो का मजरा नया पुरवा निवासी गुड्डू पुत्र अमृतलाल 37 वर्ष मजदूरी करता था। अविवाहित होने के चलते वह बड़े भाई सुरेश के साथ रहता था। ग्रामीणों में हो रही चर्चाओ की माने तो बुधवार की रात को किसी बात को लेकर परिवार में विवाद हो गया इससे बाद वह नाराज होकर घर से बाहर चला गया और उसके बाद नहीं लौटा। 500 मीटर दूरी पर स्थित युवक का शव संदिग्ध दशा में बाग में महुआ के पेड़ से लटकता हुआ शव मिला। खेत की ओर गए लोगों ने शव देखा तो जानकारी पुलिस दी। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की मौत से मृतक के घर में कोहराम मच गया।

# खसरा फीडिंग में खामियों को लेकर लेखपाल संघ का बहिष्कार

**● लेखपाल संघ ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** खसरा की ऑनलाइन फीडिंग में सर्वर की खराबी और कई प्रकार की खामियों को लेकर जिले के लेखपाल त्रस्त है। इससे उन्हें ऑनलाइन खसरा की फीडिंग करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर बृहस्पतिवार को जिले के लेखपाल संघ का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी मधुसूदन हुगली से मुलाकात किया और खसरा फीडिंग का बहिष्कार करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। जिलाधिकारी ने लेखपालों की इस समस्या को प्राथमिकता के तौर पर निस्तारण करने का आश्वासन संघ के प्राधिकारियों को दिया है।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह पाल की अगुवाई में पहुंचे जिला मंत्री ज्वाला सिंह यादव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने जिलाधिकारी मधुसूदन हुगली से मुलाकात करते हुए बताया कि खसरा की ऑनलाइन फीडिंग में सर्वर खराब होने के कारण उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। सर्वर खराब होने के कारण एक खसरा फीडिंग में आधे घंटे से अधिक का समय लग जाता हैं ऐसे में दिन भर में मात्र बीस से पच्चीस खसरा की ऑनलाइन फीडिंग ही हो पाती है। इसके अलावा लेखपालों को क्षेत्र में कई अन्य काम होते है जो खसरा फीडिंग के कारण प्रभावित हो जाते है। संघ के पदाधिकारियों ने खसरा फीडिंग कार्य का बहिष्कार करते हुए डीएम को एक ज्ञापन सौंपा और इस कार्य को लेखपाल से न कराकर किसी अन्य स्तर पर कराए जाने की मांग किया।

जिलाधिकारी ने संघ के पदाधिकारियों की इस मांग पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार संघ ने खतौनी फीडिंग के दौरान अंश निर्धारण में होने वाली त्रुटियों और खामियों के विषय में भी जिलाधिकारी को समस्या से अवगत कराया है।

## स्टे वायर में करंट उतरने के मवेशी की मौत



**सैनी, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के झंडापुर गांव में ईदगाह के पास गांव में आपूर्ति के लिए विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसे एक चबूतरे पर रखते हुए थोड़ी दूर बिजली के खंभे गाड़े गए है। खंभों का बैलेंस बराबर रखने के लिए उन्हे स्टे वायर से बांधा गया है। इसके साथ ही बिजली कर्मियों ने उसी स्टे वायर से अर्थिंग तार भी जोड़ रखा है। जिस कारण बरसात में लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। गुरुवार की सुबह करीब दस बजे गांव का वाहिद अली पुत्र मोहर अली अपने मवेशी को लेकर चराने जा रहा था। जिसमें से एक मवेशी स्टे वायर की तरफ चला गया और स्टे वायर में करंट की चपेट में आने से झुलसकर दम तोड दिया। स्टे वायर से अर्थिंग तार जोड़ने से ग्रामीण में आक्रोश है।

## खंड विकास कार्यालय ने ब्लॉक टास्क फोर्स की हुई बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** विकास खंड मंझनपुर के खंड विकास कार्यालय में खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को आई0डी0ए0/एम0डी0ए0 अभियान के सफल संचालन हेतु ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नीरज कुमार, जोनल कोऑर्डिनेटर डब्ल्यूएचओ डॉ निशांत , डीएमसी बालेन्द्र , एडीओ पंचायत कमलाकांत मिश्रा, बीपीएम अवनीश मिश्रा , बीसीपीएम घनश्याम पाल, बीएमसी अरविन्द पाण्डेय, खंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, सीडीपीओ सुशील कुमार वर्मा , डब्ल्यूएचओ मॉनिटर रितेश सिंह और ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित थे।

### आर्म्स एक्ट के दो आरोपियों को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना करारी पर पंजीकृत पटवारी निवासी इब्राहिमपुर थाना करारी को न्यायालय सीजेजेडी एफटीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बिताई गयी अवधि व 500रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी। थाना पिपरी पर पंजीकृत आरोपी तेरस पासी निवासी बिसौना थाना पिपरी को न्यायालय जेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को न्यायालय उठने तक के कारावास व 2000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## खाद्य एवं रसद विभाग के निरीक्षकों और अधिकारियों की आम बैठक 4 अगस्त को

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** यूपी फूड एंड सिविल सप्लाईज इंस्पेक्टर्स ध्ऑफिसर्स एसोसिएशन संबद्ध राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आगामी 4 अगस्त को इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान, मरकरी हाल गोमती नगर, लखनऊ निकट उच्च न्यायालय लखनऊ में कार्यकारिणी की बैठक आहूत की जाएगी। बैठक का उद्देश्य है की एसोसिएशन द्वारा निरन्तर सक्षम स्तर पर प्रस्तुत प्रत्यावेदनों, मांगो पर सकारात्मक विचारण न करने, वार्ता हेतु समय प्रदान न करने एवं विभाग द्वारा कार्मिकों का नित्य नये तरीके से संसाधन विहीनता के बावजूद उत्पीड़न, दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने से सदस्यों में निराशा एवं क्षोभ के निरन्तर बढ़ने के उनकी मांगों के दृष्टिगत 14 जुलाई को लखनऊ में आयोजित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वार्षिक अधिवेशन के समाप्ति के उपरान्त एसोसिएशन की प्रान्तीय कार्यकारिणी की आपातकालीन बैठक कर निर्णय लिया गया कि सदस्यों की भावना के अनुरूप अतिशीघ्र आम सभा की बैठक की जाय। इस हेतु एसोसिएशन की प्रान्तीय कार्यकारिणी द्वारा 04 अगस्त दिन रविवार को आम सभा की बैठक करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया । बैठक के संदर्भ में प्रांतीय अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद सिंह एवं प्रांतीय महामंत्री टी एन चौरसिया ने संयुक्त रूप से देते हुए कहा कि एसोसिएशन के समस्त प्रान्तीय , मण्डलीय , जनपदीय पदाधिकारियों सहित समस्त सदस्य आम सभा की आहूत बैठक मैं प्रतिभाग करेंगे तथा अपनी-अपनी समस्याओं, मांगो तथा तथ्यात्मक सुझाओं सहित ससमय बैठक में प्रतिभाग करेंगे।

## करंट की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी की मौत



**कड़ा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के वार्ड नं 3 गांधीनगर भानीपुर में गुरुवार को एक राष्ट्रीय पक्षी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पक्षी के शव को पीएम के लिए भेज दिया।बताते हैं कि नगर क्षेत्र के भानीपुर में गुरुवार को एक मोर हवा में अठखेलियाँ कर रहा था इसी दौरान वह पास में लगे ट्रांसफार्मर की जद में आ गया।विद्युत सप्लाई चालू होने के चलते मोर झुलस गया और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कड़ाधाम पुलिस ने राष्ट्रीय पक्षी के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

### फसल चराने के विरोध पर चरवाहों ने दिव्यांग किसान को दी धमकी

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के पूरे अयोध्या गांव निवासी राम विशाल पुत्र स्व. सियंबर लाल एक आंख से दिव्यांग हैं। वह खेती कर परिवार का गुजारा करता है।उसके अनुसार बुधवार की शाम वह अपने खेतों की तरफ घूमने गया थे। इसी दौरान गांव के चरवाहे अपने मवेशियों को चराते हुए उसके बाजरे के खेत में ले गए।वह उसके खेत में मवेशियों से फसल चराने लगे। आरोप है कि किसान के विरोध करने पर वह सभी गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट पर आमादा हो गये।साथ ही उन्होंने पूरी फसल चरा लेने की धमकी भी दी। पीड़ित किसान ने थाने जाकर आरोपी चरवाहों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

## हिस्ट्री शीटर की धमकी से खौफजदा भाजपा सभासद ने की इस्तीफा की पेशकश

**▶▶ सभासद का आरोपः हिस्ट्री शीटर से मिल रही जानमाल के नुकसान की धमकी**



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू कौशाम्बी।** हिस्ट्रीशीटर की धमकियों से खौफजदा सभासद ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा की पेश कर दिया है इसके लिए उसने बकायदा नगर पंचायत सिराथू के अधिशासी अधिकारी को इस्तीफा पत्र भी सौंप दिया है।

गौरतलब है कि सिराथू नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 से भाजपा के रत्नेश सोनकर सभासद निर्वाचित है उन्होंने नगर पंचायत सिराथू के अधिशासी अधिकारी को दिए गए पत्र के हवाले से बताया कि कस्बे के पूर्व सभासद का भाई हिस्ट्री सीटर है । रत्नेश सोनकर का आरोप है की वह अपने भतीजे के साथ आए दिन उसे जानमाल के नुकसान की धमकी दे रहा है इतना ही नहीं वह अपने साथियों संग मुझ पर हमला भी कर चुका है पिछले दिनों उसकी मां पर भी प्राणघातक हमला हो चुका है इन घटनाओं से खौफजदा होकर निष्पक्ष रूप से सभासद पद की जिम्मेदारी निभाना मुश्किल हो रहा है। रत्नेश सोनकर ने अधिशासी अधिकारी को दिए गए पत्र के हवाले से कहा की जनता की अपेक्षाओं पर काम ना कर पाने की स्थिति में मैं अपने पद से इस्तीफा देना चाहता हूं क्योंकि पूर्व सभासद के हिस्ट्री सीटर भाई व उसके भतीजे की हरकतों से वह और उसका पूरा परिवार बुरी तरह से आजीज आ चुका है सभासद के इस कदम से नगर पंचायत के अन्य सभासदों में भी हड़कंप मचा हुआ है ।

**● क्या कहते है अधिशासी अधिकारी**

मामले में अधिशासी अधिकारी सिराथू का कहना है कि सभासद का इस्तीफा पत्र मिला है , एक हफ्ते में पुनः विचार का समय दिया गया है ।
वैभव चौधरी अधिशासी अधिकारी सिराथू

### नीम सराय में ताजदार ए कर्बला कॉन्फ्रेंस आज

**चायल, कौशाम्बी।** अंजुमन खुद्दाम मोहिब्बाने अहलेबैत की ओर से ताजदार ए कर्बला कॉन्फ्रेंस शुक्रवार की रात 9 बजे हुसैनी मस्जिद नीम सराय में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के सचिव डाक्टर इमरान नजफ अलीमी के अनुसार जलसे की सरपरस्ती प्रख्यात सूफी संत हजरत शेख अबू सईद शाह अहसानुल्लाह मोहम्मदी सफवी चिश्ती फरमाएंगे। जलसे को मौलाना उबैदुल्लाह खान आजमी पूर्व राज्यसभा सांसद व हजरत मौलाना मकसूद आलम खेताब करेंगे। जलसे की निजामत कारी कलीम रजा साहब आरिफी और कासिम नदीमी साहब भदोही बारगाह इमाम में मंजूम नजरानये अकीदत पेश करेंगे।

## शक्तिपीठ कड़ाधाम से काशी के लिए रवाना हुए शिव भक्त



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पवित्र श्रावण मास में शक्तिपीठ कड़ाधाम से कांवरियों का एक जत्था काशी विश्वनाथ के लिए रवाना हुआ।बुधवार को भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए कांवरियों का जत्था नाचते गाते पैदल वाराणसी के लिए रवाना हुआ।डीजे व भव्य आकर्षक झांकियों के साथ शिव भक्त बाबा के जयकारे लगाते हुए काशी नगरी के लिए प्रस्थान किये। कड़ाधाम से सैनी हाइवे मार्ग तक कांवरियों का समाज सेवियों द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। कांवरियों के लिए जगह-जगह हलवा, पूड़ी, दमालू आदि की व्यवस्था की गई। इस मौके पर चेयरमैन रागिनी अरुण केशरवानी, उदय पांडेय, प्रतिभा कुशवाहा, मुन्ना साहू, राजू केशरवानी, तूफानी पंडा, रुपैया पंडा, राकेश पांडेय, रामिलन पंडा, दीपा श्रीवास्तव, बउआ साहू, राजीव पंडा, मुन्ना पाल, शशिकमल मिश्रा ,नीरज साहू, गुलाब मौर्य, राहुल कुशवाहा ,धनराज, दिग्गज मौर्य सहित भारी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे।

## मौत को दावत दे रहा है केले के खेत में लटकता बिजली का तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कसेंदा, कौशाम्बी।** विद्युत उपकेंद्र गांजा क्षेत्र के तियरा गांव में हाई टेंशन तार केले के खेत में लटक रहा है। यह तार आने जाने वाले लोगों को मौत की दावत दे रहा है। खेत मालिक ने कई बार अवर अभियंता से शिकायत किया लेकिन तार को टाइट कराने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ितों में अधिशासी अभियंता को मामले की तहरीर दी है।

विद्युत उपकेंद्र गांजा क्षेत्र के तियरा गांव निवासी मोहम्मद अयूब ने अपने खेत में केले की फसल लगा रखा है। उनके खेत के बीचोबीच से हाई टेंशन तार गया है। यह तार जमीन से 5 फीट की दूरी पर लटक रहा है। यह उधर से आने जाने वालों को मौत की दावत दे रहा है। लोग इससे काफी दहशत में रहते हैं। मोहम्मद अयूब का कहना है कि वह अपने केले के खेत के अंदर जाने से डरते हैं कि कहीं वह करंट की चपेट में न आ जाएं। गांववासियों ने कई-कई बार अवर अभियंता सत्यनारायण यादव से शिकायत किया लेकिन जेई ने तारों को टाइट कराने के लिए कोई आवश्यक कदम नहीं उठाया। बुधवार को पीड़ितों में अधिशासी अभियंता को मामले की तहरीर दी है।

## वरिष्ठ लिपिक दिनई व अर्दली नजारत रेनू निगम अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के पश्चात हुई सेवानिवृत्त

**● जिलाधिकारी ने दोनो को स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्वल भविष्य की किया कामना**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी के कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ लिपिक दैवी आपदा के पद पर तैनात दिनई एवं अर्दली नजारत के पद पर तैनात रेनू निगम अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के पश्चात 31 जुलाई 2024 को सेवानिवृत्त हुई। दिनई एवं रेनू निगम ने कुशलतापूर्वक शासकीय कार्यों को सम्पादित किया।

कलेक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में आज आयोजित विदाई समारोह में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह एवं उप जिलाधिकारी राहुल देव भट्ट ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर विदाई किया तथा उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी जिलाधिकारी सुनील मिश्रा, भानु प्रताप, अध्यक्ष उ0प्र0 मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ शाखा जनपद कौशाम्बी, वी0आई0पी0 बाबू अंगद सिंह, मंत्री, पेशकार सुनील सिंह, पेशकार जिलाधिकारी राकेश मौर्य, नाजिर सुभाष चन्द्र जायसवाल, प्रशासनिक अधिकारी विनोद कुमार एवं श्याम बिहारी, पेशकार एडीएम (एफ0आर) चन्द्रपाल सिंह, आशुलिपिक सुरेश सिंह, आशुलिपिक उप जिलाधिकारी मंझनपुर सुनील यादव एवं पेशकार उप जिलाधिकारी मंझनपुर कमलेश कुमार, कनिष्ठ लिपिक प्रिया सिंह तथा रूचि शुक्ला सहित कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों ने फूलों की माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर दिनई एवं रेनू निगम की भावभीनी विदाई किया तथा उनके शासकीय कार्यों के निर्वहन की सराहना किया।

## कनैली व बैशकांटी में प्राथमिक स्वास्थ केंद्र का हाल बेहाल- इंद्रजीत सरोज

**● सदर विधायक ने विधानसभा के प्रमुख सचिव को लिखा पत्र**

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनैली व बैसकांटी का व्यवस्थित संचालन न होने से सदर विधायक ने एतराज जताया है उन्होंने सीधे तौर से विधानसभा के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर इसमें मुकम्मल पहल की मांग किया है।

गौरतलब है कि जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनैली व बैसकांटी का निर्माण कराया गया है ताकि इलाकाई लोगों को व्यवस्थित तरीके से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके परंतु अस्पताल की हालत यह है कि परिसर में बड़े-बड़े बबुल के पेड़ , झाड़ आदि हो गए हैं, हालत यह है कि इन अस्पतालों में मरीजों की आवाजाही भी थम सी गई है सरकारी अस्पताल के इस हालात का खामियांजा मरीजो को दर-दर भटक करके चुकाना पड़ रहा है इस समस्या को लेकर सदर विधायक एवं पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज ने विधानसभा के प्रमुख सचिव को नियम 51 के तहत पत्र लिखकर इस समस्या पर सार्थक पहल की मांग किया है ताकि इलाकाई लोगों को व्यवस्थित तरीके से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके।

## सम्पादकीय

# मोदी की रूस यात्रा अमेरिका निराश

भारत और अमेरिका के संबंध क्या पटरी से उतर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 8-9 जुलाई की रूस यात्रा के संबंध में अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के संदेश और समय ने अमेरिका को भारत की ओर से निराश किया है।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन रूसी राष्ट्रपति पुतिन को युद्ध अपराधी घोषित कर चुके हैं। जाहिरा तौर पर ऐसे हालात में प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा पर अमेरिका से इसी तरह की प्रतिक्रिया अपेक्षित थी। डोनाल्ड लू से पहले नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि अमेरिका और भारत के रिश्ते हाल के वर्षों में व्यापक बने हैं, लेकिन इनकी बुनियाद ज्यादा पुख्ता नहीं है।उन्होंने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता पर भी सवाल खड़े किए थे। पश्चिमी देशों की मीडिया ने भी मोदी की रूस यात्रा की आलोचना करते हुए यहां तक कह दिया कि भारत पर भरोसा नहीं किया जा सकता। यह इत्तेफाक था कि जिस समय मोदी की रूस यात्रा हुई थी, उसी दौरान वाशिंगटन में सैन्य संगठन नाटो की शिखर वार्ता आयोजित थी जिसमें रूस विरोधी रणनीति का प्रारूप तैयार किया गया था।भारत के विदेश मंत्रालय ने डोनाल्ड लू की प्रतिक्रिया पर सधी हुई प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत और रूस के संबंधों पर चर्चा करते हुए व्यावहारिक वास्तविकता को ध्यान में रखना चाहिए। दोनों देशों के संबंध आपसी हितों पर आधारित हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका सहित पश्चिमी देश भारत और विशेषकर मोदी के प्रति बेरुखी का रवैया अपनाने लगे हैं।आगे चलकर यह रुख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष विरोध में बदल सकता है। ऐसे में रूस के साथ संबंधों को और मजबूत बनाया जाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी शायद इसी सोच को आगे बढ़ा रहे हैं। लोगों को याद होगा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1970 के दशक में ऐसी ही रणनीति अपनाई थी। भारत ने तत्कालीन सोवियत संघ के साथ मैत्री संधि की थी जिसके कारण बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के समय भारत अमेरिका की चुनौती का सामना कर सका।भारत एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। ऐसे में अमेरिका और पश्चिमी देश नई दिल्ली को चाह कर भी अस्थिर नहीं कर सकते। लेकिन भारत को अपनी ओर से सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि भारत और रूस के बीच बढ़ता सैन्य सहयोग अमेरिका की आंखों में किरकिरी पैदा करता रहेगा। अमेरिका का भारत के प्रति क्या रुख रहेगा यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

## सुविचार

माता-पिता वो हस्ती हैं जिसके पसीने की एक बूंद का कर्ज भी औलाद नहीं चुका सकती।।

# आखिर भारत के लोग/ सेलिब्रिटी भारत की नागरिकता छोड़ कर विदेश में जाकर क्यों बसते है



**अशोक भाटिया**

वेस्टइंडीज से ॠ20 वर्ल्ड कप जीतकर लौटने के बाद विराट कोहली को लेकर एक खबर ने सोशल मीडिया पर आग लगा दी। ये खबर थी विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के लंदन में जाकर बसने को लेकर। अब कुछ वैसी ही खबर रोहित शर्मा को लेकर भी जोर पकड़ रही है। सोशल मीडिया पर जो खबर चल रही है उसके मुताबिक रोहित शर्मा भारत छोड़ सकते हैं। वो भारत से दूर अपना नया आशियाना बना सकते हैं। हालांकि, इन खबरों में कितनी सच्चाई है और कितनी नहीं, इसकी पुष्टि हम नहीं कर सकते। पर हम भारत सरकार की हाल की रिपोर्ट की बात करें जिसके अनुसार, जून 2023 तक दस बीस हजार नहीं बल्कि 87,026 लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी है। दरअसल, भारतीय विदेश मंत्रालय ने संसद में एक सवाल का जवाब देते हुए इन आंकड़ों को बताया था । भारत की नागरिकता छोड़ कर ये लोग दुनियाभर के 135 देशों में अपना नया ठिकाना बना चुके हैं। सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2011 से अब तक लगभग 17 लाख भारतीयों नें अपनी नागरिकता छोड़ दी है। ये खासतौर से ऐसे लोग हैं जिन्हें इस देश में अमीर तबका माना जाता है।

पर इन खबरों के साथ सवाल यह भी उठता है कि आखिर लोग/ सेलेब्रेटी भारत की नागरिकता छोड़ कर क्यों विदेश में जाकर बसते है ?

हम हालिया आंकड़ों को देखे तो गृह मंत्रालय के साल 2021 के आंकड़ों के अनुसार 163,370 लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी। संसद में पेश किए गए दस्तावेज़ में कहा गया था कि इन लोगों ने ÷निजी वजहों÷ से नागरिकता छोड़ने का फ़ैसला किया । सबसे ज़्यादा 78,284 लोगों ने अमेरिकी नागरिकता के लिए भारत की नागरिकता छोड़ी। इसके बाद 23,533 लोगों ने ऑस्ट्रेलिया और 21,597 लोगों ने कनाडा की नागरिकता ली।चीन में रह रहे 300 लोगों ने वहाँ की नागरिकता ले ली और 41 लोगों ने पाकिस्तान की। साल 2020 में नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 85,256 थी और साल 2019 में 144,017 लोगों ने नागरिकता छोड़ी थी। साल 2015 से 2020 के बीच आठ लाख से ज़्यादा लोगों ने नागरिकता छोड़ दी। 2020 में इन आंकड़ों में कमी देखने को मिली थी, लेकिन इसके पीछे की वजह कोरोना माना जा रहा है। विदेशी मामलों के एक जानकार का कहना इस बार के आँकड़ों में बढ़त का कारण ये हो सकता है कि पिछले साल के कुछ ऐसे लोग जो कोरोना के कारण काम बंद होने से नागरिकता नहीं ले पाए, उन्हें भी इस साल नागरिकता मिली होगी।कहा जा रहा है कि बिजनेस करने वालों को भी देश में अपने लायक माहौल की कमी खल रही है। रहन-सहन या कहें कि जीवनशैली भी उनके पलायन का एक कारण है। असल में धनी लोगों को अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया और इटली जैसे देशों में जीवन स्तर बेहतर दिखाई देता है। इसीलिए वे अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक नए विकल्प के रूप में ऐसे देशों को चुन रहे हैं।विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था पलायन का एक बड़ा कारण है। भारत की शिक्षा व्यवस्था अभी उतनी अच्छी नहीं है, जितनी कि उन देशों में है, जहां भारतीय जाना ज्यादा पसंद करते



हैं। अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। 2020 के मुकाबले 2021 में इनकी संख्या 12 प्रतिशत बढ़ी। भविष्य में और भी बढ़ने का अनुमान है। पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले छात्रों में से करीब 70-80 प्रतिशत युवा वापस भारत नहीं लौटते। करियर और अच्छे भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए वे विदेश में ही बस जाते हैं।एक टी वी चैनल के सर्वे के अनुसार अमेरिका में रहने वालीं भावना (बदला हुआ नाम) कहती हैं कि अगर भारत को अपनी नागरिकता छोड़ने की दर या फिर ब्रेन ड्रेन पर काबू करना है तो उसे कई क़दम उठाने होंगे। उनके मुताबिक़ इनमें बेहतर सुविधा, नए मौक़े से लेकर दोहरी नागरिकता पर विचार करना ज़रूरी है।

भावना साल 2003 में वहाँ नौकरी के सिलसिले में गई थीं। उन्हें वहाँ रहना अच्छा लगने लगा और उन्होंने वहीं बसने का फ़ैसला किया। उनकी बेटी वहीं पैदा हुई, फिर उन्होंने ग्रीन कार्ड का आवेदन किया और कुछ साल पहले उन्हें वहां कि नागरिकता मिल गई।भावना कहती हैं कि यहाँ ज़िंदगी बहुत आसान है। स्टैंडर्ड ऑफ़ लिविंग बहुत अच्छा है। बच्चों की पढ़ाई अच्छे से हो जाती है। उन्हें मौक़े भी भारत से बेहतर मिलेंगे।इसके अलावा काम का माहौल बहुत अच्छा है। आप जितना काम करते हैं, उस हिसाब से अच्छे पैसे मिलते हैं।कनाडा में रहने वाले 25 साल के अभिनव आनंद की राय भी मिलती-जुलती है। उन्होंने वहीं से पढ़ाई की है और पिछले एक साल से नौकरी कर रहे हैं। वो अब भी भारतीय पासपोर्ट का ही इस्तेमाल करते हैं लेकिन भारत की नागरिकता छोड़ने के लिए तैयार हैं। उनका भी मानना हैं कि काम करने का अच्छा माहौल एक वजह है, जिसके कारण वो भारत वापस नहीं जाना चाहते। अभिनव कहते हैं कि यहाँ काम करने के घंटे निर्धारित हैं। वर्क प्लेस पर नियम और क़ानून का पालन होता है। आप जितना काम करते हैं ,उस हिसाब से आपको पैसे मिलते हैं। भारत में नियमों का इतने अच्छे तरीक़े से पालन नहीं होता। इसलिए मैं काम करने के लिए भारत नहीं जाना चाहूंगा और अगर काम मुझे किसी और देश में रह कर ही करना है, तो वहाँ कि नागरिकता लेने में क्या हर्ज़ है। हर्ष पंत कहते हैं कि ज़्यादातर लोग बेहतर काम, पैसे और बेहतर ज़िंदगी की तलाश में ही देश छोड़कर जाते हैं। पंत के मुताबिक, ÷बड़े देशों में बेहतर सुविधाएं मिलती हैं लेकिन कई लोग छोटे देश भी जाते हैं।

कई छोटे देश व्यापार के लिए बेहतर सुविधाएं देते हैं। कई लोगों के परिवार भी ऐसे देशों में बसे होते हैं, इसलिए वो उन्हीं से साथ वहाँ काम करने चले जाते हैं।हरेंद्र मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार हैं और पिछले 22 सालों से इसराइल में रह रहे हैं। उनका कहना कि वो भारत से भावनात्मक रूप इतने जुड़े हुए हैं कि वो यहाँ की नागरिकता नहीं छोड़ पा रहे। उनकी पत्नी इसराइल की हैं और उनके बच्चे वहीं पैदा हुए हैं और उनके पास वहाँ की नागरिकता है। लेकिन वो कहते हैं कि भारतीय पासपोर्ट के कारण उन्हें बहुत दिक्क़तें होती हैं। ज़्यादातर देशों में जाने के लिए उन्हें वीज़ा लेना पड़ता है। एक उदाहरण देते हुए वो कहते हैं, ÷मुझे लंदन जाने के लिए वीज़ा की ज़रूरत पड़ती है लेकिन अगर आपके पास इसराइल का पासपोर्ट है तो आप बिना वीज़ा के वहाँ जा सकते हैं। इसलिए वीज़ा का आवेदन करने के लिए यहाँ कोई ऑफ़िस भी नहीं है। वीज़ा का ठप्पा लगाने के लिए किसी को इस्तांबुल जाना पड़ेगा। वहाँ आने जाने का खर्चा भी बहुत होगा। इसलिए ये चीज़े परेशान करती हैं।÷वह कहते हैं, ÷मैं भारत से इतना जुड़ा हुआ हूँ कि वहाँ कि नागरिकता नहीं छोड़ना चाहता, लेकिन इसके अलावा मुझे कोई फ़ायदा नहीं होता।÷भारत के पासपोर्ट पर आप बिना वीज़ा के अभी 60 देशों में जा सकते हैं। दूसरे कई देशों की तुलना में ये काफ़ी कम है। पासपोर्ट रैंकिंग में भारत 199 की लिस्ट में अभी 87 नंबर पर है।हरेंद्र मिश्रा कहते हैं कि भारत अगर दोहरी नागरिकता का प्रावधान लाता है तो नागरिकता छोड़ने वालों में कमी आ जाएगी।अभिनव आनंद भी ऐसा कहते हैं कि वो दूसरे देश की नागरिकता लेने की कोशिश में हैं, लेकिन उनका कहना है कि ये क़दम वो मजबूरी में उठा रहे हैं।वो कहते हैं, ÷मैं जिस में पैदा हुआ वहाँ की नागरिकता मेरे पास हमेशा होनी चाहिए।

लेकिन भारत दोहरी नागरिकता की इजाज़त नहीं देता इसलिए मेरे पास नागरिकता छोड़ने के अलावा विकल्प नहीं है। मेरे साथ कई ऐसे लोग हैं जो अपनी नागरिकता इसलिए छोड़ देंगे क्योंकि भारत में उन्हें दोहरी नागरिकता नहीं मिल सकती।÷भावना अब अपनी नागरिकता छोड़ चुकी हैं। उनके पास ओसीआई कार्ड है लेकिन उनका कहना है कि उनके पास दो नागरिकताएं होतीं तो वो बेहतर होता।भारत में दोहरी नागरिकता का प्रावधान नहीं है। यानी कि अगर आप किसी और देश की नागरिकता चाहते हैं तो आपको भारत की नागरिकता छोड़नी होगी।विदेश में बसे और वहाँ की नागरिकता ले चुके भारतीय लोगों के लिए एक ख़ास तरह की सुविधा का नाम है ओसीआई कार्ड। ओसीआई का मतलब है-- ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ़ इंडिया।दरअसल, दुनिया के कई देशों में दोहरी नागरिकता की सुविधा है, लेकिन भारतीय नागरिकता क़ानून के मुताबिक़ अगर कोई व्यक्ति किसी और देश की नागरिकता ले लेता है तो उसे अपनी भारतीय नागरिकता छोड़नी पड़ती है। ऐसे लोगों की संख्या लाखों में है जो अमरीका, ब्रिटेन या कनाडा जैसे देशों की नागरिकता ले चुके हैं लेकिन उनका भारत से जुड़ाव बना हुआ है।

बहरहाल इन सभी समस्याओं का समाधान देश की सरकारों और नागरिकों को मिलकर ही ढूंढ़ना होगा। केवल अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए देश छोड़ना कतई सही नहीं है।भारत को विकसित बनाने में देश की सरकारों के साथ-साथ नागरिकों की भी अहम भूमिका होती है। यदि हमारे देश की प्रतिभाएं बाहर चली जाएंगी तो फिर हमारा देश किसके बल पर विकास करेगा। इसलिए सरकारों को भी देश में युवाओं को उचित अवसर और अच्छी शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का प्रयास करना चाहिए। अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देना, नागरिकों को देश में भय रहित माहौल देना और उनके अच्छे जीवन एवं भविष्य के लिए अधिक से अधिक व्यवस्थाएं करना प्रत्येक सरकार की जिम्मेदारी है। नागरिकों को भी अपने दायित्व नहीं भूलने चाहिए। उन्हें निजी स्वार्थो को छोड़कर देश के बारे में सोचना चाहिए। हम सबके समुचित प्रयास से ही भारत फिर से अपना पुराना गौरव प्राप्त करने में सफल होगा।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# कौन 'लिख' रहा है केशव के लिए 'स्क्रिप्ट'

उत्तर प्रदेश की राजनीति भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आजकल सबके आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। पिछड़े समाज से आने वाले केशव प्रसाद मौर्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एक पुराने और समर्पित कार्यकर्ता हैं। 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव के समय केशव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष थे और बीजेपी की जीत के बाद उनके सीएम बनने की चर्चा काफी जोरों से चली थीं,लेकिन ऐन मौके पर वह सीएम की रेस से बाहर कर दिये गये,जो कारण सामने आये उसमें उनके ऊपर चल रहे आपराधिक मुकदमें अहम थे। मोदी और शाह की जोड़ी नहीं चाहती थी कि केशव प्रसाद को सीएम बनाकर वह विपक्ष को हमलावर होने का मौका दें,इसके बाद बीजेपी आलाकमान की पोटली से अप्रत्याशित रूप से योगी आदित्यनाथ का नाम सामने आया और उन्हें सीएम की कुर्सी पर बैठा दिया गया।उस समय तक योगी की पहचान एक कट्टर हिन्दूवादी नेता की होती थी और हिन्दू वाहिनी नाम से वह एक संगठन भी चलाते थे,जो काफी एग्रेसिव होकर हिन्दुत्व को प्रखरता प्रदान करता था। केशव प्रसाद मौर्य के नीचे से सीएम की कुर्सी खिसक गई,इसका उनमें गुस्सा था, केशव की इसी गुस्से को शांत करने और पिछड़ा समाज की नाराजगी को दूर करने के लिये बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें समझा बुझा कर डिप्टी सीएम बना दिया। ओहदे के अनुसार उन्हें कुछ प्रमुख विभाग भी दिये गये। इसके साथ-साथ लखनऊ में केशव प्रसाद मौर्य और योगी आदित्यनाथ पड़ोसी भी बन गये। पांच कालीदास मार्ग योगी का पता था तो 7 कालीदास मार्ग में केशव रहते थे। दोनों के आवास के बीच में बस एक बंगला आता था,लेकिन योगी और केशव का एक-दूसरे के घर जाना नहीं होता था,यहां तक की केशव प्रसाद मौर्य के पिता की मौत के बाद योगी ने केशव के आवास पर जाकर संवेदना जताने में भी काफी समय लगा दिया। वह तब संवेदना व्यक्त करने पहुंचे जब आलाकमान ने उन्हें इसके लिये 'मजबूर' किया। यह और बात थी कि इतना सब होने के बाद भी केशव ने कभी अपनी नाराजगी को सार्वजनिक नहीं किया था, लेकिन लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद वे खुलकर सामने आ गए हैं।

वह मुख्यमंत्री से दूरी बनाकर चलने लगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकसभा चुनाव के बाद हुई किसी भी कैबिनेट बैठक में केशव शामिल नहीं हुए। चुनाव परिणाम आने के बाद से केशव मुख्यमंत्री की मौजूदगी में होने वाली किसी बैठक में नहीं जा रहे है। वह कैबिनेट बैठकों से भी दूरी बनाए हैं। इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। योगी ने जब मंडलवार अपने सांसदों और विधायकों से हार के लिए फीडबैक लिया तो 25 जुलाई को प्रयागराज मंडल के सांसदों और विधायकों के साथ हुई बैठक में भी केशव मौजूद नहीं रहे। जबकि वह सीएम आवास के बगल में स्थित अपने सरकारी आवास पर मौजूद थे और कई पूर्व व वर्तमान मंत्रियों से मुलाकात कर रहे थे। उनके बैठक में नहीं पहुंचने पर प्रदेश की सियासत गरमा गई।

प्रयागराज मंडल की बैठक में भाजपा के साथ अपना दल (एस) के विधायक भी पहुंचे थे। बैठक में पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, नंद गोपाल गुप्ता समेत सभी विधायक थे। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से विधानसभावार चर्चा की।इसी प्रकार केशव सीएम की बैठक में भले ही नहीं गए, पर पूरे दिन अपने आवास पर जनप्रतिनिधियों से मिलते रहे। केशव से पूर्व मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी और राज्यमंत्री दिनेश खटीक समेत कई लोगों ने मुलाकात की। इसकी जानकारी खुद केशव ने अपने एक्स हैंडल से देते हुए फोटो भी शेयर किया है। बहरहाल,केशव भले योगी की समीक्षा बैठक में नहीं गये थे,लेकिन अपना दल (कमेरावादी) की नेता और अखिलेश से नाराज चल रहीं सपा विधायक पल्लवी पटेल ने जरूर उसी समय सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर प्रदेश की सियासी माहौल को गरमा दिया। सूत्रों के मुताबिक पल्लवी सीएम आवास पर करीब 25-30 मिनट रही। सीएम से हुई बात को लेकर पल्लवी कुछ बताने को तैयार नहीं दिखी।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा। आपके द्वारा की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतर मिलेंगे। इस राशि के सरकारी सेवारत लोगों को कोई खास कार्यभार संभालना पड़ेगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है। |
| वृष | आज आपका दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज रियल स्टेट से जुड़े लोगों की फायदेमंद डील हो सकती हैं। आज कार्यस्थल पर पेपर वर्क करते समय सावधानी रखने की जरूरत होगी। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के सहयोग से घर में सुखद व्यवस्था रहेगी और आपको भी सहायता मिलेगी। आज आप कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं काम करने में आसानी होगी। |
| मिथुन | राशि-आपके लिए अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। आज आपको गतिविधियों को गोपनीय रखना होगा साथ ही आसपास की गतिविधियों को नजर अंदाज ना करें। आज दूसरों से मदद की उम्मीद ना रख कर अपनी कार्य क्षमता पर विश्वास रखें। ध्यान रखें कि आपकी जिद्द से आपका काम खराब हो सकता है। परिवार जनों के साथ मनोरंजन में अच्छा समय बीतेगा। आज आप किसी खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं। |
| कर्क | आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। ऑफिस में कलीग्स के साथ आपकी अच्छी तालमेल बनी रहेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपने क्षेत्र में अच्छी मेहनत करेंगे। आज दिन की शुरुआत में कोई उलझन रह सकती है, लेकिन परिवार की मदद मिलने से सब अच्छा हो जायेगा। आज नई योजना पर काम करने से अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। आज आप चुनौतियों को स्वीकार करेंगे और क्रिएटिव रहेगे। इस राशि के विद्यार्थियो की मेहनत रंग लाएगी। |
| सिंह | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है। आज कोई भी खास वस्तु की खरीदारी करते समय उससे संबंधित जानकारी अवश्य ले। |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आज आप पर अधिक जिम्मेदारियां रहेंगी जिन्हें आप काफी हद तक पूरा भी कर लेंगे। नए लोगों से जुड़ने से आपको कई बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आज आध्यात्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताने से आप अपने अंदर शांति महसूस करेंगे। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। |

| | |
|---|---|
| तुला | आज आपका दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कारोबारी गतिविधियों को व्यवस्थित करने में अभी और कोशिश करनी होंगी। अपने काम की क्वालिटी को और अधिक बेहतर बनाएंगे। इस राशि के लोगों को अपनी जिम्मेदारियों को समझकर तय समय पर कार्यों को पूरा करने की जरूरत है। लवमेट आज घूमने जाने का प्लान बनायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयासरत छात्रों को बड़ी सफलता के योग बन रहे हैं। |
| वश्चिक | आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आप काम की क्वालिटी और बेहतर बनाने में ध्यान देंगे। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहगी। अगर आप कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं, तो आपको परिवार का पूरा साथ मिलेगा। |
| धनु | आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यो में सफलता मिलेगी। लेखन बौद्धिक आदि कार्यो से आपका मान-सम्मान बढेगा। आज किसी पर भी भरोसा करने से पहले सोच विचार अवश्य कर लें। आज व्यक्तिगत कार्यो के साथ-साथ घरेलू जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज कुछ विरोधी लोग आपको भावनात्मक रूप से कमजोर करने के लिए अफवाहें फैला सकते हैं। |
| मकर | आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यो को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है। अधिकारियों और सम्मानित लोगों से संपर्क रखना आपके बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा। आज आपको अच्छे आर्डर मिल सकते हैं। |
| कुम्भ | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें। अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कार्यस्थल पर शांति भरा माहौल रहेगा। आज कुछ समय परिवार के साथ बिताने पर कुछ बाते पता चल सकती हैं। |
| मीन | आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपके सारे काम असानी से पूरें हो जायेंगें। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। |

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### उदासी

हादसे जिंदगी के दे देते हैं उदासी,
भूल जाते हम मथुरा और काशी।
हादसे बनाए जिंदगी को उपन्यास-
और आत्मा बनती दुखों की दासी।।
मानव जानकर भी बने अनजान,
उदासी ले लेती है उसकी ही जान।
अनिश्चित आज एवं अनिश्चित कल-
हादसे के चक्रव्यूह में फँसता प्राण।।
उदासी के पल में दूर हास विलास,
उर से खो जाता है उत्सव उल्लास।
हादसे देते जिंदगी को एकाकीपन-
मानव में रहता सौ संशय सौ त्रास।।
हादसे जिंदगी के देते व्यथा अपार,
उतर जाता हृदय में तम का अम्बार।
उदासी समेटती निज में सब कुछ-
दुख का यही है जीवन में विस्तार।।



**मनोरमा शर्मा मनु**
**हैदराबाद, तेलंगाना**

### है उजड़ा ये चमन अपना

विरह में थे सभी पंछी
दुखों की रात थी भारी
है टूटा आशियाना तो
है उजड़ा ये चमन अपना
चलो अब दूर चलते हैं
नजर हम कम ही आएंगे
प्रकृति की मार से मानव
डसे तुम भी तो जाओगे
तभी समझोगे गलती को
दोबारा पेड़ लगाओगे
न कहना तुम कहां है हम
ना फिर पछतावा करना तुम
ना कौवा हो ना कायल हो
नहीं दिखेगी गौरैया
नीले आकाश में भी तो
ना होगा चिड़ियों का मेला
ना आंगन में चहक होगी
ना कोयल राग जाएगी
उन कौवा की काव काव को
कोई भी सुन ना पायेगा
तुम्हारी एक गलती से
प्रकृति मातम मनाएगा।



**नीता सिंह**
**जबलपुर**

### टूटते हुए घर तुम मेरे हो

तुम मेरे हो मेरे ही बनकर रहो,
तब कुछ बात बने की मेरे हो।
अब मेरी उम्र हो गयी क्या डर,
कानून का डर नहीं तुम मेरे हो।
जाति धर्म का भी कोई डर नहीं,
बस तुम मेरे ही रहो, तुम मेरे हो।
किसी रिश्ते की कोई टिप्पणी नहीं
तुम बस मेरे हो समझ लो मेरे हो।
क्यों कि मैंने तुमसे प्यार किया,
सब कुछ छोड़ा बस तुम मेरे हो।
तुम्हें कोई कुछ कहे ये सही नही,
जवाब देते नहीं बस तुम मेरे हो।
तुम्हारे रोम रोम पर अधिकार है,
गुलाम बनाऊं, बस तुम मेरे हो।
इसी चक्कर में टूट गये कितने घर,
बस तुम मेरे हो मेरे ही बनकर रहो।



**सुमन राय**
**मऊ, उत्तर प्रदेश**

सफल बनने के लिए सबसे पहला असफलता का डर मन में से निकालना चाहिए।

# दबंगों ने होमगार्ड को दौड़ा दौड़ा कर बेरहमी से पीटा

**● दबंगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** जहां एक तरफ प्रतापगढ़ के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार दिन रात मेहनत करके अपराध को जीरो करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं घ। वहीं दूसरी तरफ महेश गंज इलाके में दबंगो के हौसले इतना बुलंद हो गए हैं कि होमगार्ड को ही पीट कर अधमरा कर दिया जा रहा है। खेत में जानवर जाने से मना करने पर दबंगों ने एक राय होकर होमगार्ड के घर पर चढ़कर लाठी डंडा से जमकर पीट कर घायल कर दिया । होमगार्ड चिल्लाता रहा दबंगों ने बेरहमी से जमकर पीटा। इससे पीड़ित होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। महेशगंज थाना क्षेत्र के माघी गांव निवासी होमगार्ड रुबेद्र कुमार मिश्रा पुत्र उमाशंकर मिश्रा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र लेकर बताया कि बीते बुधवार को सुबह खेत में आरोपियों के जानवर जाकर नुकसान कर रहे थे। मना करने पर गांव के ही कृष्ण मुरारी पुत्र दुखीराम विश्वकर्मा , अश्वनी पुत्र देवी दीन, विजय यादव पुत्र सिया लाल यादव, देवी दीन विश्वकर्मा, पुत्र दुखीराम लवकुश यादव पुत्र शिया लाल यादव सभी लोगों ने जानवर जाने से मना करने की बात को लेकर पीड़ित होमगार्ड के घर पर चढ़कर जमकर दबंगई की । दरवाजे पर जाकर होमगार्ड को मां बहन की गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने के लिए ललकारा। जान बचाने के लिए होमगार्ड ने घर के अंदर घुसने का प्रयास किया तो दबंगों ने दबंगई दिखाते हुए घर के अंदर घुसकर भी होमगार्ड को लाठी डंडे से पीट कर अधमरा कर दिया। हल्ला गुहार सुनकर आसपास के लोगों ने दौड़ा तो किसी तरह होमगार्ड की जान बची दबंगों ने घर में रखा सामान भी तोड़ डाला । मौके पर भीड़ इकट्ठा होते देखा तो आरोपियों ने पूरे परिवार को मार देने की धमकी देते हुए भाग गए। मामले में पुलिस ने तहरीर के अनुसार विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है । परंतु दबंगों की गिरफ्तारी न होने से लगातार होमगार्ड को जान से मारने की धमकी मिल रही हैं । पीड़ित होमगार्ड ने दबंगों के डर से पूरे परिवार के साथ घर छोड़ने को मजबूर है। दबंगों के हौसले इतने बुलंद है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। दबंगों द्वारा लगातार पीड़ित को धमकी मिल रही हैं कि मुकदमा से कुछ होने वाला नहीं है। अबकी बार तो बच गए हो अब जिंदा नहीं छोडूंगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी भी फर्जी क्रॉस केश लिखाने के लिए थाने के आसपास चक्कर काट रहे हैं।इस घटना को लेकर होमगार्डों के साथी होमगार्डों में आक्रोश व्याप्त है। उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए दबंगों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी इलाके में अपना दबदबा कायम करने के लिए बोलेरो में पुलिस का लोगो लगा कर हूटर लगातार बजाते हैं। स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है ।इस संबंध में मोबाइल फोन से एसएचओ महेशगंज श्रवण कुमार सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि होमगार्ड की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी गई परंतु मिले नहीं। संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कार्डधारक उचित दर विक्रेता के यहां ई-केवाईसी करायें

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधरण को सूचित किया है कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में प्रचलित अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को खाद्यान्न वितरण के साथ-साथ कार्ड में सम्मिलित मुखिया व समस्त सदस्यों की ई-के0वाई0सी0 उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-पॉस मशींन के माध्यम से की जा रही है। ई-केवाईसी का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है। उन्होने जनपद के समस्त कार्डधारकों से अपील करते हुये कहा है कि वह अपने उचित दर विक्रेता के यहां उपस्थित होकर कार्ड में अंकित समस्त यूनिटों (मुखिया सहित) का ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें, जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कोई भी कार्डधारक प्रदेश की किसी भी उचित दर दुकान पर उपस्थित होकर अपना ई-केवाईसी करा सकता है।

# नहीं रहे कर्मचारियों एवं शिक्षकों के नेता मनोकानिका उपाध्याय

**● साथी कर्मचारियों में फैली शोक की लहर, दी श्रद्धांजलि**

**लोकमित्र ब्यूरो**




**प्रतापगढ़।** कर्मचारियों के वरिष्ठ नेता रहे मनोकानिका उपाध्याय के निधन की खबर सुनकर समस्त कर्मचारियों एवं शिक्षकों में शोक की लहर फैल गयी स्वर्गीय उपाध्याय जी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रतापगढ़ ईकाई के एक निर्भीक एवं साहसी जिला मंत्री व जिला अध्यक्ष, संरक्षक, पेंशनर एसोशिएशन के अध्यक्ष पदों पर आसीन रहते हुए सदैव कर्मचारियों व शिक्षकों, के हित की लड़ाई व अधिकारियों की रहनुमाई करते करते आज हम सब के बीच से स्वर्गलोक को प्रस्थान कर गए।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष श्री करूणेश प्रताप सिंह ,मुन्ना सिंह, संरक्षक श्री रामसमुझ तिवारी, श्री आशुतोष कुमार सिंह,हरकेश बहादुर सिंह, डा हीरालाल पुष्कर आदि पदाधिकारी गण श्री उपाध्याय जी के दाह-संस्कार में प्रयागराज के रसूलाबाद घाट पर पहुंच कर जनपद के समस्त कर्मचारियों एवं शिक्षकों तथा अधिकारियों की तरफ से श्रध्दा सुमन अर्पित करते हुए अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किए। इसी प्रकार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष श्री करूणेश प्रताप सिंह, मुन्ना, सिंह,कीअगुवाई में कार्यलय पी0डबलू0डी0के प्रांगण में एक शोक सभा का आयोजन हुआ जिसमें संरक्षक श्री रामसमुझ तिवारी, श्री आशुतोष कुमार सिंह डा हीरालाल पुष्कर, हरकेश बहादुर सिंह,श्री सत्यजीत सिंह श्री प्रमोद कुमार मिश्रा, श्री फुलचंद यादव , दीलीप राव आदि आदि अनेकों संगठनों के पदाधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे तथा दिवगंत श्री मनोकानिका उपाध्याय की आत्मा, शान्ति हेतु मौन धारण किया गया।

# प्रेमी संग रह रही विवाहिता ने पति का किया जीना मोहाल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** थाना अंतू अन्तर्गत गांव मनोरथपुर किठावर बाजार निवासी अनिल कुमार गुप्ता पुत्र रामकुमार गुप्ता का आरोप है कि उसकी पत्नी तीन साल से प्रेमी के साथ रह रही है। उसके बावजूद उसने जीना मुहाल कर रखा है।पीड़ित पति ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। इस सम्बन्ध में पीड़ित पति का आरोप है कि उसकी पत्नी आरती गुप्ता पत्नी प्रेमचन्द्र गुप्ता बलसाड़ा गुजरात में तीन साल से प्रेमी के पास रहती है।साथ ही मुकदमा लड़ रही है। वह अपने तीन बच्चों को मेरे पास छोड़कर प्रेमी के साथ रह रही है। पीड़ित ने न्यायालय में विदायी का दावा किया था जिसमें विजयी हो गया है। वह विगम 4 जून 2024 को कुछ लोगों से फोन पर जान से मरवाने की धमकी दे रही थी। फोन पर 15 लाख रूपये की मांग कर रही है। साथ ही पैसा न देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रही है। विगत 30 जुलाई को कुछ लोग गांव स्थित उसके घर घुस गए तथा तोड़फोड़ किया। साथ ही धरमें रखा सामान व नकदी लूटकर चले गए। सूचना देने पर भी अन्तू पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित की मुम्बई में भी एक मकान है कुछ दिन पहले पत्नी कुछ गुण्डों के साथ आकर घर में रखा सामान एवं 60हजार रूपए लूट ले गई थी। इसका सीसी टीवी फुटेज भी मौजूद है। उसकी पत्नी कभी भी मेरी हत्या करा सकती है पीड़ित पति ने जिला प्रशासन से पत्नी के उत्पीड़न से निजात दिलाने तथा कार्यवाही की मांग की है।

# पंचायत उपचुनाव के मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा एवं अपर जिलाधिकारी वि0रा0/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा के निर्देशन में पंचायत उपचुनाव प्रतापगढ़ के 8 प्रधानों क्रमशः ग्राम पंचायत मालाधार छत्ता, सराय गोपाल, कोडरखुर्द, जगन्नाथपुर, इटौरी, जयरामपुर, तरौल व वैशपुर, 01 ग्राम पंचायत सदस्य सगरा सुंदरपुर/15 तथा 01 क्षेत्र पंचायत सदस्य 45-अंतामऊ के निर्वाचन हेतु आगामी 06 अगस्त 2024 को होने वाले मतदान हेतु मतदान कार्मिकों को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी प्रतापगढ़ के सभागार में



प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार ने मतदान कार्मिकों से कहा कि आप सभी पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर ले यदि किसी भी प्रकार की शंका हो तो उसका समाधान यही कर ले जिससे मतदान कराते समय किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आप सभी शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराएंगे। मतदान संपन्न कराने के बारे में विस्तारपूर्वक पावर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ मोहम्मद अनीस, एआरपी धर्मेन्द्र ओझा ने पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी, तृतीय मतदान अधिकारी के दायित्व एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी संविधिक असांविधिक लिफाफे किस तरह बनाए जाएंगे इसके बारे में जानकारी दी और उन्होंने कहा कि किसी भी एजेंट के पास मोबाइल नहीं रहेगा ना ही कोई मतदाता वोटिंग कंपार्टमेंट में मोबाइल लेकर जाएगा।

टेंडर वोट, चैलेंज वोट, एजेंटों की नियुक्ति के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर अशोक शुक्ला बैलट बॉक्स खोलने एवं बंद करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर रणबीर कुमार ,जयप्रकाश चौधरी, नीरज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# वैवाहिक विवाद का हुआ समाधान



**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के आदेश के क्रम में अपर जिला जज सुमित पवार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के मार्गदर्शन में रीमा पत्नी रोहित वर्मा के वैवाहिक विवाद के संदर्भ में प्राप्त प्रीलिटिगेशन प्रार्थना पत्र रीमा पत्नी रोहित वर्मा पुत्री विजय पाल वर्मा ग्राम साल्हीपुर कंजास थाना कन्हई के वैवाहिक विवाद के संदर्भ में रोहित वर्मा पुत्र राम सेवक वर्मा ग्राम मझिलहा थाना अंतू प्रतापगढ़ दोनों पक्षों के मध्य परिवार के सदस्यों के मौजूदगी में आपसी सुलह समझौता कराया गया। दोनों लोग विगत एक वर्ष से अलग-अलग रह रहे थे, इनका एक वर्ष का बेटा भी है। इस दौरान दोनों पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते की प्रक्रिया अपर जिला जज सुमित पवार के निर्देशन के क्रम में पी एल वी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम प्रकाश पाण्डेय संचालक लीगल एड क्लीनिक तहसील पट्टी द्वारा की गई।

# एसपी ने पेन्शन संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु दिया गया भरोसा

**● पुलिस पेंशनर्स के साथ जुड़ने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पुलिस लाइन्स, प्रतापगढ़ के टीन शेड सभागार में पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी,पुलिस कर्मियों एवं गौरवशाली सैन्य संगठन व नेशनल एक्स सर्विसमैन कोर्डिनेशन कमेटी के सदस्यों,सेवानिवृत्त देश के बहादुर सैन्य बन्धुओं के साथ पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा बैठक किया गया ।

'बैठक के दौरान उपस्थित जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आये' पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी,कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त देश के बहादुर सैनिक बन्धुओं के साथ पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार एवं गोष्ठी में उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी श्री संजय राय द्वारा संवाद स्थापित किया गया । संवाद के दौरान सभी पेन्शनर्स,सेवानिवृत्त कर्मियों को धन्यवाद व्यक्त करते हुए उनकी प्रत्येक समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुना गया ।

बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग के वरिष्ठ पेंशनर्स' जिनके द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तैनात रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान पुलिस विभाग को अपना सर्वोच्च सेवा देकर उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा को बढ़ाया गया है जिसके लिए पुलिस विभाग हमेशा आभारी रहेगा, के सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी समस्याओं एवं दर्द को समझने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी के साथ संवाद स्थापित कर कुशलक्षेम पूछा गया ।

इसी क्रम में एसपी द्वारा' प्राणों की बाजी लगाकर देश सेवा करने वाले बहादुर सेवानिवृत्त सैनिक बन्धुओं के साथ भी संवाद स्थापित कर सभी सैनिकों का कुशलक्षेम जाना गया एवं 'अभिभावक की भांति उनकी समस्याओं को गम्भीरता से साथ सुना गया व दर्द बांटने का प्रयास किया गया ।'

एसपी द्वारा सेवानिवृत्त पेंशनर्स के जमीन संबंधित एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को विस्तार से सुना गया' एवं पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न जनपदों से सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के पेन्शन संबंधी शिकायतोंध्समस्याओं की जानकारी कर संबंधित जनपदों के साथ पत्राचारध्समन्वय स्थापित करते हुए उनकी समस्या का समयबद्ध निस्तारण किये जाने का भरोसा दिया गया । इसी के साथ जमीन संबंधित विवादध् अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के साथ बातचीत ध् समन्वय स्थापित कर समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया ।

सेवानिवृत्त देश के बहादुर सैनिक बन्धुओं के जमीन संबंधी मामलों या किसी भी प्रकार के आपराधिक घटनाओं से संबंधित कोई समस्या' जो उन्हे परेशान करती है, ऐसे सभी छोटे-बड़े शिकायतध्समस्या को बहुत ही मित्रवत भाव के साथ सुनकर हमारे बुर्जुग सैनिकों की दर्द को समझते हुए समस्याओं का निस्तारण संबंधित विभागध्राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध रूप से किये जाने हेतु उन्हें भरोसाध्आश्वासन दिया गया ।

एसपी डॉ0 अनिल कुमार द्वारा सेवानिवृत्त पेंशनर्स ध् 60 वर्ष या उससे अधिक के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकार द्वारा चलायी गई विभिन्न योजनाओं एवं लाभ के विषय में विस्तार से बताया गया ।'

'वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सहयोग एवं सहायतार्थ संचालित उत्तर प्रदेश सरकार की सबसे सकारात्मक पहल ÷सेवरा योजना÷ एवं इसके उद्देश्य बारे में बताया गया ।' ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो अकेले रहते हैं, उनकी देखभाल व सहायता करने वाला कोई नहीं है। उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रहीं हों अथवा कोई भी परेशानी या वह किसी भी प्रकार के संकट में हैं तो उनकी मदद की जाए । बुजुर्ग की किसी भी समस्या पर तत्काल पुलिस उपलब्ध होकर समस्याओं का समाधान कराती है तथा उन्हें हर तरह का सहयोग व सुरक्षा का भरोसा भी दिलाती है। ऐसे लोगों को सहायता के लिए नजदीकी थाने की पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। साथ ही स्थानीय पुलिस ऐसे बुजुर्गो की कुशलक्षेम पूछने उनके घर भी लगातार जाया करती है। श्सवेरा योजनाश् का उद्देश्य है कि अकेले रह रहे बुजुर्गो की जिंदगी में भी हमेशा उजाला बना रहे।

'एसपी डॉ0 अनिल कुमार द्वारा' बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारीध्कर्मचारियों तथा देश के बहादुर वरिष्ठ सैनिक बन्धुओं को जागरूक करते हुए यह बताने का प्रयास किया गया कि सुरक्षित एवं सभ्य समाज के साथ देश निर्माण में आप सभी के मदद की आवश्यकता है और आज भी आपके द्वारा इस क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दिया जा सकता है एवं क्षमता है । आप सभी सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी एवं सेवानिवृत्त सैन्य बल विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए हैं जहां होने वाली हर छोटी-बड़ी घटनाओं के विषय में पुलिस के साथ जानकारीध्सूचना साझा कर जनपद में कानून-व्यवस्था को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं । जिसके लिए हम हमेशा आपके आभारी रहेंगे ।

'एसपी डॉ0 अनिल कुमार द्वारा' बैठक में उपस्थित सभी पेंशनर्स के साथ संवाद स्थापित करते हुए जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के बारे में आवश्यक महत्वपूर्ण जानकारी संकलित करने का प्रयास किया गया एवं 'कानून-व्यवस्था व आपदा प्रबंधन में मिलकर कार्य करने व सहयोग के लिए आह्वान किया गया ।'

'गौरवशाली सैन्य संगठन के अध्यक्ष कैप्टन श्री ओमकारनाथ शर्मा, महासचिव श्री राम आसरे सिंह तथा नेशनल एक्स सर्विस मैन कोर्डिनेशन कमेटी के संगठन मंत्री श्री केदार नाथ सिंह द्वारा' बैठक के दौरान उपस्थित सभी पेंशनर्स को संबोधित किया गया एवं संगठन द्वारा समस्याओं को एसपी डॉ0 अनिल कुमार के समक्ष उठाया गया । जिसपर 'श्रीमान् पुलिस अधीक्षक द्वारा' गम्भीरपूर्वक सभी वरिष्ठ पेंशनर्स की समस्या को सुना गया एवं 'समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु नोडल अधिकारी' नियुक्त करते हुए यह जानकारी दी गई कि 'एक्स सर्विस मैन ध् सेवानिवृत्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों की शिकायतोंध्समस्याओं एवं सुझावों को निरन्तर जानकारी के लिए पुलिस के साथ एक वाट्सएप ग्रुप बनाया जा रहा है ।' उक्त वाट्सएप ग्रुप में बहुत आसानी के साथ सभी के सुझाव एवं जनपद में कानून-व्यवस्था ध्अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होने पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी ।

# मौखिक स्वच्छता दिवस पर किया गया दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** राजपाल टंकी चौराहे स्थित ओम डेंटल केयर क्लीनिक पर वर्ड ओरल हाइजीन दे के अवसर इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तत्वाधान में पर दांत चिकित्सकों के द्वारा दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर संस्थान के प्रेसिडेंट डॉ शम्स ने मौखिक स्वच्छता दिवस क्यों मनाया जाता है। इस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौखिक स्वच्छता दिवस 1 अगस्त को पूरे भारत में मनाया जाता है , जो भारतीय पीरियोडोंटोलॉजी के अग्रणी और इंडियन सोसायटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी के संस्थापक सदस्य डॉ. जीबी शंकवाल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। संस्थान के सेक्रेटरी डॉक्टर अजय सिंह ने कहा कि धूम्रपान करने वाले लोगों में पेरिओडोन्टल रोग होने की संभावना धूम्रपान न करने वालों की तुलना में 2-7 गुना अधिक होती है। डॉ विवेक पांडे ने कहा कि जो लोग प्रतिदिन 3 या अधिक कोल्ड ड्रिंक पीते हैं, उनमें दांतों की सड़न, भराव और दांतों का गिरना उन लोगों की तुलना में 62ः अधिक होता है जो नहीं पीते हैं। डॉ जयंत शर्मा ने कहा कि बीमारी के बाद टूथब्रश बदलने से पुनः संक्रमण की संभावना को रोकने में मदद मिलती है। डॉक्टर अवंतिका पांडे ने कहा कि र्भावस्था में मुख की स्वच्छता का अगर ध्यान न रखा जाए तो इसका सीधा असर होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य पे पड़ सकता है। डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि मुख की स्वछता मधुमेह नियंत्रण रोग,गठिया ,स्वशन सम्बंधित बीमारियों ,ओरल कैंसर इत्यादि से सीधा सम्बंधित है इसलिए मुख का स्वच्छ रहना शरीर के स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है। डॉ हिमांशु ने कहा दांतों को ब्रश से साफ करने और फ्लॉसिंग के अलावा, जीभ को भी साफकरना चाहिए। बहुत से लोग इसे जरूरी नहीं मानते, लेकिन जीभ पर बहुत अधिक ओरल बैक्टीरिया पैदा होते हैं। इसीलिए दांतों को केवल ब्रश से साफकरना पर्याप्त नहीं होगा। इससे भी महत्वपूर्ण बार डॉक्टर सुधाकर सिंह ने कहीं की साल में दो बार नियमित डेंटल चेकअप कराएंद्य उक्त अवसर पर 23 मरीज का परीक्षण किया गया तथा टूथपेस्ट एवं माउथवॉश का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर डॉ सुधाकर डॉ पंकज मिश्रा डॉ जय सरोज डॉक्टर वारिस खान , डॉक्टर एकता द्विवेदी डॉ अनवर अहमद डॉक्टर सीमा खंडेलवाल डा0 इम्तियाज आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एएसपी ने स्कूल प्रबंधकों की बैठक की,दिया निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार' के निर्देशन में 'अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह' और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) व डीआईओएस जनपद प्रतापगढ़ द्वारा जनपद में सड़क दुर्घटना पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने को ध्यान में रखते हुये जनपद के सभी स्कूल प्रबंधकों के साथ स्कूली छात्र,छात्राओं की सड़क सुरक्षा के संबंध में पुलिस लाइन सभागार में आज गोष्ठी आयोजित की गयी और गोष्ठी मे उपस्थित स्कूल प्रबंधक व संबंधित को यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन करने के दृष्टिगत महत्वपूर्ण जानकारी व दिशा निर्देश दिये गये। एएसपी ने सभी स्कूल प्रबंधको को बताया गया कि वह अपने स्कूल के



वाहनों की फिटनेस आरटीओ कार्यालय में चेक करवाये,मानक के अनुसार बच्चों को गाड़ी में बैठाए,स्कूल वाहन का ड्राइवर गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें,सभी स्कूल प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि ड्राइवरों का आनलाइन आवदेन के साथ सत्यापन कर लें,सभी स्कूल वाहन ड्राइवरों के पास ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य होनी चाहिए और गाड़ी चलाने के अनुभवी होने चाहिए,'06'. स्कूली वाहनों पर यातायात ट्रैफिक हेल्पलाइन के स्टीकर भी लगवायें,स्कूल वाहन ड्राइवर, वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन अवश्य करें।

**● यातायात नियमों का कडाई से पालन करें**

यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा संबंधी जारी गाइड लाइन्स का अनिवार्य रुप से सभी के द्वारा अनुपालन किया जाये तो हम यह निश्चित रुप से कह सकतें हैं कि होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी देखने को मिलेगी व इन पर प्रभावी अंकुश लगाया जाना संभव हो सकेगा। आप सभी जनपद वासियोंध्नागरिकों से अपील है अपने व अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन अवश्य करें।

**डा0 अनिल कुमार**
**पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़**

## बिजली को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन कल

**प्रतापगढ़।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री के निर्देश पर प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 03 अगस्त को प्रातः 10 बजे जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलाधिकारी के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर हम सभी कांग्रेसजन अपना रोष व्यक्त करेंगे। साथ ही अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौपेंगे।यह जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष डॉ वी के सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर प्रातः 9,30 बजे पहुंचने का कष्ट करे।

# डीआईओएस कार्यालय के लेखाधिकारी को दी गई विदाई

**प्रतापगढ़।** कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ में सेवानिवृत वित्त एवं लेखाधिकारी (मा.) प्रतापगढ़ श्री प्रशांत भूषण चतुर्वेदी के सम्मान में जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ श्री ओमकार राणा की अध्यक्षता में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया.।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा श्री चतुर्वेदी को माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया.। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपने उद्बोधन में लेक्षाधिकारी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री चतुर्वेदी जी एक सरल,कुशल और विभागीय मामलों के जानकार अधिकारी रहे.इनका कार्यकाल हमेशा याद रहेगा। श्री चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में प्रतापगढ़ में अपने कार्यकाल को पूरी सेवा का उत्कृष्ट



कार्यकाल बताया। एडीआईओएस आरपी सरोज ने अपने उद्बोधन में भाऊक होकर उनके साथ बिताए गए कार्यकाल को अविस्मरणीय कहा।. इस अवसर पर प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी, डॉ विंध्याचल सिंह,विशाल वर्मा,अशोक कुमार,राजकुमार सिंह, नसरत अली,आरएन मिश्र,कौशल पांडेय,राघवेंद्र शुक्ल, श्याम शंकर सरोज,प्रतीक सिंह,अतुल विश्वकर्मा, अभिषेक मिश्रा,राजेश पाल, अभिषेक चौधरी, डॉ राजेंद्र कुमार,राम आसरे तिवारी, डॉ हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र,संजय मौर्य, हिमांशु मौर्य,अजय शर्मा,हरजीवन,अखिलेश वर्मा,रमेश सिंह, सबीना अंजुम,संदीप,सुरेश चंद्र यादव, बीएल वर्मा, डॉ नलिन कांत उपमन्यु, ओम शिवेंद्र सिंह,अनिल कुमार निलय, बबलू कुमार, प्रमोद कुमार गुप्ता,अजमत अली सहित कार्यालय के समस्त स्टाफ सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य,शिक्षक,कर्मचारी उपस्थित रहे.। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

## बेकाबू तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दो गायों की मौत

**बेलखरनाथधाम (प्रतापगढ़)।** पट्टी-रानीगंज मार्ग पर गडोरी गांव के समीप बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार एक ट्रक ने सड़क के किनारे खड़ी गायों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दो गायें बुरी तरह से घायल हो गईं और सड़क पर ही थोड़ी देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। आसपास के लोगों ने ट्रक चालक का पीछा किया लेकिन उसको पकड़ने में सफल नहीं हो सके। इधर मुख्य सड़क पर गायों की मौत होने से आवागमन बाधित हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पट्टी पुलिस ने जेसीबी मंगा दोनों मृत गायों को गड्ढा खोदवाकर दफ्न कराया तब जाकर आवागमन बहाल हो सका।

# विवरण के साथ लगे प्रत्येक पटल सहायक की नाम पट्टिका– जिलाधिकारी

## ● डीएम ने सीएमओ कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिना परिचय पत्र के कर्मचारियों को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारियों का ड्रेस कोड और परिचय पत्र बनाएं ताकि लोगों को पता चल सके कि कौन कर्मचारी कौन सा कार्य संपादित कर रहा है। उन्होने कहा कि कार्यालय में जितने भी कर्मचारी हैं उन सभी का नाम व पदनाम सहित बोर्ड बनवाकर कार्यालय में चस्पा कराया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि पटल सहायकों की अलमारियों में रखी गयी फाइलों से सम्बन्धित एक सूची चस्पा की जाए कि उसमें कौन सी फाइल हैं। उन्होंने अलमारियों के ऊपर रखे अभिलेखों को भी सुव्यवस्थित ढंग से रखने का निर्देश दिए।

कमरों में बिजली के खुले तारों को देख जिलाधिकारी ने सुव्यवस्थित कराने का निर्देश दिया। वाटर कूलर के पास जमी गंदगी देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने ई-वैक्सीन कोल्ड चेन स्टोर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अस्त व्यस्त हालत में पड़ी हुई पत्रावलियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन सभी को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया तथा खराब स्थिति में पड़े हुए कंप्यूटरों को ठीक कराने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी द्वारा धूम्रपान नियंत्रण कक्ष में तैनात डॉ राजेश व माण्डवी को विन्ध्याचल में शिफ्टवार तीन-तीन घण्टे ड्यूटी लगाने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया। पटल सहायकों के द्वारा समुचित उत्तर न दिए जाने पर चेतावनी देकर छोड़ दिया गया और दवाओं के रख रखाव में पूरे के पूरे मानक पूरे रखने का निर्देश देते हुए 15 दिन बाद पुनः निरीक्षण किए जाने की बात कही और स्पष्ट किया कि कोई भी कमी मिलने पर संबंधित को दंडित किया जाएगा।निरीक्षण के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हरदोई में अधिवक्ता की हत्या से वकीलों में आक्रोश

**चित्रकूट**-जिला कचहरी परिसर में वकीलों की एक बैठक आयोजित की गई। हरदोई में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या से वकीलों में आक्रोश व्यक्त है। एडवोकेट कार्उसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ता काफी समय से ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन के आश्वासन और कमेटी गठित करने के बाद भी लागू नही हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या बहुत ही निंदनीय है। वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि कनिष्क मेहरोत्रा के हत्यारों को पकडकर विधिक कार्यवाही करते हुए मृतक आश्रितों को 50 लाख और नौकरी दी जाए। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी, कुंवर रोहित सिंह, नरेन्द्र सिंह लल्ला, देवशरण मिश्रा, सुरेन्द्र पयासी, लवकुश गौतम, पुस्तकालय मंत्री विक्रम सिंह, अरुण टाइगर, लक्ष्मण कुशवाहा, आशीष शुक्ला, विकास निगम, माधव विश्वकर्मा, अनूप सिंह बघेल, ज्ञान सिंह पटेल, अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने ली अटल भूजन योजना की समीक्षा बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट**- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टरेट सभागार में अटल भूजल योजना की समीक्षा बैठक हुई।अटल भूजल योजना में नोडल अधिकारी सौरभ सरोज ने बताया कि अटल भूजल योजना 25 दिसंबर 2019 से प्रारंभ की गई एक पंचवर्षीय योजना है। भारत सरकार द्वारा संचालित यह योजना उत्तर प्रदेश की 10 जिलों में चलाई जा रही है। जिसे जनपद की 75 ग्राम पंचायत में लागू किया गया है, जिसमें पब्लिक लाइन डिपार्टमेंट द्वारा किये गये कार्यों के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी इकाई प्रथम, द्वितीय और तृतीय को अभी तक अटल भूजल योजना के इन्सेन्टिव मद से किये गये कार्यों के सभी प्रगति रिपोर्ट के साथ मुख्य विकास अधिकारी को आख्या सहित उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने लघु सिंचाई अभियंता को निर्देशित किया कि तालाबों में इनलेट सही बनना चाहिए। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि स्पिंगलर, पाइप आदि किसानों को जो दिया जाता है, उनके खसरा खतौनी का सत्यापन सही से करें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो शासन द्वारा निर्धारित टाइमलाइन दिया गया है, उस लक्ष्य को प्राप्त करें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, लाइन डिपार्टमेंट से उपायुक्त श्रमरोजगार धर्मजीत सिंह, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद मिश्रा, अटल भूजल योजना से एग्रीकल्चर एक्सपर्ट दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डीईओ अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# भूख मुक्त भारत के नारे को साकार कर रहा रूकमणि सेवा संस्थान



**चित्रकूट**- जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन, वस्त्र वितरण एवं निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत समाजसेवी संस्था रूकमणि सेवा संस्थान के कार्यालय का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में सामंजस्य के साथ काम करने का संकल्प लिया गया। भूख मुक्त भारत के नारे के साथ काम कर रहे रूकमणि सेवा संस्थान के जिला मुख्यालय स्थित शंकर बाजार कार्यालय का शुभारम्भ चित्रकूट धाम तुलसी गुफा तोता मुखी हनुमान मन्दिर के महंत मोहित दास महाराज ने किया। संस्थान संस्थापक कुमार अतुल ने बताया कि वह लोग पिछले पांच सालों से चित्रकूट में काम कर रहे हैं। जिसमें जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन, वस्त्र वितरण एवं निशुल्क शिक्षा का प्रबंध किया जाता है। साथ ही जरूरतमंद परिवारों की बालिकाओं के विवाह में भी सहयोग किया जाता है। चित्रकूट के अलावा अब अन्य जिलों में भी संस्थान ने काम शुरू कर दिया है।

# चित्रकूट में जियोपार्क स्थापना कार्यशाला का मध्य प्रदेश के सीएम ने किया शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट**- चित्रकूट में संभावित जियोपार्क की स्थापना के लिए एक महत्त्वपूर्ण फील्ड कार्यशाला एवं सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दीनदयाल शोध संस्थान के सहयोग से द सोसाइटी ऑफ अर्थ साइंटिस्ट्स आईआईटी कानपुर और भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य चित्रकूट में जियोपार्क की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा करना और इस दिशा में आवश्यक कदम उठाना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र विवेकानंद सभागार उद्यमिता परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतीश त्रिपाठी सचिव सोसाइटी ऑफ



अर्थ साइंटिस्ट्स द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह ने कहा कि चित्रकूट में जियोपार्क की स्थापना से न केवल क्षेत्र के प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण होगा, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी बढावा मिलेगा। उन्होंने सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और इस परियोजना को शीघ्रता से पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। कार्यक्रम संरक्षक अभय महाजन ने अपने विचार रखते हुए जियोपार्क की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद बेन्नो बोअर प्रमुख प्राकृतिक विज्ञान यूनेस्को दिल्ली ने यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क के अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। उन्होंने जियोपार्क की वैश्विक महत्वता और इसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. सतीश त्रिपाठी ने प्रस्तावित चित्रकूट जियोपार्क पर एक और पावर पॉइंट प्रस्तुति दी। जिसमें इस परियोजना की विशेषताओं और संभावित प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। उत्तम बेनर्जी उपाध्यक्ष दीनदयाल शोध संस्थान ने चित्रकूट में जियोपार्क की स्थापना के महत्व पर जोर दिया। साथ ही इसे क्षेत्रीय विकास के लिए एक आवश्यक कदम बताया। सत्र के दौरान विधान परिषद सदस्य और पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. महेंद्र सिंह ने अपने विचार साझा किए। विधानसभा अध्यक्ष मध्य प्रदेश नरेंद्र सिंह तोमर ने भी जियोपार्क की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। साथ ही सभा ने सर्वसम्मति से चित्रकूट जियोपार्क की स्थापना का प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम में डॉ. मुकुंद शर्मा, डी.एस.एन. कॉलिज उन्नाव के अनिल साहू ने सक्रिय सहभाग किया।

# ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय - कथा व्यास



**चित्रकूट**- श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। गुरुवार को मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने श्रोताओं को बताया कि जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग में वह शक्ति है जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने सती चरित्र और ध्रुव चरित्र की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया। कथा व्यास ने कहा कि वैराग्य मानव को ज्ञानी बनाता है। वैराग्य में मानव संसार में रहते हुए भी सांसारिक मोहमाया से दूर रहता है। कथा सुनकर श्रोतागण आध्यात्म में डूब गए। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, राजाबाबू पांडेय, माघेन्द्र द्विवेदी, आत्माराम करवरिया, मनोज गर्ग आदि मौजूद रहे।

# डी एल एस ए द्वारा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़**- उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जिला जज अब्दुल शाहिद अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश के क्रम मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ द्वारा कल्याणकारी योजनाएं ,महिलाओं के हित संरक्षण कानून ,स्पॉन्सरशिप योजना विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सदर तहसील क्षेत्र के शारदा संगीत महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए अपर जिला जज सुमित पवार ने कहा कि पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 के अंतर्गत लिंग जांच करना एवं कराना जघन्य अपराध है, जिसके लिए कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियमे 2005 पर चर्चा करते हुए बताया कि घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला को उसी घर में रहने का अधिकार प्राप्त है। कार्यस्थल पर महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न से बचाने के लिए आंतरिक परिवाद समिति व क्षेत्रीय परिवाद समिति का गठन किया गया हैं । उन्होंने कहा कि संपत्ति में महिलाओं को बराबरी का अधिकार प्राप्त है। महिलाओं के लिए सरकार की तरफ से कल्याणकारी योजनाओं का प्रावधान किया गया है जिसे वह जागरूक होकर प्राप्त कर सकती हैं। उन्हें इन सुविधाओं को दिलाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है । उन्होंने बताया कि वैवाहिक विवादों के संदर्भ में प्री लिटिगेशन के माध्यम से मध्यस्थता के द्वारा वैवाहिक विवादों का समाधान कराया जा सकता है।

उन्होंने महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 एवं 112 के बारे में जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम में पूर्व बाल कल्याण समिति सदस्य दयाराम मौर्य ने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता रंजय मिश्रा ने निशुल्क विधिक सहायता के बारे में लोगों को जानकारी दिया। शिविर में अधिवक्ता दीपेंद्र मिश्रा द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में लोगों को जानकारी दी गई।आए हुए अतिथियों का स्वागत शारदा संगीत महाविद्यालय के प्रबंधक आनंद मोहन ओझा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी राम प्रकाश पाण्डेय ने किया । शिविर का संयोजन एवं लोगों के प्रति आभार पीएलवी गिरीश पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर पीएलवी महेंद्र त्रिपाठी ,अमन त्रिपाठी, एडवोकेट महेश नारायण मिश्र,सुरेंद्र सरोज ,चाइल्ड लाइन से रीना यादव, सोनिया गुप्ता, राजीव कुमार आर्य आदि लोग मौजूद रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
मूलवाद सं0 1070/2015
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन चमन बाबू बनाम अमीना बेगम
बनाम
अमीना बेगम उम्र 23 वर्ष पत्नी चमन बाबू पुत्री इमाम अली साकिन भवानीगढ़ थाना मऊआइमा पो0 टिलई धीनपुर थाना मऊआइमा जिला इलाहाबाद
दावा रूख्सती
तारीख पेशी 08.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय सदर प्रतापगढ़
म0मु0 1156/024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्याम लाल बनाम श्रीमती सुनीता देवी आदि
बनाम
1. सुनीता देवी उम्र 65 वर्ष विधवा अशोक कुमार पाठक 2. शुभम उम्र 35 वर्ष 3. शिवम उम्र 30 वर्ष सुतगण अशोक कुमार पाठक समस्त निवासी ग्राम पूरे चन्दी प0त0 पट्टी प्रतापगढ़ वर्तमान निवासी बैजू का पुरवा (रामापुर) प0त0 पट्टी प्रतापगढ़ 4. राकेश कुमार यादव उम्र 40 वर्ष सुत राम दुलार नि0 बैजू का पुरवा (रामापुर) प0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 5. उमा शंकर उम्र 48 वर्ष सुत श्याम लाल नि0 धरौली मधुपुर प0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 20.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (सी0डि0) कक्ष सं0 14 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 नं0 34/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम बहादुर विश्वकर्मा बनाम कृष्ण गोपाल आदि
बनाम
1/1. हेमराज आयु लगभग 40 साल सुत श्री कृष्ण गोपाल 1/2. मु0 राज देई आयु लगभग 58 साल पत्नी श्री कृष्ण गोपाल 1/3. पुनीत उम्र लगभग 22 साल सुत ओम प्रकाश 1/4. शर्मिला उम्र लगभग 40 साल पत्नी ओम प्रकाश समस्त निवासी ग्राम माधोपुर
तारीख पेशी 29.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 29.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (सी0डि0) कक्ष सं0 30 महोदय प्रतापगढ़
प्रकीर्ण वाद सं0 125/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राकेश कुमार आदि बनाम राज कुमार वर्मा आदि
बनाम
1. शिव मूर्ति सिंह उम्र 60 वर्ष पुत्र श्री रंग बहादुर 2. नागेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 55 वर्ष पुत्र लाल चन्द्र बहादुर सिंह 3. मानिक चन्द्र आयु 65 वर्ष सुत श्री इन्द्र पाल सिंह 4. राजीव सिंह आयु 60 वर्ष राय देवेन्द्र नाथ पाल सिंह समस्त निवासीगण ग्राम हरीपुर बरदैता प0 व त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 12.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 12.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे

**शमशेरगंज ।** क्षेत्र में झमाझम बारिश के चलते किसानों के चेहरे खिल गए हैं ,जहाँ पर अब धान की फसल की रोपाई तथा किसानों को अनाज पैदा करने के लिए आसानी होगी । ज्ञात हो कि महीना भर बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में छुटपुट बारिश के अलावा अभी तक तेज बरसात नहीं हो सकी थी जिससे आम जनमानस सहित किसान वर्ग बहुत ही चिन्तित था कि अगर बरसात न हुई तो खेती बाड़ी का बड़ा नुकसान हो जाएगा । ज्यादातर किसानों की धान की रोपाई हो चुकी है लेकिन ट्यूबवेल व सबमर्सिबल से पानी भरते भरते किसानों की दिक्कतें कम नहीं हो रही थी ऐसे में तेज बारिश का होना बहुत ही जरूरी था और किसान बहुत ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे ऐसे में मंगलवार को थोड़ा सा मानसून के आहट हुई और बरसात हुई उसके बाद बुधवार को कई घंटे झमाझम बारिश होने के बाद तालाब, गड्ढे, ताल -तलैया भर भर गए तथा खेतों में भी पानी दिखाई देने लगा ऐसा नजारा देखकर के किसानों के चेहरे खिल गए अब उन्हें आभास होने लगा है की मानसून की आहट हो चुकी है और अब लगातार बारिश होने की संभावना बनी हुई है अगर बारिश होती है तो किसानों का ही नहीं बल्कि आम जनमानस के लिए भी लाभदायक साबित होगा ।

# डीआईजी ने किया पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट**- पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ पुलिस कार्यालय में भ्रमण कर समस्त शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाखा जन शिकातय प्रकोष्ठ, वाचक कार्यालय, प्रधान लिपिक शाखा, पत्र-व्यवहार शाखा, सोशल मीडिया सेल, परिवार परामर्श केन्द्र, रिट सेल, मॉनीटरिंग सेल, साइबर सेल, विशेष जांच प्रकोष्ठ, जनसूचना सेल, आईजीआरएस सेल, सीसीटीएनएस, अभिसूचना इकाई, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, डीसीआरबी, महिला सहायता प्रकोष्ठ, आंकिक शाखा, वाचक अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन कर अभिलेखों को अद्यावधिक रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इसके बाद डीआईजी ने जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में उन्होंने समस्त जनप्रतिनिधियों से उनकी एवं जनता से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली।

जनप्रतिनिधियों द्वारा कर्वी शहर, तीर्थक्षेत्र सीतापुर से सम्बन्धित कई समस्याएं बतायी गयी। जिसके सम्बन्ध में डीआईजी ने सभी समस्याओं का समाधान करने के



लिए सभी को आश्वस्त किया। डीआईजी ने जनपद के पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी कर सभी पुलिस पेंशनर्स के उनकी समस्याएं की जानकारी की। साथ ही पेंशनर्स द्वारा बतायी गयी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस पेंशनर्स के लिये पेंशनर्स ऑफिस का शीघ्र ही निर्माण किया जायेगा।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना, शाखा प्रभारियों के साथ गोष्ठी की। इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने थानों में लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये, आईजीआरएस, जनशिकायत प्रकोष्ठ से प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्र के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित, वारण्टी की गिरफ्तारी, न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों की पैरवी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही तीर्थक्षेत्र होने के दृष्टिगत जनपद में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। ऐसे में जनपद में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विषेश ध्यान दिया जाये। टैक्सी, रिक्शा चालकों के साथ गोष्ठी कर श्रद्धालुओं से किसी भी प्रकार के दुर्व्यहार न करने, अनुचित किराया न वसूलने के लिए बताया जाये। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ डीआईजी मिथिलेश कुमार सिंह, सीए डीआईजी महेश प्रसाद सिन्हा, प्रभारी सोशल मीडिया साइबर सेल निशिकान्त राय, वाचक पारितोष दीक्षित, स्टेनों विनोद कुमार मिश्रा, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, प्रभारी आंकिक समसुद्दीन, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# अपहरण के अभियोग में अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना कोहड़ौर पुलिस टीम द्वारा अपहरण के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार' द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 'अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिवनारायण वैश' के पर्यवेक्षण 'थानाध्यक्ष उ0नि0 राधेश्याम' थाना कोहड़ौर के नेतृत्व में 'उ0नि0 श्री निकेत भारद्वाज मय हमराह हे0कां0 लाल बाबू शुक्ला, कां0 प्रवीण कुमार यादव' द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर 'मु0अ0सं0 130ध्24 धारा 137(2), 87, 61(2) बीएनएस' से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त, आकाश सिंह पुत्र राजनाथ सिंह नि0 अतरसण्ड थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 01.08.2024 को उसके घर से गिरफ्तार

# वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**रानीगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमा'र द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 'थाना रानीगंज के उ0नि0 गिरजा प्रसाद' द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मु0नं0 7211ध04 मु0अ0सं0 53ध्92 धारा 323,504,506 भादवि से संबंधित वारण्टी 'अभियुक्त कल्लू पुत्र महादेव निवासी ग्राम खेमईपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़' को तहसील के पश्चिमी गेट के सामने पीपल के पेड़ के नीचे से गिरफ्तार किया गया ।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादक: संतोष भगवन

# विवरण के साथ लगे प्रत्येक पटल सहायक की नाम पट्टिका– जिलाधिकारी

## ● डीएम ने सीएमओ कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिना परिचय पत्र के कर्मचारियों को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारियों का ड्रेस कोड और परिचय पत्र बनाएं ताकि लोगों को पता चल सके कि कौन कर्मचारी कौन सा कार्य संपादित कर रहा है। उन्होने कहा कि कार्यालय में जितने भी कर्मचारी हैं उन सभी का नाम व पदनाम सहित बोर्ड बनवाकर कार्यालय में चस्पा कराया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि पटल सहायकों की अलमारियों में रखी गयी फाइलों से सम्बन्धित एक सूची चस्पा की जाए कि उसमें कौन सी फाइल हैं। उन्होंने अलमारियों के ऊपर रखे अभिलेखों को भी सुव्यवस्थित ढंग से रखने का निर्देश दिए।

कमरों में बिजली के खुले तारों को देख जिलाधिकारी ने सुव्यवस्थित कराने का निर्देश दिया। वाटर कूलर के पास जमी गंदगी देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने ई-वैक्सीन कोल्ड चेन स्टोर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अस्त व्यस्त हालत में पड़ी हुई पत्रावलियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन सभी को सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया तथा खराब स्थिति में पड़े हुए कंप्यूटरों को ठीक कराने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी द्वारा धूम्रपान नियंत्रण कक्ष में तैनात डॉ राजेश व माण्डवी को विन्ध्याचल में शिफ्टवार तीन-तीन घण्टे ड्यूटी लगाने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया। पटल सहायकों के द्वारा समुचित उत्तर न दिए जाने पर चेतावनी देकर छोड़ दिया गया और दवाओं के रख रखाव में पूरे के पूरे मानक पूरे रखने का निर्देश देते हुए 15 दिन बाद पुनः निरीक्षण किए जाने की बात कही और स्पष्ट किया कि कोई भी कमी मिलने पर संबंधित को दंडित किया जाएगा।निरीक्षण के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हरदोई में अधिवक्ता की हत्या से वकीलों में आक्रोश

**चित्रकूट**-जिला कचहरी परिसर में वकीलों की एक बैठक आयोजित की गई। हरदोई में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या से वकीलों में आक्रोश व्यक्त है। एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि अधिवक्ता काफी समय से ऐसी घटनाओं की पुनरावृति रोकने के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन शासन के आश्वासन और कमेटी गठित करने के बाद भी लागू नही हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता कनिष्क मेहरोत्रा की हत्या बहुत ही निंदनीय है। वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा कि कनिष्क मेहरोत्रा के हत्यारों को पकडकर विधिक कार्यवाही करते हुए मृतक आश्रितों को 50 लाख और नौकरी दी जाए। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी, कुंवर रोहित सिंह, नरेन्द्र सिंह लल्ला, देवशरण मिश्रा, सुरेन्द्र पयासी, लवकुश गौतम, पुस्तकालय मंत्री विक्रम सिंह, अरुण टाइगर, लक्ष्मण कुशवाहा, आशीष शुक्ला, विकास निगम, माधव विश्वकर्मा, अनूप सिंह बघेल, ज्ञान सिंह पटेल, अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने ली अटल भूजल योजना की समीक्षा बैठक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टरेट सभागार में अटल भूजल योजना की समीक्षा बैठक हुई।अटल भूजल योजना में नोडल अधिकारी सौरभ सरोज ने बताया कि अटल भूजल योजना 25 दिसंबर 2019 से प्रारंभ की गई एक पंचवर्षीय योजना है। भारत सरकार द्वारा संचालित यह योजना उत्तर प्रदेश की 10 जिलों में चलाई जा रही है। जिसे जनपद की 75 ग्राम पंचायत में लागू किया गया है, जिसमें पब्लिक लाइन डिपार्टमेंट द्वारा किये गये कार्यों के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी इकाई प्रथम, द्वितीय और तृतीय को अभी तक अटल भूजल योजना के इन्सेन्टिव मद से किये गये कार्यो के सभी प्रगति रिपोर्ट के साथ मुख्य विकास अधिकारी को आख्या सहित उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने लघु सिंचाई अभियंता को निर्देशित किया कि तालाबों में इनलेट सही बनना चाहिए। उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि स्पिंगलर, पाइप आदि किसानों को जो दिया जाता है, उनके खसरा खतौनी का सत्यापन सही से करें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो शासन द्वारा निर्धारित टाइमलाइन दिया गया है, उस लक्ष्य को प्राप्त करें किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, लाइन डिपार्टमेंट से उपायुक्त श्रमरोजगार धर्मजीत सिंह, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई प्रमोद मिश्रा, अटल भूजल योजना से एग्रीकल्चर एक्सपर्ट दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डीईओ अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# भूख मुक्त भारत के नारे को साकार कर रहा रूकमणि सेवा संस्थान



**चित्रकूट-** जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन, वस्त्र वितरण एवं निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत समाजसेवी संस्था रूकमणि सेवा संस्थान के कार्यालय का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में सामंजस्य के साथ काम करने का संकल्प लिया गया। भूख मुक्त भारत के नारे के साथ काम कर रहे रूकमणि सेवा संस्थान के जिला मुख्यालय स्थित शंकर बाजार कार्यालय का शुभारम्भ चित्रकूट धाम तुलसी गुफा तोता मुखी हनुमान मन्दिर के महंत मोहित दास महाराज ने किया। संस्थान संस्थापक कुमार अतुल ने बताया कि वह लोग पिछले पांच सालों से चित्रकूट में काम कर रहे हैं। जिसमें जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन, वस्त्र वितरण एवं निशुल्क शिक्षा का प्रबंध किया जाता है। साथ ही जरूरतमंद परिवारों की बालिकाओं के विवाह में भी सहयोग किया जाता है। चित्रकूट के अलावा अब अन्य जिलों में भी संस्थान ने काम शुरू कर दिया है। चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्य प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि पिछडे हुए क्षेत्र में गरीब परिवारों के बीच बुनियादी समस्याओं को लेकर काम कर रहे कुमार अतुल क्षेत्रीय युवाओं को नई राह दिखा रहे हैं।

इस मौके पर युवा पत्रकार अनुज हनुमत द्विवेदी, जुगनु खान, जियाउल हक, जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष माया प्रजापति, सचिव अमिता गुप्ता, प्रबंधक गौरेन्द्र शिवहेर, आयुष प्रताप सिंह, सैरन कुमार, दीपक कुमार, संदीप सविता, रजनी देवी, विद्या देवी, अखिल प्रताप सिंह, अमन केशरवानी, नेहा, अंतिमा, नीलम, अनिल आदि मौजूद रहे।

# चित्रकूट में जियोपार्क स्थापना कार्यशाला का मध्य प्रदेश के सीएम ने किया शुभारंभ

## ● जियोपार्क बनने से होगा क्षेत्र का विकास - डॉ. मोहन यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** चित्रकूट में संभावित जियोपार्क की स्थापना के लिए एक महत्त्वपूर्ण फील्ड कार्यशाला एवं सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दीनदयाल शोध संस्थान के सहयोग से द सोसाइटी ऑफ अर्थ साइंटिस्ट्स आईआईटी कानपुर और भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य चित्रकूट में जियोपार्क की स्थापना की संभावनाओं पर चर्चा करना और इस दिशा में आवश्यक कदम उठाना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र विवेकानंद सभागार उद्यमिता परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सतीश त्रिपाठी सचिव सोसाइटी ऑफ अर्थ साइंटिस्ट्स द्वारा किया गया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह ने कहा कि चित्रकूट में जियोपार्क की स्थापना से न केवल क्षेत्र के प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण होगा, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन को भी बढावा मिलेगा। उन्होंने सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और इस परियोजना को शीघ्रता से पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। कार्यक्रम संरक्षक अभय महाजन ने अपने विचार रखते हुए जियोपार्क की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद बेन्नो बोअर प्रमुख प्राकृतिक विज्ञान यूनेस्को दिल्ली ने यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क के अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। उन्होंने जियोपार्क की वैश्विक महत्वता और इसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. सतीश त्रिपाठी ने प्रस्तावित चित्रकूट जियोपार्क पर एक और पावर पॉइंट प्रस्तुति दी। जिसमें इस परियोजना की विशेषताओं और संभावित प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। उत्तम बेनर्जी उपाध्यक्ष दीनदयाल शोध संस्थान ने चित्रकूट में जियोपार्क की स्थापना के महत्व पर जोर दिया। साथ ही इसे क्षेत्रीय विकास के लिए एक आवश्यक कदम बताया। सत्र के दौरान विधान परिषद सदस्य और पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ. महेंद्र सिंह ने अपने विचार साझा किए। विधानसभा अध्यक्ष मध्य प्रदेश नरेंद्र सिंह तोमर ने भी जियोपार्क की स्थापना की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर एक पुस्तक का विमोचन भी किया गया। साथ ही सभा ने सर्वसम्मति से चित्रकूट जियोपार्क की स्थापना का प्रस्ताव पारित किया। कार्यक्रम में डॉ. मुकुंद शर्मा, डी.एस.एन. कॉलिज उन्नाव के अनिल साहू ने सक्रिय सहभाग किया। इस मौके पर प्रतिमा बागरी, दिलीप अहिरवार, गणेश सिंह, सुरेंद्र सिंह गहिरवार, उमाशंकर पांडेय, पद्मश्री कंवल सिंह तंवर, प्रो. ए.के. सिंह, प्रो. भरत मिश्रा, प्रो. मुकेश पांडेय, डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. अश्वनी अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय - कथा व्यास



**चित्रकूट-** श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। गुरुवार को मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने श्रोताओं को बताया कि जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शो को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्संग में वह शक्ति है जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने सती चरित्र और ध्रुव चरित्र की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है। उन्होंने भगवत कीर्तन, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक बनाने का आह्वान किया। कथा व्यास ने कहा कि वैराग्य मानव को ज्ञानी बनाता है। वैराग्य में मानव संसार में रहते हुए भी सांसारिक मोहमाया से दूर रहता है। कथा सुनकर श्रोतागण आध्यात्म में डूब गए। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, राजाबाबू पांडेय, माघेन्द्र द्विवेदी, आत्माराम करवरिया, मनोज गर्ग आदि मौजूद रहे।

# सेमरिया जगन्नाथवासी मे लगी पानी की पाठशाला

## ● विश्वविद्यालय से ज्यादा महत्वपूर्ण है पानी की पाठशाला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट**-जल ही जीवन है कहने भर से कुछ नही होगा बल्कि जल खुद जीवन मांग रहा है कि मुझे जीवन दो और अपना जीवन सुरक्षित रखो। जल संकट से सामना होते ही आदमी पागल हो जाता है। कल्पना करिए एक दिन पानी न मिले तो दिनचर्या से लेकर रात तक कुछ नहीं कर पाएंगे। इसलिए पानी की पाठशाला विश्व के किसी भी विश्वविद्यालय से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। देश में 25 करोड से अधिक युवा बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं, जिन्हें समुदाय के आधार पर पुरखों के जल जोडने के बेजोड तरीकों के बारे में बताना होगा। प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, हाई स्कूल और इण्टर कॉलिज में दो सप्ताह में एक दिन स्कूल में पानी की पाठशालाएं बगैर पैसे के किसानों के ज्ञान के आधार पर लगाई जानी चाहिए। जल ही जगन्नाथ है, पानी ही परमेश्वर है, जल शक्ति विद्यापीठ ने इस दिशा में एक सामुदायिक पहल की है। अधिकांश गांव में पानी की पाठशालाओं की मांग हो रही है।

आदमी को मालूम सबकुछ है, लेकिन उसे ज्ञान नही है। भविष्य के लिए चेतना विकसित करने के लिए पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने एक अनोखी पाठशाला की शुरूआत की है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की पहली चलती फिरती पाठशाला गुरुवार को जनपद के सेमरिया जगन्नाथवासी गांव के पंचायत भवन में लगायी। गांव की जल योद्धा पूर्व प्रधान दिव्या त्रिपाठी कहा कि बडे गर्व और सौभाग्य की बात है कि जल के इतिहास में उनके गाँव सेमरिया जगन्नाथवासी का नाम स्वर्ण अक्षरों मे अंकित होगा। पानी की पाठशाला की शुरूआत ही इस गांव से हुई है तो भविष्य मे गांव एक बडा उदाहरण बनेगा। उन्होंने कहा कि वह गांव में पूर्व की तरह जल संरक्षण के उद्देश्य को पूरा करने के लिए निरंतर कार्य करेंगी। पानी की पाठशाला में पूर्व राज्य मंत्री सतीश पाल ने ग्रामीणों से जल का ज्ञान समझने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि जल को वह खजाना समझो जिसे पाकर अपना जीवन समृद्ध समझते हैं तो जल से बडा खजाना कुछ और नही है। शुद्ध जल से स्वस्थ देह का निर्माण होता है। फिल्म निर्देशक अशोक शरण ने कहा कि अफ्रीका एक शहर केप टाउन इसलिए प्रसिद्ध है कि वहाँ जल नही है और लोगों को वहाँ से बाहर रहने की सलाह दी गई। इस तरह वह दुनिया का पहला निर्जल शहर हो गया। एक दिन बिना पानी के पूरा गांव और पूरा शहर निर्जन हो सकता है। इसलिए पानी के ज्ञान को पाकर जल संरक्षण के लिए काम कीजिए जिससे भविष्य में आपकी पीढियों का उज्जवल भविष्य रहे।

जलशक्ति विद्यापीठ के सचिव अंकित कुमार ने कहा कि यह पाठशाला निरंतर संपूर्ण उत्तर प्रदेश और बाद में देश भर में लगेगी। उन्होंने ग्रामीणों को जल ज्ञान से अभिभूत कर सेमरिया जगन्नाथवासी को जल ग्राम के रूप में पहचान दिलाने के लिए प्रेरित किया। संतोष त्रिपाठी ने सेमरिया जगन्नाथवासी को अटल भूजल योजना के अंतर्गत लाए जाने की उम्मीद जताई। जिससे समाज और सरकार के संयुक्त प्रयास से सेमरिया जगन्नाथवासी जलग्राम के रूप में पहचान हासिल करेगा। दिव्या त्रिपाठी ने कहा कि पानी के लिए तीसरा विश्व युद्ध न हो जिसके लिए पानी की पाठशाला बडी भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जागरूक कर जल संरक्षण के लिए शपथ ली गई।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी करछना प्रयागराज**

पत्रांक : 1151/लेखाकार/पंचम राज्य–15 वां वित्त/2024–25 दिनांक 01.08.2024

**ई–निविदा**

कार्यालय पत्रांक संख्या 1147/लेखाकार/पंचम राज्य–15 वां वित्त/2024–25/दिनांक 01.8.2024 के क्रम में पंचम राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त (15वाँ) योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो को कराने हेतु ई–निविदा प्रकाशित किया गया है इच्छुक ठेकेदार/फर्म जो किसी भी सरकारी विभाग में पंजीकृत हो, ई–निविदा दिनांक 05.08.2024 को पूर्वाह्न 10.00 बजे दिनांक 20.08.2024 करे पूर्वाह्न 11.00 बजे तक ई–निविदा डाल सकते हैं। ई–निविदा का विस्तृत विवरण तथा नियम व शर्ते उ0प्र0 की ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट आनलाईन http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**करछना–प्रयागराज**

**आवश्यकता है**

महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ( फार्मेसी) जी0टी0 रोड अबूसा सरायइनायत प्रयागराज में डिप्लोमा इन फार्मेसी कोर्स में 1 प्रधानाचार्य 8 शिक्षक एवं सहायक स्टाफ की आवश्यकता है।
आवेदन करे -
smctalld@gmail.com

# डीआईजी ने किया पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण

**▶▶ जनप्रतिनिधियों, पुलिस पेंशनर्स एवं जनपद के समस्त पुलिस अधिकारियों के साथ की गोष्ठियां**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ पुलिस कार्यालय में भ्रमण कर समस्त शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाखा जन शिकातय प्रकोष्ठ, वाचक कार्यालय, प्रधान लिपिक शाखा, पत्र-व्यवहार शाखा, सोशल मीडिया सेल, परिवार परामर्श केन्द्र, रिट सेल, मॉनीटरिंग सेल, साइबर सेल, विशेष जांच प्रकोष्ठ, जनसूचना सेल, आईजीआरएस सेल, सीसीटीएनएस, अभिसूचना इकाई, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, डीसीआरबी, महिला सहायता प्रकोष्ठ, आंकिक शाखा, वाचक अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन कर अभिलेखों को अद्यावधिक रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इसके बाद डीआईजी ने जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में उन्होंने समस्त जनप्रतिनिधियों से उनकी एवं जनता से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी ली।

जनप्रतिनिधियों द्वारा कर्वी शहर, तीर्थक्षेत्र सीतापुर से सम्बन्धित कई समस्याएं बतायी गयी। जिसके सम्बन्ध में डीआईजी ने सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए सभी को आश्वस्त किया। डीआईजी ने जनपद के पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी कर सभी पुलिस पेंशनर्स के उनकी समस्याएं की जानकारी की। साथ ही पेंशनर्स द्वारा बतायी गयी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस पेंशनर्स के लिये पेंशनर्स ऑफिस का शीघ्र ही निर्माण किया जायेगा।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना, शाखा प्रभारियों के साथ गोष्ठी की। इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने थानों में लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये, आईजीआरएस, जनशिकायत प्रकोष्ठ से प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्र के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, वांछित, वारण्टी की गिरफ्तारी, न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों की पैरवी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही तीर्थक्षेत्र होने के दृष्टिगत जनपद में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहता है। ऐसे में जनपद में यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विषेश ध्यान दिया जाये। टैक्सी, रिक्शा चालकों के साथ गोष्ठी कर श्रद्धालुओं से किसी भी प्रकार के दुर्व्यहार न करने, अनुचित किराया न वसूलने के लिए बताया जाये। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ डीआईजी मिथिलेश कुमार सिंह, सीए डीआईजी महेश प्रसाद सिन्हा, प्रभारी सोशल मीडिया साइबर सेल निशिकान्त राय, वाचक पारितोष दीक्षित, स्टेनों विनोद कुमार मिश्रा, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, प्रभारी आंकिक समसुद्दीन, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# 20 तक करें आवेदन

**चित्रकूट-** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा कियान्वित करायी जा रही है। जिसके अन्तर्गत शहरी, ग्रामीण क्षेत्र निवासी माटीकला एवं माटी शिल्पकला के पैतृक कारीगर कुम्हार, प्रजापति समाज के कारीगर उद्यमियों, शिल्पियों को कौशल विकास योजना के अन्तर्गत दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाना आदि विधाओं में 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20 प्रशिक्षार्थियों के लिए लक्ष्य प्राप्त है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक की प्रति, शैक्षिक योग्यता, पासपोर्ट फोटो आदि प्रपत्रो सहित उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदन एवं सम्बन्धित प्रपत्रों की छायाप्रति जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में 20 अगस्त तक जमा करना अनिवार्य है।

# अवैध गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी एवं उप निरीक्षक यूटी कुंवर, आरक्षी श्यामू, नरेन्द्र द्वारा प्रेमकुमार गुप्ता उर्फ भालू निवासी पाण्डेय कालोनी को 750 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

# प्रत्येक गुरूवार को होगा मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन

**चित्रकूट**-सचिव चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत स्वीकृत के लिए प्राप्त भवन मानचित्रों के त्वरित निस्तारण के लिए प्राधिकरण द्वारा माह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन अपरहं 1 बजे से 5 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में किया जायेगा। जिसमें 1 अगस्त, 8 अगस्त, 22 अगस्त एवं 29 अगस्त को आयोजित समाधान दिवस में सभी सम्बन्धित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता, सम्बन्धित विभाग एवं सभी अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार, आर्कीटेक्ट उपस्थित रहेगे। जिससे सम्बन्धित भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण करते हुए भवन मानचित्र स्वीकृति की कार्यवाही सम्पन्न की जा सके।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# ...तो कहीं अस्पताल प्रशासन के संरक्षण में तो नही चल रहा दलाली का खेल?

## रायबरेली के महिला अस्पताल गेट से मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजने की चर्चा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सरकार का प्रयास है कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें,सरकारी अस्पतालों पर इसके लिए शासन द्वारा अच्छा-खासा बजट भी खर्च किया जाता है,परन्तु आजकल सरकारी अस्पतालों में जहाँ बाहर की मंहगी जाँचों व बाहर की दवाओं के नाम पर मरीजों का शोषण किये जाने के मामले सामने आ रहे हैं तो वहीं महिला अस्पतालों में भी डिलीवरी व ऑपरेशन के नाम पर अवैध वसूली के चर्चे आम हैं,अब तो महिला जिला अस्पताल के आसपास दलालों का ऐसा नेटवर्क फैल चुका है ।

जिसके जरिये महिला अस्पताल के गेट पर मरीज के पहुंचते ही उन्हे बरगला कर मोटा कमीशन देने वाले निजी अस्पतालों के हवाले कर दिया जाता है जहाँ मरीज का जम कर आर्थिक दोहन किया जाता है वहीं कभी कभी मरीजों को धन के साथ साथ अपना जीवन भी गवाना पड़ जाता है।




जिले का महिला अस्पताल भी आजकल कुछ ऐसी ही खबरों के लिए चर्चा का केन्द्र बन चुका है।बताया जाता है कि महिला जिला अस्पताल के अंदर तथा आसपास दलालों का ऐसा नेटवर्क फैला हुआ है जो दूर -दराज के इलाकों से प्रसव के लिए महिला अस्पताल आने वाली मरीजों व उनके तीमारदारों को बाहर ही रोक कर उन्हे बरगलाते हुए सेटिंग व मोटा कमीशन देने वाले निजी अस्पतालों तक पहुंचाता है,जहाँ से दलालों को उनका कमीशन बड़ी ही ईमानदारी के साथ दे कर भेज दिया जाता है और मरीज का आर्थिक दोहन शुरू हो जाता है।

### आखिर कौन है दलालों का संरक्षक चर्चित बाजपेयी भैया?

महिला अस्पताल आने-जाने वाले तथा आसपास के लोगों के बीच यही चर्चा है कि कोई कोई बाजपेयी भैया कहलाने वाला ब्यक्ति वहाँ सक्रिय है जिसके संरक्षण में महिला अस्पताल के अंदर तथा गेट के बाहर दलाली का खेल धड़ल्ले से चलता है। बताया जाता है कि उक्त ब्यक्ति शहर के कुछ निजी अस्पतालों के सम्पर्क में है,जहाँ मरीज भेजने अथवा अपने नेटवर्क के जरिये भिजवाने पर लगभग 30 से 40 प्रतिशत कमीशन उसके पास पहुंच जाता है। चर्चा है कि महिला अस्पताल आने वाली मरीजों को जहाँ गेट पर ही रोक कर उन्हे बरगला कर निजी अस्पताल पहुंचाने का कार्य होता है तो वहीं दूसरी तरफअस्पताल के अंदर पहुंचने के बाद भी भर्ती होने के पहले तक बरगलाने का प्रयास जारी रहता है,जो मरीज उनके बहकाने में आ जाता है वह निजी अस्पतालों में पहुंच कर आर्थिक शोषण का शिकार हो जाता है। फिलहाल यह बाजपेयी भैया कौन है यह तो जाँच का विषय है,लेकिन महिला अस्पताल प्रशासन को इस तरफविशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि सरकार द्वारा प्रदान की जा रही बेहतर सेवाओं का लाभ सीधा मरीजों को मिल सकें,तथा दलालों के नेटवर्क का मायाजाल महिला अस्पताल से समाप्त हो सके।

### क्या कहती हैं महिला सीएमएस?

इस मामले में महिला जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ.निर्मला साहू का कहना है कि हमारे कार्यकाल के पहले यहाँ दलाली चरम पर थी,लेकिन हमने सीएमएस का चार्ज संभालते ही सक्रिय दलालों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है,कई दलालों के विरुद्ध हमने एफआईआर भी दर्ज करवाया है,कुछ दलालों को हमने पुलिस से पकड़वाया भी है,अब यहाँ ऑपरेशन के मरीजों की संख्या भी पहले की अपेक्षा काफी बढ़ गयी है,इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अब यहाँ दलाली नही होती है।

# घर के नजदीकी डाकघर में बनवाएँ आधार:डाक अधीक्षक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** अधीक्षक डाकघर रायबरेली मण्डल राकेश कुमार अवस्थी ने अवगत कराया कि रायबरेली मण्डल में आधार पंजीकरण एवं नवीनीकरण हेतु रायबरेली के निवासियों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होने यह भी अवगत कराया कि आधार पंजीकरण एवं नवीनीकरण के लिए पूरे रायबरेली डाक मण्डल में विभिन्न आधार केंद्र संचालित हैं जिनमें समस्त नागरिकों के लिए आधार पंजीकरण एवं नवीनीकरण किया जा रहा है। इसके लिए प्रधान डाकघर रायबरेली में आकर परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। रायबरेली के अतिरिक्त आधार सेवाएँ फुरसतगंज, लालगंज, मुराई का बाग, नसीराबाद, परशदेपुर, सरेनी, जायस, सलोन, आईटीआई, डीह, सेमरौता, शिवगढ़, मुस्तफाबाद,महाराजगंज,रेल कोच फैक्ट्री, गुरबक्सगंज, बछरावा, जगतपुर,तिलोई उपडाकघर आधार केन्द्रों में उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चो के लिए चिन्हित उप डाकघर एवं शाखा डाकघर के पोस्टमैन एवं सहायक शाखा डाकपाल इस कार्य के लिए अधिकृत किए गए हैं। जिनके माध्यम से घर बैठे ही 5 वर्ष तक के बच्चो का आधार पंजीकरण कराया जा सकता है। इसके लिए डाकघर की च्वेज पदवि ंचच द्वारा घर बैठे सेवा प्राप्त की जा सकती है।यद्यपि आमजन की समस्याओं को देखते हुए एवं सुचारू रूप से आधार अद्यतन एवं नए आधार बनने की सहूलियत के लिए अधीक्षक डाकघर ने घंटाघर रायबरेली में आधार का एक और काउंटर चालू करवा दिया है।

# अयोध्या के पूरे कलंदर थाने के तहत ओबीसी वर्ग की नाबालिक बालिका के साथ सपा नेता के द्वारा दुष्कर्म की घटना की भाजपा नेताओं ने की निंदा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** अयोध्या के पूरे कलंदर थाने के तहत भदरसा गांव की नाबालिक पिछड़ी जाति की बालिका के साथ सपा नेता मोईद खान और उसके नौकर राजू खान के द्वारा किए गए सामूहिक दुष्कर्म की भाजपा नेताओं ने जोरदार निंदा की है और ऐसे दुष्कर्मियों के खिलाफ फांसी की सजा की मांग की है। भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, आईटी सोशल मीडिया प्रमुख प्रशांत तिवारी, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, भाजपा नेता जेपी सिंह, भाजपा नेता अनूप पांडे, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, शरद सिंह, जन्मेजय सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं ने अयोध्या की घटना की जोरदार निंदा करते हुए कहा कि अब पीडीए की वकालत करने वाले कहां गायब हो गए हैं। पीडीए के दम पर सरकार बनाने की बात कहने वाले नाबालिक बालिका के साथ हुए दुष्कर्म की घटना पर चुप्पी साथ गए हैं क्योंकि आरोपी मुस्लिम समाज का व्यक्ति है और अयोध्या के समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद का खासमखास है । अब क्या कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी अयोध्या जाकर पीड़ित बालिका का दुख दर्द सुनेंगे और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करेंगे।

विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि जहां भी मुस्लिम अपराध करते हैं वहां पर सपा और कांग्रेस के नेता चुप्पी साथ लेते हैं। क्योंकि वोट बैंक का भय बना रहता है। बताते चलें कि अयोध्या के पूरे कलंदर थाने के तहत भदरसा गांव में आरोपी मुस्लिम की बेकरी की दुकान है जहां पर बुलाकर पिछड़े वर्ग की नाबालिक बालिका के साथ दुकान मालिक मोईद खान और उसके नौकर राजू खान ने सामूहिक दुष्कर्म किया और वीडियो भी बनाया ।वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म करते रहे ।अब बालिका के गर्भवती होने पर पोल पट्टी खुल गई है हालांकि प्रशासन ने तत्परता पर रखते हुए दोनों को पकड़ कर जेल भेज दिया है लेकिन सपा और कांग्रेस के नेताओं की चुप्पी से हिंदू समुदाय को सावधान हो जाना चाहिए।

# सिद्धेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में हुआ बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय स्टेट बैंक एवं स्किल क्राफ्ट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बेहटा कलां स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में बेल , आंवला, आम , अमरूद और अनार आदि के पौधों का मंत्र उच्चारण के उपरांत रोपण किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य प्रबंधक आनंद सिंह चौहान मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक रायबरेली ने कहा कि वृक्ष लगाने के साथ-साथ उसकी देखरेख करना भी जरूरी है।अगर तीन वर्षों तक वृक्ष की देखभाल अच्छे से कर दी गई तो वह वृक्ष आपको फल और शुद्ध वायु देने लगेगा।वही एसबीआई



के मैनेजर एचआर ज्ञान त्रिपाठी एवं एमपी सिंह ने भी लोगों को वृक्ष वितरित करके अपने विचार व्यक्त किये और लोगों को जागरुक कर ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया ।कार्यक्रम के संयोजक अनंत विजय सिंह ने आए हुए अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया ।कार्यक्रम का सफल संचालन अवनेंद्र बहादुर सिंह द्वारा किया गया ।इस मौके पर अवधेश प्रताप सिंह, रामप्रताप सिंह, राजेंद्र तिवारी, महेश सिंह चौहान, पंकज सिंह मास्टर, सुन्दर सिंह, सुरेश सिंह, संजय सिंह बबलू , श्री कृष्ण चौरसिया,कामता सोनी , शिवनाथ यादव, चंद्रपाल यादव, नाथूराम पासवान, सुधांशु यादव अर्जुन सिंह, राजू यादव, श्याम बहादुर ,रविंद्र कुमार आदि पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया विद्यालय के संस्थापक-प्रबंधक का जन्मदिन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में एनएसजीआई के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा का जन्मदिन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की सह-प्रबंधिका डॉ रश्मि शर्मा ने एनएसजीआई की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ डॉ शर्मा को केक खिलाकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में एनएसपीएस त्रिपुला के हिंदी शिक्षक राम मिलन, द्वारा गीत की संगीतमय प्रस्तुति और शिक्षिका सोनी पाण्डेय एवं बालिका विद्या मंदिर के हिंदी प्रवक्ता रमा शंकर पाठक के काव्य पाठ ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। तदोपरान्त सभी लोगों ने




प्रबंधक को उपहार के साथ भविष्य के लिए मंगलकामनाएं प्रेषित की। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने हुए सभी आगंतुकों का स्वागत और अभिनन्दन किया। जन्मदिन पर विद्यालय परिवार द्वारा किये गए आयोजन से अभिभूत डॉ शर्मा ने पूरे परिवार को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सभी की एकजुटता और मेहनत ने न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप को सफलता के जिस मुकाम पर पहुंचाया है वही सही मायने में हमारे लिए सबसे बेहतरीन उपहार है। अंत में उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप की सभी शाखाओं को प्रदर्शित करती ट्रेन आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका संचिता त्रिवेदी व शिक्षिका पूजा सिंह ने किया।

इस अवसर पर न्यू स्टैंडर्ड ग्रुप की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, राजीव सिंह,कामाक्षा सिंह,इंद्र विक्रम सिंह, शिवांग अवस्थी, आइवी सिंह, डॉ अनिल कुमार, उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, रजनी श्रीवास्तव, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, विवेक सिंह,गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा-06 में प्रवेश हेतु करें आनलाइन आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य चंदन बागीश ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय रायबरेली में सत्र 2025-26 में कक्षा-06 में प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

अभ्यर्थी आवेदन करने हेतु नवोदय विद्यालय समिति की अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट पर आवेदन प्रक्रिया जारी है जो 16 सितम्बर 2024 तक अनवरत जारी रहेगी। केवल वही छात्र-छात्राएँ आवेदन करने के पात्र होंगे जो जनपद के किसी भी सरकारी अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान सत्र 2024-25 में कक्षा-5 में अध्ययन कर रहे हों तथा उनका जन्म 01 मई 2013 से



31 जुलाई 2015 (उक्त दोनों तिथियों सम्मिलित रहेंगी।) के मध्य हुआ हों वे किसी साइबर कैफे, व्यक्तिगत कम्प्यूटर अथवा मोबाइल से अपना पंजीकरण कर सकते हैं। चयन परीक्षा में केवल आनलाइन पंजीकृत अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकेंगे।

# 10 अगस्त से दो सितम्बर तक चलेगा आईडीए अभियान

## जनपद में 28.37 लाख जनसंख्या को फाइलेरियारोधी दवा खिलाने का लक्ष्य

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जनपद में 10 अगस्त से दो सितंबर तक फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराए जाने के लिए सर्वजन दवा (आईडीए) अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित हुई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि आईडीए अभियान जनपद के 15 ब्लॉक अमावां, डीह, जतुआटप्पा, दीन शाहगौरा, बेलाभेला, बछरावां, हरचंदपुर, , खीरों, महाराजगंज,नसीराबाद, सलोन, सरेनी, ऊंचाहार और नगरीय क्षेत्र में चलेगा। इन ब्लॉक में आईडीए अभियान के तहत आइवरमेक्टिन, डाईइथाईल कार्बामजीन और एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी। फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे सामान्यतः हाथी पाँव के नाम से जाना जाता है। इसके मुख्य लक्षण पैरों व हाथों में सूजन (हाथीपांव), पुरुषों में हाइड्रोसील (अंडकोश का सूजन) और महिलाओं में ब्रेस्ट में सूजन है।फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला रोग है। यह बीमारी लाइलाज है। यह बीमारी ठीक नहीं होती है और व्यक्ति को दिव्यांग बना देती है। इस बीमारी से बचने के लिए उपाय है मच्छरों से बचाव और फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन।जनपद की 28.37 लाख जनसंख्या को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य है। फाइलेरिया रोधी दवा एक साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती और गंभीर बीमारी से पीड़ित को छोड़कर सभी को करनी है। अभियान को सफल बनाने के लिए 2565 टीमें बनाई गई हैं और उनके सुपर विजन के लिए 427 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और स्वयंसेवी संस्था पाथ मॉनिटरिंग और सुपरविजन करेंगी। जिले पर एक और 15 ब्लॉक पर कुल 32 रैपिड रिस्पॉन्स टीम (आरआरटी) बनाई गई है जो प्रतिकूल प्रतिक्रिया होने पर तुरंत आवश्यक सहयोग करेगी। अभियान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। दवाएं और लॉजीस्टिक वितरित हो चुके है।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा श्री कृष्णा ने बताया कि फाइलेरियारोधी दवा सेवन के बाद कुछ ,व्यक्तियों में जी मितलाने, चकत्ते पड़ना, चक्कर आना और उल्टी आने की समस्या हो सकती है। इससे घबराने के जरूरत नहीं है। इसका मतलब है कि शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद थे और फाइलेरियारोधी दवा सेवन के बाद शरीर में फाइलेरिया परजीवियों के खत्म होने के परिणामस्वरूप ऐसी प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है।जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी.एस.अस्थाना ने बताया कि फाइलेरियारोधी दवा का सेवन बहुत जरूरी है यह नहीं सोचना है कि हम सामान्य हैं तो दवा क्यों खाएं लेकिन दवा का सेवन इसलिए जरूरी होता है क्योंकि फाइलेरिया का संक्रमण होने के बाद फाइलेरिया के लक्षण 10 से 15 साल बाद दिखाई देते हैं और तब तक हम जाने अनजाने रोग के प्रसार मे सहयोग करते रहते हैं। फाइलेरियारोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित हैं बस इस बात का ध्यान रखें कि दवा खाली पेट नहीं खानी है।जिला मलेरिया अधिकार भीखुल्लाह ने बताया कि इस अभियान में स्वयंसेवी संस्थाए भी सहयोग कर रहीं है जैसे विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ पाथ, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) और पीसीआई।सीफॉर संस्था के सहयोग से जनपद में प्रचार प्रसार तथा पीसीआई के द्वारा समुदाय में फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन करने के लिए जागरूकता की जा रही है।इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राधा कृष्ण, डा. शरद कुमार, डा. अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी, सहयोगी संस्था पाथ और पीसीआई के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# फिरोज गांधी कॉलेज में स्मार्टफोन पाकर खिल उठे विद्यार्थी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजनान्तर्गत स्थानीय फिरोज गांधी कॉलेज रायबरेली में दिनांक 01/08/2024 को कालेज प्रबंधमंत्री इंजी. अतुल भार्गव व कालेज प्राचार्य प्रो मनोज कुमार त्रिपाठी के कर कमलो से परास्नातक मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, संस्कृत व बीएससी के छात्र/ छात्राओं को टेबलेट वितरण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। परास्नातक मनोविज्ञान के छात्र छात्राओ को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण डा शामिनी श्रीवास्तव, डॉ सोनम ,डा विष्णु शरण, डा शुभम खरवार, डॉ आजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। अर्थशास्त्र विभाग के परास्नातक छात्रों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण प्रो अरविंद प्रकाश, प्रो शैलेन्द्र त्रिपाठी द्वारा तथा संस्कृत विभाग के परास्नातक के विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण डॉ विभा मिश्रा, प्रो संजय सिंह व डॉ दब्बे भारती आदि द्वारा किया गया। बीएससी के छात्र/छात्राओ को स्मार्टफोन डॉ पुनीत गुप्ता,डा धनंजय सिंह, डॉ गुलाब सिंह, डा बिजेंद्र आदि प्रोफेसर्स व तकनीकी सहायक शुभांषी व अरविंद कुमार आदि द्वारा स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर मनोज कुमार त्रिपाठी ने यह भी सूचना दी की अन्य विभागों के छात्राए अपने विभाग से संपर्क स्थापित कर अपने स्मार्टफोन वितरण की तिथि सुनिश्चित करके अपना टैबलेट/स्मार्टफोन शीघ्र प्राप्त कर लें।

# जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा जिला मिशन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**रायबरेली।**मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में जनपद में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा जिला मिशन समिति की बैठक कलेक्ट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समिति के कार्यों की विस्तृत रूप से रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा आगामी वित्त वर्ष में कार्य कराए जाने हेतु मसौदा रखा गया। जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के अंतर्गत जिले में तीन परियोजनाओं का चयन किया गया। जिसमे विकास खंड सालोन में सितकिहा, डीह में वकालनगढ़ एवं सतांव में बरदर को शामिल किया गया। इसके साथ-साथ विकासखंड सतांव के ग्राम पंचायत चंदौली में एन0एम0एस0ए0 योजना अंतर्गत एक क्लस्टर का चयन किया गया। इसके साथ ही बैठक में मनरेगा के अंतर्गत जोतलिया नाला की साफ सफाई के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव जिला समिति के समक्ष रखा गया जिसे समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार शर्मा,भूमि संरक्षण अधिकारी जे0 पी0 यादव, उपायुक्त मनरेगा,जिला उद्यान अधिकारी कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, केवीके के कृषि वैज्ञानिक आदि उपस्थित रहे।

# जिला श्रम बंधु की बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश, श्रमिकों को शीघ्र उपलब्ध कराए स्वास्थ्य लाभ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिला श्रम बंधु की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्रम बंधु के सदस्यों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध कराने में प्रायः देरी की जाती है। जिस पर जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि श्रमिक बंधुओं को मिलने वाली सरकारी योजनाओं से ना केवल आच्छादित किया जाए अपितु उनका गोल्डन कार्ड भी बनाया जाए। जिससे कि उनको स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जिन भी कल कारखानों,ईट भट्ठो आदि औद्योगिक संस्थाओं में श्रमिक कार्य कर रहे है। उनकी समय समय पर मोनिटरिंग भी की जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि श्रमिकों के अधिकारों का हनन ना हो। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि कार्यस्थल पर दिव्यांग हुए श्रमिकों को समय से मुआवजा दिया जाए। श्रमिकों की भुगतान राशि आरटीजीएस के माध्यम से सीधे उनके खाते में हो। यह सुनिश्चित हो कि श्रमिकों को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी अवश्य मिले।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय,जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, सहायक श्रम आयुक्त आरएल स्वर्णकार के अतिरिक्त जिला श्रम बंधु के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ....जब तीर्थयात्रियों को 2013 जैसा मंजर याद आ गया

## ● रेस्क्यू होने पर यात्रियों ने जताया प्रशासन का आभार



**रुद्रप्रयाग, (हि.स.)।** केदारनाथ धाम सहित पैदल यात्रा मार्ग पर फंसे तीर्थ यात्रियों ने रेस्क्यू के बाद अपनी आपबीती बताई औरत्वरित रेस्क्यू होने पर जिला प्रशासन का आभार जताया। यात्रियों ने बताया कि बुधवार की रात कभी न भूलने वाली रात थी। उम्मीद भी नहीं थी की वह बच पाएंगे। यात्रियों ने कहा की रेस्क्यू होने के बाद प्रशासन ने खाने की भी पूरी व्यवस्था की थी। हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू हुए यात्रियों ने बताया कि बुधवार रात वह काफी डर गए थे। अत्यधिक बारिश व अतिवृष्टि के बाद उन्हें 2013 के आपदा जैसा मंजर याद आ गया।लगातार हो रही बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही थी और आसमान में बिजली भी चमक रही थी। हम रात भर सो नहीं पाए। भीमबली में घटना घटी, लेकिन असर केदारनाथ धाम तक हो रहा था। सुबह के समय मौसम साफ होने पर कुछ राहत की सांस ली। जब प्रशासन ने सभी यात्रियों को हेलीपैड पर एकत्रित करवाया और रेस्क्यू की बात की तो सांस आई। क्योंकि पैदल मार्ग पर भी पूर्ण रूप से आवाजाही बंद हो गई थी। हेलीकॉप्टर में बैठने के लिए यात्री आपस में बहस कर रहे थे, लेकिन प्रशासन ने बारी बारी से सभी को हेली से रेस्क्यू किया।दिल्ली के दिलशाद गार्डन से केदारनाथ धाम की यात्रा पर आए ललित ने बताया कि वो दर्शन के बाद लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि गौरीकुंड पहुंचने के बाद रात्रि को हुई अत्यधिक बारिश व अतिवृष्टि के बाद उन्हें 2013 का आपदा जैसा मंजर याद आ गया लेकिन उन्होंने प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि अतिवृष्टि के बाद जिला प्रशासन द्वारा काफी सक्रियता दिखाते हुए मदद की गई। बताया कि लगभग तीन किमी तक प्रशासन की टीमों द्वारा सफल रेस्क्यू किया गया जो अत्यंत सराहनीय है।नेपाल से केदारनाथ धाम के दर्शन को पहुंचे तारकेश्वर सिंह ने बताया कि वह बीते रात को गौरीकुंड से केदारनाथ के लिए निकले थे तथा कुछ ही दूरी पर जाने के बाद पहले हल्की तथा फिर भारी बारिश होने से वह वहीं पर रुक गए। इसके बाद भीषण बाढ़ आने से वह रात भर वहीं रुक गए। उन्होंने बताया कि आज सुबह एनडीआरएफ की टीम के पहुंचते ही रेस्क्यू किया गया। जिला प्रशासन एवं रेस्क्यू टीमों की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन व रेस्क्यू की टीमें पूरी तत्परता से राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन एवं रेस्क्यू में लगी समस्त रेस्क्यू टीमों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सोनप्रयाग में केदारनाथ हाईवे का एक बहुत बड़ा हिस्सा मंदाकिनी नदी की तेज धारा में बह गया है। जिस कारण केदारनाथ यात्रा पर भी ब्रेक लगा गया है। सोनप्रयाग में ही सोन नदी के कटाव के कारण हाईवे और विद्युत विभाग के पावर हाउस को भी क्षति पहुंची है। सोनप्रयाग में हाईवे को हुए नुकसान के कारण रेस्क्यू कार्य करने में सुरक्षा जवानों को काफी दिक्कतें आई। कठिन पहाड़ी से जवानों ने अपनी जान की प्रवाह किए बगैर भक्तों का रेस्क्यू किया। सोनप्रयाग में केदारनाथ हाईवे और भीमबली और रामबाड़ा के बीच पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त होने से पैदल यात्रा शुरू होने में कुछ दिन का समय लग सकता है। हालांकि प्रशासन की टीमें जगह-जगह तैनात होकर रास्तों को खोलने में जुट गई हैं। सोनप्रयाग में भक्तों का रस्सी के जरिए जवानों ने कठिन पहाड़ी पर रेस्क्यू किया।

केदारनाथ यात्रा के सबसे मुख्य पड़ाव गौरीकुंड में संचार व विद्युत सेवा ठप है। मंदाकिनी नदी का जल स्तर बढ़ने से गौरीकुंड स्थित गर्म कुंड एक बार फिर आपदा की भेंट चढ़ गया है। जबकि घोड़ा पड़ाव गौरीकुंड को भी नुकसान होने की सूचना है। गौरीकुंड स्थित सटल सेवा वाहन पार्किंग को भी भारी क्षति पहुंची है। इतना ही नहीं पार्किंग में खड़े कुछ वाहनों के भी बहने की सूचना है। हालांकि जब वाहान बहे, उस समय उनमें कोई मौजूद नहीं था। गौरीकुंड ने 2013 की आपदा के बाद दोबारा फिर आपदा का दंश झेला है। रात के समय ही प्रशासन ने सतर्कता दिखाते हुए गौरीकुंड के निचले हिस्से को खाली करवा दिया था। अन्यथा एक बड़ी घटना घट सकती थी।रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार एक बार फिर से पैदल मार्ग पर फंसे यात्रियों के लिए देवदूत बनकर सामने आए हैं। रात के समय जिलाधिकारी यात्रा कंट्रोल रूम से हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे और रेस्क्यू टीमों को अलर्ट कर दिया था। वहीं सुबह होते ही डीएम पहले सोनप्रयाग और फिर लिंचोली व भीमबली पहुंच गए। सबसे पहले डीएम ने जगह जगह रात को सुरक्षित स्थानों पर रोके गए यात्रियों को लिनचोली हेलीपैड पर एकत्रित किया और फिर तीन हेलीकॉप्टरों को रेस्क्यू में लगा दिया। स्वयं डीएम कभी शेरशी से तो कभी लिंचोली में रेस्क्यू अभियान में जुटे रहे। डीएम ने अलग से रेस्क्यू टीम भी पैदल मार्ग के अन्य जगह भेज दी। जबकि कुछ टीमों को भीमबली से नीचे फंसे यात्रियों के रेस्क्यू में लगा दिया। डीएम ने नदी किनारे और पैदल रास्तों पर भी जवानों को भेजा, जिससे पता चल सके की कोई कही फंसा हुआ तो नहीं है। डीएम की सतर्कता से एक बार फिर हजारों लोगों की जान बच पाई।

# उत्तराखंड में स्थिति सामान्य, वायुसेना के चिनूक और एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने संभाला मोर्चा

**● केदारनाथ धाम यात्रा पर रोक, तीर्थयात्री बोले- हे केदार! तेरे द्वार तक आने का ये कैसा इम्तिहान**

**● बचाव कार्य में लगे हैं 5 हेलीकॉप्टर और एसडीआरएफ टीम, अब तक 1525 लोगों को सुरक्षित निकाला**



**देहरादून,(हि.स.)।** भारी बारिश के कारण आई आपदा के बाद अब उत्तराखंड राज्य में स्थिति सामान्य हो गई है। हालांकि केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर रोक लगा दी गई है। केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर कुल लगभग 700 लोग फंसे हैं। वहीं केदारनाथ में 1000-1500 के लगभग लोगों के फंसे होने की संभावना है। इसमें से 1525 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया है।

पांच हेलीकॉप्टर हेली रेस्क्यू में लगे हुए हैं।उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि उत्तराखंड सरकार की मांग पर भारत सरकार से वायुसेना के चिनूक व एमआई-17 हेलीकॉप्टर उत्तराखंड आ गए हैं, जो केदारनाथ में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकालने में लगे हुए हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि किसी भी श्रद्धालु को कोई नुकसान न हो और वे सुरक्षित अपने गंतव्य से वापस लौटें। इससे राज्य सरकार के प्रति अच्छा संदेश जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त मार्गों पर फिलहाल आवागमन अवरुद्ध है। जल्द ही वैकल्पिक मार्ग बनाया जाएगा।

1100 यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। केदारनाथ धाम मार्ग पर भीमबली, रामबाड़ा, लिचोली में फंसे 425 यात्रियों को हेली रेस्क्यू से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। यह संभव हो पाया है सरकार की त्वरित कार्रवाई और एसडीआरएफ की कार्यकुशलता से। आपदा प्रभावित जिलों पर खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नजर बनाए रखे हैं। उन्होंने रेस्क्यू अभियान का जायजा लेने के साथ तीर्थयात्रियों से संयम बरतने की अपील की है।

भारी बारिश के चलते उत्तराखंड में आई आपदा सड़क, मकान, पुलिया और होटल तक बहा ले गई। कईयों के सिर से साया छिन गया तो कईयों का परिवार उजड़ गया। गत 31 जुलाई की रात ऐसा ही भयावह मंजर दिखा। चारधाम यात्रा पर निकले तीर्थयात्री भी जहां के तहां ठहर गए थे। हालांकि आस्था पर भय हावी न हो सका।

फिलहाल सड़क बहने के कारण भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक समुद्र तल से 3584 मीटर की ऊंचाई पर मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित केदारनाथ धाम की यात्रा पर रोक लग गई है। गत जुलाई माह में भी मौसम के बिगड़े मिजाज ने उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा में रुकावट डाल दी थी। इस बार केदारनाथ यात्रा मार्ग का हिस्सा ही बह गया। ऐसे में केदारनाथ धाम में सैकड़ों यात्री फंस गए। वहीं यात्रा मार्ग पर फंसे तीर्थयात्री प्रार्थना कर रहे हैं कि हे केदार! तेरे द्वार तक आने का ये कैसा इम्तिहान है।

# लेफ्टिनेंट जनरल साधना बनीं सेना चिकित्सा सेवा की पहली महिला महानिदेशक, कार्यभार संभाला



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर ने गुरुवार को चिकित्सा सेवा (सेना) के महानिदेशक का पदभार संभाल लिया है। वह इस प्रतिष्ठित पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला हैं। इससे पहले वह एयर मार्शल की पदोन्नति मिलने पर अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) महानिदेशक का पद संभालने वाली पहली महिला थीं। उन्होंने इजरायली रक्षा बलों के साथ रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु युद्ध में तथा स्विस सशस्त्र बलों के साथ सैन्य चिकित्सा नैतिकता में प्रशिक्षण हासिल किया है।लेफ्टिनेंट जनरल साधना नायर ने अपनी स्कूली शिक्षा प्रयागराज के सेंट मैरी कॉन्वेंट से शुरू की और इसे लखनऊ के लोरेटो कॉन्वेंट से पूरा किया।

इस बीच उन्होंने तेजपुर, गोरखपुर, कानपुर और चंडीगढ़ के स्कूलों में पढ़ाई की। उन्होंने पुणे के सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय से एक विशिष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की और दिसंबर, 1985 में सेना चिकित्सा कोर में कमीशन प्राप्त किया। लेफ्टिनेंट जनरल नायर ने पुणे स्थित आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज से एक प्रतिष्ठित अकादमिक रिकॉर्ड के साथ स्नातक की उपाधि हासिल की। उन्होंने पारिवारिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर की डिग्री और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन में डिप्लोमा हासिल किया है।उन्होंने नई दिल्ली स्थित एम्स में चिकित्सा सूचना विज्ञान में दो साल का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा किया है।

## ● ● वायनाड में बोले राहुल ● ●

# वैसा ही महसूस कर रहा हूं जैसा पिता के निधन पर किया था

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल और प्रियंका गांधी ने गुरुवार को केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों और विभिन्न राहत शिविरों का दौरा किया। दोनों मेप्पडी में सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गए और विनाशकारी भूस्खलन से प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता दर्शाई। इसके अलावा उन्होंने स्थिति का आकलन करने और सहायता की पेशकश करने के लिए मेप्पडी ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की।इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज वह वैसा ही महसूस कर रहे हैं जैसा उन्होंने अपने पिता के निधन पर किया था। यहां लोगों ने सिर्फ पिता नहीं, बल्कि पूरा परिवार खो दिया है। पूरे देश का ध्यान वायनाड पर केंद्रित है।राहुल गांधी ने भूस्खलन की घटना को वायनाड,



केरल और देश के लिए एक भयानक त्रासदी बताया।

उन्होंने कहा कि वे स्थिति का आकलन करने आये हैं। यह दुखद है कि कितने लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों और अपने घरों को खो दिया है। हम मदद करने और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि बचे लोगों को उनका वाजिब हक मिले। वहीं प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्होंने पूरा दिन पीड़ितों से मिलने में बिताया। यह बहुत बड़ी त्रासदी है। हम यहां यथासंभव सुविधाएं और सहायता प्रदान करने के लिए हैं।

हिमाचल प्रदेश में भी ऐसी ही त्रासदी हुई है। कल हम बैठक कर आगे कैसे सहायता दी जा सकती है, इसकी रूपरेखा तैयार करेंगे। विशेषकर अनाथ हो चुके बच्चों की।राहुल गांधी ने 2019 और 2024 के आम चुनाव में वायनाड लोकसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की थी। इसबार वे उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से भी जीतें हैं, जिसके कारण उन्होंने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दिया है। अब इस सीट पर होने वाले उपचुनाव में प्रियंका के चुनाव लड़ने की उम्मीद है।राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा सुबह साढ़े नौ बजे कन्नूर हवाईअड्डे पर उतरे और फिर सड़क मार्ग से वायनाड पहुंचे। कांग्रेस महासचिव और अलाप्पुझा के सांसद केसी वेणुगोपाल भी उनके साथ हैं।मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन ने वायनाड की मुंडक्काई, चूरालमाला, अट्टामाला और नूलपुझा बस्तियों को प्रभावित किया। मुंडकई, चूरालमाला, अट्टामाला और नूलपुझा बस्तियों में मंगलवार तड़के हुए भूस्खलन से अबतक महिलाओं और बच्चों समेत 173 लोगों की मौत हो गई है।

# राहुल गांधी के वायनाड दौरे पर भाजपा का तंज, कहा- पांच साल से संसदीय क्षेत्र से नदारद रहे

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केरल के वायनाड में मंगलवार को हुए भूस्खलन से जानमाल का काफी नुकसान हुआ है। इस आपदा में अब तक 167 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रभावित क्षेत्रों में सेना कमान संभालते हुए राहत और बचाव कार्यों में जुटी हुई है। इस बीच राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा केरल पहुंचे हैं।राहुल गांधी के इस दौरे पर भारतीय जनता पार्टी ने तंज कसा है, पांच सालों तक वे अपने संसदीय क्षेत्र से नदारद रहे। गुरुवार को एक्स मंच पर साझा किए एक पोस्ट में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा कि अभी आरोप-प्रत्यारोप का समय नहीं है, लेकिन स्पष्ट है कि राहुल गांधी ने वहां के सांसद रहने के दौरान लोगों की कभी सुध नहीं ली। वे अपने संसदीय क्षेत्र से गायब रहे।उन्होंने कहा कि इन दौरों के बजाय राहुल गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड का बार-बार दौरा करते और क्षेत्र में भूस्खलन, बाढ़ जैसी समस्याओं को समझने के साथ



निवारक उपाय करने के लिए सक्रिय कार्रवाई करते तो इससे क्षेत्र को फर्क पड़ गया होता।उन्होंने कहा कि बहादुर भारतीय सेना के जवान केरल के वायनाड में फंसे लोगों को बचाने की निस्वार्थ कोशिश कर रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी उसी सेना का राजनीतिकरण करने में लगे हुए हैं। राहुल गांधी के इन प्रयासों को कोई भी कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय इन सांकेतिक दौरों के बजाय, अगर राहुल गांधी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड का लगातार दौरा किया होता और जमीन पर ध्यान दिया होता, तो वायनाड जैसे भू-संपन्न क्षेत्र में भूस्खलन और बाढ़ जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पहले से उपाय किए जा सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा कभी नहीं किया।

# डब्ल्यूएचओ ग्लोबल पारंपरिक चिकित्सा केंद्र के संचालन के लिए 85 मिलियन अमेरिकी डॉलर दान करेगा भारत, समझौते पर किए गए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** भारत विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ग्लोबल पारंपरिक चिकित्सा केंद्र जामनगर के संचालन के लिए 10 वर्षों (2022-2032) की अवधि में 85 मिलियन अमेरिकी डॉलर दान करेगा। गुरुवार को इस संबंध में आयुष मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जिनेवा में डब्ल्यूएचओ मुख्यालय में आयोजित एक हस्ताक्षर समारोह के दौरान एक डोनर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए।इस समझौते में डब्ल्यूएचओ ग्लोबल ट्रेडिशनल मेडिसिन सेंटर (जीटीएमसी) जामनगर की गतिविधियों को संचालित करने की वित्तीय शर्तों की रूपरेखा सम्मिलित है। समझौते पर आयुष मंत्रालय की ओर से संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि अरिंदम बागची ने हस्ताक्षर किए और डब्ल्यूएचओ की ओर से डॉ. ब्रूस एलवर्ड सहायक महानिदेशक यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज लाइफ डब्ल्यूएचओ ने हस्ताक्षर किए



।आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने इस कार्यक्रम में अपनी वर्चुअल भागेदारी दर्ज की। कार्यक्रम का संचालन डब्ल्यूएचओ ग्लोबल पारंपरिक चिकित्सा केन्द्र की निदेशक (अस्थायी) डॉ. श्यामा कुरुविला ने किया और डॉ. रज़िया पेंडसे डब्ल्यूएचओ की महानिदेशक की ओर से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।इस सहयोग के तहत भारत 10 वर्षों (2022-2032) की अवधि में डब्ल्यूएचओ ग्लोबल पारंपरिक चिकित्सा केंद्र के संचालन के लिए 85 मिलियन अमेरिकी डॉलर दान करेगा। यह डोनर समझौता डब्ल्यूएचओ ग्लोबल पारंपरिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना को एक प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में मान्यता देता है। इसका उद्देश्य पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा को साक्ष्य आधारित माध्यमों से आगे बढ़ाना है, जिससे जान सामान्य और वैश्विक स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार हो सके।यूनियन कैबिनेट की मंजूरी के साथ, 25 मार्च 2022 को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और डब्ल्यूएचओ के बीच एक होस्ट कंट्री समझौता साइन किया गया था, जिसमें डब्ल्यूएचओ ग्लोबल पारंपरिक चिकित्सा केंद्र जामनगर, गुजरात की स्थापना को मंजूरी दी गई थी। यह केंद्र पारंपरिक चिकित्सा के लिए वैश्विक स्तर पर एकमात्र आउट-पोस्टेड केंद्र है।उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचओ-जीटीएमसी का अंतरिम कार्यालय पहले से ही कार्यरत है जो इसके निर्धारित उद्देश्यों के अनुसार क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित कर रहा है। इन कार्यक्रमों में कैंपस आधारित, आवासीय या वेब आधारित प्रशिक्षण शामिल होंगे जो डब्ल्यूएचओ अकादमी और अन्य रणनीतिक साझेदारों के साथ मिलकर संचालित किये जाएंगे। आयुष मंत्रालय और डब्ल्यूएचओ के संयुक्त प्रयास न केवल भारतीय स्वास्थ्य व्यवस्था को लाभ पहुंचाएंगी बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य एजेंडे में भी योगदान करेंगी और पारंपरिक चिकित्सा के माध्यम से सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स को प्राप्त करने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करेंगी।

# प्रधानमंत्री ने टेलीफोन कर स्वप्निल कुसाले को दी बधाई

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को फोन किया और पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर उन्हें बधाई दी।इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट के माध्यम से बधाई देते हुए कहा कि स्वप्निल कुसाले का असाधारण प्रदर्शन। पेरिस ओलंपिक 2024 में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में कांस्य पदक जीतने के लिए उन्हें बधाई। उनका प्रदर्शन इसलिए खास है क्योंकि उन्होंने बेहतरीन लचीलापन और कौशल दिखाया है। वह इस श्रेणी में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट भी हैं। हर भारतीय खुशी से भर गया है।कुसाले ने फ्रांस की राजधानी पेरिस मे चल रहे ओलंपिक-2024 में गुरुवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।

# वायनाड भूस्खलन में 100 से ज्यादा शव बरामद, सेना ने रातों-रात बनाया 100 फीट लंबा पुल


**नई दिल्ली, (हि.स.)।** वायनाड भूस्खलन के तीसरे दिन गुरुवार को प्रभावित लोगों को सुरक्षित बचाने के लिए सेना ने रातों-रात 100 फीट लंबा पुल बनाकर जनता के लिए खोल दिया है। इससे बचाव कार्यों में और मदद मिलेगी और फंसे हुए लोगों को जल्दी से जल्दी निकाला जा सकेगा। इसके अलावा कई और छोटे-छोटे पुल बनाए जाने की तैयारी है। सेना ने आज सुबह तक 100 से ज़्यादा शव बरामद किए हैं, जबकि मरने वालों की संख्या इससे कहीं ज्यादा है। वायु सेना के हेलीकॉप्टरों ने प्रभावित क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों को हवाई मार्ग से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।पैरा रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर अर्जुन सेगन ने बताया कि आज बचाव और खोज अभियान का तीसरा दिन है। हमने रातभर में एक फुटब्रिज बनाया और हमें उम्मीद है कि हम आज दोपहर तक 24 टन वजन श्रेणी के बेली ब्रिज का काम



पूरा कर लेंगे। हमारे इंजीनियर रातभर काम पर लगे रहे। हमने कल 5 अर्थ मूविंग उपकरण भेजे थे और आज भी हमने कई अर्थ मूविंग उपकरण भेजे हैं। इससे हमारा खोज अभियान बहुत आसान हो गया है। खराब मौसम, बढ़ते जलस्तर और रातभर काम करने की चुनौतियों का सामना करने के बावजूद दृढ़ता और अथक परिश्रम से मद्रास इंजीनियर्स ग्रुप (एमईजी) की टीम चूरलामलाई में रातों-रात 100 फीट लंबा एक पुल बनाया और जनता के लिए खोल दिया। इससे बचाव कार्यों में और मदद मिलेगी और फंसे हुए लोगों को जल्दी से जल्दी निकाला जा सकेगा। सेना की पश्चिमी हिल बैरक ने कालीकट से प्रादेशिक सेना की 122 इन्फैंट्री बटालियन के सैनिकों ने गंभीर रूप से भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों से वेल्लारीमाला से अट्टामाला की ओर खोज और बचाव अभियान शुरू किया है। कर्नाटक और केरल सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल वीटी मैथ्यू ने वायनाड जिले के मैप्पडी गांव पहुंच कर बचाव अभियान की कमान संभाल ली है।

# नई संसद में जल रिसाव की वायरल वीडियो पर लोकसभा सचिवालय ने जारी किया स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली,(हि.स.)।** लोकसभा सचिवालय ने नई संसद में जल रिसाव की एक वीडियो के वायरल होने और उसको लेकर इसके निर्माण पर सवाल उठाए जाने पर आज स्पष्टीकरण जारी किया है।विज्ञप्ति में सचिवालय ने कहा है कि ग्रीन पार्लियामेंट की संकल्पना के अनुसरण में लॉबी सहित भवन के कई हिस्सों में ग्लास डोमस लगाए गए हैं, ताकि संसद के दैनिक कामकाज में प्रचुर प्राकृतिक रोशनी का उपयोग किया जा सके।



बुधवार को भारी बारिश के दौरान, बिल्डिंग की लॉबी के ऊपर ग्लास डोमस को फिक्स करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एडहेसिव थोड़ा हट गया, जिससे लॉबी में पानी का मामूली रिसाव हो गया।सचिवालय ने आगे कहा कि समस्या का समय पर पता चल गया और तुरंत आवश्यक उपाय किए गए।

इसके बाद पानी का कोई और रिसाव नहीं देखा गया। इसी तरह मकर द्वार के सामने जमा पानी भी तेजी से ड्रेनेज सिस्टम के द्वारा निकल गया।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को नई दिल्ली क्षेत्र में भारी वर्षा हुई थी। इसके कारण कई स्थानों पर जल जमाव की घटनाएं हुई थीं।

# प्रधानमंत्री मोदी और वियतनाम के समकक्ष चिन्ह ने दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक की



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके वियतनाम के समकक्ष फाम मिन्ह चिन्ह ने गुरुवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और विस्तारित करने के लिए व्यापक चर्चा की।चिन्ह तीन दिवसीय यात्रा पर मंगलवार रात दिल्ली पहुंचे थे। उनकी यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक संबंधों को और विस्तारित करना है।इससे पहले आज वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने राजघाट पर जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एक मूल्यवान साझेदार का भव्य स्वागत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह का स्वागत किया। वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट नीति और इंडो-पैसिफिक विजन का एक प्रमुख स्तंभ है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह 30 जुलाई से 01 अगस्त तक भारत की राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली में हैं। प्रधानमंत्री चिन्ह का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मिलने का कार्यक्रम है।मंत्रालय के अनुसार भारत और वियतनाम के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंध हैं, जो सितंबर 2016 में प्रधानमंत्री की वियतनाम यात्रा के दौरान एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ गए। भारत वियतनाम को अपनी एक्ट ईस्ट नीति का एक प्रमुख स्तंभ और अपने हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है।

# रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है उत्तर प्रदेश: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर सदन को किया संबोधित

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश आज रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है और अपनी ज्यादातर आवश्यकताओं की पूर्ति खुद करने में सक्षम हो चुका है। सीएम योगी गुरुवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अनुपूरक बजट को लेकर सदन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संकल्प को पूरा करने और प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 12 हजार 209 करोड़, 93 लाख रुपए का अनुपूरक बजट लाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते फरवरी माह में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पारित मूल बजट की 44 फीसदी धनराशि जारी हो चुकी है और 20 फीसदी खर्च भी हुए हैं।

**70 हजार करोड़ रुपए का डीबीटी के जरिए हुआ हस्तांतरण**

मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके बाद अब वित्तीय वर्ष 2024-25 के मूल बजट का आकार साढ़े सात लाख करोड़ रुपए का हो चुका है। यह 2015-16 के बजट के आकार से दोगुना है। उन्होंने कहा कि यूपी की बढ़ती आवश्यकताओं के अनुरूप प्रदेश के बजट का दायरा बढ़ाया गया है। सीएम योगी ने इस बात की भी जानकारी दी कि 11 विभागों के माध्यम से 196 योजनाओं के लिए 70 हजार करोड़ रुपए का डीबीटी के जरिए हुआ हस्तांतरण है, जो गरीब जनता के खातों में सीधे ट्रांसफर हुआ है। डीबीटी कैसे एक गरीब को भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था देने में सहायक होती है, यह उसका बड़ा उदाहरण है।

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे, तो दूसरा गढ़े...**

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन के शुरुआत में सदन के साथ ही नेता प्रतिपक्ष को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वयोवृद्ध नेता प्रतिपक्ष ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। हमने हमेशा अपने से बुजुर्गों को सम्मान दिया है। हमारे यहां मान्यता है कि वो सभा सभा नहीं होती, जहां बुजुर्ग का सम्मान नहीं होता। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें विरासत में जैसा यूपी मिला था और आज जैसा यूपी आज है, वो सबके सामने है। हमने अटल जी की पंक्तियों से प्रेरणा प्राप्त की है, कि %%मनुष्य को चाहिए कि वह



परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे, तो दूसरा गढ़े...

2024-25 का मूल बजट 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपए का था

सीएम ने कहा कि फरवरी में मूल बजट पारित करके अप्रैल में वित्तीय वर्ष शुरू होते ही हमने उसका उपयोग करना शुरू कर दिया। 2024-25 का मूल बजट 7 लाख 36 हजार 437 करोड़ 71 लाख रुपए का था। हालांकि वित्तीय वर्ष शुरू होते ही आम चुनाव का वक्त आ गया, इसके बावजूद विभिन्न विभागों के लिए बजट का औसतन 44 फीसदी धनराशि रिलीज हुई है और 20 फीसदी से अधिक खर्च भी हुआ है। हमने बिना भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के लिए सरकार की कार्ययोजना को आगे बढ़ाया है।

**कैपिटल एक्सपेंडिचर दर्शाता है कि बजट का पैसा बड़े निर्माण में लग रहा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा कैपिटल एक्सपेंडिचर इस बात को दर्शाता है कि बजट का पैसा बड़े निर्माण में लग रहा है। ये अनुपूरक बजट यूपी में निवेश बढ़ाने वाला है। आज उत्तर प्रदेश की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुने से ज्यादा बढ़ी है। यूपी एक सही दिशा में बढ़ रहा है, जो नए मद बनाए गये हैं उसके लिए इस नये अनुपूरक बजट की आवश्यकता पड़ी, इसलिए 12 हजार 209 करोड़, 93 लाख का अनुपूरक बजट मानसून सत्र में लाना पड़ा है। इसके बाद हमारा इस वत्तीय वर्ष में साढ़े सात लाख करोड़ रुपए का बजट हो गया है।

**हम अब अगले तीन और पांच साल का रोडमैप बनाकर कार्य कर रहे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने का माद्दा रखता है। जब हम सत्ता में आए थे तो हमारी अर्थव्यवस्था देश में छठे-सातवें नंबर पर थी। प्रदेश के सामने पहचान का संकट था, मगर आज ये परसेप्शन बदल चुका है। यूपी ने अपनी इकोनॉमी को देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना लिया है। हम अब अगले तीन और पांच साल का रोडमैप बनाकर कार्य कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास में बड़े काम हुए हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में रोजगार के नये अवसर सृजित हुए हैं। सीएम योगी ने तमिलनाडु के त्रिशूर का उदाहरण दिया, जहां यूपी के दो लाख लोग काम करते थे। उन्होंने बताया कि वहां से बड़ी संख्या में लोग अपने प्रदेश में वापस आ गये हैं, क्योंकि अब उन्हे अपने प्रदेश में रोजगार मिल रहा है।

**यूपी नेशनल जीडीपी में अपने शेयर को बढ़ाने में सफल हुआ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी नेशनल जीडीपी में अपने शेयर को बढ़ाने में सफल हुआ है। पहले हम 6-7 फीसदी की हिस्सेदारी रखते थे, जबकि आज ये शेयर 9 से 10 फीसदी तक पहुंच गया है। यूपी देश के उन राज्यों में है, जिन्होंने प्रभावी रिसोर्स मोबलाइजेशन के माध्यम से अपने को रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित किया है। हमारी ज्यादातर आवश्यकताओं की पूर्ति राज्य के अंदर करने में हम सक्षम हुए है। हमने टेक्स चोरी को रोकने के लिए कड़े प्राविधान किये।

सीएम योगी ने कहा कि हमने टेक्स चोरी को रोकने के लिए कड़े प्राविधान करने पड़े। 2017 में यूपी का सीडी रेशियो 44 फीसदी था आज ये 60 फीसदी है। ये दिखाता है कि रोजगार के अवसर बढ़े हैं। रिजर्व बैंक ने एक व्यवस्था बनाई है कि आप वित्तीय अनुशासन को ध्यान में रखते हुए ही अपना बजट बनाएंगे और कर्ज लेंगे। अगर ये सीमा के ऊपर ये जाता है ।

### प्रदेश में चार नए विश्वविद्यालय बनने की ओर अग्रसर

सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि चार नए विश्वविद्यालय बनने की ओर अग्रसर है। मुरादाबाद में गुरु जंभेश्वर के नाम पर विश्वविद्यालय बनाने जा रहे हैं। सारी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं। देवीपाटन मंडल में निजी या सरकारी स्तर पर विश्वविद्यालय नहीं था, वहां मां पाटेश्वरी के नाम पर विवि का निर्माण करने जा रहे हैं। मीरजापुर मंडल में भी विश्वविद्यालय नहीं था। यहां मां विंध्यवासिनी और कुशीनगर में महात्मा बुद्ध के नाम पर कृषि विश्वविद्यालय के निर्माण के कार्यक्रम को हमारी सरकार ने आगे बढ़ाने का कार्य किया है। सीएम योगी ने बताया कि 2001 में जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट प्रारंभ हुआ था। विश्वविद्यालय के पास आर्थिक संकट था। समय के अनुरूप अपनी गति को बढ़ाने में विवि कठिनाई महसूस कर रहा था। इस विवि को राज्य विश्वविद्यालय के अधीन लेकर सरकार ने दिव्यांगजनों व सामान्य बच्चों के लिए संचालन प्रारंभ कर दिया है। यह राज्य विश्वविद्यालय के रूप में संचालित हो रहा है। हमारी सरकार ने लखनऊ में मेडिकल यूनिवर्सिटी को बनाया है। यह प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज को संबद्ध कर कार्यों को बढ़ा रही है।

### यूपी में घटे अपराध

सीएम योगी ने एनसीआरबी के आंकड़ों को गिनाते हुए 2016 से 2024 के तुलनात्मक अंतर को बताकर यूपी में अपराधों में आई कमी की तरफ सदन का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने बताया कि डकैती में 86.47, लूट में 78. 17, हत्या में 43.21, बलवा में 67.42, ग्रह भेदन 4.31, फिरौती के लिए अपहरण में 70 फीसदी की कमी आई है। महिला संबंधी अपराध के मामलों पर भी सीएम ने समाजवादियों को आईना दिखाया। बोले कि दहेज मृत्यु दर में 17.43, बलात्कार में 25.30, शीलभंग में 16.56, अपहरण में 0.17 फीसदी की कमी आई है। महिलाओं के विरुद्ध घटित अपराधों में राष्ट्रीय औसत पर नजर डालें तो उत्तर प्रदेश में 2017 से 2022 तक महिलाओं के प्रति अपराध बहुत कम हुए हैं। 2017 से 2022में यूपी के सापेक्ष तेलंगाना, उड़ीसा, राजस्थान, पं. बंगाल, महाराष्ट्र में अपराध अधिक बढ़े थे। बलात्कार के मामले में इस दौरान छत्तीसगढ़, केरल, राजस्थान व झारखंड में यूपी से अधिक अपराध घटित हुए थे। यूपी का इसमें 24वां स्थान है। शील भंग में यूपी का 17वां स्थान है यानी 16 राज्यों में यूपी से अधिक अपराध हुए हैं।

### पहली बार सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना है किसान

जाति के मुद्दे पर देश में हो रही राजनीति के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर इस बात को दोहराया है कि जातियां केवल चार ही हैं और अगर इनका उत्थान हुआ तो देश में कहीं भी भेदभाव की स्थिति नहीं आएगी। सीएम योगी गुरुवार को विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर सदन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा पहली बार सरकार के एजेंड का हिस्सा किसान बना है। आज किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ मिल रहा है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड योजना शुरू की गई। अन्नदाताओं को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ बिना जाति, धर्म और चेहरा देखे मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, महिला, युवा और गरीब ही चार जातियां हैं। इन चारों के उत्थान के लिए सरकार के स्तर पर प्रयास हुए हैं। इनमें भी किसान और कृषि सेक्टर में बड़े स्तर पर कार्य हुए हैं, जो किसानों के जीवन में परिवर्तन का माध्यम बना है। कृषि विज्ञान केंद्र इसके उदाहरण हैं। सीएम योगी ने सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2016 में भारत सरकार उत्तर प्रदेश को 20 कृषि विज्ञान केंद्र दे रही थी, तब तत्कालीन सरकार ने उसे नहीं लिया। 2017 में हमारी सरकार बनी, तब हमने कृषि विज्ञान केंद्रों को प्राप्त करते हुए उन्हें सुदृढ़ बनाने का कार्य किया।

### जनता को मिले अनवरत बिजली

ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में हो रहे कार्यों को मुख्यमंत्री ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में रखा। उन्होंने बताया कि प्रदेश की जनता को अनवरत बिजली मिल सके इसके लिए दो हजार करोड़ रुपए का प्राविधान इस अनुपूरक बजट में किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले कुछ साल में प्रदेश 8 हजार मेगावॉट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन थर्मल पॉवर परियोजनाओं के जरिए करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा के तीनों क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। इनमें, पॉवर जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रिब्यूशन पर सरकार का विशेष ध्यान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जितना बड़ा निवेश आ रहा है और जितनी बड़ी आबादी है उसके अनुरूप हम अपने आप को अपग्रेड कर रहे हैं। जब हम 2017 में सत्ता में आए थे तब 1 लाख 21 हजार मजरों में बिजली नहीं पहुंची थी। हमने इनका विद्युतिकरण किया। 1 करोड़ 76 लाख परिवार को निःशुल्क बिजली कनेक्शन दिये गये। 14 लाख से अधिक किसानों के पास ट्यूबवेल के कनेक्शन थे, मगर बिजली के बिल का भुगतान वो नहीं कर पा रहे थे। हमने अप्रैल 2023 से सरकारी और निजी ट्यूबवेल के लिए धनराशि का प्राविधान करते हुए बिजली बिल माफ कर दी है।

### 2027 में खटाखट नहीं, कांग्रेस और सपा का सफाचट होगा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को विधानसभा में पूरे में रौ नजर आए। अनुपूरक बजट पर बोलते हुए उन्होंने कांग्रेस और सपा के इंडी गठबंधन पर करारा हमला बोला। सीएम योगी ने इंडी गठबंधन के खटाखट स्कीम पर बोलते हुए प्रश्न किया कि एक लाख का बॉन्ड कहां गया? उन्होंने भाजपा और एनडीए के अपने सहयोगी विधायकों से कहा कि आप सब जनता-जनार्दन के बीच जाइए और उनसे पूछिए कि एक लाख का बॉन्ड कहां गया, कौन खा गया और उसे खाने वाले लोग कौन हैं। सीएम योगी ने आगे कहा कि 2027 में खटाखट नहीं, कांग्रेस और सपा का सफाचट होगा।

सीएम योगी लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और सपा द्वारा फैलाए गए संविधान खत्म करने के झूठ पर भी विपक्ष आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि संविधान का गला घोटने वाले कौन लोग थे? विपक्ष के लोग कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार आएंगे तो संविधान खत्म कर देंगे। प्रधानमंत्री मोदी 10 वर्ष से सत्ता में हैं, क्या संविधान खत्म हुआ, नहीं! बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के रहते संविधान और मजबूत हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सम्मान जितना प्रधानमंत्री मोदी ने किया, उतना किसी ने नहीं किया।

### मैं यहां नौकरी करने नहीं आया हूं

वैसे तो सीएम योगी अपने सार्वजनिक जीवन के विषय में बहुत सारी बातें कई बार कह चुके हैं, लेकिन विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान गुरुवार को एक वक्त ऐसा भी आया जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजनीति में आने के अपने उद्देश्य के बारे में भी सदन के सदस्यों को बताया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जनता जनार्दन की सेवा करते हुए उन्हें किन लोगों से लड़ाई लड़नी पड़ रही है। सीएम योगी ने कहा ÷मैं यहां नौकरी करने नहीं आया हूं। इस दौरान उन्होंने यह भी साफ किया कि राजनीति में उन्हें कोई प्रतिष्ठा नहीं चाहिए। विधानसभा में अनुपूरक बजट पर बोलते हुए सीएम योगी सपा समेत समूचे विपक्ष को आईना दिखाते हुए बताया कि राजनीति में जनता की सेवा और सुरक्षा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसमें किन लोगों से उन्हें लड़ना पड़ रहा है इस बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा ÷प्रदेश के नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले, बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले और अराजकता फैलाकर आम आदमी जीवन मुहाल करने वाले लोगों से लड़ने के लिए आया हूं। जो ऐसा करेगा वो भुगतेगा भी।

## कौशल विकास एवं उद्यमशीलता से युवाओं को बनाया जा रहा स्वावलम्बीः जयंत

» जयंत चौधरी का लखनऊ आगमन पर किया गया स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी का लखनऊ प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के नेतृत्व तथा राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा एयरपोर्ट से लेकर प्रदेश कार्यालय तक भव्य स्वागत किया गया। चौधरी जयन्त सिंह जिंदाबाद-राष्ट्रीय लोकदल जिन्दाबाद जैसी गगनभेदी नारेबाजी से माहौल गुंजायमान कर दिया जयंत चौधरी ने कार्यालय स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि कौशल विकास एवं उद्यमशीलता के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करके स्वावलम्बी बनाया जा रहा है एवं रोजगार के नये अवसरों का सृजन हो रहा है।स्वागत समारोह कार्यक्रम में पार्टी के सांसद चन्दन चौहान एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार सहित पार्टी के विधायक, राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों तथा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्षों ने भारी संख्या में सहभागिता की।वहीं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद लखनऊ में प्रथम आगमन पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे के नेतृत्व में स्वागत व अभिनंदन किया गया। कैंट विधान सभा कृष्णा नगर में वी मार्ट के सामने हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने 51 51किलो की फूल माला से जयंत चौधरी को लाद दिया।कार्यकर्ता ढोल नगाड़े के साथ जयंत चौधरी जिंदाबाद अनिल दुबे जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

# अधिकारियों के कार्यालय पर कांग्रेस लगाएगी शिकायत पेटिका

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** गुरुवार को कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल आउटरीच विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष और ''कांग्रेस दिलाएगी न्याय'' कार्यक्रम के लखनऊ प्रभारी कुलदीप आत्रेय ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अपनी समस्याओं को लेकर परेशान है कोई सुनवाई नहीं हो रही शासन प्रशासन की तरह से आम आदमी के हाथ बस उदासीनता लग रही है। कुलदीप आत्रेय ने कहा कि प्रदेश की जनता न्याय की आस लगाकर सरकार की ओर देख रही है मगर जनता के किसी भी समस्या का निवारण नही हो रहा है। उन्होंने कहा कि आम जनता की जन समस्याओं को देखते हुए और उसके प्रति सरकार के



गैर जिम्मेदारी वाले रवैया को मद्देनजर रखते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल आउटरीच विभाग द्वारा ''कांग्रेस दिलाएगी न्याय'' कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके माध्यम से जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश की पीड़ित जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए समाधान के लिए उचित प्रयास किया जायेगा इस अभियान पर कांग्रेस के शिष्य नृत्य की पूरी नजर है जिससे प्रदेश के प्रत्येक शोषित वंचित नागरिक को इंसाफ मिलेगा। कुलदीप आत्रेय ने बताया कि ''कांग्रेस दिलाएगी न्याय'' कार्यक्रम के शुरूआती चरण में प्रदेश के उन जनपदों को प्राथमिकता के तौर पर शामिल किया गया है जहां से कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चनुाव में जीत दर्ज की है, इसके साथ ही प्रदेश के जनपद गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ को भी शामिल किया गया। आज इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में जिलाधिकारी कार्यालय पर सोशल आउटरीच विभाग द्वारा शिकायत पेटिका रखी जायेगी जिसमें पीड़ित जनता अपनी समस्याओं को बंद लिफाफे में कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाया जाएगा।कांग्रेसी नेता आत्रेय ने बताया कि प्रदेश की पीड़ित जनता की समस्याओं से संबंध में शिकायत हासिल करने के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर जिसमें जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रोडवेज अधिकारी के कार्यालयों के बाहर ''सोशल आउटरीच कांग्रेस'' द्वारा एक न्याय पेटिका लगाई जायेगी जिसमे कोई भी व्यक्ति अपनी समस्याओं का प्रार्थना पत्र डाल सकता है पेटिका पर हेल्पलाइन नंबर, व्हाट्स एप नंबर तथा ईमेल आईडी भी लिखी होगी जिस पर कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लिख के भेज सकता है पेटिका की देखभाल और सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी ''सोशल आउटरीच कांग्रेस'' के जिला अध्यक्ष व जिला न्याय समिति की होगी।

## समाजवादी चिंतक दीपक मिश्र बोले, मुख्यमंत्री ने सदन में बोला है झूठ, मांगे माफी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रख्यात समाजवादी चिंतक और बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान बोलते हुए नेता सदन और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सदन में गलत तथ्य प्रस्तुत किए जिसकी कोई आवश्कता नहीं थी। सांविधानिक पद पर आसीन होकर बेवजह झूठ बोलने के लिए मुख्यमंत्रीजी को माफी मांगनी चाहिए या सार्वजनिक रूप से खेद प्रकट करना चाहिए। सदन में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है जबकि 4 अप्रेल 2024 को जारी केंद्र सरकार की ताजा रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश अर्थव्यवस्था के मामले में चौथे पायदान और प्रति व्यक्ति आय के लिहाज से 32वें स्थान पर है। उत्तर प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 22.17 लाख करोड़ रुपए है जो महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक के पश्चात है। मुख्यमंत्री जी ने सदन को गुमराह किया। उन्होंने सदन में एक तरफ आंकड़ों के माध्यम से एकांगी और अधूरा सच सामने रखा । उन्होंने यह तो बताया कि कितने लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया किंतु इस सच्चाई को छुपा गए कि उत्तर प्रदेश की लगभग 17.4 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीने के लिए अभिशप्त है। यह तादाद लगभग सवा चार (4.21) करोड़ है जो देश में सर्वाधिक है। मुख्यमंत्री जी द्वारा सदन के वरिष्ठतम सदस्यों में अग्रगण्य शिवपाल यादव के लिए भाग गए शब्द का प्रयोग निंदनीय है। आदित्यनाथजी से आग्रह है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सदृश पद और भारतरत्न गोविंद वल्लभ पंत, आचार्य संपूर्णानंद, सुचेता कृपलानी, चौधरी चरण सिंह, विश्वनाथ प्रताप सिंह, नारायण दत्त तिवारी, मुलायम सिंह यादव की परम्परा को लांक्षित न करें।

## 2023-24 में 4820 लोग कराये गये नशा मुक्त

» जागरूकता के लिए 252 के सापेक्ष 257 मद्यनिषेध रैलियों का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने आज विधान सभा के द्वितीय सत्र में विपक्ष द्वारा पूंछे गये तारांकित प्रश्न के जवाब में कहा कि प्रदेश में संचालित 20 नशा निर्व्यसन केन्द्रों पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4820 लोगों को नशा मुक्त कराया गया है, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 1196 व्यक्तियों को नशे से मुक्ति मिल चुकी है।

2012-13 से 2016-17 तक नशा मुक्ति केन्द्र की संख्या घटती रही है। वर्ष 2012-13 में जहां 33 नशा मुक्ति केन्द्र प्रदेश में संचालित हो रहे थे, वह 2016-17 में घटकर मात्र 16 रह गये थे। नितिन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मद्यनिषेध विभाग प्रदेश के



नवजवानों को नशा से मुक्ति दिलाने के लिए जागरूक और सजग है। उन्होंने कहा कि मद्यपान एवं नशीले पदार्थो के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों को प्रचारित कर जनमानसन में सचेतना जागृत करने का कार्य किया गया है, जिसके अंतर्गत 1260 मद्यनिषेध शिक्षात्मक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है, जो निर्धारित लक्ष्य का शत-प्रतिशत है। मद्यनिषेध शिक्षात्मक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में 5040 छात्र,छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार निर्धारित लक्ष्य 1260 के सापेक्ष 1269 मद्यनिषेध वालपेंटिंग का कार्य कराया गया है। मद्यनिषेध से संबंधित 21 होर्डिंग लगावाई गई। जागरूकता के लिए 252 के सापेक्ष 257 मद्यनिषेध रैलियों का आयोजन किया गया, 1680 के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 1696 गोष्ठियां कराई गई। 336 मद्यनिषेध प्रदर्शनियों लगाकर निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया गया। मद्यनिषेध के संबंध मे जनजागरूकता के लिए 257 सास्कृतिक कार्यक्रम कराये गये। उन्होंने कहा कि प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से 36 मद्यनिषेध शिक्षात्मक प्रचारात्मक कार्य कराये गये। नशा छोड़ने हेतु उपचार हेतु 3024 लोगों को प्रेरित करने का लक्ष्य रखा गया था,जिसको शत-प्रतिशत पूरा किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य को भी पूरा किया जायेगा। 2017 से पूर्व प्र्रदेश में नशे के तस्कर और शराब माफ्यिाओं को बढ़ावा दिया जाता था, जबकि वर्तमान सरकार में इनपर पूरी तरह से लगाम लगाई गई है तथा कड़ी कार्रवाई करते हुए शराब माफ्यिाओं को जेल भेजा गया।

## कृषि मंत्री से भिड़े सपा विधायक, जमकर हुआ हंगामा

» गुस्साए स्पीकर ने कार्यवाही से किया बाहर, सदस्यों के कहने पर की वापसी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में चौथे दिन एक वक्त जमकर हंगामा हुआ ,जब समाजवादी पार्टी विधायक को कार्यवाही से बाहर निकाल दिया गया। विधानसभा में सत्र के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही प्रश्न का जवाब दे रहे थे। सपा विधायक अनिल प्रधान उसके जवाब से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने मंत्री के जवाब पर हंगामा शुरू किया लेकिन उनकी भाषा पर स्पीकर ने सवाल खड़े कर दिए। स्पीकर सतीश महाना के बार-बार मना करने पर भी वह अपनी भाषा में सुधार करते नजर नहीं आए तो उन्हें कार्यवाही से बाहर करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद सपा ने इस फैसले पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए प्रतिक्रिया दी है। सपा ने कहा, समाजवादी पार्टी के युवा ,गरीब और पिछड़े वर्ग के विधायक अनिल प्रधान ने जनहित पर भाजपा सरकार के मंत्री से सदन में सवाल पूछ लिया तो भाजपा सरकार के विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा सत्ता के इशारे पर पिछड़े वर्ग के विधायक को सदन से बाहर निकलवा दिया।सपा ने कहा,दलित पिछड़े वर्ग के जनप्रतिनिधि क्या अब सत्ता धारी भाजपा के मंत्रियों और सरकार से सवाल भी नहीं पूछ सकते? जनता ने अपना जनप्रतिनिधि बनाकर सदन में भेजा है, भाजपा के दलित पिछड़ा वर्ग के नेता तो गुलाम हैं, सत्ताधारी भाजपा के द्वारा दलित पिछड़ा वर्ग पर अन्याय के बावजूद कोई सवाल नहीं करते लेकिन समाजवादी पार्टी में दलित पिछड़ा वर्ग के शेर चुनकर आए हैं जो सत्ताधारी भाजपा से सड़क से लेकर सदन तक कठोर सवाल करेंगे और भाजपा सत्ता को जवाब देना होगा।

## हत्या और अपराध के मामले में यूपी का पहला स्थान, सामाजिक सद्भाव जरूरीः नेता प्रतिपक्ष

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने योगी सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर हम आंकड़ों के आधार पर बात करें तो हमारा प्रदेश हत्या और अपराध के मामले में पहले स्थान पर है। महिला अपराध में और अनुसूचित जाति के अपराधों में देश में पहले स्थान है। वहीं आर्थिक अपराध में देश में प्रदेश का दूसरा स्थान है। बच्चों के अपराधों में प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। वहीं साइबर क्राइम में भी इजाफा देखने को मिला है। प्रदेश सरकार को राज्य की कानून व्यवस्था को कायम रखना चाहिए।

माता प्रसाद पांडेय ने हमला बोलते हुए कहा कि सपा को सीएम योगी माफ्यिाओं की पार्टी बताते है। मैं उनसे गुजारिश करूंगा कि जो भाजपा



में माफिया हैं, उनके खिलाफ भी सीएम योगी समान नजर रखें। आप कहते हैं कि आपकी सरकार ने गुंडे माफिया को खत्म कर दिया, लेकिन वो अभी भी हैं, जिन पर नकेल कसने की जरूरत है। आपने जब सीएम पद की शपथ ली थी तो आपने बिना किसी भेदभाव के सबके साथ न्याय करने की बात कही थी।

प्रदेश का सामाजिक सद्भाव रहे, इसके लिए सीएम योगी को पहल करनी चाहिए। हमारे मुस्लिम भाई ताजिया निकालते हैं। सरकार ने उनकी ताजिया को 12 फीट कर दिया। ऐसे में उनकी आस्था पर चोट पहुंची है। मैं गुजारिश करता हूं कि सरकार इस मुद्दे पर विचार करे। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में सबसे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार तहसील और थाने स्तर पर हो रहा है। हर तहसील में 600 से 800 मामले पेंडिंग पड़े हुए हैं। इंडिया करप्शन सर्वे 2019 के मुताबिक भ्रष्टाचार 34 प्रतिशत पुलिस विभाग में और 24 प्रतिशत नगर निगम में और सबसे ज्यादा 37 प्रतिशत राजस्व में है। भ्रष्टाचार से राज्य की आम जनता परेशान है।

## संक्षिप्त खबरें

### संविदा परिचालक दुर्घटना में जख्मी

**लखनऊ।** हर कर्मचारी विभाग के लिये एक पारिवारिक सदस्य के समान होता है। विभागाध्यक्षो को उसके दुख और सुख का बराबर खयाल रखना चाहिए। उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के अधीन बाराबंकी डिपो के संविदा परिचालक अविनेश कुमार सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। डिपो की एआरएम ने तत्काल अपने संविदा परिचालक को मदद को आगे आई। डिपो के अधिकारी और कर्मचारियों ने उसके दुख की घड़ी में साथ खड़े रहने की बात कही।एआरएम ने अविनेश कुमार को इलाज हेतु 12000 रूपये सहयोग राशि प्रदान की और उसके जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की।

### मिश्रिख से कार चुरा कर भागे तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** सैरपुर पुलिस ने गुरुवार को चोरी की कार समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद हुई कार सीतापुर के मिश्रिख से चुराई गई थी। डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि आरएस लॉन के पास से सैरपुर पुलिस ने कार सवार तीन लोगों को चेकिंग के लिए रोका। उनकी पहचान इटौंजा बरगदी निवासी सिलाई कारीगर मो. अतीक, इटौंजा निवासी श्रवण और सीतापुर अटरिया निवासी किसान दाता राम के तौर पर हुई। पूछताछ में अतीक ने बताया कि 28 जुलाई को मिश्रिख सिधौली रोड के पास से कार चोरी की थी। उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। डीसीपी ने बताया कि मिश्रिख पुलिस से सम्पर्क करने पर पता चला कि चोरी हुई कार नौशाद अली की है।

### महिला से मंगलसूत्र लूट कर भागा कैब ड्राइवर गिरफ्तार

**लखनऊ।** बीकेटी पुलिस ने मंगलसूत्र लूट की वारदात में शामिल कैब ड्राइवर को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। कैब चालक ने ही 26 जुलाई को हॉस्पिटल से लौट रही वृद्धा से चेन लूटी थी। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि टिकारी क्रॉसिंग के पास से इटौंजा निवासी कैब ड्राइवर मुशीर को गिरफ्तार किया गया। उसने 26 जुलाई की दोपहर राम सागर मिश्र हॉस्पिटल के बाहर इटौंजा शाहपुर निवासी संजाफिया को पता पूछने के बहाने रोका था। वृद्धा पता बताने लगी तभी झपट्टा मार कर मंगलसूत्र छीन कर कार से भाग निकला था। इंस्पेक्टर के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज की मदद से कार का नम्बर मिला था। इसके आधार पर मुशीर को गिरफ्तार किया गया।

### मेट्रो से एयरपोर्ट आने वालों के लिए नए टर्मिनल पर कॉरिडोर

**लखनऊ।** एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन से नए टर्मिनल-3 तक जाने वाले यात्रियों को बारिश-धूप से नहीं परेशान होना पड़ेगा। नए टर्मिनल तक कॉरिडोर बनेगा और नए टर्मिनल की विस्तार प्रक्रिया शुरू हो गई है। सबसे पुराना टर्मिनल-1 ध्वस्त करने के लिए उसे खाली करा लिया गया है। टर्मिनल-1 वर्ष 1996 में बनाया गया था। चारबाग स्टेशन की तर्ज पर बनाए गए इसी टर्मिनल से उड़ानों का संचालन शुरू हुआ था। अब इसे ध्वस्त किया जा रहा है। यहां अभी तक एयरपोर्ट प्रबंधन संभाल रही निजी कंपनी का दफ्तर था। उसे खाली कर दफ्तर टर्मिनल-2 में स्थानांतरित किया गया है। यह मार्च तक घरेलू टर्मिनल था, क्योंकि घरेलू और अन्तरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों की आवाजाही के लिए नया टर्मिनल-3 चालू हो चुका है। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार जल्द टर्मिनल-3 के फेज-2 का काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। एयरसाइड में गेटों की संख्या बढ़ जाएगी। यात्रियों के बैठने की भी व्यवस्था होगी। टर्मिनल-3 के सामने शॉपिंग प्लाजा बनेगा। इसकी भी शुरुआत हो गई है। चार से पांच मंजिला प्लाजा में यात्री खरीदारी कर सकेंगे। उनके ठहरने की व्यवस्था भी होगी। यहीं कई रेस्त्रां भी होंगे। ऐसे में नजदीकी जिलों से यात्रियों को लेने या छोड़ने आने वालों को काफी राहत मिलेगी।

### बंथरा में आज ट्रैफिक संचालन प्रभावित रहेगा

**लखनऊ।** कानपुर हाईवे पर शुक्रवार सुबह 11 से शाम पांच बजे के बीच एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य के कारण बंथरा बाजार में ट्रैफिक संचालन प्रभावित रहेगा। ट्रैफिक प्रशासन के मुताबिक बंथरा बाजार से आगे अशोक लेलैंड के पास पिलर नम्बर 128 से बीम उतारा जाएगा। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस आवश्यकतानुसार यातायात को रोक-रोक कर संचालित करेगी। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्गो का प्रयोग करने की अपील की है।

### डीपीएस के विद्यार्थियों ने आईआईएम की लाइब्रेरी देखी

**लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 और 12 के छात्रों ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ के पुस्तकालय का दौरा किया। इस यात्रा का आयोजन प्रधानाचार्य रूपम सलूजा के निर्देशन में किया गया। इसका मकसद छात्रों को पुस्तकालय और सूचना विज्ञान के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और संसाधनों से परिचित कराना था। छात्रों ने पुस्तकालय में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के बारे में जाना, जैसे कि ई-न्यूजपेपर, ई-जर्नल और कोहा पुस्तकालय सॉफ्टवेयर। ये संसाधन छात्रों को अनुसंधान और अध्ययन में मदद करने के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान पुस्तकालयाध्यक्ष एमके सिंह, रविंद्र कुमार, अनूप सिंह ने छात्रों को पुस्तकालय के कार्य और संसाधनों के बारे में जानकारी दी। छात्रों के साथ फैकल्टी सदस्य पूर्णिमा सक्सेना ने भी हिस्सा लिया।

### अंगदान के लिए आगे आएं लोगः डॉ. सूर्यकांत

**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सुजान सभागार में गुरुवार को अंगदान जागरूकता के लिए प्रतिज्ञा अभियान की शुरुआत हुई। विशिष्ट अतिथि केजीएमयू रेस्पिरेटरी मेडिसिन के प्रमुख डॉ. सूर्यकांत को भातखंडे कुलपति ने तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत किया। डॉ. सूर्यकांत ने हर किसी से अंगदान करने में अहम भूमिका निभाने को कहा। साथ ही छात्र-छात्राओं को अंगदान की महत्ता को बताया। अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को भी दूर करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में गायन विभाग की अध्यक्ष डॉ. सृष्टि माथुर, तालवाद्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र, कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन आदि रहे।

### संपत्तियों की रजिस्ट्री में 149 करोड़ की हुई अनियमित्ता

**लखनऊ।** भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (कैग) ने वर्ष 2022-23 के दौरान स्टांप एवं निबंधन विभाग द्वारा की गई संपत्तियों की रजिस्ट्री के 438 मामलों का परीक्षण किया। इनमें से 316 मामलों में 149 करोड़ की अनियिमितताएं पाई गई है। इसमें संपत्तियों मूल्यकांन के 204, रजिस्ट्री के 34 और अन्य 78 मामलों में गड़बड़ियां पाई गईं हैं। कैग ने जांच में पाया गया है कि बंधक विलेखों पर 2.57 करोड़ कम स्टांप शुल्क एवं अतिरिक्त स्टांप शुल्क लगाया गया। इसमें सरोजनी नगर लखनऊ, पिंडरा वाराणसी, सदर मऊ, चंदौली, बलिया, करछना प्रयागराज, अलीगढ़, नोएडा के मामले हैं। कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरोजनीनगर लखनऊ में हुई रजिस्ट्रियों में 480 का परीक्षण किया गया। इनमें 10 करोड़ से अधिक वालों में पाया गया कि 2.57 करोड़ रुपये कम शुल्क लगाया गया है। कैग की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मार्च 2017 से सितंबर 2022 के 40 संपत्तियों की रजिस्ट्री की जांच में पाया गया है कि बेंची गई भूमि को मुख्य सड़क और आबादी से दूर दिखा दिया गया। इसे 200 मीटर की त्रिज्या में कृषि गतिविधियों का इसलिए दिखा दिया गया कि कम शुल्क देना पड़े। जांच में पाया गया है कि रजिस्ट्री और स्टांप शुल्क में 2.28 करोड़ रुपये कम लगाया गया है।

### लोहिया की इमरजेंसी में एसी पंखे ठप,उमस से जूझे मरीज

**लखनऊ।** लोहिया संस्थान की इमरजेंसी के हालात बेहद खराब हैं। एयर कंडीशनर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। पंखे तक खराब पड़े हैं। उमस और गर्मी से मरीज-तीमारदार बेहाल हैं। ऐसे में तीमारदार मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए हाथ वाले पंखे ला रहे हैं। उससे मरीजों को राहत देने का प्रयास कर रहे हैं। संस्थान प्रशासन एयर कंडीशनर, पंखे दुरुस्त कराने की जहमत भी नहीं उठा रहे हैं। जबकि संस्थान को उपकरणों की मरम्मत के लिए सरकार ने करोड़ों का बजट जारी किया है। इसके बावजूद मरीज गर्मी झेलने को मजबूर हैं। तीमारदारों की शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। एयर कंडीशनर,पंखे ठीक कराने में संस्थान प्रशासन दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। मरीज और तीमारदारों की रोकटोक के लिए इलेक्ट्रॉनिक बैरियर लगा रखे हैं।

# झलकारी बाई अस्पताल में 5 घंटे बाधित रहा इलाज

▸▸ लेबर रूम में भर गया सीवर का पानी

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के झलकारीबाई अस्पताल में बुधवार की बारिश से मरीजों का उपचार बाधित हो गया। लेबर रूम से लेकर ऑपरेशन थिएटर तक सीवर से भर जाने के बाद हालात बदहाल हो गए। दूसरी, तरफ ड्रेनेज पाइप से आया छत का पानी इमरजेंसी वॉर्ड और कॉरिडोर में भर गया। जिसके चलते अस्पताल में मरीजों की इलाज मिलना ठप हो गया। हालांकि अस्पताल प्रशासन देर रात तक सभी व्यवस्था वापस से दुरुस्त रखने के दावे कर रहा था। वहीं,अगले दिन यानी गुरुवार को भी अस्पताल परिसर में जलभराव और सीवर के पानी की बदबू से मरीजों और मेडिकल स्टॉफ परेशान दिखे। बहरहाल, आज भी ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ी और मरीजों का इलाज मिलना शुरू हुआ। हालांकि, अस्पताल प्रशासन सभी चिकित्सकीय सेवाओं के ट्रैक पर आने की बात कह रहा हैं। झलकारी बाई अस्पताल में रोजाना एक दर्जन से ज्यादा डिलीवरी होती हैं। इनमें से बड़ी संख्या सिजेरियन डिलीवरी की होती हैं। साथ ही नार्मल डिलीवरी के लिए भी यहां प्रसूताओं का लाया जाता हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में गर्भवती महिला रूटीन जांच और इलाज के लिए पहुंचती हैं। सरकारी अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. निबेदिता कर ने बताया कि बुधवार की भारी बारिश से अस्पताल परिसर में जलभराव हो गया। उधर, लेबर रूम के पीछे नाला चोक होने के कारण सीवेज भी बैकवर्ड फ्लो करने लगा। जिसके चलते लेबर रूम और ऑपरेशन थिएटर में भी गंदगी और जलभराव हो गया। बाद में वॉटर पंप के जरिए पानी बाहर निकाला गया। फिर हाइपोक्लोराइड से साफ-सफाई की गई। इसके बाद पूरे एरिया को फ्यूमीगेट किया गया। सैनीटाईजेशन के बाद 8 बजे के करीब लेबर रूम और फिर 10 बजे तक ओटी को फिर से चालू किया गया था।

### एडेड के शिक्षकों के कैशलेस इलाज पर विचार करेगी सरकार

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को विधान परिषद में कहा कि सरकार एडेड स्कूलों के शिक्षकों को कैशलेस इलाज की सुविधा मुहैया कराने पर विचार करेगी। निर्दल समूह के राज बहादुर सिंह चंदेल और डा. आकाश अग्रवाल ने कार्यस्थगन के तहत ही माध्यमिक शिक्षकों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति और कैशलेस इलाज का मुद्दा उठाया। इस पर शिक्षक दल के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने भी अपनी बात रखी। कहा कि राजकीय कर्मचारियों को यह सुविधा मिलती है, लेकिन एडेड और वित्तवहीन स्कूलों के शिक्षकों को नहीं। यह जीवन का सवाल है। इस पर सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार करे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि वैसे तो पूरे प्रदेश में सरकारी अस्पतालों में मरीजों को निःशुल्क इलाज की सुविधा है। जिसका लाभ शिक्षक भी ले रहे हैं। फिर भी वे शिक्षकों की इस समस्या पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

## नैक टीम ने सुभाष कॉलेज की व्यवस्थाएं परखी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** अलीगंज स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कॉलेज में नैक पीयर टीम ने निरीक्षण किया। पहले दिन टीम ने कॉलेज में कक्षाओं, शौचालय, स्टाफ रूम, बहुउद्देशीय हाल समेत अन्य कई स्थानों को देखा। प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी ने बताया कि हमने पीपीटी के जरिए अपना प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक कुल पांच वर्ष कॉलेज के प्रमुख कार्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।

लगभग एक घंटे की अपनी प्रस्तुति के दौरान प्राचार्या ने विकास कार्य, शुरू हुए नए पाठ्यक्रम, खाली पदों को भरे जाने, छात्रा हित में किए गए कार्यों को बताया। उन्होंने पीयर टीम को बताया कि कॉलेज करियर काउंसलिंग सेल, भूतपूर्व छात्रा परिषद, शिकायत प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ और छात्रा सहायता से



जुडी अनेक समितियां कार्य कर रही हैं।

इस दौरान नैक पीयर टीम के चेयरपर्सन व भारतीय विद्या पीठ पुणे के कुलपति प्रो. माणिक राव, समन्वयक व गुजरात नालेज कनजोरटियम के निदेशक प्रो. नरेंद्र चोटालिया, सदस्य व मिजोरम विवि की डीन प्रो. जुकायलॉगी शामिल रहे। साथ ही इग्नु की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मनोरमा सिंह, एलयू की प्रो वीसी प्रोफेसर मनुका खन्ना और विवि की आईक्यूएसी प्रभारी प्रोफेसर संगीता साहू और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. सुधीर कुमार चौहान भी मौजूद रहे।

### दवा कम्पनी संचालक से तीन करोड़ की धोखाधड़ी, चार नामजद

**लखनऊ।** चिनहट कोतवाली में फार्मास्यूटिकल फर्म संचालक ने चार लोगों के खिलाफ तीन करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपितों ने कम्पनी को कच्चा माल सप्लाई करने के बदले रुपये लिए थे।

सेमरा निवासी मायाराम जगनारायण की मायाकेयर के नाम से नाइजीरिया में फर्म है। कुछ वक्त पहले उनकी मुलाकात मनोज अहेर से हुई, जो नाइजीरिया में ही नौकरी करता था। वह मुम्बई स्थित वेस्टफिन कम्पनी में आ गया।

वर्ष 2021 में मनोज ने मिल कर वेस्टफिन कम्पनी से कच्चा माल खरीदने की बात कही। इसके बाद मायाराम ने करीब तीन करोड़ रुपये टुकड़ों में मनोज और कम्पनी के अधिकारियों को दिए लेकिन उन्हें कच्चा माल सप्लाई नहीं किया गया। कई बार कहने पर आरोपित टालमटोल करते रहे। इससे परेशान होकर मायाराम ने सचिव गृह डॉ. संजीव गुप्ता से मिल कर उन्हें घटना के बारे में बताया। उनके निर्देश पर चिनहट कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मकान मालिक ने लगाया मां बेटे पर एसी चुराने का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में रहने वाले एक मकान मालिक ने अपने किराएदार के खिलाफ केस दर्ज कराया है। किराए दार पर एसी चोरी करने का आरोप लगा है। वृंदावन योजना के सेक्टर-11 में रहने वाले संजय सिंह ने बताया कि वह गोमती नगर के विजय खंड में एसी की एजेंसी 25 साल से चला रहे हैं। दूसरा मकान सेक्टर-14 वृन्दावन कॉलोनी में है। इसमें संजय जायसवाल अपनी मां के साथ किराए पर रहता है। दिसंबर 2019 को 120 एसी मकान में रखवाए थे। 2020 और 2021 में करोना और लॉकडाउन के कारण एसी का व्यापार प्रभावित रहा। सेल नहीं हो पाई। एक दिन देखा तो 1.5 टन 5 स्टार एसी का इंडोर यूनिट कम है। 1.8 टन एसी का आउटडोर कम है। स्टॉक ज्यादा होने की वजह से कन्फर्म नहीं हो सका, और ये सोचा शायद किसी एसी के पीछे या नीचे समान दबा होगा। 2023 में सही से चेक करने पर आभास हुआ कि ये एसी वहां है ही नहीं। बरसात के कारण, नमी होने से भी एसी के गत्तों में दीमक लग गए। इसके बाद कुछ गत्ते बदल कर एक कमरे में सारे एसी बंद कर दिया। कुल पांच एसी के आउटडोर जिनके गत्ते उपलब्ध नहीं हों पाए थे। पांच आउटडोर लॉकर कमरे से बाहर अन्य कमरे में रखा गया। ग्यारह जुलाई को जब उन एसी को चेक किया गया तो पाया कि उनमें से सभी एसी में से कपर पाइप किट गायब थी। किराएदार से पूछने पर उसकी मां ने बताया कि सारी एसी की रस्सी को चूहों ने काट दिया है। उनको कॉपर किट के बारे में कुछ नहीं पता है। उनको कहा और रस्सी दिखाया तो पता चला वो किसी धार दार चीज से काटा गया है।

उनका कहना था कि जानकारी करने पर पता चला कि संजय जायसवाल शराब पीने का आदी है। रोज शराब पीता है। इस चोरी में संजय जायसवाल का हाथ है। उसकी मां भी इसमें संलिप्त हो सकती है। संजय के मुताबिक, पांच कॉपर पाइप किट की कीमत 15000 रुपए (3000प्रति किट) है।

# सड़क हादसों में लाएं कमी

▸▸ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में बैठक हुई

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति एवं यातायात, ट्रैफिक व्यवस्था सुगम व सुदृढ़ बनाने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में आहूत की गई। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रसाशन रणविजय यादव, अपर आयुक्त न्यायिक शीलधर यादव, जनपद के समस्त जिलाधिकारी, पीडब्लूडी, आरटीओ व पुलिस विभाग सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को सुगम और सुचारू रूप से संचालन किया जाये। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमो का अनुपालन कठोरता से कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। अधिकांश सड़क दुघर्टनाएं ट्रैफिक नियम की अनदेखी से होती हैं। लिहाजा दुपहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही सड़क पर बाईक चलाये। यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा की जरूरत के दृष्टिगत ब्लैकटॉप बढ़ाने का कार्य, डिवाईडर बनाने का कार्य प्राथमिकता पर किया जाए। पुलिस पेट्रोलिंग हॉटस्पॉट वाले एरिया में नियमित रूप से भ्रमणशील रहे। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि समस्त जनपदों में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, के लिए मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक दिनांक 28 जून के जारी कार्यवृत्त में विशेष रूप से ब्लैक स्पॉट्स का चिन्हांकन के निर्देश दिये गये थे। उपरोक्त के संदर्भ में अभी तक क्या कार्यवाही की गई है,इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों से लिया। संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में ब्लैक स्पाट्स का चिन्हींकरण जनपद के आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस, लोक निर्माण विभाग व स्थानीय प्रशासन द्वारा करा लिया गया है। ब्लैक स्पाट्स के सही चिन्हांकन के पश्चात् टीम द्वारा उसके निदान के लिये लगाना, सड़क चौड़ीकरण, अतिक्रमण हटाना, सड़क की मरम्मत करना, डिवाइडरों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगवाना, ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करना आदि का विवरण तैयार कर एक कार्य योजना के तहत कार्य किया जा रहा है।

## विधानसभा ड्यूटी पर जा रहे पुलिसकर्मी को दबंगों ने पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कैंट इलाके में विधानसभा ड्यूटी पर जा रहे पुलिसकर्मी से कार सवार तीन लोगों ने मारपीट की। दरोगा अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे तभी कार सवार पीछे से बाइक में टक्कर मार दिए। कार से बचने के प्रयास में पुलिसकर्मी का हाथ उनकी कार में लग गया। इसके बाद कार सवार आगे जाकर रुके। कार से उतरे युवकों ने दरोगा की कॉलर पकड़ ली और उसके साथ बदसलूकी करने लगे। कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक सहादतगंज थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर आनंद विकास की विधानसभा सत्र में ड्यूटी लगी हुई है। बुधवार को दोपहर 3.30 बजे वह अपनी बाइक से विधानसभा की तरफ जा रहे थे। तभी लाल कुर्ती तिराहे के पास सिग्नल पर जाम लगा हुआ था। पीछे से आ रही कार यूपी 32 यूएन 2511 ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और आगे निकल गई। पुलिसकर्मी किसी तरह खुद को बचाते हुए खड़े हुए। तभी उनका हाथ कार पर लग गया। इसके बाद कार सवार तीन लोग गाड़ी किनारे लगाकर उनके पास आए। उनके पास आकर तीनों ने मारपीट और गाली गलौज शुरू कर दी। वह काफी समझाने का प्रयास किए लेकिन दबंग नहीं मानें। उनके साथ बदसलूकी करते रहे। इसके बाद धमकी देते हुए बोलने लगे अगर वर्दी में नहीं होते तो यहीं जान से मार देते। तुम पुलिस में हो अभी तुम्हारी वर्दी उतरवाता हैं, तुम्हें नहीं पता हम लोग कौन हैं। कहां तक हमारी पहुंच है। मारपीट होता देख लोग बीच बचाव करने आ गए। इसके बाद मौके से बदमाश भाग निकले। पुलिस मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है।

# जैतीपुर में लूपलाइन निर्माण के चलते आठ ट्रेनें रद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के लखनऊ कानपुर रेलखण्ड के जैतीपुर स्टेशन पर लूपलाइन निर्माण के चलते छह से 14 अगस्त तक ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। इस बीच आठ ट्रेनें निरस्त रहेंगी।


सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि 12, 13, 14 अगस्त को 01823 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी चारबाग पैसेंजर, 14124 कानपुर प्रतापगढ़ इंटरसिटी, 14123 प्रतापगढ़ कानपुर इंटरसिटी, 04297 उतरेटिया कानपुर मेमू, 04296 कानपुर उतरेटिया मेमू कैंसिल रहेंगी। 12 और 13 अगस्त को 05380 कासगंज लखनऊ स्पेशल, 05379 लखनऊ कासगंज स्पेशल कैंसिल रहेगी। 14 अगस्त को 12180 आगरा फोर्ट लखनऊ जंक्शन इंटरसिटी, 12179 लखनऊ जंक्शन आगरा फोर्ट इंटरसिटी रद्द रहेगी। छह अगस्त को 09111 वडोदरा गोरखपुर स्पेशल कानपुर सेंट्रल से 80 मिनट, 14124 कानपुर प्रतापगढ़ इंटरसिटी कानपुर सेंट्रल से आधे घंटे रोककर चलाई जाएगी। सात अगस्त को 04137 बरौनी समर स्पेशल कानपुर सेंट्रल से 140 मिनट, नौ अगस्त को 11124 बरौनी ग्वालियर मेल, 15269 साबरमती जनसाधारण एक्सप्रेस बाराबंकी स्टेशन पर क्रमशः 50 और 40 मिनट रोककर चलाई जाएगी। 11 अगस्त को 04296 कानपुर उतरेटिया मेमू, 12522 राप्तीसागर एक्सप्रेस, 19409 अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस, 01823 वीरागंना लक्ष्मीबाई चारबाग पैसेंजर कानपुर सेंट्रल से देरी से रवाना होगी। 12 और 13 अगस्त को 12594 भोपाल लखनऊ जंक्शन गरीबरथ, 19715 जयपुर गोमतीनगर एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल से रोककर चलाई जाएगी।

**बदले रूट से चलेंगी ये ट्रेनें**

13 अगस्त को 09417 करमाली अहमदाबाद स्पेशल, 14 को 12875 नीलांचल एक्सप्रेस, 12173 उद्योगनगरी एक्सप्रेस उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़, वाराणसी के रास्ते चलाई जाएगी। 14 को 09418 पटना-अहमदाबाद स्पेशल, 09405 पटना स्पेशल कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते चलाई जाएंगी। 09112 गोरखपुर वडोदरा स्पेशल, 12589 गोरखपुर सिकंदराबाद एक्सप्रेस गोरखपुर, अयोध्या, सुलतानपुर, प्रतापगढ़ के रास्ते चलाई जाएगी।

**इनका बदलेगा समय**

14 अगस्त को 04298 कानपुर लखनऊ स्पेशल कानपुर सेंट्रल से दोपहर 12.20 बजे की जगह 3.20 बजे चलेगी। 15066 पनवेल गोरखपुर एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल से देरी से चलेगी। 22531 छपरा मथुरा एक्सप्रेस छपरा से सुबह 5.20 बजे की जगह 7.20 बजे, 04295 लखनऊ कानपुर स्पेशल लखनऊ से दोपहर ढाई बजे की जगह शाम चार बजे और 12003 शताब्दी एक्सप्रेस लखनऊ जंक्शन से दोपहर 3.30 की जगह 3.45 बजे रवाना की जाएगी।



# शिक्षिका का 24 घंटे बाद भी पता नहीं चला

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की इंदिरा नहर में कूदी शिक्षिका का 24 घंटे बाद भी पता नहीं चल सका है। देर शाम अंधेरा होने के कारण सर्च अभियान रोक दिया गया था। गुरुवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे से एसडीआरएफ टीम ने फिर से सर्चिंग में जुटी है।

घटना गोसाईगंज थाना क्षेत्र के हबुआपुर की है। परिवार वालों का कहना है कि दीपाली यादव (25) प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती थी। 4 भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। वह बीएड की पढ़ाई भी कर रही थी। जब घर से निकली थी, तब बोली थी कि जैतीपुर मार्केट कपड़े खरीदने जा रही हूं। ढाई घंटे बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटी तो पिता ने उसकी मां से पूछा कि दीपाली कहां गई है। वो बोलीं- मार्केट गई है। इसके बाद परिवार ने उसे खोजना शुरू कर दिया। जैतीपुर बाजार के एक दुकानदार ने बताया कि दोपहर में यहीं पर दीपाली एक ऑटो रुकवा रही थी। फिर वह कहां गई पता नहीं चला। जैतीपुर मार्केट से दीपाली इंदिरा नहर पर बने हबुआपुर पुल के पास पहुंची। यहां नहर के पास मौजूद पान की दुकान पर गई। दीपाली ने दुकानदार से फोन लेकर मां को फोन भी किया। फोन उसके छोटे भाई सुयश ने उठाया। भाई ने पूछा भी कि दीदी कहां हो, तो बोली मां से बात कराओ। लेकिन मां वहां नहीं थीं। इसके बाद फोन काट दिया। दीपाली का फोन आते ही भाई ने स्पीकर ऑन कर दिया। सुयश की दीपाली से बात करते सुनकर घर में मौजूद मामी भी पास में आ गई। सुयश ने उन्हें फोन भी दिया। लेकिन तब तक दीपाली फोन काट चुकी थी। सुयश ने दोबारा दुकानदार को फोन किया, लेकिन वो वहां से जा चुकी थी। इसी के बाद दीपाली कुछ दूर जाकर नहर में कूद गई। दीपाली क्यों नहर में कूदी, इसका कारण अभी तक परिवार में किसी को समझ में नहीं आया है। दीपाली के मामा संजय का कहना है कि उसने इंदिरा नहर के पास होने की बात कहकर फोन काट दिया था। इसके बाद हम लोगों ने कई बार उस नंबर पर फोन मिलाया, लेकिन फोन व्यस्त रहा। बाद में पता चला दीपाली वहां से जा चुकी थी। जब तक हम मौके पर पहुंचे, तब तक दीपाली नहर में कूद चुकी थी। गोसाईगंज इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि दीपाली यादव (25) पुत्री राम शंकर यादव उम्र करीब 25 वर्ष निवासी जैतीपुर थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव ने बुधवार शाम करीब 6.30 बजे गोसाईगंज के हबुआपुर पुल से इंदिरा नहर में छलांग लगा दी। पास के दुकानदारों ने नहर में कूदते हुए लड़की को देखा और पुलिस को सूचना दी।

### केजीएमयू में घुसा बारिश का पानी, रेडियोथेरेपी नहीं हो सकी

**लखनऊ।** भारी बारिश की वजह से पानी केजीएमयू के रेडियोथेरेपी विभाग में घुस गया। इसकी वजह से रेडियोथेरेपी मशीन का संचालन ठप हो गया। गुरुवार भी लीनैक मशीन का संचालन नहीं हो सका। इसकी वजह से मरीजों को दिक्कतें झेलनी पड़ीं। केजीएमयू के रेडियोथेरेपी विभाग में एक लीनैक, ब्रेकी थेरेपी और कोबाल्ट मशीनें हैं। इन मशीनों के माध्यम से कैंसर मरीजों की सिकाई की जाती है। रोज 150 से ज्यादा मरीजों की सिकाई हो रही है। बुधवार को तेज बारिश के बाद पानी शताब्दी फेज-2 के बेसमेंट में घुस गया। यहां पानी भरने से लीनैक मशीन का संचालन ठप हो गया है। दूसरे दिन कर्मचारी सुबह से पानी निकालने में जुटे रहे। पूरा पानी निकाल दिया गया, लेकिन नमी बरकरार है। ऐसे में लीनैक संचालित नहीं की गई। मरीजों को दूसरी मशीन के माध्यम से सिकाई दी गई।

# गनेशगंज में छह माह से सड़क निर्माण ठप

▸▸ लोगों ने पोस्टर लगाकर मांगा जवाब

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखनऊ।** गनेशगंज में छह माह से सड़क का निर्माण रुका हुआ है। स्थानीय लोग परेशान हैं। लोगों ने गली के मुहाने पर पोस्टर लगा दिया है। इसमें जिम्मेदारों से जवाब मांगा गया है। सड़क का निर्माण सांसद निधि से हो रहा था।

गुस्साए स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया पर भी नगर निगम और महापौर को टैग करते हुए पोस्ट किए हैं। गली में लगे पोस्टर में लिखा है, 'विगत छह माह से सड़क नहीं बनने दी जा रही है। गंदगी और जानलेवा मच्छरों का बसेरा है। पूछ रहे हैं स्थानीय निवासी जिम्मेदार चुप, जवाबदेह कौन। यहां रहने वाले दिवाकर मिश्रा ने बताया कि सांसद निधि से यह सड़क निर्माण शुरू हुआ था। आरोप है कि एक नेता ने निर्माण रुकवा दिया। इसके बाद कुछ दिन तक तो ठेकेदार ने स्थिति सामान्य होने की प्रतीक्षा की। फिर सामान समेटकर चला गया। अब अधूरी सड़क और नाली बरसात के मौसम में दिक्कत बन गई है। यह सड़क मनीषा होटल के पास वाली गली की है। लोगों ने कई बार नगर निगम के अधिकारियों से लेकर महापौर तक शिकायत की है।

## गर्भवती महिला ने लगाया फंदा

**लोनी।** अंकुर विहार थाना क्षेत्र की डीएलएफ कॉलोनी में बुधवार को सात माह की गर्भवती महिला ने घर के अंदर कमरे में फंदा लगा लिया। परिवार के लोग कमरे में पहुंचे तो घटना का पता चला। सूचना पर मायके वाले पहुंचे। उन्होंने मामले में कार्रवाई से इन्कार किया है। बागपत में रहने वाले मुंजरीन (25) की शादी दो साल पहले लोनी के डीएलएफ अंकुर विहार में रहने वाले अरमान के साथ हुई थी। अरमान ऑटो चलाते हैं। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि डीएलएफ कॉलोनी में महिला मुंजरीन ने फंदा लगा लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को बुलाया। परिजनों ने बताया कि मुंजरीन सात माह की गर्भवती थी। उनका किसी बात को लेकर परिवार में मनमुटाओ हो गया था। मुंजरीन की एक बेटी भी हैं। मुंजरीन के परिजन लोनी आए है, लेकिन वह कार्रवाई से इन्कार कर रहे है। पुलिस परिजनों से बात कर रही है। मौत के पीछे के कारण का पता नहीं चल सका है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अरमान और उसके परिवार से भी पूछताछ की जाएगी।

# एटा उद्योग व्यापार मंडल का जिला कार्यकारिणी एंव नगर कार्यकारिणी किया गया गठन

- एटा उद्योग व्यापार मंडल की नगर कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष के पद पर पुनः अतुल राठी को चुना गया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** बुधवार को स्थान शुक्ला गार्डन मालगोदाम रोड एटा पर चुनाव अधिकारी टीम की देखरेख एवं मार्गदर्शन में एटा उद्योग व्यापार मंडल एटा की एटा नगर कार्यकारिणी , जिला युवा कार्यकारिणी, नगर युवा कार्यकारिणी, महिला जिला कार्यकारिणी एवं नगर महिला कार्यकारिणी तथा अधिवक्ता सलाहकार समिति का गठन किया गया। एटा उद्योग व्यापार मंडल एटा की नगर कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष के पद पर पुनः अतुल राठी जी को चुना गया , नगर चेयरमैन के पद पर कैलाश जैन तथा नगर महामंत्री के पद पर श्री डेविड जैन को नगर कोषाध्यक्ष के पद पर अमित गुप्ता को नगर संयुक्त महामंत्री के पद पर आदेश गुप्ता को तथा नगर उपाध्यक्ष के पद पर जनाब तनवीर अन्ना खान को चुना गया । जिला युवा कार्यकारिणी में युवा जिलाध्यक्ष के पद पर संजीव कुमार जैन को युवा जिला महामंत्री के पद पर संजीव वार्ष्णेय को युवा जिला कोषाध्यक्ष के पद पर प्रसून वार्ष्णेय बुधवार को स्थान शुक्ला गार्डन मालगोदाम रोड एटा पर चुनाव अधिकारी टीम की देखरेख एवं मार्गदर्शन में एटा उद्योग व्यापार मंडल एटा की एटा नगर कार्यकारिणी , जिला युवा कार्यकारिणी, नगर युवा कार्यकारिणी, महिला जिला कार्यकारिणी एवं नगर महिला कार्यकारिणी तथा अधिवक्ता सलाहकार समिति का गठन किया गया। एटा उद्योग व्यापार मंडल एटा की नगर कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष के पद पर पुनः अतुल राठी जी को चुना गया , नगर चेयरमैन के पद पर कैलाश जैन तथा नगर महामंत्री के पद पर डेविड जैन को नगर कोषाध्यक्ष के पद पर अमित गुप्ता को नगर संयुक्त महामंत्री के पद पर आदेश गुप्ता को तथा नगर उपाध्यक्ष के पद पर जनाब तनवीर अन्ना खान को चुना गया।जिला युवा कार्यकारिणी में युवा जिलाध्यक्ष के पद पर संजीव कुमार जैन को युवा जिला महामंत्री के पद पर संजीव वार्ष्णेय को युवा जिला कोषाध्यक्ष के पद पर प्रसून वार्ष्णेय सौरभ गुप्ता संयुक्त महामंत्री को चुना गया।

नगर युवा कार्यकारिणी में युवा नगर अध्यक्ष के पद पर सौरभ वार्ष्णेय लाला , नगर युवा महामंत्री के पद पर दीपू जैन को , युवा नगर कोषाध्यक्ष के पर विनायक गुप्ता को चुना गया।जिला उद्योग मंच की कार्यकारिणी के लिए जिलाध्यक्ष के पद पर धर्मवीर सिंह गहलौत को जिला महामंत्री के पद पर अक्षय चतुर्वेदी तथा जिला कोषाध्यक्ष के पर अलोक जैन जी को चुना गया। जिला महिला कार्यकारिणी में महिला जिलाध्यक्ष के पद पर श्रीमती चीना अग्रवाल , जिला महिला महामंत्री के पद पर श्रीमती रतिका शर्मा ,जिला महिला कोषाध्यक्ष के पद पर श्रीमती मंजू राठौर तथा जिला चेयरमैन के पद पर श्रीमती नीलम गुप्ता , श्रीमती अंजली गहलौत जी को जिला महिला संयुक्त महामंत्री के पद पर श्रीमती शिवांगी जैन को जिला महिला मीडिया प्रभारी के पद पर चुना गया। एटा नगर महिला कार्यकारिणी में नगर महिला अध्यक्ष के पद पर श्रीमति मंजू वार्ष्णेय ,नगर महामंत्री के पद पर श्रीमती प्रियंका सिंघल, महिला नगर कोषाध्यक्ष के पद पर श्रीमती दीप्ति अग्रवाल जी को चुना गया।अधिवक्ता सलाहकार समिति में क्रमशःसुन्नेश कुमार जैन एडवोकेट , रोहित पुंढीर एडवोकेट , वरुण जौहरी एडवोकेट तथा राकेश कुमार गुप्ता आर टी ओ को चुना गया।

कार्यकारिणी गठन कार्यक्रम का संचालन गणेश वार्ष्णेय मंत्री अवागढ़ वालों द्वारा किया गया।

## अलीगंज से आये प्रतीत त्रिपाठी ने संभाला एसडीएम का पदभार

**लोकमित्र ब्यूरो**



**जलेसर/एटा।** जनपद की अलीगंज तहसील से स्थानांतरण होकर आये पीसीएस अधिकारी प्रतीत त्रिपाठी ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी जलेसर पद का कार्यभार ग्रहण किया। वर्ष 2022 बैच के पीसीएस अधिकारी श्री त्रिपाठी जलेसर से आने से पूर्व अलीगंज, हरदोई एसडीएम एवं जनपद मुख्यालय पर अपर उपजिलाधिकारी पद पर भी आसीन रह चुके हैं। पदभार ग्रहण के उपरांत मीडिया से हुई मुलाकात में नवागत एसडीएम ने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता गरीब-असहाय लोगो को त्वरित न्याय दिलाना एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना होगी।नवागत एसडीएम प्रतीत त्रिपाठी ने बताया कि शासन की प्राथमिकता में सम्मिलित लम्बित मुकद्दमों का प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाना भी प्राथमिकता में सम्मिलित है।

ताकि वादकारियों को नियमानुसार नियत समय मे न्याय प्रदान किया जा सके। जमीनों की पैमाइश राजस्व अभिलेख के अनुसार सभी संबंधित पक्षो के समक्ष हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जायेगा। तथा ऑनलाइन शिकायती पत्रों का ससमय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जायेगा। साथ ही शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कराकर उसका लाभ सभी पात्रों को दिलाया जाना भी उनकी प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। किसानों की समस्याओं के सवाल के जबाब में नवागत एसडीएम ने कहा कि राजस्व अभिलेखों में किसानों के नाम दर्ज सम्बन्धी जो भी त्रुटि हो गयी है। उन्हें सही कराया जायेगा। किसानों को जानबूझकर परेशान करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी। तहसील में जोरो पर चल रहे अवैध खनन के सवाल पर उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय अधिकारियों से वार्ता कर अवैध खनन की समस्या का भी निस्तारण कराया जायेगा।

# परिवहन निगम बसों में शुरू करेगा कुरियर सर्विस




**लोकमित्र ब्यूरो**

**साहिबाबाद।** तीन साल बाद एक बार फिर से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बसों में कुरियर सेवा शुरू करेगा। साल 2021 में कोरोना के दौरान इस सर्विस को परिवहन निगम ने बंद किया था। सर्विस बंद करने के बाद से लोग लगातार बसों में कुरियर सेवा शुरू करने की मांग कर रहे थे। अब 9 सितंबर से यह सर्विस शुरू की जाएगी।उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की तरफ से इसके लिए एवीजी लॉजिस्टिक नाम की कंपनी के साथ पांच वर्षों के लिए अनुबंध भी कर लिया गया है। इसके तहत कौशांबी, लोनी, साहिबाबाद , गाजियाबाद समेत सभी बस डिपो पर अनुबंध की हुई कंपनी द्वारा एक कुरियर ऑफिस बनाया जाएगा।

कुरियर ऑफिस बनाने की अनुमति गाजियाबाद आरएम केसरी नंदन चौधरी ने बुधवार को दे दी। साधारण और एसी दोनों ही प्रकार की बसों में यह सेवा शुरू की जाएगी, जिससे परिवहन विभाग को अच्छा खासा राजस्व प्राप्त होगा। परिवहन विभाग की तरफ से साल 2016 में पहली बार इस सेवा का आरंभ किया गया था लेकिन कोरोना के कारण केवल पांच वर्षों तक ही यह सर्विस चल सकी और 2021 में यह सेवा बंद हो गई। परिवहन निगम ने साधारण बसों और एसी बसों में कुरियर और पार्सल सेवाओं के लिए भार भी तय किया है। साधारण बसों में एक समय में 150 किलो वजन और एसी बसों में 400 किलो तक का वजन ढोया जा सकेगा। ऐसे डिपो जहां यदि स्कैनिया या वॉल्वो बसें चल रही हैं।

उसमें 600 किलो तक का पार्सल लोड किया जा सकता है। इन्हें सुरक्षित पहुंचाने और इनके देखरेख की पूरी जिम्मेदारी चालक और परिचालक की होगी।अनुबंधित कंपनी परिवहन विभाग की जिन बसों का इस्तेमाल कुरियर और पार्सल के लिए करेगी उसके बदले निगम को यह एजेंसी सालाना साढ़े चार करोड़ से अधिक रुपये भी देगा ।

# पांच घंटे देरी से स्टेशन पहुंची फरक्का एक्सप्रेस, यात्री हलकान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** बठिंडा से बालुरघाट जाने वाली फरक्का एक्सप्रेस बुधवार को अपने निर्धारित समय से पांच घंटे देरी से चली। इसका गाजियाबाद पहुंचने का समय रात साढ़े दस बजे का है लेकिन, रेलवे ने इसके साढ़े तीन बजे के आसपास गाजियाबाद पहुंचने की जानकारी साझा की। दूर से आए यात्री स्टेशन पर बैठकर इंतजार करने को मजबूर हुए तो स्थानीय लोग अपने-अपने घर लौट गए। यात्रियों ने आरोप लगाया कि पहले से रेलवे की ओर से इसकी जानकारी नहीं दी गई। जब वह स्टेशन पहुंचे तो उन्हें जानकारी मिली। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पौने तीन घंटे, आला हजरत एक्सप्रेस 50 मिनट, नई दिल्ली लखनऊ तेजस 35 मिनट, न्यू जलपाईगुड़ी सुपरफास्ट एक्सप्रेस दो घंटे, भगत की कोठी स्पेशल पौने आठ घंटे, नीलांचल एक्सप्रेस 25 मिनट, रानीखेत एक्सप्रेस दो घंटे देरी से गाजियाबाद पहुंची। इस बारे में नॉर्दर्न रेलवे के सीपीआरओ दीपक कुमार ने बताया कुछ ट्रेनों की समय सारिणी दोबारा से बनाई गई।

# न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही

- न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही
- खाद्य पदार्थो के नमूने जांच के उपरान्त खाद्य पदार्थों में मिलावट की हुई थी पुष्टि
- जुलाई माह में 09 वादों में 17 लाख 20 हजार अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** सहायक आयुक्त खाद्य डा0 चमन लाल ने सूचित किया है कि कार्यालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन् जनपद-एटा में कार्यरत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य सुरुक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किये गये थे, जांच के पश्चात् खाद्य पदार्थों में मिलावट की पुष्टि खाद्य विश्लेषक द्वारा की गयी थी। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट प्राप्त करने के उपरान्त अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) एंव न्याय निर्णायक अधिकारी, एटा के न्यायालय में वाद दायर किये गये। जिसके क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन)/न्याय निर्णायक अधिकारी सत्य प्रकाश के न्यायालय द्वारा माह-जुलाई, 2024 में सम्यक विचारोपरान्त 09 वादो में सत्रह लाख बीस हजार का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन के आदेशानुसार खाद्य कारोबारी आशीष उर्फ आशुतोष कुमार पुत्र श्री राजेश कुमार के पेयजल सूजल ब्राण्ड का नमूना फेल होने पर 2 लाख रूपये, कुनाल व अन्य के घेवर खाद्य पदार्थ के तहत 3 लाख रूपये, उदय सिंह पुत्र श्री कन्हैया लाल के मिश्रित दूध के नमूने फेल होने पर 3 लाख रूपये, फैजान व अन्य के श्री अनन्त कुरकुरे काजू बिस्किट के नमूने फेल होने पर 250000 रूपये, राघव शर्मा व अन्य के सूरज नमकीन के नमूने फेल होने पर 225000 रूपये, शिवकुमार पुत्र भजन लाल के छेना के नमूने फेल होने पर 75 हजार, संजय कुमार व अन्य के कटोरा पास्ता चाउमीन के नमूने फेल होने पर 250000 रूपये, रामसरन तिवारी व अन्य के चाय कड़क पाश्चुराइज्ड टोन्ड मिल्क के नमूने फेल होने पर 60 हजार, रविन्द्र वैश्य व अन्य के दही पैक्ड के नमूने फेल होने पर 60 हजार रूपये सहित कुल 09 फर्मों पर 1720000 रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह-जुलाई, 2024 तक 22 वादो को निस्तारित करते हुए माननीय न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन)/न्याय निर्णायक अधिकारी, एटा द्वारा 47,40,000 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### हिंडन एयरबेस से वायनाड भेजे तीन खोजी कुत्ते और बेली ब्रिज

**साहिबाबाद।** केरल के वायनाड में भूस्खलन होने के बाद भारतीय वायुसेना का राहत और बचाव कार्य जारी है। बुधवार को हिंडन वायुसेना स्टेशन से सी-17 ग्लोबमास्टर में बेली ब्रिज और तीन खोजी कुत्तों को वायनाड भेजा गया। मुख्यालय से हिंडन स्टेशन को अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है। वायनाड में भूस्खलन होने से अब तक 165 लोगों की मौत और 200 से ज्यादा लापता हैं। वायुसेना वायनाड में जगह-जगह फंसे एक हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित जगह भेजा गया है। सेना और एनडीआरएफ के जवान लगातार अभियान चलाकर लोगों की मदद कर रहे हैं। इसी बीच सी-17 ग्लोबमास्टर से भारतीय वायुसेना के जवानों ने हिंडन एयरबेस से तीन खोजी कुत्ते और एक बेली ब्रिज लेकर उड़ान भरी। इन कुत्तों की मदद से मलबे में फंसे लोगों को ढूंढकर निकाला जाएगा जबकि, बेली ब्रिज को नदी और गहरे पानी के पास रखकर लोगों को एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाएगा।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस कल

**एटा।** जनता की समस्याओं, शिकायतों को शासन की मंशानुसार एक ही स्थान पर त्वरित गति से निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में 03 अगस्त शनिवार को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह तहसील एटा सदर में, एडीएम वित्त एवं राजस्व जलेसर तहसील में, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश अलीगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे। समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण तहसील एटा सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में स्वयं प्रतिभाग करेंगे।

# जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में पंकज गुप्ता पवन गुप्ता को प्रशस्ती पत्र देकर किया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**




**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर लगातार जारी है। जिले के शस्त्र लाईसैंसधारक स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए लगातार आगे आ रहे हैं। लोगों को मानना है कि मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार से असुरक्षा महसूस नहीं होती है, इसी कारण लोग अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त करा रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कचहरी रोड निवासी पवन गुप्ता एवं पंकज गुप्ता पोस्ट ऑफिस रोड थाना कोतवाली नगर ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराया है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर पवन गुप्ता एवं पंकज गुप्ता को जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में बुलाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। पवन गुप्ता ने अपने शस्त्र लाईसैंस संख्या 7942 एवं पंकज गुप्ता ने अपने शस्त्र लाइसैंस संख्या 6076 को निरस्त कराया है। बताते चलें कि डीएम प्रेम रंजन सिंह ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की। उन्होंने जनपद के ऐसे शस्त्र लाईसैंसधारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाईसैंस बनवा तो लिया लेकिन उनका शस्त्र घर में अनावश्यक ही रखा रहता है, तो वे स्वच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करा सकते हैं। डीएम ने कहा कि स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले व्यक्तियों के नाम वर्षो तक जिलाधिकारी कार्यालय में लगे बोर्ड पर देखने को मिलेंगे। परिणामस्वरूप डीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में एक बोर्ड लगवाया है, जिसमें पूर्व में स्वेच्छा से अपने शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने वाले लोगों के नाम अंकित कराये गए हैं। जनपद में अभी तक 30 शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराए गए हैं।

## दिव्यांग को वैशाखी प्रदान कर खाना खिलाकर उसको उसके गंतव्य तक छोड़ा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** गुरुवार को समाजसेवी मानवेन्द्र सिंह चौहान मनु ने राह चलते एक दिव्यांग व्यक्ति को वैशाखी दी व उसको अपने हाथों से खाना खिलाकर उसको उसके गन्तव्य तक छोड़ा। बता दें गुरुवार सुबह जब समाजसेवी मानवेन्द्र सिंह चौहान÷मनु÷ जब अपने घर से निकले तो उन्हें रास्ते मे एक दिव्यांग व्यक्ति सड़क पर जाता हुआ मिला जब समाजसेवी के द्वारा उससे पूछा गया कि आपके पास कोई दिव्यांगता उपकरण नही है तो उसने बताया नही तो समाजसेवी मनु का दिल बहुत ही विचलित हो उठा और तुरन्त मनु ने उस दिव्यांग व्यक्ति को वैशाखी उपलब्ध कराई व उसे आश्वासन भी दिया आगे भी आपकी मदद करते रहेंगें। जब दिव्यांग व्यक्ति से पूछने पर उसने बताया कि उसने अभी कुछ खाया भी नही है। वह भूखा है तो मनु ने नजदीक से तुरंत उसके लिए खाना लेकर उस दिव्यांग व्यक्ति को अपने हाथों से खिलाया उसके बाद उसके घर का पता पूछकर उसको उसके गन्तव्य तक पहुंचाया, यह देख उस दिव्यांग व्यक्ति के आँखों से खुशी के आँशु निकले और उसने समाजसेवी मनु से कहा कि इस दुनिया मे आप जैसे लोग भी हैं जो हम जैसे गरीब, असहाय, दिव्यांग व्यक्तियों की मदद बिना किसी भेदभाव, लालच से करते हैं।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल मान विभिन्न गांवों में चलाएंगे हरियाणा मांगे हिसाब अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**



**हरियाणा/हिसार (नवप्रीत कौर)।** वरिष्ठ कांग्रेस व किसान नेता अनिल मान नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांव लूदास, शाहपूर, न्योली कलां, मात्रश्याम, डाया, हरिता, भर्री और सिंघरान में हरियाणा मांगे हिसाब अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से जहां भाजपा की जनविरोधी नीतियों की पोल खोली जाएगी, वहीं लोगों को कांग्रेस पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत करवाया जाएगा। अनिल मान ने कहा कि भाजपा ने पिछले दस वर्षों में हरियाणा राज्य हो हर क्षेत्र में रसातल में पहुंचा दिया है। हरियाणा कांग्रेस कमेटी द्वारा सत्तारुढ़ भाजपा से पिछले दस वर्षों का हिसाब मांगा जा रहा है। बड़े-बड़े दावे करने वाली भाजपा की सच्चाई को जनता के सामने लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा व जुझारू सांसद दीपेंद्र हुड्डा हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत राज्यभर में पदयात्रा निकाल रहे हैं। इस पदयात्रा के दौरान जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। किसान नेता मान ने कहा कि सांसद दीपेंद्र हुड्डा की पदयात्रा से भाजपा में बेचैनी है। इसी अभियान को आगे बढ़ाते हुए अब नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों के चलते हर वर्ग परेशान है। गरीब, मजदूर, किसान व पिछड़ा वर्ग सहित हर वर्ग प्रताड़ित है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। किसानों के लिए बीज व खाद खरीदना दूभर हो गया है। इतना ही नहीं किसानों को न तो खेती के लिए पर्याप्त पानी मिलता है और न ही बिजली की समुचित सप्लाई होती है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी के कारण युवा पीढ़ी नशे व अपराध की गिरफ्त में आ रही है। जनता अब समझ चुकी है कि भाजपा केवल झूठे वादों की सरकार है। इसलिए लोग अब कांग्रेस पार्टी में विश्वास जता रहे हैं। लोकसभा चुनाव में हरियाणा में भाजपा को पांच सीट पर पटखनी देकर जनता ने दिखा दिया है।

# वांछित 11 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लोकमित्र ब्यूरो**



**अलीगंज/एटा।** जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नरायन सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकार अलीगंज सुधांशु शेखर के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अलीगंज सर्किल से 11 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समस्त प्रस्तुत कर जेल भेजे गये।अलीगंज सर्किल मे फरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु कोतवाली अलीगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है साथ ही थाना जैथरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। इसी क्रम में थाना जसरथपुर पुलिस ने फरार चल रहे तीन वारंटी को अपनी गिरफ्त में लिया है साथ ही थाना राजा का रामपुर पुलिस ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा है।क्षेत्राधिकार अलीगंज सुधांशु शेखर ने बताया कि वांछित वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा जिसको लेकर अलीगंज सर्किल के समस्त थानों को निर्देशित किया जा चुका है। वांछित वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए शिशु को स्तनपान जरूर कराएं

- जन्म के पहले घंटे में जरूर पिलाएं माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध
- माँ के दूध से बच्चों को मिलती है बीमारियों से लड़ने की ताकत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध बच्चे के लिए अमृत समान होता है। इसलिए नवजात को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान जरूर कराएँ। यह बच्चे को संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित बनाने के साथ ही शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है। निमोनिया, डायरिया व अन्य संक्रामक बीमारियों की जद में आने से बचाने में कारगर है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सक्षम माँ के पहले पीले गाढ़े दूध (कोलस्ट्रम) को इसीलिए बच्चे का पहला टीका कहा गया है। स्तनपान शिशु का मौलिक अधिकार भी है। इसलिए स्तनपान के फायदे के बारे में जानना हर महिला के लिए जरूरी है। इसके प्रति जागरूकता के लिए ही हर साल अगस्त के पहले हफ्ते को विश्व स्तनपान सप्ताह (01-07 अगस्त) के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम- ÷अंतर को कम करना, सभी के लिए स्तनपान सहायता÷ (क्लोजिंग द गैप = ब्रेस्टफीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल) तय की गयी है। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर व ब्रेस्टफीडिंग प्रमोशन नेटवर्क ऑफ़ इंडिया (बीपीएनआई) के आजीवन सदस्य मुकेश कुमार शर्मा का कहना है कि शिशु को छह माह तक केवल स्तनपान कराना चाहिए। इस दौरान बाहर की कोई भी चीज नहीं देनी चाहिए, यहाँ तक कि पानी भी नहीं।

छह माह तक माँ के दूध के अलावा कुछ भी देने से शिशु के संक्रमित होने की पूरी संभावना रहती है। अमृत समान माँ के अनमोल दूध में सभी पौष्टिक तत्वों के साथ पानी की मात्रा भरपूर होती है। इसके अलावा बीमारी की स्थिति में भी माँ बच्चे को पूरी सावधानी के साथ स्तनपान जरूर कराएं क्योंकि यह बच्चे को बीमारी से सुरक्षित बनाता है। श्री शर्मा का कहना है कि केवल स्तनपान कर रहा शिशु 24 घंटे में छह से आठ बार पेशाब कर रहा है तो समझना चाहिए कि उसे भरपूर खुराक मिल रही है। स्तनपान के बाद बच्चा कम से कम दो घंटे की नींद ले रहा है और बच्चे का वजन हर माह 500 ग्राम बढ़ रहा है तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि यह प्रमाण है कि शिशु को भरपूर मात्रा में माँ का दूध मिल रहा है। कृत्रिम आहार या बोतल के दूध में पोषक तत्वों की मात्रा न के बराबर होती है। इसलिए यह बच्चे के पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। इससे कुपोषण की जद में आने के साथ ही संक्रमण का जोखिम भी बना रहता है।

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ व्यवसाई की सड़क दुर्घटना में मौत

**उन्नाव।** कानपुर से लखनऊ वापस लौट रहे बाइक सवार लखनऊ निवासी को अज्ञात वाहन ने टक्कर दी जिससे गंभीर रूप से हो गए।घायल अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया।मृतक लखनऊ आलमबाग के चन्दन नगर का निवासी है। बताते चले दही थाने के अंतर्गत वर्क शॉप मोड़ के पास कोल्डड्रिंक एजेंसी व्यवसाई गगन जोत सिंह पुत्र स्व0 सरदार अमर जीत सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष अपनी बाइक से 11:30 देर रात किसी अज्ञात वाहन की टक्कर मार दी। उन्हे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में लाया गया जहा जहा चिकित्सकों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के पिता की पहले हो मौत हो चुकी है। मृतक के परिवार में मां करणजीत के साथ एक लौटा बेटा रहता है अभी उसकी शादी नही हुई थी। बहन परविंदर कौर की शादी हो चुकी है। मृतक के बहनोई पवन प्रीत सिंह का घटना को लेकर कहना है कि सरकार लाखो रूपये टोल टैक्स तो लेती है परंतु हाईवे की सड़के क्षतिग्रस्त है।इन पर ध्यान नही जाता जिससे आए दिन किसी ना किसी को अपनी जान गवानी पडती है।

### समाधान दिवस कल होगा

**उन्नाव।** सम्पूर्ण समाधान दिवस 03 अगस्त को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील पुरवा उन्नाव में होगा, जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए सूचनाधिकारी ने देते हुए बताया कि किसी भी जनपदवासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है, तो वह सम्बन्धित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

### बाल-बाल बचे लोग हादसा होने से टला



**नवाबगंज (उन्नाव)।** नवाबगंज सोहरामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ से कानपुर जा रही रोडवेज बस आज समय करीब प्रात 6 बजे क्र78 छ्अ्र 9183 थाना सोहरामऊ के बनी बॉर्डर चौकी के रोड के नीचे डिवाइडर तोड़कर नीचे खेत में उतर गई।

जिसमे बैठे सभी सवारियों को थाने की पुलिस द्वारा सकुशल निकालकर दूसरी रोड वेज बस में बैठकर भेज दिया गया । एक सवारी झोरा देवी पत्नी संतराम निवासी गोयाल टोल कानपुर नगर की रहने वाली की बुजुर्ग महिला के हल्की चोट आई । मौके पर एम्बुलेंस बुलाया गया और घायल महिला ने इलाज कराने से मना किया।महिला को दूसरी बस में उसको सकुशल बैठा कर भेजा गया।

### लापता युवक का नहीं लगा सुराग

**हैदरगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में लाही गांव से चार दिन पहले लापता हुए युवक राम प्रकाश के परिजनों ने गुरुवार को भी काफी खोजबीन की।लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका है। इस गांव के निवासी राम प्रकाश पुत्र दयाराम सोमवार की रात घर से गायब हो गया।सुबह घर वालों को लापता हुए बेटे का लिखा सुसाइड नोट मिला। इसमें राम प्रकाश ने लिखा कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। इसके जिम्मेदार उसकी पत्नी,सास-ससुर एवं फोन से धमकी देने वाले थाने के दो सिपाही हैं।सुसाइड नोट मिलने के बाद हलकान परिजन कुछ ग्रामीणों के साथ बेटे की तलाश कर रहे हैं।रिश्तेदारों के यहां पता लगाने के साथ ही गांव के समीप से निकली बड़ी नहर में जाल डाला गया।इसके साथ ही नहर के किनारे पचास किलोमीटर तक जाकर समीपवर्ती गांवों से भी जानकारी ली कि कोई डेड बॉडी तो पानी में बहती दिखाई तो नहीं दी।इन सबके बाद भी लापता युवक का कोई सुराग न लगने से परिजन हताश हैं।

### किसान नहर संचालन के दौरान समय से सिंचाई कार्य कर लें व जल का अपव्यय न करें

**अमेठी।** शारदा सहायक खण्ड-41 के अधिशासी अभियन्ता (नोडल) मनीष रंजन ने बताया कि वर्तमान समय में जनपद के सिंहपुर रजबहा, अमेठी रजबहा, चिलबिला रजबहा, सुबेहा रजबहा, डीह रजबहा, औरंगाबाद रजबहा, गोपालपुर रजबहा एवं कल्याणपुर रजबहा में पानी का संचालन हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जौनपुर शाखा तथा इससे सीधे निकलने वाली अल्पिकाओं में आवश्यकतानुसार पानी का संचालन हो रहा है तथा पानी की सीमित उपलब्धता एवं वर्षा कम होने के कारण नहरों को अधीक्षण अभियन्ता, सप्तम मण्डल सिंचाई कार्य, लखनऊ द्वारा निर्गत साप्ताहिक रेगुलेशन आदेश के अनुसार चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो नहरें चल रही हैं उनके कमाण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त किसान नहर संचालन होने पर सिंचाई कार्य कर लें तथा जल का अपव्यय न करें। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि साथ ही साथ समस्त किसानों को अवगत कराया है कि हैदरगढ़ 23 डाउन शाखा से संचालित होने वाली इन्हौना रजबहा एवं सिंहपुर रजबहा में पानी का संचालन आगामी सप्ताह से किया जाना प्रस्तावित है तथा सिंचाई विभाग के टोल फ्री नं0 18001805450 पर सिंचाई से सम्बन्धित शिकायतों/मांगों से भी अवगत करा सकते हैं।

### वकील रहे न्यायिक कार्य से विरत

**उन्नाव।** बार एसोसिएशन उन्नाव के अधिवक्तागणों ने हरदोई अधिवक्ता पीयूष मेहरोत्रा हत्याकांड को लेकर सदन की बैठक आहूत की गई। जिसमें उक्त कांड पर आक्रोशित अधिवक्ताओं के विचार लेकर सर्वसम्मति से हड़ताल की घोषणा करके न्यायिक कार्य से विगत हो गए। इसके बाद प्रदेश में हो रही इस तरह की अपराधिक घटनाओं को रोकने तथा आपराधिक तत्वों के खिलाफ कठोर कदम उठाने के लिए सरकार को जुलूस के साथ ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा गया। बार एसोसिएशन उन्नाव के अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ला के नेतृत्व व मंत्री अरविंद दीक्षित के संचालन में सम्मानित अधिवक्ताओं के विचार व राय ली गई। सभी ने उक्त दुस्साहसिक घटना पर दुख व्यक्त करते हुए उक्त निर्णय लिया। उक्त सभा में बार के समस्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त पूर्व के पदाधिकारी व सम्मानित कनिष्ठ एवं वरिष्ठ अधिवक्तागण ने अपने विचार रखें।

### बैंक के शाखा प्रबन्धक को दी विदाई

**भरथना, इटावा।** 37 वर्ष का सफल बैंकिंग कार्य करके सेवानिवृत्त हुए बडौदा यूपी बैंक के कार्यालय सहायक को शाखा प्रबन्धक सहित समस्त बैंक कर्मियों ने माल्यार्पण, प्रतीक चिन्ह भेंटकर जोरदार स्वागत सम्मान करके सेवाकाल के दौरान उनके मिलनसार कार्य व व्यवहार की प्रशंसा की। कस्बा के मुहल्ला बालूगंज स्थित बडौदा यूपी बैंक शाखा नरायनगंज में कार्यालय सहायक के पद पर कार्यरत रहे विनोद कुमार सविता के करीब 37 वर्ष बैंकिंग कार्य सम्पादित बाद अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्ति विदाई समारोह आयोजित किया गया।

### बैंकों को चैक किया गया

**इटावा।** एसएसपी के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित बैंक, एटीएम एवं वित्तीय संस्थान चेक किए गए, चेकिंग के दौरान सीसीटीवी कैमरा, अलार्म, बैंक गार्ड, बैंक के अंदर, बाहर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई तथा पुलिस कर्मियों द्वारा लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देशों की दिए गए।

# जाति की बात करके अनुराग ठाकुर ने किया पूरे देश का अपमानः अजय राय

**यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने जिला सम्मेलन में की शिरकत**

लोकमित्र ब्यूरो




**उन्नाव।** यूथ कांग्रेस के सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने जातिगत जनगणना पर संसद में हुए तकरार पर भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी का नहीं पूरे देश का अपमान किया है। सदन में जिस तरह से जाति की बात की है जाति पर हमला किया है, यह अपमान है। राहुल गांधी गरीब, शोषित वर्ग की बात कर रहे हैं। अनुराग ठाकुर बयान पर माफी मांगे व संसद सदस्यता से इस्तीफा दें। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने यूपी के राजनैतिक माहौल पर तंज कसते हुए कहा कानून व्यवस्था धड़ाम है अपराध का बोलबाला है।उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष अजय राय उन्नाव के एक होटल में आयोजित यूथ कांग्रेस प्रदेश कार्यसमिति सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर भाजपा सरकार के खिलाफ कैसे आक्रामक होकर आवाज बुलंद करनी है। उसके टिप्स दिए। गलत बयानबाजी से पूरी तरह से बचने की हिदायत दी। जाति पर हमला किया है, यह अपमान है। वहीं जनता के बीच जाकर कांग्रेस के विचारों को साझा करने की बात कही। एक घंटे तक प्रदेश अध्यक्ष ने यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ पाठशाला लगाई। बैठक में आरती बाजपेई, जंग बहादुर सिंह, राजन निषाद, सुभाष सिंह, जावेद कमाल के अलावा सरोज भारतीय ने भी संगठन को मजबूती के बारे में राय रखी।

यूथ कांग्रेस के जिला सम्मेलन में नदारद रहे जिला अध्यक्ष उन्नाव। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जिस यूथ कांग्रेस की बैठक में शिरकत करने जिला मुख्यालय पर आए थे इस बैठक में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के साथ साथ संगठन के ज्यादातर पदाधिकारी बैठक से नदारद रहे। बैठक में गुटबाजी पूरी तरह से दिखाई दी।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जिला मुख्यालय पर यूथ कांग्रेस के नेतृत्व में सम्मेलन बाईपास स्थित होटल शिवा इन में सम्पन्न हुआ, जिसमे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय भी मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित रहे। इस बैठक में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ बाजपेई नदारद रहे। बताया जाता है कि बैठक में दिख रही अनियमितताओं और अनुपस्थितियों का मुख्य कारण यह रहा कि यह सम्मेलन जिस होटल में आयोजित हुआ वह होटल का मालिक वह व्यक्ति है जिसके साथ यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष से चार पांच माह पूर्व अध्यक्षी को लेकर विवाद हुआ था। जिले के एक गुट को यह रास नही आया और उसने वर्तमान जिला अध्यक्ष को नीचा दिखाने के नियत से प्रदेश अध्यक्ष से अपनी पहुंच का एहसास कराने के नियत से कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें जिले के एक नेता का हाथ बताया जाता है। इसी के चलते जिला यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी के ज्यादातर लोगो ने कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस में चल रही गुटबाजी आज पूरे दिन चर्चा का विषय रहा है।

### एडिशनल कमिश्नर को दिया व्यापार मंडल ने ज्ञापन

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद के जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने जीएसटी कार्यालय पहुंचकर एडिशनल कमिश्नर ग्रेट 1 वंदना सिंह को संबोधित एक ज्ञापन जॉइंट कमिश्नर अरुण कुमार गौतम को दिया।

ज्ञापन में मांग करते हुए कहा व्यापार बंधु की बैठक विभाग द्वारा प्रति माह आयोजित की जाती थी परंतु कई माह से यह बैठक आयोजित नहीं की जा रही है जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा बैठक के माध्यम से व्यापारियों की समस्याएं एवं व्यापारियों द्वारा अपने-अपने सुझाव और शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाती रही परंतु कई माह से यह बैठक आयोजित नहीं की जा रही है बैठक कराई जाए। व्यापारियों के पुराने केस एक्स पार्टी कर व्यापारी पर जुर्माना लगाकर आर सी भेजी जा रही है व्यापारी विभाग के चक्कर लगा रहा है यह उचित नहीं है और व्यापारियों के केस हर स्थिति में तीन

# गंगा एक्सप्रेस वे को ओवर लोड डम्फरों ने ध्वस्त की पीएम सड़क



लोक मित्र संवाद

**पाटन उन्नाव।** पाटन पुरवा मार्ग से मोहकमगंज तेवरिया तक जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क मार्ग को को गंगा एक्सप्रेस के लिए मिट्टी ले जाने वाले डम्फरो ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। जिससे लोगो को आने जाने मे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील बीघापुर क्षेत्र के पाटन पुरवा मार्ग से मोहकमगंज तेवरिया को जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनी सड़क को गंगा एक्सप्रेसवे पर मिट्टी डालने वाले ओवरलोड डम्फरो ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है ।मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है , जिससे लोगों को आने जाने मे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । इस सड़क मार्ग पर प्रति दिन दर्जनों स्कूली वाहन नौनिहालों को लेकर निकलते हैं । वही सैकडो की संख्या मे छात्र प्रतिदिन साइकिल से इसी मार्ग से निकलते है ।लोग जान जोखिम मे डाल कर सफर करते है । कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है । बरसात के मौसम में सड़क मे किचड़ हो जाने से लोगों को चलना दूभर है । इस खस्ताहाल सड़क मार्ग की सुध लेने वाला कोई नही है । क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से इस सड़क मार्ग की जांच करवा कर बनवाए जाने की मांग की है ।

# स्कूल वैन के ड्राइवर की घिनौनी करतूत एलकेजी की छात्रा के साथ की छेड़छाड़



लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** जिले में रामनगर थाना क्षेत्र स्थित एक स्कूल में पढ़ने वाली एलकेजी की 5 वर्षीय छात्रा के साथ स्कूल वैन के ड्राइवर ने छेड़छाड़ की। छात्रा की शिकायत पर पिता ने ड्राइवर के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। स्कूल ड्राइवर फरार है। ड्राइवर द्वारा की गई घिनौनी करतूत को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

रामनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा महादेव स्थित एक स्कूल में एलकेजी में पढ़ती है। स्कूल आने जाने के लिए माता-पिता द्वारा स्कूल वैन को लगाया गया था। थाने में दी गई तहरीर में पीड़ित पिता ने कहा है कि बुधवार की रात को उसकी मासूम पुत्री प्राइवेट पार्ट में भीषण दर्द होने के कारण रो रही थी। उसकी मां ने उससे पूछा तो उसने बताया कि स्कूल वैन के ड्राइवर उमाकांत यादव उसके साथ अश्लील हरकत करते हैं। बुधवार को स्कूल की छुट्टी होने पर घर आते समय उन्होंने मेरे प्राइवेट पार्ट को अपने हाथों से तेजी से दबा दिया। जिसके कारण दर्द हो रहा है।

मासूम बालिका ने बताया कि ड्राइवर ने धमकी भी दी है कि अगर घर में किसी को बताया तो गला दबाकर मार डालेंगे। पीड़ित पिता ने कहा कि उसकी बेटी इस कदर डरी हुई है कि वह कहती है कि अब वह किसी ड्राइवर अंकल के साथ स्कूल नहीं जाएंगे। इस संदर्भ में क्षेत्राधिकार रामनगर ने बताया कि पिता की तहरीर पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। ड्राइवर फरार है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आज मनाया गया मुख स्वच्छता दिवस

**यूपीयूएमएस के डॉक्टर्स ने ओपीडी में आए मरीजों को किया जागरूक**

लोकमित्र ब्यूरो




**इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में गुरुवार को पेरिओडोन्टल विभाग ने मुख स्वच्छता दिवस मनाया। इस अवसर पर माननीय कुलपति ने कहा कि मुख रोगों का एक मुख्य कारण आजकल खराब लाइफस्टाइल और गलत प्रकार से खानपान और गुटका, पानमसाला धूम्रपान है इसीलिए बच्चों और वयस्कों को मुंह की स्वच्छता के बारे में बेहतर जानकारी मिले इसीलिए इस दिवस को मनाया जाता है। उन्होंने ओपीडी में आए मरीजों को फ्री सैंपल टूथपेस्ट भी वितरित किया।

पेरिओडोन्टल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष मुख स्वच्छता दिवस की थीम है ष्ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी बॉडीष् है उन्होंने ओपीडी में आए मरीजों को सही प्रकार से मुख व दांत की नियमित स्वच्छता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दांत मसूड़े और जीभ की सेहत का भी ख्याल वैसे रखें जैसे और अंगों का रखते हैं। मुख स्वच्छता दिवस पर एक गोष्ठी का भी आयोजन हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में चंद्रा डेंटल कॉलेज पेरिओडोन्टल विभाग के प्रो. डॉ केके गुप्ता ने गमी स्माइल के कारण और उपचार पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया और डॉ विपिन कुमार यादव डॉ राजेश ने भी ओरल हाइजीन अवेयरनेस पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति डॉ रमाकांत, संकायाध्यक्ष डॉ आदेश कुमार, कुल सचिव डॉ चंद्रवीर, चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह, उपचिकित्सा अधीक्षक डॉ विजय मिश्रा व पेरिओडोन्टल विभाग से डॉ विपिन कुमार,डॉ प्रेरणा कटारिया, डॉ अनुज सविता और पीजी स्टूडेंट्स का विशेष सहयोग रहा।

मुख स्वच्छता दिवस पर स्कूली बच्चों को भी किया गया जागरूक

आपातकालीन विभाग व ओरल हाइजीन विभाग के सहयोग से अपर प्राइमरी स्कूल कंपोजिट उझियानी स्कूल में ष्योर स्माइल इस अवर मिशनष् की थीम पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें स्कूली बच्चों की मुख व दंत जांच की गई। यूपीयूएमएस के डॉक्टर्स ने दांतों की सफाई के बारे में स्कूली बच्चों को जागरूक किया।

माननीय कुलपति प्रो डॉ प्रभात कुमार सिंह ने बच्चों को टूथपेस्ट टूथब्रश किट वितरित की और बच्चों द्वारा मुख स्वच्छता दिवस पर बनाए गए पोस्टर का अवलोकन कर बच्चों की सरहाना की।

# लुटेरों के खिलाफ पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

**व्यापारी के खिलाफ 22 दिन पूर्व हुई थी लूट की घटना**

लोक मित्र संवाद

**पाटन, उन्नाव।** लूट जैसी गम्भीर घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करने मे आनाकानी करने वाली बिहार थाना पुलिस ने 22 दिन पूर्व हुई लूट की तहरीर में लिखे गए लुटेरों के विरुद्ध पुलिस ने अब तक लूट की घटना की रिपोर्ट तक दर्ज नही की । बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम बाबू खेड़ा दीक्षितनवाला के निवासी व्यापारी संजू बाजपेई पुत्र उदय शंकर बाजपेई ने अपने साथ 8 जुलाई को हुई लूट की घटना को लेकर पुलिस को नामजद कर तहरीर दिया था ।घटना के तीन दिन बाद भगवन्तनगर चौकी प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने नामजद आरोपी शुभम लोधी पुत्र हरि शंकर निवासी केसरी खेड़ा व उसके एक अन्य साथी को हिरासत मे लेकर पूछंतांछ कर चौकी से छोड दिया था । मिली जानकारी के अनुसार पीडित संजू बाजपेई किराने का व्यापार करंता है तथा क्षेत्र की बाजारो मे किराने की दूकान भी लगाता है। 8 जुलाई को अपने पिता उदय शंकर के साथ लोडर मे किराने का सामान लादकर बिहार बक्सर रोड पर पडने वाली भदेवरा बाजार जा रहा था। मार्ग पर बाबू खेड़ा के आगे बाजपेई भट्ठा के पहले बाइक सवार तीन लोगों ने पीडित को गाली देकर लोडर के सामने बाईक लगा कर तमन्चे के बल पर पीडित से 70 हजार रूपये लूट लिए थे ।थाना व चौकी पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही व मुकदमा न लिखे जाने पर पीडित ने 18 जुलाई को पुलिस कप्तान को प्रार्थना पत्र देकर घटना की शिकायत की थी।

पुलिस कप्तान द्वारा घटना की जांच क्षेत्राधिकारी बीघापुर को दी गई थी।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर भोंये, जामों का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो




अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर भोंये, जामों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर ट्रिपल-ए की बैठक आहूत की जा रही थी, जिसमें संबंधित क्षेत्र की आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम व केंद्र पर कार्यरत सीएचओ उपस्थित थी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त आशाओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उनकी प्रथम एएनसी की जांच कराएं तथा उन्हें समय से आयरन फोलिक एसिड की दवा उपलब्ध कराते हुए समय से खिलाएं तथा क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह भी सुनिश्चित कर लें कि संबंधित गर्भवती महिला द्वारा आयरन टेबलेट खायी जा रही है। उन्होंने समस्त आशा एवं एएनएम को सलाह दी कि मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर की रोकथाम एवं बचाव हेतु गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का समय-समय पर फॉलो-अप नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तथा पी0एम0एस0एम0 दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया जाए। गर्भवती महिला के एचआरपी होने पर बिना किसी विलंब के तत्काल जिला चिकित्सालय पर संदर्भित कराकर समुचित उपचार प्रदान कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा उपकेंद्र पर कार्यरत एएनएम एवं सीएचओ को निर्देशित किया कि सेंटर पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि समस्त आशाओं का समय से भुगतान सुनिश्चित कराया जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर समस्त प्रकार की जांच की सुविधा एवं औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अनियमितताओं के चलते प्रधानाध्यापक हुआ निलंबित

लोकमित्र ब्यूरो




**सुबेहा।** तमाम अनियमितताओं के चलते एक प्रधानाध्यापक को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया। निलंबन के बादे प्रधानाध्यापक को खंड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर कार्यालय में सम्बन्ध कर दिया गया। मामला विकास खंड हैदरगढ़ के नगर पंचायत सुबेहा स्थित निंदूरी प्राथमिक विद्यालय का है। इस विद्यालय में अमरेन्द्र शर्मा प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात रहे। इन पर भृष्टाचार के अनेक आरोप स्थानीय जनप्रतिनिधि लगाते रहे हैं। निदूरी मोहल्ला के सभासद रामसूरत बीते दिनों यह आरोप लगाया था कि मिड-डे-मील घटिया बनाया जाता है।इसकी जांच करने पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी को सभी आरोप सत्य मिले। मिड-डे-मील बहुत ही घटिया मिला। मीनू को दरकिनार करके तहरी के नाम पर चावल में मामूली हल्दी डालकर बच्चों को परोसा गया था।

मानकविहीन मिड-डे-मील भोजन देखकर एसडीआई बिफर पड़े।उनका पारा सातवें आसमान पर उस समय चढ़ गया। जब स्कूल में बच्चे मात्र तेंतीस उपस्थित रहे। जबकि छात्र उपस्थित रजिस्टर में 100 बच्चे दिखाएं गए थे। जांच की समस्त रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रेषित कर दिया गया।

जिसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने प्रधानाध्यापक अमरेन्द्र कुमार शर्मा को निलंबित करके खंड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर कार्यालय में सम्बन्ध कर दिया गया है।

# डीएम ने जिला अस्पताल का किया गया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**इटावा।** जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैन गेट पर मौके पर स्ट्रेचर नहीं मिला तथा मुख्य गेट पर स्ट्रेचर खड़ी बंधी हुई पाई गई और कोई भी ड्यूटी पर तैनात नहीं था जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमएस को पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों की लंबी लाइन लगी देखते मरीजों से एक-एक करके बात की एवं उनके बेहतर इलाज के लिए संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने मौके पर सभी मरीजों से एक-एक करके इलाज के बारे में बात की साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पैसे आदि तो नहीं लिए जा रहे हैं यदि ऐसा कुछ है तो आप निसंकोच बता सकते हैं। उन्होंने प्रसव ऑपरेशन कक्ष का भी निरीक्षण किया एवं वहां पर उपस्थित सभी मरीजों का हाल जाना वहां पर उपस्थित रोली शिवा कॉलोनी से पूछताछ की एवं उनके कार्ड आदि को देखा गया तो कार्ड अपडेट नहीं पाया गया। उन्होंने महिला शिशु वार्ड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर भर्ती बच्चों के अभिभावकों से समय से खाना फ्रूट्स आदि मिलने की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने दोनों लिफ्टों को चालू कराने के निर्देश दिए। आरटीओ ऑफिस का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित कई बिचौलिया, दलाल पाए गए एवं वहां पर खड़ी बाइकों को भी सीज कराया गया। निरीक्षण के दौरान अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, सीएमएस महिला डा. अनिल कुमार, सीएमएस पुरूष डा. एमएस आर्या सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सचिव ने ग्रामीणों पर मारपीट करने का दर्ज कराया मुकदमा

लोक मित्र संवाद



पाटन उन्नाव । अन्ना गौ वंशजो को गौशाला मे ले जा रहे ग्राम पंचायत सचिव के ग्रामीणों ने की मारपीट के मामले मे सचिव की तहरीर पर पुलिस ने सरकारी कार्य मे बाधा डालने सहित अन्य धाराओ मे मुकदमा पंजीक्रत कर लिया है।

विकास खंड सुमेरपुर में तैनात सचिव शैलेन्द्र पटेल पुत्र भोलानाथ पटेल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर सोमवार को शाम 7 बजे उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे पर रावतपुर गॉव के पास लगभग आधा सैकड़ा आवारा गौवंशजो के सड़क पर इकट्ठा होने पर सचिव राम बहादुर, आलोक अवस्थी, बंसीलाल, व शैलेंद्र पटेल सहित लगभग 20 सफाई कर्मी को साथ में लेकर अन्ना मवेशियों को खदेड़कर ग्राम सभा कलानी में बनी अस्थायी गौशाला में बंद कराने के लिए ले जा रहे थे । तभी रास्ते में सुमेरपुर माइनर के पास ग्राम सुमेरपुर निवासी मोहित अवस्थी पुत्र राजेश अवस्थी तथा बद्री शुक्ला होटल संचालक व अज्ञात लोगों द्वारा हमारी टीम पर जानलेवा हमला कर मारपीट किया । और सभी गौवंशजो को खदेड़ कर भगा दिया ।पुलिस ने सचिव की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया हैं । प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

लोकमित्र
प्रतापगढ़, शुक्रवार , 02 अगस्त 2024



संक्षिप्त खबरें

## धूमधाम से मनाई गई राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** भारत रत्न प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हिंदी भाषा के प्राण राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती के शुभ अवसर पर खत्री सभा अयोध्या ने शहर के धारा रोड स्थित बाल साक्षरता केंद्र पर कई कार्यक्रम आयोजित करके धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नीरा कपूर समाजसेविका ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पांच पौधे रोपित किए गए इस अवसर पर जीजीआईसी इंटर कॉलेज इंटर की छात्रा मीनाक्षी मालवीय तथा के टीपब्लिक स्कूल इंटर के छात्र सुमन कुमार पात्रा 94त्न अंक पाने वाले दोनों छात्राओं को पटका पहन कर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा बाल साक्षरता केंद्र स्कूल में गरीब परिवार के बच्चों द्वारा जो शिक्षा प्राप्त की जा रही है उन 100 बच्चों को शिक्षा सामग्री में 15 बच्चों को कुर्सीमेज उपलब्ध कराकर तथा अंग्रेजी हिंदी की कॉपी पेंसिल रबर पटरी कटर टिफिन बॉक्स बिस्कुट नमकीन आदि सामग्री राकेश चंद्र कपूर सेवा संस्था के सचिव सुप्रीत कपूर की तरफ से वितरण किया गया

इस अवसर पर *खत्री सभा अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने अपने संबोधन में कहां की राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन राष्ट्र के कर्मठ सेवी हिंदी के प्राण त्याग तपस्या की प्रतिमूर्ति थे।राजर्षि ने हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलवाने के लिए अंतिम दौर तक संघर्ष किया।

## उपश्र निश्र वंशराज सिंह की पुलिस लाइन अयोध्या में की गई भावभीनी विदाई

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रुदौली-अयोध्या।** कोतवाली रुदौली में लगभग दो वर्षो से तैनात उपनिरीक्षक वंशराज सिंह बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए।एसएसपी राजकरन नैय्यर व एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर ने सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक वंशराज सिंह को माल्यार्पण करते हुए अंग वस्त्र भेंटकर, श्री राम चरित मानस व छाता देकर भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसएसपी अयोध्या ने कहा कि दारोगा वंशराज सिंह का कार्यकाल सराहनीय रहा। कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी के रूप में इन्हें याद किया जाएगा। इन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई,उसे पूरी ईमानदारी से किया। रिटायर्ड होने के एक दिन पहले तक इन्होंने ड्यूटी की। कभी-भी वर्दी पर दाग लगने नहीं दिया। यह सभी के लिए गर्व की बात है। पदाधिकारी के संबोधन से रिटायर्ड कर्मी की आंखे छलक आई। श्री सिंह रायबरेली जनपद के निवासी हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने बताया सेवा निवृत हुए उप निरीक्षक वंशराज सिंह को जो भी जिम्मेदारी दी जाती थी उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्यो का निर्वहन करते थे। उनके सेवानिवृत होने पर मैं उनके वा उनके परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उन्होंने लगभग 40 वर्ष पुलिस विभाग में अपनी सेवा दी। रुदौली कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक वंशराज सिंह का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल सराहनीय रहा। उन्होंने पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया।कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक वीरेंद्र राय, मनीष चतुर्वेदी, मुनिमन रंजन दूबे, का.अंकित यादव, पिंटू सिंह, कोतवाल ड्राइवर राम कृष्ण यादव, कुश सिंह सहित पुलिस कर्मियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सांसद पुत्र ने कोंडरा गांव पहुंच कर परिजनों से मिल कर बंधाया ढांढस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मवई-अयोध्या।** फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद के निर्देश पर उनके पुत्र अजीत प्रसाद ने ग्राम कोंडरा में तीन साल की बच्ची के लापता होने पर गांव पहुँचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात किया और दुख प्रकट किया है।उन्होंने पुलिस प्रशासन से घटना का शीघ्र अनावरण करने को कहा।आपको बता दें मंगलवार को कुंडरा गांव निवासी विश्राम की 3 वर्षीय बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में माँ के पास से रात्रि में सोते समय लापता हो गई।जिसके बाद सक्रिय हुई पुलिस लगातार छानबीन कर रही है लेकिन अभी तक कोई सुराग नही मिल सका है। वही जब घटना की जानकारी सांसद अवधेश प्रसाद को जब दिल्ली में हुई तो उन्होंने तत्काल अपने पुत्र को पीड़ित परिवार से मिलने के लिए भेजा आज दोपहर सांसद पुत्र अजित प्रसाद ने कोंडरा गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिल कर दुख व्यक्त किया और उन्हें ढांढस बंधाया।उन्होंने इस घटना में शामिल होने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की।उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी वार्ता किया।इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख निशात अली खाँ, पूर्व प्रधान मो0 इदरीश खाँ,पूर्व ग्राम प्रधान सरवन यादव तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पराग ने किया डीएम का अभिनंदन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोसाईगंज- अयोध्या।** गोसाईगंज उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पराग ने नवागत जिला अधिकारी चंद्र विजय सिंह से भेंट की उन्हें बुके और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। व्यापारियों की समस्याओं को अवगत कराया। डीएम ने शीघ्र ही न्याय संगत समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रांतीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रांतीय संगठन मंत्री नीरज जायसवाल, प्रांतीय संयुक्त महामंत्री अरुण अग्रवाल, मंडल महामंत्री आनंद अग्रहरि, जिला महामंत्री मनोज जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष गिरधारी लाल चावला, जिला उपाध्यक्ष अवि आनंद, जिला उपाध्यक्ष संजय पराग साथ में अनिल कुमार मल्हु उपस्थित थे। व्यापारी नेता संजय पराग ने जिला अधिकारी श्री चंद विजय सिंह को चार सूत्रीय मांग पत्र दिया। गोसाईगंज से जनपद अयोध्या 40 किलोमीटर दूर है, और अंबेडकर नगर बॉर्डर होने के नाते गोसाईगंज नगर को तहसील बनाई जाए। नवनिर्माणित फोरलेन बाईपास के निर्माण की शिथिलता दूर करते हुए कार्यदायी संस्था से फोरलेन सड़क कार्य को तेजी से करवाया जाय। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप खब्बू तिवारी के विधायक निधि से नगर पंचायत गोसाईगंज के तीनों चौराहा पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा निस्यप्रयोज्य हो चुके हैं ।कृपया कैमरों को चालू करने की कृपा करें। डूडा द्वारा नगर पंचायत गोसाईगंज में लगवाए गए सभी स्ट्रीट लाइट/ हाई मार्क्स गारंटी के अंदर खराब होकर निस्यप्रयोज्य हो गए हैं। साथ ही डूडा द्वारा मलिन बस्तियों/ वार्डो में किए गए इंटरलॉकिंग समय से पहले उखड़ गए हैं।कृपया इसकी जांच कर कर मरम्मत एवं निर्माण करने की कृपा करें।

## 15 साल पुराना मुकदमा सुलह समझौता से हुआ समाप्त

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** थाना हैदरगंज क्षेत्र के बैंती कला गांव निवासी साबिर खां अपने दरवाजे पर बैठा था। 18 अक्टूबर 2009 की सुबह गांव के ही रोशन खां के लड़के बेचू व मोहर्रम अली तथा मोहर्रम अली के पुत्र उस्मान तथा सिराजुद्दीन पुत्र हैदर अली योजना बनाकर लाठी डंडा लेकर आए। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। साबिर अली ने अपने घर में भाग कर अपनी जान बचाई।

### पीड़ित द्वारा घटना की रिपोर्ट थाना हैदरगंज में दर्ज कराई गई

न्यायालय में मुकदमा विचारण के दौरान अभियुक्त उस्मान को कैंसर हो गया। काफी इलाज के बाद स्वस्थ होने पर न्यायालय हाजिर आया। वादी पक्ष से अधिवक्ता राजेन्द्र तिवारी तथा अभियुक्त पक्ष से अधिवक्ता कमलेश कुमार पाण्डेय ने न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय ऋचा अवस्थी की अदालत में साबिर अली तथा चारों अभियुक्तों के बीच सुलह समझौता प्रस्तुत किया गया।न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पक्षों के मध्य सुलह समझौता होने के आधार पर मुकदमा समाप्त किए जाने का फैसला दिया।

## भंडारे का आयोजन 4 अगस्त को

**पूरा बाजार अयोध्या** डॉक्टर टीवी सिंह तपोभूमि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पश्चिमी नाका बाबा राम आधार दास त्यागी के यादगार में 15वीं पुण्यतिथि के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य श्री सीताराम नाम महामंत्र के साथ भंडारे का आयोजन 4 अगस्त दिन रविवार को अयोध्या के नाम चिन साधु संतों के मध्य स्थानीय लोगों के सौजन्य से अखिल भारतीय भंडारी का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है

# शहर की गलियों में कराये गये आरसीसी के कार्यो का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

**▸▸ आरसीसी मार्गो में जो भी कमियां है उसे तत्काल दुरूस्त कराकर अवगत करायें-गौरव दयाल**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय के साथ अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के गलियों में कराये गये आरसीसी के कार्यो का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में बनायी जा रही आरसीसी सड़कों तथा महंत अवैद्यनाथ वार्ड में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा बनायी जा रही आर0सी0सी0 सड़कों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन सड़कों के फुटपाथ के साथ साथ अयोध्या में कहीं भी इंटरलाकिंग ईट का इस्तेमाल न किया जाय। इसके स्थान पर कॉबल ब्लाक का प्रयोग किया जाय तथा बनने वाली आरसीसी में निर्धारित पैटर्न का अनुसरन करते हुये कान्स्ट्रक्शन ज्याएंट काटे जाए और सरफेस को खुदरा करने के लिए सीधी रेखाये बनायी जाए, जो देखने में बेतरतीब न लगे। उन्होंने कहा कि आरसीसी मार्ग के दोनों छोर के एलायमेंट एक सीध रेखा में हों तथा इनके बगल की नालियों में जो पत्थर डाले जाय वह अच्छी कार्य कुशलता के साथ डाले जाए टेढ़ मेढ़े न हों। इसके साथ ही उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता अयोध्या विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया कि इन आरसीसी मार्गो में जो भी कमियां है उसे तत्काल दुरूस्त कराकर अवगत करायें। इस दौरान अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिशाषी अभियन्ता आलोक सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के सम्बधित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पत्रकार को मिला भारत यूथ अवार्ड

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर अयोध्या** एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय राज्यमंत्री प्रताप राव द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य लिए रोहित तिवारी को भारत यूथ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट लेखन और पत्रकारिता क्षमताओं को मान्यता देता है। बता दें कि श्री तिवारी पिछले 14 वर्षों से प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। मौजूदा समय में वह एक प्रतिष्ठित समाचार चैनल समूह के संस्थापक और संपादक भी हैं। रोहित तिवारी ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा के साथ पत्रकारिता की दुनिया में अपना नाम किया है। उनके अनूठे लेखन शैली और व्यापक ज्ञान ने उन्हें एक प्रमुख जर्नलिस्ट के रूप में उभारा है।

रोहित तिवारी ने कई महत्वपूर्ण और विवादास्पद विषयों पर अपनी खोज और रिपोर्टिंग के माध्यम से लोगों के ध्यान को आकर्षित किया है। उनके लेखन की गहराई और समझदारी से उन्होंने बाहरी दुनिया को समझाया और समर्थन प्राप्त किया है। रोहित तिवारी ने अपने क्षेत्र में निरंतरता और प्रोफेशनलिज्म के साथ काम किया है। उन्होंने समाज की जरूरतों और मुद्दों पर अपनी आलोचनात्मक दृष्टि और सोच से चर्चा की है। रोहित तिवारी के लेखन और पत्रकारिता के अनुभव ने उन्हें जर्नलिज्म के क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति बना दिया है। उनका योगदान और समर्थन उन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लायक बनाता है।

अवार्ड मिलने के बाद रोहित तिवारी ने इसका श्रेय अपने माता पिता अपने गुरुजनों तथा स्मस्त भारत की जानता को समर्पित किया है। कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय राज्यमंत्री शान्तनु ठाकुर, केंद्रीय राज्यमंत्री प्रताप राव , सांसद थावर चंद गहलोत, राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट , अशोक ठाकुर, भारत युवा पुरस्कार कार्यक्रम संयोजक डॉ संदेश यादव एवं अन्य कई गणमान्य अथिति मौजूद रहे।

# अयोध्या के धार्मिक स्थलों की सैर कराएंगी गोल्फ कार्ट

## सीएम योगी ने रामनगरी अयोध्या को दी एक और सौगात



**▸▸ 25 गोल्फ कार्ट अयोध्या पहुंचीं, 25 और आएंगी**
**▸▸ अयोध्या के सभी धार्मिक स्थलों की कराएंगी सैर**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्याधाम।** योगी सरकार ने रामनगरी अयोध्या को एक और सौगात दी है। अब अयोध्या धाम की सड़कों पर गोल्फ कार्ट दौड़ती नजर आएंगी। 25 गोल्फ कार्ट अयोध्या पहुंची हैं। जो अयोध्या, गुप्तार घाट के गार्डन में खड़ी की गई हैं।

विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि 25 गोल्फ कार्ट अयोध्या पहुंच गई हैं। अभी 25 गोल्फ कार्ट और आनी हैं। उन्होंने बताया कि अभी रूट मैप तय किया जाना है। अयोध्या आने वाले पर्यटकों को गोल्फ कार्ट से घूमने का मौका मिलेगा।

ये गोल्फ कार्ट रामपथ, गुप्तार घाट से लेकर अयोध्या के सभी धार्मिक स्थलों पर घूमती नजर आएंगी। गोल्फ कार्ट का संचालन अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से कराया जाएगा। एडीए सचिव ने बताया कि गोल्फ कार्ट पर तीन शिफ्ट में तीन अलग-अलग चालक काम करेंगे। गोल्फ कार्ट काफी आरामदायक होने के कारण सवारियों की यात्रा में सहायक साबित होंगी।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि हम श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में हमारी योजना है कि श्रद्धालुओं को इन लोकेशंस से 12 सीटर और 18 सीटर ई कार्ट की सुविधा भी मिले, जो उन्हें अयोध्या के विभिन्न धार्मिक स्थलों की सैर कराए।

# एक वृक्ष राजर्षि के नाम के तहत सभी अध्ययन केन्द्रों पर किया गया पौधरोपण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्याधाम।** भारत रत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के जन्म दिन के अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र अयोध्या में दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई। विश्वविद्यालय ने 23 जुलाई,2024 से 31 जुलाई, 2024 तक सभी अध्ययन केन्द्रों में पौधारोपण के तहत %एक वृक्ष राजर्षि के नाम % अभियान चलाया। इस अभियान का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने क्षेत्रीय केंद्र अयोध्या ,बी.एन.एस.गर्ल्स डिग्री कॉलेज, जनौरा,अयोध्या में पौधारोपण कर किया था। अध्ययन केन्द्रों ने अपने परिसर में पौधरोपण कर इस अभियान को सफल बनाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक लालजी सिंह, डॉ.राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के पूर्व कर्मचारी अध्यक्ष डॉ.राजेश सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. शशि भूषण राम त्रिपाठी, संजय उपस्थित रहे।

# प्रेमचंद जयंती के अवसर पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

## प्रेमचंद की रचनाओं के केंद्र में किसान और स्त्री का जीवन हमेशा मौजूद रहा है-स्वप्निल श्रीवास्तव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्याधाम।** जनवादी लेखक संघ, द्वारा प्रेमचंद जयंती के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाओं के केंद्र में किसान और स्त्री का जीवन हमेशा मौजूद रहा है। वे उन विसंगतियों को उजागर करते हैं जिनके कारण भारतीय समाज में हाशिए पर रहने वाला वर्ग सदैव वंचना की स्थिति में रहा है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इन वर्णनों के बीच भी प्रेमचंद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को रेखांकित करना नहीं भूलते। उनके अनुसार यह उल्लेखनीय है कि आज भी ज़मीनी रचनाकारों को प्रेमचंद की परम्परा का रचनाकार कहा जाता है। उर्दू के वरिष्ठ आलोचक मो. ज़फ़र ने कहा कि प्रेमचंद अपने शुरुआती दौर में उर्दू में ही लेखन करते थे, इस तथ्य की पुष्टि करते हुए प्रेमचंद की उर्दू की प्रमुख रचनाओं का परिचय भी उनके द्वारा दिया गया। मो. ज़फ़र के अनुसार प्रेमचंद अपनी अफ़सानानिगारी में तरक़्क़ी पसंद ख़यालात के लिए मशहूर रहे हैं। उनके मुख़्तसर अफ़सानों में अवाम की आवाज़ बुलंद तौर पर मौजूद रही है। प्रेमचंद की ज़बान साफ़ और शफ़्फ़ाक थी और इसीलिए वे मशहूर भी हुए।

वरिष्ठ लेखक आर डी आनंद ने कहा कि प्रगतिशील आंदोलन से प्रेमचंद का सीधा संबंध था। प्रेमचंद के लेखन का प्रारंभ व्यक्ति के जीवन के मध्यममार्ग और मानवतावाद को स्थापित करने से होता है। अपने साहित्यिक जीवन के अगले हिस्से में वे गांधीवाद से प्रभावित होते हैं और उसके बाद वे यथार्थवाद की तरफ़ उन्मुख होते हैं। उन्होंने कहा कि एक रचना लिखने के लिये भी गहरी सृजनात्मक पीड़ा से होकर गुजरना पड़ता है, प्रेमचंद इन अनुभूतियों के बहुत गहरे स्तरों से गुजरे थे। प्रेमचंद अपने समय से बहुत आगे की चेतना में जी रहे थे और जीवन-दर्शन को अभिव्यक्त कर रहे थे। आर डी आनंद ने कहा कि प्रेमचंद की दलित चेतना को समझने के लिए ठाकुर का कुआँ, कफ़न और सद्गति जैसी कहानियों को बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दलित साहित्यकारों ने प्रेमचंद की कई कहानियों को ठीक से समझा नहीं, उनके अनुसार भोगे हुए यथार्थ की जैसी अभिव्यक्ति प्रेमचंद के यहाँ है वह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

संचालन करते हुए डॉ विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेमचंद दूरदर्शी लेखक थे और इसीलिए उन्होंने आगामी सांस्कृतिक, साम्प्रदायिक और राजनीतिक ख़तरों की पहचान उसी समय कर ली थी। साहित्य को राजनीति के आगे चलकर रास्ता दिखाने वाली मशाल वे यूँ ही नहीं कहते हैं। भारत के किसानों, निम्नमध्यवर्ग और दलितों की स्थितियों का यथार्थ वर्णन करते हुए प्रेमचंद ने सदैव आदर्शवाद को लक्ष्य के रूप में सामने रखा। प्रेमचंद ने आम आदमी की समझ में आने वाली गंगा-जमुनी भाषा का चुनाव किया जिसमें हिंदी के साथ अरबी, फ़ारसी और उर्दू का समावेश था। युवा लेखिका माण्डवी सिंह ने 'पूस की रात' कहानी के अंश का अत्यंत प्रभावशाली पाठ किया। वरिष्ठ लेखिका विनीता कुशवाहा ने कहा कि प्रेमचंद अकेले ऐसे लेखक थे जो दलित-वंचित तबके की आवाज़ों को पुरअसर तरीक़े से साहित्य में जगह देते थे। महिलाओं के जीवन और बीसवीं शताब्दी में उनकी भूमिका पर प्रेमचंद के लिखे को आज पुनः पढ़ने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद के कथा-साहित्य में स्त्रीचरित्र के व्यापक स्वरूप को अभिव्यक्त किया गया है। प्रेमचंद ग्रामीण जीवन और शहरी जीवन, दोनों का चित्रण करते हैं और उसके अनुरूप स्त्री छवियाँ गढ़ते हैं।

कार्यक्रम संयोजक सत्यभान सिंह जनवादी ने आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि शायद ही समाज का कोई वर्ग हो जिसने प्रेमचंद को न पढ़ा हो, उनकी समाज में व्यापक स्वीकृति है और आज भी लोग तलाशकर उनकी रचनाएँ पढ़ते हैं। इस गोष्ठी में राजीव श्रीवास्तव,जयप्रकाश श्रीवास्तव,अखिलेश सिंह,माहिर सर,कॉम रामदुलारे यादव,पूजा श्रीवास्तव,रेखा शीतल,रीता शर्मा,महिला नेता सरोज यादव,शारदा आनंद,कुमकुम भाग्या, गंगाराम भगत,सीताराम वर्मा,ज्ञान यादव,महावीर पाल,कॉम रामजी राम यादव, प्रांतीय नेता बाबूराम गौड़,नूर बेगम,यासीन बेग,अजय बाबा,रामजी तिवारी,वाहिद अली, सहित संगठन के सदस्य एवं साहित्यप्रेमी, समाजसेवी एवं संस्कृतिकर्मी उपस्थित रहे।

# मामूली विवाद में महिला की काटी नाक,पीट पीट कर किया लहू लुहान

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के धमथुवा मुगलन गांव में मामूली बात को लेकर महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हो गई। महिलाओं के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित महिला रेनू ने आरोप लगाया है कि पड़ोस में ही रहने वाली उर्मिला के यहां से पहले नाली विवाद था, जो निपट गया था। हाल ही में अभी उनके बेटे को सर्प डस लिया था, तब से वह यही कह रही थी कि तुम्हीं झाड़ फूंक कराई हो। जब मैंने इसका विरोध किया तो इसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उर्मिला के घर की महिलाएं एकजुट होकर मुझे लात-घूसों से जमीन पर गिरा कर मारा पीट तथा चाकू से नाक भी काटी है।

# अयोध्या में चल रहे अवैध कोचिंग संस्थानों के खिलाफ अभाविप ने सौंपा 6 सूत्रीय ज्ञापन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्याधाम।** अयोध्या में चल रहे अवैध कोचिंग संस्थानों के खिलाफ अभाविप अयोध्या द्वारा प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर जिलाधिकारी संबोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा गया।


प्रदेश मंत्री पुष्पेंद्र बाजपेई ने बताया पिछले दिनों दिल्ली में मानक के विपरीत चल रही कोचिंग संस्थान में हुई घटना अत्यंत दुखद है इसी क्रम में जिले में बिना पंजीकरण चल रहे कोचिंग संस्थानों पर तत्काल कार्रवाई की जाए एवं उस कोचिंग संस्थान को बंद किया जाए। साथ ही वैध एवं जर्जर भवनों में चल रहे कोचिंग संस्थानों की जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाए एवं कोचिंग संस्थानों की फायर सेफ्टी हृष्ट की जांच की जाए।

विभाग संयोजक शशांक विद्यार्थी ने बताया उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों का अपने यहां दाखिल नहीं कर सकते और अच्छे अंक या रैंक दिलाने का भ्रामक के वादे भी नहीं कर सकते जिले में चल रहे ऐसे कोचिंग संस्थान जो इस निर्देश का पालन नहीं कर रहे हैं उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए। जिसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ऋषभ गुप्ता ,प्रांत ह्यद्भस्र सयोंजक शिवम मिश्रा,राणा आशुतोष, अंशुमान सिंह,मानवेंद्र प्रताप सिंह,किशन सिंह ,महेश पांडेय,रितिक सिंह,मोहित साहू कुंदन सिंह,प्रखर सिंह ,यश पांडेय,वैभव सिंह आदित्य सिंह,उत्कर्ष तिवारी,सिद्धार्थ तिवारी एवं महानगर संगठन मंत्री राजवर्धन ,विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डिजिटल एक्सरे चालू कर रेडियो लॉजिस्ट व लैब टेक्नीशियन की अविलंब नियुक्ति करने के लिए सभासद ने डिप्टी सीएमओ से की मुलाकात

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोसोईगंज-अयोध्या।** आजमगढ़ लखनऊ राजमार्ग स्थित गोशाईगंज सीएचसी पर महीनो पूर्व आए डिजिटल एक्सरे मशीन को चालू कर सीबीसी जॉच की सुविधा शुरू कराने के साथ ही रेडियोलॉजिस्ट एवम् लैब टेक्नीशियन की अविलम्ब नियुक्त किए जानें को लेकर गुरूवार को जिला मुख्यालय पर गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद आरती जयसवाल ने मुख्य चिकित्साधिकारी की न मौजूदगी में डिप्टी सीएमओ से मुलाकात कर एक मांग पत्र दिया तथा अबिलंब जनहित में उपरोक्त सुविधा बहाल करने का आग्रह किया। मामले में डिप्टी सीएमओ वी0एन0 यादव ने जल्द ही कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।सभासद श्रीमती जायसवाल ने पत्र की छायाप्रति मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री उप्र0 सरकार लखनऊ के साथ साथ अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण अयोध्या मंडल अयोध्या,महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण स्वास्थ्य



भवन कैसर बाग लखनऊ को भी भेजा है। दिए गए पत्र में श्रीमती जायसवाल ने दर्शाया है कि बीते दिनो उनकी मांग पर शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य महकमें द्वारा एसएच 30 पर अंबेडकरनगर सीमा से सटे गोशाईगंज विस0 मुख्यालय स्थित गोशाईगंज सीएचसी पर डिजिटल एक्सरे मशीन को भेज तो दिया गया था लेकिन वह आज तक चालू नहीं हो सका और न ही अब तक इसके लिए किसी रेडियोलोजिस्ट चिकित्सक की तैनाती की गई।इतना ही नहीं दो पखवारे पूर्व यहां तैनात रहे लैब टेक्नीशियन राम सबद का गैर जनपद तबादला होने पर उनको कार्य मुक्ति भी कर दिया गया लेकिन अभी तक उनकी जगह पर यहां किसी लैब टेक्नीशियन को स्थाई यहां पोस्ट नही किया गया।एलटी की तैनाती न होने से जहां मरीजों को पैथ जांच कराने के लिए प्राइवेट दुकानों पर अपनी जेबे ढीली करनी पड़ रही है वहीं गरीब मरीजों को मया व जिला अस्पताल तक भाग दौड़ करना पड़ रहा है।मालूम हो कि गोसाईगंज अस्पताल मे प्रतिदिन दसियों किमी0 चौतरफा परिधि के लोग आकर यहा अपना इलाज कराते है।परंतु सुविधा न पाने के कारण उनको निराश होकर अनावश्यक दूसरे अस्पतालो की ओर रूख करना पडता है। सभासद श्रीमती जायसवाल ने बताया कि जनहित मे गोसाईगंज सीएचसी पर तत्काल उपरोक्त सुविधाए उपलब्ध कराना बहुत ही जरूरी है।

# शिक्षा के साथ-साथ छात्रों में नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन का होना जरूरी- क्रेग बटरफील्ड

## जीसस एंड मैरी स्कूल में अलंकरण सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन





**बलरामपुर।** गुरुवार को जीसस एंड मैरी स्कूल एंड कॉलेज में पदारोहण अलंकरण समारोह 2024 25 का आयोजन किया गया समारोह में सर्वसम्मत से छात्रा अनुष्का सिंह को कॉलेज का कप्तान चुना गया। वही चार सदन में एंथोनी हाउस कैप्टन नीलाक्षी मिश्रा, बटरफील्ड हाउस कैप्टन संचिता मिश्रा,फैंथम हाउस कैप्टन तूलिका मिश्रा व कीलर हाउस कैप्टन संस्कृति श्रीवास्तव को चुना गया। अलंकरण समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्य क्रेग बटरफील्ड ने किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन का होना जरूरी है इसी के तहत पदारोहण अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाता रहा है इस अलंकरण से न केवल बच्चों में अनुशासन का विकास होता है बल्कि उनके अंदर नेतृत्व क्षमता भी विकसित होती है। प्रधानाचार्य के निगरानी में विद्यालय कैप्टन के साथ चारों हाउस के कैप्टन का चुनाव हुआ इसमें सर्वसम्मत से छात्रों ने विद्यालय कैप्टन अनुष्का सिंह को चुना है।

इसी क्रम में चारों सदन में एंथोनी हाउस का कैप्टन नीलाक्षी मिश्रा वाइस कैप्टन वैष्णवी सिंह एवं मॉनिटर सार्थक अग्रवाल प्राची गुप्ता एवं वर्चस्व मिश्रा को बनाया गया बटरफील्ड हाउस का कैप्टन संचित मिश्रा वाइस कैप्टन सहरिश कमाल, एवं मॉनिटर प्रियांशी मिश्रा आर्या दुबे ,स्नेहा सिंह को बनाया गया। फैंथम हाउस के कप्तान तूलिका मिश्रा वाइस कैप्टन ताबिश जमाल सहित मॉनिटर पद पर स्तुति रतन सुभाष सिंह एवं आर्यन श्रीवास्तव को बनाया गया। कीलर हाउस का कैप्टन संस्कृति श्रीवास्तव वाइस कैप्टन राज सोनी एवं मॉनिटर तौहीद खान फैजी रहमानी आयुषी सिंह को चुना गया है।

### अनुष्का सिंह बनी जीसस एंड मैरी स्कूल की कैप्टन

सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को विद्यालय प्रधानाचार्य क्रेग बटरफील्ड ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई है रिसोर्स पर चारों सदन के कैप्टन एवं अन्य पदाधिकारी ने मार्च पस्त कर ध्वज को सलामी दी है विद्यालय प्रधानाचार्य ने सभी नवनीत पदाधिकारी को शपथ दिलाने के बाद बधाई देते हुए अनुशासित कार्य करने के लिए प्रेरित किया है

इस अवसर पर जोज़फ फर्नाडीज मोहम्मद हाशिम खान, पीके पांडेय डॉ सत्येंद्र सिंह एसबी सिंह अनूप श्रीवास्तव अब्दुल रशीद खान रचना श्रीवास्तव निशू तिवारी मीनाक्षी वर्मा अनुराग त्रिपाठी अनूप चौरसिया अध्यापक अध्यापक कार्यक्रम में शामिल रहे है।

# चौथे इमाम की शहादत पर शब्बेदारी व जुलूस का आयोजन



**सुलतानपुर।** अंजुमन ए असगरिया कदीम अमहट सुलतानपुर की तरफ बुधवार को रात में 8 बजे हुसैनिया नौतामीर अमहट में एक मजलिस का आयोजन किया गया है। जिसमें पेशख्वानी अंसार सुलानपुरी वकार सुलतानपुरी फाजिल जरैलवी व संचालन जीशान आजमी ने की और मजलिस मौलाना सिब्तैन अब्बास रिजवी कुम ईरान ने पढी उन्हों ने कहा कि करबला में दस मोहर्रम को हुसैन के 72साथियों की शहादत के बाद यजीदी फौज ने हुसैन के घर के औरतों बच्चो को कैद करके इमाम जैनुल आबदीन को हथकड़ी बेड़ी जंजीर और तौक मे जकड़ कर करबला से कूफा होते हुए सीरिया लाया गया जहॉ यजीद की हुकूमत थी यजीद अपने पूरी हुकूमत मे वरचस्व बढाने के लिए 700सौ राजदूतों को बुलाया था उसने सब को बताया था कि एक ब्यक्ति ने मेरे खेलाफ बगावत की है हमने उसको सजा देकर कैद किया है लेकिन हुसैन के बेटे इमाम जैनौल आबदीन ने यजीद के दरबार में जब यजीद के सामने लाये गये और बोलना शुरू किया और लोगों को करबला की दासतान सुनाई तो दरबार में इनकेलाब आ गया सारे लोग रोने लगे इस तरह सब को मालूम हुआ कि यजीद ने मोहम्मद साहब के नवासे हुसैन को शहीद करा दिया इसके बाद इन कैदियों को रेहाई मिली। वह इमाम जैनुल आबदीन हमेशा अपने बाबा हुसैन के गम में उम्रभर जब सामने खाना पिनी आता था तो देख कर रोते थे कि मेरे बाबा को भूखा प्यासा शहीद किया गया आज उसी की शहादत की तारीख है इस लिए मजलिस के बाद शबीह ताबूत हजरत इमाम जैनुल आबदीन अलैहिस्सलाम निकाला गया और रातभर शब्बेदारी हुई। जिसमें सुलतानपुर की मुकामी अंजुमनों के अलावा अंजुमन लश्करे हुसैनी लखनऊ अंजुमन फौजे हुसैनी मेरठ अंजुमन सज्जादिया बड़ागॉव घोसी मऊ अंजुमन हैदरिया हल्लौर अंजुमन हुसैनिया बनारस नौहा ख्वानी व सीना जनी की शब्बेदारी के बाद सुबह4बजे एक जुलूस निकाला जायेगा जिसमें शबीह बिस्तर बीमार ए करबला व असीराने करबला का दिल सोज मंजर पेश किया गया और दौरान ए जुलूस मौलाना नदीम असगर बनारस मौलाना सज्जाद हुसैन रिजवी बिहार मौलाना मोहम्मद मेंहदी अकबरपुर ने तकरीर की और जुलूस हुसैनिया बादलखॉ अमहट में समाप्त हुआ यह जानकारी हैदर अब्बास खॉ अध्यक्ष हौसैनी शिया वेलफैयर एसोसिऐशन सुलतानपुर ने दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत



**कुड़वार/सुल्तानपुर।** घर के बाहर पेड़ के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस विधिक कार्यवाही में जुट गई।

गुरूवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के सुगवापुर (राजापुर) गांव में चंद्र प्रकाश उर्फ कुलदीप यादव (22)पुत्र स्व नरसिंहरूप यादव घर के बाहर अमरूद के पेड़ में साड़ी के सहारे लटका मिला। सुबह जब परिजनो ने देखा तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्यवाही उपनिरीक्षक राम विलास यादव से करवाई। मृतक चार भाईयो प्रेम प्रकाश, ओम प्रकाश, देव प्रकाश में सबसे छोटा था। मृतक के दो भाईयो प्रेम प्रकाश व ओम प्रकाश की शादी हो चुकी है जबकि देव प्रकाश व मृतक चंद्र प्रकाश अविवाहित है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की मां राजकुमारी सहित परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी होते ही सगे संबधी भागे हुए चले आ रहे है। मृतक मुंबई में रहकर नौकरी करता था जो अभी दस दिन पहले घर आया था। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने बताया कि शव के पास से बर्गर, मोबाइल व गुटका मिला है।शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया गया है। घटना की हर तरह से जांच की जा रही है।

## बिजली विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न

**जौनपुर।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में बिजली विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विद्युत उपभोक्ताओं ने भी हिस्सा लिया उनके द्वारा दी गई समस्याओं एवं जिले में विद्युत आपूर्ति को संज्ञान में लिया गया। उपरोक्त के सन्दर्भ में मुख्य अभियन्ता द्वारा जिलाधिकारी एवं जनमानस को यह अवगत कराया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में ट्यूबवेल चल जाने एवं पर्याप्त वर्षा न होने के कारण फीडर पर ओवरलोडिंग की समस्या बनी हुई थी जिसके निराकरण हेतु ऐसे अतिभारित विद्युत उपकेन्द्रों पर 24 घण्टे विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गई है जिससे कि समस्या का निवारण हो रहा है।

# भ्रष्टाचार को खत्म करना नए खण्ड विकास अधिकारी के लिए चुनौती

**सुलतानपुर।** विकास खण्ड बल्दीराय के खण्ड विकास अधिकारी राधेश्याम का तबादला हो गया है यहां अब जिले की ज्वाइंट मजिस्टेट बैशाली चोपड़ा को बल्दीराय खन्ड विकास अधिकारी का भार सौपा गया है। लेकिन क्या ब्लाक की पैसंठ ग्राम पंचायतो में पूर्व से ही फैली भ्रष्टाचार की जड़ अब समाप्त होगी यह एक चुनौती साबित होगा।

ब्लाक की दर्जनो ग्रामपंचायतो में सफाईकर्मियो द्वारा अपना मूल कार्य न करके सिर्फ कागजी औपचारिकता पूरी की जाती है। ग्राम पंचायतो मे बनी नालिया गंदगी से बजबजा रही है लेकिन शिकायत के बाद भी कोई पुरसाहाल नहीं है। ग्राम पंचायतो में पीएम आवास को लेकर बड़ा सवाल उभर रहा है आए दिन कर्मचारियो व जिम्मेदारों पर आरोप लगते आए है सूत्र बताते है ग्राम पंचायत में पात्र व्यक्ति को आवास की सूची से बाहर करते अपात्र व्यक्तियो को आवास दिलाया गया है। कई ग्राम पंचायतो के नागरिको ने शिकायत भी की थी लेकिन कार्यवाही हो पाना मुश्किल हो गया। ग्राम पंचायतो में हो रहे विकास कार्यो का अगर निष्पक्ष निरीक्षण किया जाय तो अधिकांश ग्राम पचायतो में कर्मचारियो ने प्रस्तावित कच्चे कार्यो में सिर्फ ऊपरी मिटटी छिलाई करवा मिटटी पटाई का कार्य दिखाया गया है वही ग्राम पंचायतों में मरम्मती करण के नाम लूट खसोट हुई है। ग्राम पंचायतो में अधिकांश इंडिया मार्का टू हेन्डपम्प रिबोर दिखा कर पैसा हजम कर लिया गया लेकिन रिबोर कराया ही नही गया है। क्षेत्र के गोशालाओ में गोंबशो की स्थित बद से बदत्तर है लेकिन प्रतिमाह लाखो का विल बनाने वाले गोशाला स्वामी सिर्फ कोष कहा से भरे गोवंशो की व्यवस्था पर नही शायद इसी पर निगाह रखते है अगर निरीक्षण किया जाय तो शायद व्यवस्था की पोल खुल सकती है। क्षेत्र की ग्राम पंचायतो का हाल बेहाल है अधिकांश गावो में देखा गया कि विकास कार्यो में लगे मजदूरो की मजदूरी जांब कार्ड के जरिए दी जाती है लेकिन ब्लाक क्षेत्र में सीधे इसका उल्टा हो रहा है। चहेतो के बहु भाई वेटे सहित अन्य का जाबकार्ड जारी कर पैसा उनके खाते में आता है ऐसे में विकास कार्य के पैसे का बंदर बाट होना स्वाभाविक है। संबंधित कर्मचारी साठगाठ के चलते कार्यवाही से कतराते है। स्वच्छ भारत मिशन मे तो अजीबो गरीब खेल खेला गया कही एक ही संयुक्त परिवार में तीन तीन शौचालय तो वही किसी को एक भी नही रसूखदारो को तो ढेर सारी वरीयता है पहले से मकान पक्का शानदार शौचालय फिर भी संबंधित कर्मचारी ने पहले से ही बने रसूखदारो के शौचालयो को फर्जी तरीके से फोटो बनाकर सरकारी धन का लाभ दिलाया गया ये जाच का विषय है लेकिन चन्द कमीशन के चक्कर में इनकी जाँच नही करवाई। ये तो सिर्फ वानगी भर योजनाए है तमाम योजनाओ में बारीकी से जांच करवाई जाय तो शायद भ्रष्ट्राचार की मजबूत जड़े फैली मिलेगी क्षेत्र की नई अधिकारी के आने से लोगो में कुछ आशा की किरण जगी है फिलहाल नए अधिकारी के लिए ब्लाक में फैली भ्रष्टाचार की जड़ को काट पाना चुनौती सावित होगा देखना होगा ब्लाक में हो रहे फर्जी कार्यो पर प्रतिबंध लगेगा या नही।

# शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में समाज सेवा की भावना जरूरी- सुयश आनंद





**बलरामपुर।** शुक्रवार को समाज सेवा की नींव को मजबूत करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर ने सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी की शाखा इंटरैक्ट क्लब का गठन किया।

इस बटन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में राष्ट्र प्रेम एवं समाज सेवा की भावना विकसित करना स्कूल के डायरेक्टर सुयश आनंद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जो बच्चे आज इंटरैक्ट क्लब में सम्मिलित हो रहे हैं इनमें समाज सेवा की भावना पैदा करना है

ताकि वह राष्ट्रहित एवं समाज हित में निरंतर आगे रहे। डॉ विकास अग्रवाल ने समाज सेवा किस तरह छोटे से प्रयासों से की जा सकती है इस विषय में बताया। डॉ सौरभ सिंह ने इंटरैक्ट क्लब के सदस्यों को नशा मुक्ति अभियान के विषय में जानकारी दी एवं नशा न करने की शपथ दिलाई।इस अवसर पर डॉ अफजाल अहमद को इंटरैक्ट एडवाइजर का पद दिया गया।

डॉ जुबैर अहमद ,भूपेंद्र सिंह, संजय शर्मा आदि रोटेरियन मौजूद रहे।स्कूल के प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर को हर संभव सहयोग की बात कही।कुल 31 छात्र छात्राओं ने इंटरैक्ट क्लब की सदस्यता ग्रहण की।

वैभवी दुबे को अध्यक्ष एवं ओंकार शर्मा को सचिव पद की शपथ दिलाई गई।सदस्यता ग्रहण करने वाले बच्चों में हर्षित पांडे,अल्पना सिंह, कृष्णा यादव,दीपक तिवारी,अंशिका सिंह,हरगुन कौर,पुण्यदा मदान आदि सम्मिलित हुए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहरावां का औचक निरीक्षण

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने 01 अगस्त 2024 को जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहरावां का औचक निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हाई रिस्क प्रेगनेंसी दिवस ''एचआरपी डे'' मनाया जा रहा था। उक्त के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की ए0एन0सी0 जांच एवं उन्हें प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जांच पड़ताल किया। स्वास्थ्य केंद्र पर आज काफी संख्या में गर्भवती महिलाएं उपस्थित थी। सभी गर्भवती महिलाओं की जांच एवं अन्य आवश्यक दवाइयां इत्यादि दिया जा रहा था।

चिकित्सालय पर सभी आवश्यक दवाओं के स्टॉक की पर्याप्त उपलब्धता थी। सामान्य ओपीडी में भी काफी संख्या में मरीज आ रहे थे।

# विद्युत व्यवस्था, अंडरपास और स्वाथ्य सेवाओं को लेकर बिफरे सपाई




**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अनूप सांडा के संयोजन में जनपद को चरमराई विद्युत व्यवस्था को लेकर सैकड़ों की संख्या में तिकोनिया पार्क में धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए अनूप संडा ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार जनहित के हर मुद्दे पर विफल हो चुकी है तथा लोकसभा चुनावों में हुई हार से बदले की भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने धरने में उपस्थित जनता से जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर कन्धे से कन्धा मिलाकर चलने का आहवान किया। उन्होंने जिलाधिकारी द्वारा रेलयात्री व मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में विद्युत कटौती, अंगनाकोल ग्राम में रेलवे अंडरपास, ओदरा, भोरे, कमनगढ़ आदि ग्रामों को शहरी क्षेत्र के0एन0 आई0फीडर से जोड़ने, जिला अस्पताल को स्वशासी संस्था में न बदलने हेतु अन्य कई मुद्दों पर शीघ्र निस्तारण हेतु मांग की।

# खपरहां व्यापारी से रंगदारी प्रकरण को लेकर एसपी से मिले श्रवण जायसवाल

## व्यापारी नेता ने कहा– इसका खुलासा करके बदमाशों को जेल भेजा जाय




**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के खपरहां के व्यापारी कुंवर चन्द गुप्ता के ऊपर जानलेवा हमला एवं रंगदारी मांगे जाने को लेकर व्यापारी नेता श्रवण जायसवाल गुरूवार को पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा से मिले। इस दौरान व्यापारी नेता ने एक पत्रक सौंपते हुये इसको गम्भीरता से लेते हुये कार्यवाही की मांग किया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शीघ्र ही इस मामले का पर्दाफाश किया जायेगा। पत्रक के माध्यम से श्री जायसवाल ने कहा कि बीते 25 जुलाई को खपरहां बाजार निवासी कुंवर चन्द गुप्ता को निशाना बनाते हुये हौंसला बुलन्द बदमाशों ने 4 फायर किया था जिसका मुकदमा सिकरारा थाने में दर्ज तो है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। ऐसे में फोन करके 50 लाख रूपये की रंगदारी भी मांग ली गयी जिससे व्यापारी सहित पूरा परिवार एवं क्षेत्रवासी दहशत में आ गये। इसको लेकर व्यापारी नेता श्री जायसवाल अपने प्रतिनिधिमण्डल के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें पत्रक सौंपे। साथ ही चेतावनी दिया कि यदि शीघ्र ही इस प्रकरण सहित आये दिन हो रही व्यापारियों पर अत्याचार बन्द नहीं हुआ तो पूरा व्यापारी समाज सड़क पर उतर जायेगा। फिलहाल पुलिस अधीक्षक ने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही इस प्रकरण का खुलासा करते हुये बदमाशों को जेल भेजा जायेगा। साथ ही कुंवर चन्द गुप्ता सहित किसी भी व्यापारी के साथ पूरा पुलिस प्रशासन खड़ा है। पुलिस अधीक्षक से मिलने के दौरान व्यापारी नेता श्रवण जायसवाल के साथ अमरचन्द्र गुप्ता, रामजश यादव, विश्वनाथ गुप्ता, सिकन्दर यादव, प्रकाश गुप्ता, सुबाष चौरसिया, चन्दन गुप्ता, राजकमार, पवन, राजन, नीरज गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, गणेश कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, जयहिन्द यादव, रिंकू, विशाल, प्रमोद कुमार, संतोष कुमार सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ब्लाक संसाधन केन्द्र, बक्शा का किया गया निरीक्षण



**जौनपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने गुरूवार को विकास क्षेत्र सिरकोनी के प्राथमिक विद्यालय हौज प्रथम, का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय हौज मे पहुंचने पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रीतू उपाध्याय आकस्मिक अवकाश, सहायक अध्यापिका श्रीमती रचना सिंह चिकित्सकीय अवकाश व सहायक अध्यापिका श्रीमती पूजा मातृत्व अवकाश पर पायी गयी। विद्यालय में कार्यरत शेष अन्य समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय उपस्थित मिले। विद्यालय मे नामांकित कुल 160 छात्रों के सापेक्ष 89 छात्र उपस्थित मिले। प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत विद्यालय मे बनने वाले मध्यान्ह भोजन में दाल-रोटी बनी हुई प्राप्त हुयी। विद्यालय परिसर साफ-सुथरा पाया गया। बीएसए द्वारा कक्षा 5 मे अध्ययनरत छात्रों से गणित के प्रश्न पूछे जाने पर छात्रों द्वारा सटीक उत्तर दिया। छात्रों का अधिगम स्तर अच्छा पाया गया, परन्तु अधिकतर छात्रों द्वारा यूनिफार्म मे न होने के कारण बीएसए द्वारा मौके पर पर उपस्थित समस्त शिक्षकों को अभिभावकों से समन्वय स्थापित कर प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। विद्यालय के निरीक्षण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मध्य बेहतर तालमेल न पाये जाने के परिणाम स्वरूप मौके पर ही सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी से वार्ता कर विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किये जाने हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। ब्लाक संसाधन केन्द्र बक्शा का निरीक्षण बीएसए द्वारा किया गया। ब्लाक संसाधन केन्द्र पर कार्यरत समस्त कर्मचारी निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पाये गये। विकास खण्ड के समस्त परिषदीय विद्यालयों हेतु प्रिंट रिच सामग्री का वितरण किया जा रहा पाया गया। विकास खण्ड मे पुरानी फाइलों के बेहतर रख-रखाव एवं केंद्र प्रांगण की समुचित साफ-सफाई हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त कार्मिकों को दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। तत्पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, बक्शा का औचक निरीक्षण अपरान्ह् 02.50 पर किया गया। विद्यालय मे कार्यरत समस्त कर्मचारी विद्यालय मे उपस्थित पाये गये। विद्यालय में नामांकित 98 छात्राओं के सापेक्ष 96 छात्रायें मौके पर उपस्थित पायी गयी। विद्यालय परिसर साफ-सुथरा पाया गया तथा विद्यालय मे छात्राओं को रोटेशन के अनुसार निर्धारित मीनू के क्रम में गुणवत्ता युक्त भोजन दिया जा रहा पाया गया।

# 10 अगस्त तक कराए फसलों का बीमा



**जौनपुर।** भारत सरकार द्वारा खरीफ 2024 मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़कर 10 अगस्त 2024 कर दिया गया है, वर्तमान खरीफ मौसम में ऋणी एवं गैर ऋणी किसान 10 अगस्त तक अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं।उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चन्द्र यादव ने बताया कि ऋणी किसान (जिनके पास किसान क्रेडिट कार्ड है) अपनी बैंक शाखा से संपर्क कर यह सुनिश्चित कर ले कि बैंक शाखा द्वारा उनकी फसल का बीमा किया गया है अथवा नहीं, अगर अब तक फसल बीमा नहीं किया गया है तो दो प्रतिशत प्रीमियम कटवा कर बीमा करा ले तथा गैर ऋणी कृषक अपना आधार कार्ड, स्व प्रमाणित फसल बुआई की घोषणा पत्र, नवीनतम खतौनी की नकल, बैंक पासबुक की छाया प्रति के साथ निकट के कॉमन सर्विस सेंटर अथवा बैंक शाखा से फसल पर देय प्रीमियम अंश जमा करते हुए अधिसूचित फसल धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, अरहर, उर्द एवं तिल का बीमा करा सकते हैं। योजना अंतर्गत प्रतिकूल मौसमी स्थितियों से अधिसूचित क्षेत्रों के अधिसूचित फसलों को क्षति होने की दशा में बीमित कृषकों को बीमा कवर/क्षतिपूर्ति प्रदान किया जाता है।

उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चन्द्र यादव ने जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपील किया है कि योजना अंतर्गत अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए योजना का लाभ ले।

# राजर्षि टंडन चाहते थे हिंदी जन-जन की भाषा बने- प्रोफेसर शुक्ला

## मुक्त विश्वविद्यालय में राजर्षि टंडन स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में बृहस्पतिवार को भारत रत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के जन्म दिवस पर सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन स्मृति व्याख्यान माला के 17वें पुष्प का आयोजन किया गया ।




व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि आचार्य त्रिभुवन नाथ शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष हिंदी एवं भाषा विज्ञान विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ने भारत भारती के आराधक स्थितप्रज्ञ राजर्षि विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि राजर्षि टंडन चाहते थे कि हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा मिले और वह जन जन की भाषा बने। वह हिंदी को पूर्ण रूप से स्थापित करना चाहते थे। उनके व्यक्तित्व में दृढ़ता थी जो उनके पत्रों में भी झलकती थे। इस तरह के पत्र उन्होंने गांधी जी एवं जवाहरलाल नेहरु को लिखे थे।प्रोफेसर शुक्ला ने कहा कि टंडन की जैसा बोलते थे वैसा ही लिखते थे। उनकी भाषा में व्यंजना के संदेश साफ परिलक्षित होते थे। आज हम सभी को टंडन जी के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। सारस्वत अतिथि अनंत विजय, वरिष्ठ पत्रकार, नई दिल्ली ने कहा कि राजर्षि टंडन दृढ़ निश्चयी थे। टंडन जी का राजनीति में प्रवेश हिंदी प्रेम के कारण हुआ। वह हिंदी को देश की आजादी के पहले आजादी प्राप्त करने का साधन मानते थे।विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ नरेन्द्र कुमार सिंह गौर ने कहा कि राजर्षि टंडन ने हिंदी की आजीवन सेवा की। हिंदी का उनसे बड़ा कोई समर्थक नहीं था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति सत्यकाम ने कहा कि राजर्षि टंडन महिलाओं की शिक्षा के हिमायती थे। यह विश्वविद्यालय उनके आदर्शों पर चलकर अधिक से अधिक महिलाओं को प्रवेश देने के लिए सतत प्रयासरत है। इसके लिए हम गांव गांव तक अपनी पहुंच बना रहे हैं। जिससे राजर्षि के आदर्श को पूरा कर सकें। देश को आगे बढ़ना है तो महिलाओं को शिक्षित करना होगा।

इस अवसर पर कुलपति एवं अन्य अतिथियों द्वारा राजर्षि टंडन के जीवन वृत्तांत पर निर्मित वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर एक माह तक चली राजर्षि टंडन के जीवन चरित्र से संबंधित निबंध, कविता, लेख, रेखा चित्र तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं नवाज अहमद, मिशिका टंडन, अगम्य मलिक, नेहा गुप्ता, वैष्णवी पटेल, अभिनय कुमार, राम लखन कुशवाहा, प्रमोद द्विवेदी एवं तनु द्विवेदी को प्रमाण पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों डॉ जी के द्विवेदी, डॉ गौरव संकल्प, डॉ सोहनी देवी, डॉ साधना श्रीवास्तव की पुस्तक मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम आचार्य चाणक्य कौटिल्य एवं कोर्ट का वर्णन तथा कहानी संग्रह रास्ते मिलेंगे का विमोचन किया गया।

राजर्षि टंडन जन्म दिवस आयोजन समिति के समन्वयक प्रोफेसर एस कुमार ने प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी तथा धन्यवाद ज्ञापन कुल सचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर राजर्षि टंडन के पौत्रवधू डॉ शशी टंडन, राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर रंजना त्रिपाठी, गोपाल जी पांडेय, प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता, श्रीमती पूनम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# डंपर की टक्कर से बच्चे की मौत

**प्रयागराज।** फूलपुर में साइकिल से स्कूल जाते समय 10वीं कक्षा में पढ़ने वाला एक छात्र डंपर की चपेट में आ गया। उसकी साइकिल डंपर में फंस गई। जिसके बाद वह करीब 20 मीटर तक सड़क पर घिसटता चला गया। इस हादसे में छात्र की जान चली गई। घटना से घर में कोहराम मच गया है। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस डंपर को कब्जे में लेकर थाने ले आई।प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सराय अब्दुल मलिक गांव के रहने वाले अजय प्रसाद मौर्य फूलपुर स्थित एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं। उनका इकलौता बेटा तीव्र प्रताप मौर्य (14) केंद्रीय विद्यालय इफको फूलपुर में 10वीं कक्षा का छात्र था। रोज की तरह तीव्र प्रताप घर से स्कूल जाने के लिए साइकिल से निकला।जैसे ही वह सराय अब्दुल मलिक गांव के मोड़ प्रयागराज जौनपुर राजमार्ग पर पहुंचा। तो डिवाईडर के बीच क्रॉसिंग पर साइकिल लेकर खड़ा हो गया। इसी बीच इफको की ओर से फूलपुर की तरफ आ रहे तेज रफ्तार डंपर के पहिये में उसकी साइकिल अचानक फंस गई।

# नवंबर तक पूरा करें सभी कार्य- महाप्रबंधक उत्तर रेलवे

## प्रयाग और फाफामऊ में कार्यों की धीमी गति पर जीएम नाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रयाग जंक्शन और फाफामऊ रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ मेले के लिए चल रहे तमाम निर्माण कार्यों की धीमी गति पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभुन चौधुरी ने नाराजगी जताई है। बृहस्पतिवार को इन दोनों ही रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण करने पहुंचे महाप्रबंधक ने अफसरों से पूछा कि यहां काम इतना धीमा क्यों हो रहा है।

इस दौरान डीआरएम लखनऊ एसएम शर्मा की मौजूदगी में महाप्रबंधक ने कहा कि नवंबर तक हर हाल में दोनों स्टेशनों की बिल्डिंग तैयार हो जानी चाहिए।लखनऊ से स्पेशल ट्रेन द्वारा उत्तर रेलवे के जीएम और डीआरएम लखनऊ दोपहर डेढ़ बजे के आसपास प्रयाग जंक्शन पहुंचे। यहां उतरने के पूर्व अफसरों ने अमृत भारत स्टेशन के रूप में तैयार किए जा रहे फाफामऊ स्टेशन का भी निरीक्षण किया। प्रयाग में निरीक्षण के दौरान जीएम ने कहा कि महाकुंभ निकट है और यहां कार्य की रफ्तार सुस्त है। अब किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। नवंबर तक दोनों ही स्टेशनों की नई बिल्डिंग हर हाल में पूरी तैयार हो जानी चाहिए।



लाखों लोग इसी रास्ते से आने वाले हैं। जीएम ने प्रयाग स्टेशन की नई बिल्डिंग के निर्माण कार्य को परखा। साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया में भविष्य में तैयार होने वालीं यात्री सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान वहां लगे मैप के माध्यम से लखनऊ मंडल के अफसरों ने जीएम को बताया कि यहां कौन-कौन से कार्य किए जा रहे हैं।

इस दौरान स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार के कक्ष में स्थानीय संवाददाताओं से हुई बातचीत में जीएम ने स्वीकार किया कि काम की रफ्तार अभी धीमी है। अब समय भी ज्यादा नहीं है। कहा कि डीआरएम लखनऊ एवं अन्य वरिष्ठ अफसर यहां पर हो रहे कार्यों का निरीक्षण करते रहेंगे। प्रयास होगा कि नवंबर तक प्रयाग एवं फाफामऊ स्टेशन की नई बिल्डिंग बनकर तैयार हो जाए। जीएम ने बताया कि प्रयागराज संगम स्टेशन पर महाकुंभ को लेकर चल रहे कार्य अब समाप्ति की ओर है। कहा कि आज समय कम होने की वजह से प्रयागराज संगम स्टेशन का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। इस दौरान एडीआरएम सचिन वर्मा, सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा आदि अफसर मौजूद रहे।

# लपरी नदी पार कर शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं नौनिहाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** कैथवल गांव मजरा बैजला बस्ती के लोगों का आवागमन लपरी नदी पार कर आते -आते हैं । वहीं इस नदी से सैकड़ों बच्चे चार पहिया वाहन के ट्यूब के सहारे उनके अभिभावकों द्वारा स्कूल शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा जाता है । पर्याप्त पानी उफान होने पर वह स्कूलों तक नहीं पहुचते।

ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में पानी बढ़ जाने पर इस दौरान गांव में कोई बीमार होने की दशा में मौत का शिकार हो जाते है । सबसे ज्यादा मुसीबत गर्भवती महिलाओं को होती हैं । प्रसव के दौरान अस्पताल में न पहुंचने पर वह घर पर ही दम तोड़ देती है । ऐसी स्थिति में आधा दर्जन से अधिक महिलाओं की मौत हो चुकी है । लोगों ने बताया कि अप्रैल से जून तक नदी सूखने पर पार कर आते है । वहीं वर्षा होने पर यह नदी उफान होने पूरी तरह आवागमन ठप हो जाता है । जबकि कुछ लोगों गड़री आठ किलोमीटर दूर चक्कर काटकर पैदल आवश्यक कार्य के लिए आते है । वह भी राजमार्ग सड़क न होने से पकड़डियों के सहारे किसी तरह आते - आते हैं । जबकि इस गांव के लोगों का मुख्य बाजार लेड़ियारी है । बैजला गांव से छोटे से बड़े तक बच्चे नर्सरी से लेकर इंटर कालेज लेड़ियारी शिक्षा ग्रहण करने आते है । सुबह सात बजे ट्यूब के सहारे उतारकर दोपहर होने पर बच्चों की आने का इंतजार करने लगते हैं । उनके आने पर बच्चों के साथ घर जाते है ।

चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक वोट मांगने जाते है कि चुनाव के बाद इस लपरी नदी पर पुल का निर्माण कार्य कराया जाएगा । लेकिन चुनाव बीत जाने के बाद कोई इस ओर देखता तक नहीं । जिससे समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है ।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार दुबे ने बताया कि इस संबंध में कई बार सांसद, विधायक और विभाग के उच्चाधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं किसी ने ध्यान नहीं दिए जाने से इस बस्ती के लोगों के लिए समस्या बनी हुई है ।

# आकाशीय वज्रपात की जद में आने से धान की रोपाई कर रहे एक युवक की मौत , छः घायल

## सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में चल रहा इलाज




**कोरांव (प्रयागराज)।** कोरांव क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर में भयावह उमस भरी गर्मी के बीच अचानक मौसम ने अपना मिजाज बदला और तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने लगी। क्षेत्र के तमाम स्थानों पर गिरी आकाशीय बिजली से एक ओर जहां धान की रोपाई कर रहे देवघाट निवासी अमृत लाल निषाद (36 वर्ष) पुत्र उदयभान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं दूसरी ओर बिरहा समेत चांदी गांव में धान की रोपाई कर रहीं आधा दर्जन महिलाएं वज्रपात से झुलसकर घायल हो गई। आकाशीय बिजली से हुए घायलों में बिरहा निवासिनी अंशू द्विवेदी पुत्री राजेश्वरी द्विवेदी के अलावा चांदी गांव निवासिनी श्याम कुमारी (40) पत्नी रमा दत्त , विद्यावती (37) पत्नी रणविजय , राजकली (40) पत्नी सत्यदेव , राजकुमारी (40) पत्नी सुग्रीव प्रसाद व विमलेश देवी (40) पत्नी राम कृष्ण रहीं। सभी घायलों को आनन फानन में सीएचसी कोरांव पहुंचाया गया जहां पर उनका इलाज चल रहा है। ज्ञात हो कि वज्रपात से मृत अमृत लाल एक बेटी व दो बेटों का पिता था जिसमें पुत्री का विवाह कर चुका था और बेटे अभी मासूम हैं। फिलहाल सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने अमृत लाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। घटना को लेकर एक ओर जहां मृतक के परिजनों में कोहराम मचा रहा और लोग दहाड़े मार रोते बिलखते रहे वहीं सीएचसी कोरांव पर उपचार हेतु उपस्थित वज्रपात से घायल हुई महिलाओं को देखने वालों की भारी भीड़ जुटी रही। फिलहाल देखा जा रहा है कि इस वक्त आसमान से पानी गिरने के पहले आकाशीय बिजली गिर रही है जिससे लोग काल के गाल में समा जा रहें हैं।

# साड़ी के फंदे पर लटक कर विवाहिता ने दी जान

**लेड़ियारी (प्रयागराज )।** खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी में मंगलवार को साड़ी के फंदे पर लटक कर विवाहिता ने जान दे दी । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर मृतक विवाहिता के मायके पक्ष ने पहुंचते ही जान से मारने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर खीरी थाने पर ले गई ।

कोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम लैनहा निवासी अनूपा 20 वर्ष पत्नी बृजेश आदिवासी मंगलवार शाम सात बजे अपने कमरे में साड़ी के फंदे के सहारे झूल रही थी। घर के छोटे-छोटे बच्चे बाहर खेल रहे थे । जब अंदर गए तो अचानक जब उस पर नजर पड़ी तो शोर गुल करने लगे ।जबकि घर में कोई नहीं था। पति सास ससुर सहित घर के लोग गांव मे ही धान की रोपाई करने गए थे। घर वाले भी जब मौके पर पहुंचे दंग रह गये। मायके



वालों का आरोप है कि सास ससुर पति के द्वारा इसकी बराबर प्रताड़ना की जा रही थी। और आए दिन किसी न किसी बहाने मारपीट करते थे । फिलहाल पुलिस ने पति को हिरासत लेकर पूछताछ के लिए थाने लाया गया है । मृतका की शादी एक वर्ष पूर्व देवरी गांव में हुई थी । जबकि मयके पक्ष के लोग कमजोर होने के चलते शादी ननिहाल से की गई थी। खीरी थाना इन्चार्ज मनोज राय का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

# प्राथमिक विद्यालय अल्हवा में ग्राम प्रधान ने मनाया जन्म दिवस



**कोराव(प्रयागराज)।** प्राथमिक विद्यालय अल्हवा कोरांव में ग्राम प्रधान ने बच्चों संग मनाया जन्म दिवस,और सामुदाइक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव जांच की बी टीम ने उक्त बच्चों का किया विधिवत स्वास्थ्य परीक्षण साथ ही पात्र बच्चों के उपचार हेतु सीएचसी कोरांव शनिवार को बुलाया गया।ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने ,31 जुलाई को अपना जन्म दिन सादगी के साथ बच्चों को फल खिला कर व वितरण कर उनकी दुआएं ली।स्वास्थ्य चेकप में मेडिकल अफसर डा सुरेश कुमार,नेत्र परीक्षक मनोज सिंह,स्टाफ नर्स रिचा गौंड,अध्यापक राम बहादुर कोल,आंगन बाड़ी कार्य कार्यकर्ती श्रीमती सोनकली, सफाई कर्मी दीनेस कुमार,आदि उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम प्रधान को जन्म दिन की मुबारकबाद भी दी।

# एक सप्ताह से जला ट्रांसफार्मर न बदले जाने से उपभोक्ताओं में आक्रोश

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** प्रदेश के मुखिया आदित्य नाथ योगी जी जले ट्रांसफार्मर को चौबिस घंटे में बदलने का आदेश जारी किया गया है । वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ता है।जबकि एक हप्ते से जला ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका । जिससे इस प्रचंड गर्मी धूप में घरों में कैद होना मुश्किल है । जिसके चलते दर्जनों घरों में अंधेरा कायम बना । इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है ।

लेड़ियारी विधुत उपकेंद्र से संबंध ग्राम सभा धोबहट मजरा चैलारी मे लगा दस केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है । वह एक हप्ते से जलकर लावारिश की तरह खम्भे में लटका



हुआ है । जबकि उपभोक्ताओं से सुबिधा शुल्क जमा कराने के बाउजूद आज तक नहीं लगाएं जाने से घरों में छोटे - छोटे बच्चे बीमार अवस्था में इलाज चल रहा है ।

बताया जाता है कि एक हप्ते से जला ट्रांसफार्मर नहीं लगाने से इस उमस और गर्मी में छोटे - छोटे बच्चों को घरों के अंदर रहना मुश्किल है । दस केवीए का ट्रांसफार्मर में 13 कनेक्शनधारी है । जिससे आए दिन यह समस्या बनी हुई है ।

उपभोक्ताओं ने नाम नहीं छापने के शर्त में बताया कि प्रत्येक दस उपभोक्ताओं से तीन सौ और तीन लोगों से पांच सौ की वसूली किए जाने के बावजूद आज तक नहीं लगाएं जाने लोगों के सामने मुसीबत बढ़ गई है ।

विभाग के कर्मचारी ने बताया कि इस गर्मी में बीस ट्रांसफार्मर जल गया था । जो कि वह बदले जा चुके हैं । क्षेत्र में इतना लोड होने से अक्सर जल जा रहे हैं । इसके लिए स्टोर पर जानकारी दिया गया है । अभी तक नहीं आ सका था । दो - तीन में लग जाएगा ।

# कांवरिये डीजे के साथ नाचते-गाते जलाभिषेक को बाबा बैद्यनाथ धाम रवाना



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** सावन मास शुरू होने के ग्यारहवें दिन गुरूवार को लेड़ियारी बाल संघ कांवरियों का जत्था भगवान शिव के जलाभिषेक को रवाना हुआ । इस दौरान बोल बम के जयकारे लगे । लेड़ियारी बाजार बाल संघ गाजे बाजे और डीजे के धून में काली धान मंदिर से होते हुए बेनीमाधव केशरवानी के शिव मंदिर होते हुए मंडी तिराहे पर एकत्रित होकर भगवान शिव की जयकारे के साथ प्रयागराज से दशा सुमेर जल लेकर ट्रेन द्वारा बाबा बैजनाथ धाम के लिए लगभग तीन दर्जन से अधिक नवयुवक संघ रवाना हुए ।गांव से बाबा बैद्यनाथ धाम मे जलाभिषेक करने के लिए कांवरियों का दल गाजा - बाजा के साथ प्रस्थान हुआ । दशा सुमेर में गंगा स्नान के बाद जल लेकर बाबा धाम जाएंगे । वहां से बाबा बासुकीनाथ राजगीर का जलाभिषेक करते हुए वापसी में काशी विश्वनाथ का दर्शन कर लौटेंगे ।

बाबा धाम अमन केशरी, शिव केशरी, धर्मेन्द्र प्रजापति, रोहित केशरी, हर्ष कुमार, उज्जवल केशरी, गौरव कुमार, दुर्गेश, सतीश कुमार, पवन कुमार, अंशु केशरी, अनुज कुमार, मनोज कुमार, अंकित केशरी, ओम केशरी, राजकुमार, राजेश कुमार केशरी आदि दर्जनों लोग रवाना हुए हैं ।

# जलभराव के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## नगर निगम परिसर में नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** गुरुवार को जलभराव की समस्या से परेशान स्थानीय नागरिकों के साथ कांग्रेसियों ने नगर निगम परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी की अगुवाई में जुटे प्रदर्शनकारियों ने नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यहां नगर विकास मंत्री शर्म करो के भी नारे लगाए गए। कांग्रेसियों ने अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव को ज्ञापन सौपकर समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की। मुकुंद तिवारी ने कहा की स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की जोर-शोर से तैयारियां सरकार और प्रशासनिक अधिकारी कर रहे हैं। बुनियादी तौर पर स्थिति पहले जैसी ही है। कहीं कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा। बारिश ने सिस्टम की पोल खोल कर रख दी है। बीते दिनों हुई बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसके कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के मम्फोर्डगंज तेलियरगंज, कटरा, गोविंदपुर, कोठा पार्चा, खुल्दाबाद, नाखास कोना, करेली आदि इलाके में लोग जलभराव से लोग बेहाल हो गए।जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा की महाकुंभ परियोजना के नाम पर सड़को का चौड़ीकरण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है लेकिन जल निकासी की व्यवस्था बेहतर नही की गई। प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया की पुराने शहर के अधिकांश इलाकों में नाले का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है।

इस दौरान दीपचंद्र शर्मा, सुनील यादव, शिवम्, छोटेलाल तिवारी, मनोज सिंह, अमर पटेल, शिवमूरत भारतीया, रामजी गुप्ता, मयंक प्रजापति समेत आदि लोग शामिल रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से भक्तिमय हुआ इलाका

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतरांव।** बलरामपुर बाजार में स्थित आर पी गार्डेन में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे इलाका भक्ति मय हो गया है।कथा के सातवें दिन शिव पुराण के बारे में भक्तों को बताया गया। कथा में माता पार्वती ने अपने पुत्र गणेश भगवान कार्तिकेय को सिंदूर लगाने के बारे में कहा कि जो भी भक्त गणेश को सिंदूर लगाते हैं वह जीवन भर सुखी रहते हैं। एक बार गणेश ने माता से कहा कि माता मेरा विवाह कर दो माता पार्वती ने कहा कि गणेश तुमसे बड़े भाई कार्तिकेय हैं पहले उनका होगा तब आपका होगा। गणेश के जिद पर कि पहले मेरा होना चाहिए। तब माता पार्वती ने कहा बेटा गणेश



बड़ों का सम्मान करना चाहिए। कथावाचक परम पूज्य श्री निर्मल शरण महाराज जी अयोध्या धाम ने कहा कि यह सावन महीने का दिन भगवान शिव का पूजा अर्चना करने से भक्तों का सभी कष्ट दूर होने के साथ उनकी मनोकामना पूर्ण होती है। महाराज जी ने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पाप बढ़ा है तब तब प्रभु का अवतार हुआ है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंचे। मुख्य यजमान समस्त बलरामपुर ग्राम वासी उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरण किया। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान बलरामपुर निशि केशरवानी, पिंटू सेठ, अनूप केसरवानी, संदीप केसरवानी, विकास केसरवानी, विनोद कुमार केसरवानी, बाबा स्वर्णकार, सतीश केसरवानी, राजा, विक्की बाबू, अंकित, सरोज केसरवानी, उमा केसरवानी, भावना, बजरंगी लाल,मदन केसरवानी, ओमप्रकाश सेठ आदि भारी संख्या में ग्रामीण कथा में शामिल हुए।

# उतराव थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मे हुई चोरी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**उतराव।** उतराव थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जालापुर मे चोरो ने ताला तोड़कर अन्दर रखा कीमती सामान चुरा ले गये।बताया जाता है कि गत 29 जुलाई को समय सुबह लगभग 7-45 मिनट पर अध्यापक स्कूल पहुँचे तो देखा की कक्षा पांच और तीन का ताला टुटा हुआ था। और कमरे के अंदर गये तो देखा की दो पंखे चार कुर्सी व टाटपट्टी चोरी हुई थी। प्राथमिक विद्यालय के



अध्यापक और ग्राम प्रधान 112 उत्तर प्रदेश पुलिस को सूचना देते हुए थाना उतराव मे अज्ञात चोरो के खिलाफ लिखित प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की। प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक व ग्राम प्रधान ने बताया की चार दिन पूर्व 25 जुलाई को भी जालापुर प्राथमिक विद्यालय मे चोरी हुई थी। पकड़े न जाने से चोरो के हो शले बुलन्द है।

# प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को दी तुगलकी सजा, देख कांप जायेगा रुह



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** हंडिया तहसील क्षेत्र के उतरांव थाना क्षेत्र के एक गाँव में प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी को प्रेमिका के गाँव वालों ने तुगलकी सजा दी है। जिसे देखकर आपका रुह कांप जाएगा। वायरल वीडियो को देखकर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

आपको बता दे की क्षेत्र के एक गांव की एक युवक का गांव के बगल दूसरे गांव की एक युवती से प्यार हो गया है। प्रेमी और प्रेमिका दोनों एक ही समुदाय के हैं।

बताया जाता है कि प्रेमिका के बुलाने पर प्रेमी बेहिचक अपने प्रेमिका से मिलने आधी रात को एक जगह बाइक खड़ी कर उसके घर पहुंच गया। इधर प्यार का दुश्मन जमाना गाँव के लोग बाइक के पास खड़े होकर प्रेमी का इंतजार करने लगे। बताया जाता है कि प्रेमिका से मिलकर प्रेमी काफी देर के बाद जैसे ही बाइक लेने पहुंचा फिर क्या था। वहाँ मौजूद लोगों ने युवक को ऐसी तुगलकी सजा दी जिसे देखकर आपकी रुह कांप जायेगी। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तुगलकी सजा का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।वही युवक के पिता ने बताया कि पुरानी रंजिश के कारण उसके बेटे को पीटा गया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वीडियो देखकर पीड़ित के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# नई सदी के रंगमंच को चित्रों के साथ किया गया रेखांकित

## लोक कला व संस्कृति पर केंद्रित एनसीजेडसीसी की पत्रिका का नया अंक प्रकाशित

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, की लोककला एंव संस्कृति को समर्पित त्रैमासिक पत्रिका 'कला संगम' का चौथा अंक इस बार नई सदी के रंगमंच को समर्पित है। कार्यक्रम आयोजकों के अनुसार इससे पहले के तीन अंक लोक-कलाओं से संबंधित थे।
केंद्र निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा के मार्गदर्शन और अमिताभ श्रीवास्तव के संपादन में प्रकाशित नवीन अंक में विगत 23 साल के रंगमंच की विविधता को रेखांकित किया गया है। पत्रिका में रंगकर्मी संगम पांडेय ने 21वीं सदी की शुरुआत में नाट्योत्सव पर लिखा है कि आधुनिक युग में तकनीक में चाहे कितना बदलाव आ जाए रंगकर्म की कलात्मकता और निरंतरता अंततः धन पर आश्रित होती है।

वहीं लेखक रवीन्द्र पांडेय ने 21वीं सदी का हिंदी रंगमंच कुछ विचार विषय पर केंद्रित रंगकर्म के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और रंगमंच के प्रशिक्षण को बेहतर बनाने पर जोर दिया है। नाट्य निर्देशक प्रो.देवेन्द्र राज अंकुर ने ग्रीक थियेटर और संस्कृत कालीन रंगमंच में प्रशिक्षण के महत्व और तरीके पर गहराई से प्रकाश डाला है।

लेखक गिरिजाशंकर मिश्र ने अपने आलेख में 20वीं सदी के मध्य से लेकर वर्तमान तक के 70-80 वर्षों का एक बेहतरीन खाका खींचा है। एम.के. रैना ने हिंदी रंगमंच की जिम्मेदारियों की ओर बखूबी से इंगित किया है। साथ ही रंगकर्म करने के लिए मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने के उपाए सुझाए हैं।

## शिकायत प्राप्त होने पर की जायेंगी कठोर कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जिलापूर्ति अधिकारी मंगेश कुमार मौर्य ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत समस्त कार्डधारकों को नियमानुसार आवश्यक वस्तुयें उपलब्ध कराने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। इस कार्य का सघन अनुश्रवण किया जा रहा हैं। अनुश्रवण के दौरान वितरण सम्बन्धी गम्भीर अनियमितता प्रकाश में आने पर दोषी उचित दर विक्रेताओं के विरूद्ध वैधानिक एवं विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जायेंगी।विकास खण्ड सिराथू की ग्राम पंचायत-कैमा में उचित दर विक्रेता उर्मिला देवी एवं ग्राम पंचायत-भवनसूरी के उचित दर विक्रेता रामसुमिरन द्वारा वितरण में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों की टीम द्वारा जांच करायी गई,जांच मेंपाया गया कि दोनों विक्रेताओं द्वारा आवश्यक वस्तुओं के वितरण में घटतौली की हैं।

# हिंदी के अनन्य सेवक थे राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन- न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव

**प्रयागराज।** देश प्रेमी, कर्मठ योगी, प्रखर वक्ता ,समर्पित राजनीतिक हिंदी के अनन्य सेवक, समाज सुधारक, देश की स्वतंत्रता के लिए अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अनगिनत बार जेल जाने वाले प्रयागराज की पावन धरती के सुपुत्र भारत रत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के त्याग एवं सादगी पूर्ण जीवन से आज का युवा वर्ग प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।
उक्त विचार इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने लोक सेवक मंडल प्रयागराज की ओर से आयोजित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की 142 वीं जयंती समारोह के अवसर पर व्यक्त किये। अध्यक्षता करते हुए लोक सेवक मंडल के सचिव ब्रह्म प्रकाश तिवारी ने कहा की टंडन जी अपने सिद्धांतों एवं नैतिक आचरण से कभी समझौता नहीं किया और लोक सेवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांधी एकेडमिक




संस्थान के निदेशक ओम प्रकाश शुक्ल ने कहा कि युवा अपने स्वतंत्रता सेनानियों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बने ।इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पूर्व छात्र नेता राजेश सिंह ने कहा कि युवाओं को अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर ही देश निर्माण के कार्य में अपनी भूमिका निभायें।कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी केंद्र के उद्घोषक विनय श्रीवास्तव एवं धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव ने किया। कार्यक्रम में लवलेश सिंह प्रशांत मौर्य, अनुराधा, रवि, सगीर अहमद, गुड्डु, चंदन, घनश्याम मास्टर, पदमा, जिया, अरविंद चोपड़ा आदि उपस्थित रहे ।

# शिक्षक भर्ती में धांधली के खिलाफ एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

## विश्वविद्यालय प्रशासन को दिया 48 घंटे का अल्टिमेटम, माँगे नहीं पूरा होने पर होगा उग्र आंदोलन



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में वाणिज्य संकाय की शिक्षक भर्ती में धांधली एवं अनियमितता का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रजिस्ट्रार ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करते हुए नारेबाज़ी की। रजिस्ट्रार और वाणिज्य संकाय के डीन को 9 सूत्रीय माँगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और 48 घंटे के अंदर निर्णय लेने का अल्टीमेटम भी दिया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् इलाहाबाद विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने कहा कि विश्वविद्यालय की शिक्षक भर्ती में इस प्रकार की अनियमितता विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ तो है ही साथ ही विश्वविद्यालय की गरिमा और अस्मिता को तार- तार करने का कुत्सित प्रयास भी है! यदि विश्वविद्यालय प्रशासन 48 घंटे के भीतर इस प्रकरण पर संज्ञान नहीं लेता तो विद्यार्थी परिषद् उग्र आन्दोलन के लिये भी बाध्य होगी। इकाई मंत्री आयुष्मान चौहान पूर्व में हुई भर्तियों की भी जाँच कराने की माँग की उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रो॰ संगीता श्रीवास्तव के कार्यकाल में कोई भी भर्ती पारदर्शी तरीक़े से संपन्न नहीं हुई है! विद्यार्थी परिषद् जल्द ही शिक्षा मंत्रालय से इन भर्तियों की जाँच की माँग करेगी।
इस दौरान इकाई उपाध्यक्ष धीरज पांडेय, सहमंत्री ऋषभ शर्मा, अभय, शिवम्, अमन, विवेक, अर्पित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संरक्षा संवाद में दी सिगनलों से संबंधित जानकारियां



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** विद्युत लॉबी प्रयागराज के लोको पायलट क्लास रूम में संरक्षा संवाद आयोजित हुआ जिसमें विद्युत परिचालन विभाग के 32 रनिंग कर्मचारी शामिल रहे। इस अवसर पर रेल परिचालन के दौरान लाल सिग्नल को पार और अन्य दुर्घटनाओ पर बिंदुबार चर्चा की गई। बरसात के मौसम से सम्बंधित विषयों पर काउंसलिंग की जिसमें बताया कि लाल सिगनल को बिना उचित प्राधिकार के पास करना एक ÷एच÷ क्लास की दुर्घटना है। लाल सिगनल के आगे गाड़ी खड़ी होने पर टक्कर भी हो सकती है, जिससे ÷ए÷ क्लास की दुर्घटना हो सकती है। ऐसे में टक्कर के साथ-साथ गाड़ी में आग लग सकती है, जिससे ÷बी÷ क्लास की दुर्घटना हो सकती है, यह घटना समपार पर हो सकती है, जिससे ÷सी÷ क्लास की दुर्घटना हो सकती है। बताया कि स्पैड के बाद गाड़ी का अवपथन हो सकता है, जिससे ÷डी÷ क्लास की दुर्घटना हो सकती है। इस तरह स्पैड की दुर्घटना होने से कई क्लास में बदल जाते हैं। बताया गया कि रेलवे में गाड़ी संचालन के दौरान हमेशा सिस्टम, सिगनल और अथॉरिटी का पालन करना चाहिए। बताया कि लाल सिगनल पर पहुंचने से पहले दो पीला पर ÷सावधान हो जायें, एक पीला पर सतर्क हो जायें, तथा लाल सिगनल आने से पहले गाड़ी को स्टॉप करना चाहिए। संरक्षा संवाद में मुख्य लोको निरीक्षक लालजी भारती, वरिष्ठ क्रू नियंत्रक एस.के. शर्मा, क्रू नियंत्रक आर.के. सिंह, एस.के. मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में सोशल सेक्टर से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने सोशल सेक्टर से सम्बन्धित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों को उप जिलाधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से सत्यापन के साथ ही सम्बन्धित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी द्वारा भी क्षेत्र में जाकर सत्यापन तथा समस्त कार्यवाही शासनादेशानुसार सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को मदरसों का प्रत्येक माह चेक लिस्ट के आधार पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही यह भी जॉच किया जाय कि शासनादेशानुसार सभी आवश्यक व्यवस्थायें हैं या नहीं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि पेंशन लाभार्थियों के मृतक होने की सूचना प्राप्त होने पर पुनः सत्यापन कराकर ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को सोशल सेक्टर की योजनाओं का नोडल नामित करते हुए निर्देशित किया कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत आख्या उन्हें नियमित रूप से प्रस्तुत करते रहेंगे।

# अजुहा से रवाना हुआ कावड़ियो का जत्था



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अजुहा, कौशाम्बी।** सावन माह में गुरूवार को अजुहा कस्बे से कावड़ियों का एक जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। गांव के गणमान्य लोगों ने कावड़िए के जत्थे का स्वागत करते हुए विदा किया।नगर पंचायत अजुहा से गुरूवार को 35 लोगो का कावड़िया का एक जत्था डीजे की धुन के साथ कस्बे के भोला चौराहा , सायरी माता , गल्ला मंडी से पैदल यात्रा करते हुए अथसराय रेलवे स्टेशन पहुंचा जहां गणमान्य लोगो ने कावड़िए के जत्थे का स्वागत कर उन्हे विदा किया । कावंडिए जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए बाबा बैजनाथ जी को जल चढ़ाएंगे। इस मौके पर कल्लू यादव , सत्येंद्र कुमार , कैलाश मौर्य , कल्लू राजपूत , पवन पाल , जितेंद्र यादव , तिलक , मोनू गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# कांवरियों का जत्था रवाना, जगह-जगह हुआ स्वागत,बोल बम की रही धूम

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी (प्रयागराज )।** गुरुवार की शाम नैनी क्षेत्र से होते हुए कांवड़ियों का जत्था सिरसा के लिए रवाना हुआ। क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर व्यापारियों एवं नागरिकों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। क्षेत्र में बोल बम की धूम मची रही। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए क्षेत्र के विभिन्न चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी।
गुरुवार को दारागंज स्थित दशाश्वमेध घाट पर कांवरिया गंगा स्नान करने के बाद विधि- विधान पूर्वक कांवड़ की पूजन- अर्चन की, तत्पश्चात गंगा जल लेकर सिरसा स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए। कुछ लोग पैदल, तो कुछ लोग बाइक से यात्रा की।क्षेत्र के मेवा लाल की बगिया तिराहे पर कांवड़ियों का स्वागत एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कौशल्या नंद गिरी टीना मां मौजूद रही। जिसमें सैकड़ो कांवड़ियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजन राजेश गुप्ता ने सभी कांवड़ियों का स्वागत किया। इस मौके पर विनोद जायसवाल, राहुल जायसवाल, गुड्डू जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, राकेश जायसवाल, मनीष पटेल, मनीष जायसवाल आदि तमाम लोग मौजूद रहे।इसी क्रम में क्षेत्र के नई बाजार सरगम तिराहे पर व्यापारियों एवं नागरिकों के द्वारा कांवरियों का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें केला, रामदाना, पेठा, बिस्कुट, हलुवा, दम आलू, खिला कर विदा गया। बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरगम तिराहे पर बाबा बर्फानी का आकर्षक रूप तैयार किया गया। जहां पर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। सड़क पर आने जाने वाले राहगीर भी रुक कर बाबा बर्फानी का दर्शन कर रहे थे। समूचे क्षेत्र में बोल बम की गूंज रही। कांवरिया लोग बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है÷ का उद्घोष कर रहे थे। देर रात तक सड़क पर चहल- पहल का माहौल देखने को मिला।

# छह बालिकाओं का बीडीओ ने मनाया जन्मदिन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सरसवां, कौशाम्बी।** सरसवां ब्लॉक में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वृहस्पतिवार को छह बालिका कक्षा छह की मनोरमा, सुषमा, कक्षा सात की सीमा,सोनाक्षी,छाया,शिवानी का आज के दिन जन्मदिन था।जिसमे बीडीओ राकेश सिंह वार्डन बबीता त्रिपाठी ने केक काटकर जन्मदिन मनाया।बीडीओ ने कहा कि बच्चिया अपने माता-पिता से दूर रहकर पढ़ाई करती है।अपने जन्मदिन पर परिवार की कमी न खले जिससे केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी किया।इस दौरान वार्डन



बबिता त्रिपाठी, ने बताया शिक्षा व उनके स्वास्थ्य व खाने-पीने ध्यान देती हूं और अपनी बच्चियों की तरह उनके हर सुख दुख को अपना समझती हूं उनके जन्म दिवस को हम सभी लोग मिलकर खुशियां बाटी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना कीबेटियाँ चाँद सी शीतल होती हैं बेटियाँ, परियों से ज्यादा , प्यारी होती हैं बेटियाँ। घर को खुशियों से भर दें, गोद में सिर अपना रख दें। सपनों को जो सच कर दे, पीड़ा जो सबकी हर दें। ऐसी जाबांज होती हैं बेटियाँ, परियों से ज्यादा प्यारी होती हैं बेटियाँ। जब साथ कोई न निभा पाए, बेटियों आके हाथ बढ़ाएं। बुझी उम्मीदों को जो जगाये, दो दो घरों को जो सजाये। ऐसी दिलदार होती हैं बेटियां , शिक्षिका दीपा गौतम, नेहा निर्मल सहित मौजूद रही।

# एक ही दिन में समस्त तहसील के समस्त सीएचसी व पीएचसी का किया गया औचक निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निर्देशन में गुरूवार को उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों द्वारा समस्त तहसील के समस्त सीएचसीध्पीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालयों में विभिन्न स्तर पर जो भी अधिकारी, चिकित्सक, स्टाफ नर्स, वार्ड ब्वाय, फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाये गये, जिसकी रिर्पोट जिलाधिकारी को प्रेषित की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को अनुपस्थित पाये गये अधिकारी, चिकित्सक, स्टाफ



नर्स, वार्ड ब्वाय, फार्मासिस्ट का वेतन रोके जाने का निर्देश देते हुए उन्हें अवगत करायें तथा निर्देशित किया कि ऐसी लापरवाही फिर से न हो, नहीं तो आगे और कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी महोदय, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के द्वारा एक ही दिन में जनपद के सभी सीएचसी, पीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में लगा स्वास्थ्य परीक्षण कैंप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**टेवां, कौशाम्बी।** जवाहर नवोदय विद्यालय टेवां मैं आज स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 270 बच्चों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जिसमें अधिकतर बच्चे आंखों की परेशानी, मौसमी बुखार, स्क्रीन संबंधी, सर्दी जुकाम से पीड़ितों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जांच के दौरान नेतृत्व विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज जायसवाल एवं नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर इरशाद अहमद, एल ए राधेश्याम, महिला चिकित्सा डॉक्टर सुमन चौधरी ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।



## निरोधात्मक कार्यवाही में 20 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना कौशाम्बी से 03, थाना पिपरी से 03, थाना संदीपनघाट से 03, थाना कोखराज से 02, थाना सैनी से 06, थाना कड़ाधाम से 03) कुल 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# युवक के सीने में उठा दर्द, ईलाज के दौरान हुई मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के युवक को बुधवार देर शाम सीने में दर्द उठा, कराहने कि आवाज सुनकर परिजन उसको कस्बे में स्थित निजी अस्पताल में ईलाज करवाने के लिए ले गए जहां अस्पताल पहुंचते ही डाक्टरों ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया, युवक मौत से परिजन आवाक रह गए।कोखराज थाना क्षेत्र के नगर क्षेत्र के वॉर्ड नंबर 16 देहदानी डाक्टर राजेंद्र प्रसाद नगर के गौरा निवासी मनी साहु उम्र लगभग 30वर्ष पुत्र अशोक कुमार साहू अपने पिता के साथ छोटी कुटी रोड के पास नास्ते (फास्ट फूड) कि दुकान चलाता है, बुधवार की देर शाम लगभग 8 बजे दुकान से आने के बाद घर में आराम कर रहा था तभी उसको सीने में दर्द उठा, उसके कराहने कि आवाज सुनकर परिजन उसको इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल ले गए जहां अस्पताल के डाक्टरों ने मनी साहु का चेकअप करते ही मृत घोषित कर दिया, बेटे की मौत की खबर सुनकर पिता अशोक साहु अवाक रह गए। पिता अशोक साहू ने बताया कि उनका बेटा मृतक मनी साहू की अभी पिछले महीने भरवारी कस्बे के खल्लाबाद में सगाई हुई थी, दो लड़को में ये छोटा लडका था और मेरे साथ दुकान में हाथ बटाया करता था ।

# कर्मचारीगणों को दिया गया आईएसओ सर्टिफिकेशन का प्रशिक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में आरडीआरसीएल सलूशन ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि विनय श्रीवास्तव द्वारा पुलिस आफिस कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को आईएसओ सर्टिफिकेशन के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।



## आर्म्स एक्ट के तीन आरोपियों को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना करारी पर पंजीकृत रामप्रताप पासी निवासी बिरौली थाना चरवा को न्यायालय सीजेजेडी एफ्टीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को जेल में बिताई गयी अवधि व 1500 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी। थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत अफसार अहमद निवासी असरौली थाना पूरामुफ्ती को न्यायालय सीजेजेडी एफ्टीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बिताई गयी अवधि व 1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी। थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत लाडले उर्फमो0 फाजिल निवासी अमुरा थाना पूरामुफ्ती को न्यायालय सीजेजेडी एफ्टीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बिताई गयी अवधि व 1500रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

## आपराधिक धमकी देने वाले आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत वीरेन्द्र कुमार निवासी मोहम्मदपुर थाना पूरामुफ्ती को न्यायालय सीजेजेडी एफ्टीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 800 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 15 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

# जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर नगर पंचायतों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर दिए दिशा-निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में अधिशासी अधिकारी चायल, भरवारी, सराय अकिल एवं चरवा के साथ बैठक कर नगर पंचायतों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने 15वें वित्त आयोग (बुनियादी एवं निर्दिष्ट) एवं राज्य वित्त आयोग में निर्दिष्ट कार्यों व प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अधिशासी अधिकारियों से कहा कि नगर निकाय के विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत रह गये शेष कार्यों तथा सामुदायिकध्प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में नियमानुसार क्या-क्या कार्य कराया जा सकता हैं, उन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना में सम्मिलित किया



जाय।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि नगर निकाय की स्वयं की आय में वृद्धि किस प्रकार हो सकती हैं,

इस पर विशेष ध्यान देते हुए आय बढ़ाया जाय। उन्होंने कहा कि आटो, टैम्पू संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आटोध्टैम्पू को चिन्हित स्थान पर खड़ी किये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को नगर निकाय की भू-सम्पत्तियों पर हुए अवैध कब्जों को हटवाने के निर्देश दियें।

इसके साथ ही उन्होंने नगर निकाय के सभी रजिस्टरों को व्यवस्थित एवं अपडेट रखने तथा नगर निकाय में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें।

